भारतीय आधुनिक शिक्षा

वर्ष : पंचम अंक : प्रथम जुलाई, 1987

भारतीय आधुनिक शिक्षा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित भारतीय आधुनिक शिक्षा एक त्रैमासिक प्रकाशन है। इसका प्रकाशन जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर माह मे किया जाता है।

पत्रिका के कुछ प्रमुख स्तम्भ इस प्रकार है:

शैक्षिक अनुसंधान और शिक्षा में नए प्रयोग

शिक्षा दर्शन

शिक्षा मनोविज्ञान

वर्तमान शिक्षा की समस्याएं

पाठ्यक्रम एवं प्राविधि संबंधी नवीन विकास

अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा जगत

राष्ट्रीय शैक्षिक प्रगति

विभिन्न राज्यों में शिक्षा की स्थिति

शिक्षा-शास्त्रियों से भेंट वार्ता

नवाचार

पुस्तक समीक्षा

लेखकों से निवेदन

भारतीय आधुनिक शिक्षा के लिए शिक्षा-शास्त्रियो, शोध-छात्रो, प्राध्यापको, शिक्षकों एव शिक्षा के क्षेत्र मे चिन्तनरत व्यक्तियो की रचनाए देवनागरी लिपि मे आमंत्रित है।

सुविधा के लिए कृपया डबल स्पेस मे टाईप की हुई अथवा सुन्दर अक्षरो मे लिखी हुई रचना की दो प्रतिया भिजवाए। रचना के अन्त में रचनाकार के हस्ताक्षर अवश्य हो।

रचना भेजते समय यह अवश्य सूचित करे कि प्रेषित रचना अप्रकाशित/अप्रसारित है।

प्रकाशित रचनाओं पर परिषद् के नियमानुसार समुचित पारिश्रमिक देने की व्यवस्था है।

एक प्रति : 3 रुपये; वार्षिक मूल्य : 12 रुपये

सम्पादकीय सम्पर्क :

प्रधान सम्पादक, पत्रिका प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्,
नई दिल्ली 110016

प्रधान सम्पादक : प्रो० राजेन्द्रपाल सिंह

भारतीय आधुनिक शिक्षा

भारतीय आधुनिक शिक्षा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित **भारतीय आधुनिक शिक्षा** एक त्रैमासिक प्रकाशन है। इसका प्रकाशन **जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर** माह में किया जाता है।

पत्रिका के कुछ प्रमुख स्तम्भ इस प्रकार है :

शैक्षिक अनुसंधान और शिक्षा में नए प्रयोग

शिक्षा दर्शन

शिक्षा मनोविज्ञान

वर्तमान शिक्षा की समस्याएं

पाठ्यक्रम एवं प्राविधि संबंधी नवीन विकास

अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा जगत

राष्ट्रीय शैक्षिक प्रगति

विभिन्न राज्यों में शिक्षा की स्थिति

शिक्षा-शास्त्रियों से भेंट वार्ता

नवाचार

पुस्तक समीक्षा

लेखकों से निवेदन

भारतीय आधुनिक शिक्षा के लिए शिक्षा-शास्त्रियों, शोध-छात्रो, प्राध्यापकों, शिक्षकों एव शिक्षा के क्षेत्र में चिन्तनरत व्यक्तियो की रचनाए देवनागरी लिपि मे आमन्त्रित हैं।

सुविधा के लिए कृपया
डबल स्पेस मे टाईप की हुई
अथवा सुन्दर अक्षरो मे
लिखी हुई रचना की
दो प्रतियाँ
भिजवाएं। रचना के अन्त मे
रचनाकार् के
हस्ताक्षर अवश्य हो।

रचना भेजते समय यह
अवश्य सूचित करें
कि प्रेषित रचना
अप्रकाशित/अप्रसारित है।

प्रकाशित रचनाओं पर
परिषद्
के नियमानुसार समुचित
पारिश्रमिक देने की
व्यवस्था है।

एक प्रति : 4 रुपये; वार्षिक मूल्य : 16 रुपये

सम्पादकीय सम्पर्क :

प्रधान सम्पादक, पत्रिका प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्,
नई दिल्ली 110016

प्रधान सम्पादक : प्रो० राजेन्द्रपाल सिंह

भारतीय आधुनिक शिक्षा

जुलाई 1987

अंक : प्रथम

वर्ष : पंचम

त्रैमासिक प्रकाशन

विषय-सूची

इस अंक के रचनाकार

☐ डा० देवेन्द्र जोशी : रीडर, अध्यापक प्रशिक्षण एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली-110025

☐ श्री रवीन्द्र कुमार : वरिष्ठ विशेष शिक्षक, सहन, नई दिल्ली-110067

☐ डा० राजेन्द्र सिंह : प्रवक्ता, एस० पी० कालेज आफ एजूकेशन, रिवाडी (हरियाणा)

☐ डा० सत्यपाल रुहेला : अध्यक्ष, अध्यापक, प्रशिक्षण एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली-110025

☐ जयपाल तरंग : जामिया मिलिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली-110025

☐ श्री आनन्द जैन : 18 ए, गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली

☐ डा० राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव : रीडर, शिक्षा विभाग, जामिया मिलिया विश्वविद्यालय नई दिल्ली-110025

☐ कुमारी इशरत : अध्यापक प्रशिक्षण एव अनौपचारिक शिक्षा विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली-110025

☐ राजेश कुमारी : अध्यापक प्रशिक्षण एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली-110025

भारतीय आधुनिक शिक्षा

जुलाई 1987

इस अक में प्रयुक्त सभी फोटो परिषद् के अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवाएं विभाग के सौजन्य से प्राप्त हुए।

प्रधान संपादक
प्रो० राजेन्द्रपाल सिंह

अकादमिक संपादक
द्वारका नाथ खोसला

संपादक गुरचरण लाल आनंद

सम्पादकीय सहायक : आभा दयाल

मुख्य उत्पादन अधिकारी : सी० एन० राव

उत्पादन अधिकारी : डी० साई प्रसाद

उत्पादन सहायक : प्रमोद रावत

सम्पादकीय

नई शिक्षा नीति और विकलांग बालक

हमे हर्ष है कि हम भारतीय आधुनिक शिक्षा का विकलांग विशेषांक निकाल रहे है। विकलाग बालक यदि अपने लिये एक समस्या है तो समाज भी उसकी चिन्ता किये बिना नहीं रह सकता। साधनहीन लोगो के लिए विकलांगता अभिशाप का रूप ले लेती है। इसलिये सरकार को इस क्षेत्र मे कुछ न कुछ करना पड़ता है। इसलिये नई शिक्षा नीति ने इसके अनेक रूपो तथा उपायो की चर्चा की है तथा अनेक ठोस सुझाव दिए है। वह दिन चले गए जब मंदबुद्धि बालक अथवा दृष्टिहीन व्यक्ति को गाव की जीवन-धारा में एक हास्यास्पद व्यक्तित्व मात्र का दर्जा दिया जाता था। आज शारीरिक विज्ञान तथा मनोविज्ञान इस प्रकार की विकलागता को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और यदि समय पर सहायता दी जाये तो विकलांग बालक भी उद्यमी तथा स्वावलम्बी हो सकता है। यह बात सामाजिक चेतना से कही आगे की है। विकलांग बालक समाज की सहायता कर सकता है परन्तु यह सब तभी सम्भव है जब उस बालक की सहायता समाज अपनी शैक्षिक तथा अन्य सस्थाओ के द्वारा करने को तैयार हो।

"विकलाग" कौन है तथा विकलांगता के कितने प्रकार हैं? मूक, बधिर, मन्दबुद्धि आदि यदि विकलाग है तो अनेक प्रकार की शारीरिक व्याधियों से पीड़ित भी विकलाग की कोटि मे ही आते है। कुछ प्रकार के विकलागो के विषय में हमें काफी जानकारी है परन्तु सभी के विषय में यह जानकारी नहीं है। मनोविज्ञान बताता है कि दृष्टिहीनता मन्द बुद्धि की परिचायक नही है। इसी

प्रकार बधिर या मूक व्यक्ति भी मन्द बुद्धि नही होता। सामान्य बालको के विषय मे भी हमे ज्ञान है कि किसी बालक को यदि भाषा मे गति है तो किसी को गणित मे। हर विषय मे समान गति यदि सामान्य बालक की नही होती तो विकलागो मे भी इसी प्रकार के भेद विद्यमान होते हैं।

ऐसा प्राय कहा जाता है कि यदि भारत सरकार सभी सामान्य बालकों को शिक्षा के अवसर प्रदान नहीं कर पाई तो विकलांगो के लिए इतनी चिन्ता दिखाने की क्या आवश्यकता है ? क्या सरकार इस दिशा मे वास्तव मे गम्भीर है ? यह बात केवल वही कह सकता है जिसमे सामाजिक दायित्व की कमी हो। विकलाग तो प्रकृति की दुहरी मार से पीडित है इसलिए उसकी चिन्ता करना हमारा प्रथम कर्त्तव्य है। विकलागता समाज तथा वर्ग के भेद नहीं पहचानती। विकलाग बालक किसी भी घर में कभी भी हो सकता है। इसलिए वर्ग तथा आय का ध्यान करना इस सन्दर्भ में उचित नहीं होगा। और यह भी अनुचित है कि इस विशेष वर्ग के बालक के लिए सरकार विशेष प्रयत्न न करे।

क्या सामान्य छात्रो के बीच में विकलागो को पढाया जा सकता है ? अथवा, उनके लिए विशेष संस्थाओ की ही आवश्यकता है ? अनुसन्धानों के परिणाम बताते हैं कि सामान्य बालकों के साथ अनेक प्रकार के विकलांगो को रखा तथा पढाया जा सकता है। केवल अध्यापन विधियों तथा दृश्य-श्रव्य सामग्री मे ही कुछ परिवर्तन आवश्यक होगे।

इस विषय पर हम थोड़ी सी पठनीय सामग्री एकत्र कर पाए है जो आपके सामने है। इस सामग्री को एकत्र करने मे डा० जयपालसिंह तरग ने विशेष भूमिका निभाई है। हम अपनी सस्था की ओर से डा० तरग के विशेष आभारी हैं। उनके अथक प्रयत्नो से ही यह अंक निकल पा रहा है। आशा है पाठकगण भी उनके प्रयत्न को उतना ही सराहनीय मानेगे जितना कि हम।

राजेन्द्रपाल सिंह

समन्वित शिक्षा में अनुसंधान : कुछ विचार

डॉ० देवेन्द्र जोशी

अनुसंधान एक ऐसी मानवीय क्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य अपनी दिलचस्पी के तथ्यो के बारे में अधिक परिशुद्ध और अधिक परिपूर्ण ज्ञान प्राप्त कर अपने प्राकृतिक अथवा सामाजिक पर्यावरण को अपनी आवश्यकताओ के अनुरूप ढालता है, या अपने आप मे पर्यावरण की माग को पूरा करने के लिए परिष्कृत व्यवहारों का अधिग्रहण करता है। किसी समस्यात्मक स्थिति मे या तो अपने संचित अनुभव और ज्ञान के आधार पर या किसी विशेषज्ञ के प्रामाणिक ज्ञान और कौशल के आधार पर हल ढूढा जाता है। किन्तु मानव जीवन से संबधित समस्यात्मक स्थितियां स्थैतिक अथवा स्थायी नही होती। इस चिर परिवर्तनशील जगत में नियमित रूप से आने वाली समस्यात्मक स्थितियो मे भी सामयिकता अथवा एकरूपता नही होती। इस कारण हर समस्यात्मक स्थिति मे तथ्यो के बारे में वस्तुगत एव नियमित पुनर्विचार आवश्यक हो जाता है; अनुसधान आवश्यक हो जाता है—अधिक परिशुद्ध और अधिक परिपूर्ण ज्ञान और कौशल अर्जन करने के लिए। शायद इसी कारण ज्ञान के हर क्षेत्र मे न केवल प्रत्यात्मक सरचनाए ही सशोधित हो रही हैं बल्कि नयी प्रायोगिकी और नये कौशलो का आविर्भाव या विकास हो रहा है।

यथार्थ जगत के तथ्यों की संरचना—चार सोपान

आर्थर कोसलर के अनुसार यथार्थ जगत के तथ्यों की सरचना चार सोपानों की चक्करदार सीढी की तरह है। सबसे निचले सोपान मे भौतिक और अजैव-सरल और सर्वव्यापक तथ्य हैं। इनसे दूसरे सोपान के कुछ जटिल, थोड़ी विशिष्टता लिए उच्चतर वर्ग के जैविक तथ्यों का उद्‌भव और पोषण होता है। तीसरे सोपान में जैविक जगत से उभरे समाज-सम्बन्धी जटिल और विशिष्टतापूर्ण तथ्य हैं। इनसे कही अधिक जटिल और कहीं अधिक विशिष्ट व्यक्ति-सम्बन्धी चतुर्थ सोपान के तथ्य हैं जिनका समाज मे उद्‌भव और पोषण होता है। बुनियादी तौर पर हर शिक्षाविद की दिलचस्पी इस चतुर्थ सोपान के सबसे जटिल और विशिष्ट व्यक्ति-सम्बन्धी तथ्यो से है ताकि वे व्यक्ति के पोषण के लिए पर्यावरण के संयोजन करने की सामाजिक प्रक्रिया को सोद्‌देश्य, सचेतन और विवेकपूर्ण रूप से चला सके।

शिक्षा यथार्थ के तथ्य की प्रकृति ही जटिल एवं विशिष्ट है। सच तो यह है कि ये तथ्य अंतर्निहित तौर पर स्पष्ट भी हो तो भी प्रभावी तौर पर अनिश्चित हैं। इसलिए हर शिक्षा-यथार्थ अपने सामाजिक, आर्थिक, सास्कृतिक संदर्भ में अपने नियमानुसार स्थित होता है, इसके बावजूद कि उसकी व्यवस्था कुछ हद तक सार्वभौमिक और सार्वकालिक, समन्वित एवं तुल्यता के अनुसार निश्चित होती हो।

सार्वभौमिक एवं सार्वकालिक कारकों एवं नियमों की समीक्षा

समाज और व्यक्ति सम्बन्धी तथ्यो पर वस्तुगत एव नियमित विचार एव अनुसधान का आरम्भ उन्होने किया जो भौतिक अथवा जैविक तथ्यों के लिए उपयोग मे लाई जाने वाली अन्वेषण प्रणाली से परिचित थे। जो भी सफलताए उन्होंने अर्जित कीं वे मानव व्यवहार अध्ययन करने वाले विचारको की वैज्ञानिक आगमनात्मक-निगमनात्मक विधि पर अपार विश्वास का आधार बनी। मानव व्यवहार के विचारको ने मान लिया कि इन्ही विधियों द्वारा सार्वभौमिक और सार्वकालिक कारको एव नियमो का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। ऐसी सप्रत्यय सरचना विकसित की जा सकती है जो समाज और व्यक्ति सबंधी तथ्यो की समझ और इनको परिचालित करने के कौशल

प्रदान कर सकती है। यदि भौतिकी और रसायन शास्त्र की सम्प्रत्यय संरचना का उपयोग औद्योगिक क्रांति ला सकता है, रसायन शास्त्र और जीव-विज्ञान की संप्रत्यय सरचना का उपयोग कृषि-उत्पादन अथवा रोगों के निदान और उपचार के लिए सफलतापूर्वक किया जा सकता है तो ऐसी ही अन्वेषण प्रणाली को अपनाकर शिक्षाविद भी शिक्षा यथार्थ की ऐसी संप्रत्यय संरचना विकसित कर सकते हैं जो शिक्षा यथार्थ का नियमित एव वस्तुगत बोध दे और उसके सयोजन और परिचालन का कौशल प्रदान करे।

किन्तु, इस परिपेक्ष्य मे जो भी समाज अथवा व्यक्ति सम्बन्धी तथ्यो पर अन्वेषण अथवा विचार हुए वे भौतिक, रसायन अथवा जैविक शास्त्रो की तरह सुस्पष्ट अथवा सुनिश्चित सज्ञान-संरचना न दे सके। ऐसे सप्रत्यय नहीं विकसित हो सके जो शिक्षा यथार्थ की प्राप्ति में सहायक हों। अनुसंधानकर्ता जब भी किसी समाज अथवा व्यक्ति सम्बन्धी अनुसधान-विषय से सम्बन्धित अनुसधानो का सर्वेक्षण करते हैं तो कई निष्कर्ष जो किन्ही अध्ययनो मे प्रस्थापित हो जाते हैं अन्य अध्ययनो मे प्रस्थापित नही होते, और कुछ अध्ययनों मे विपरीत निष्कर्षों की ओर इंगित करते हैं। इस कारण शिक्षाविदो को शिक्षा प्रक्रिया के प्रारूप, शिक्षण व्यूह रचना अथवा शिक्षण सामग्री आदि के बारे में कोई सुस्पष्ट ज्ञान या बोध का आधार नही मिलता कि वे सुनिश्चित निर्णय ले सकें।

इसका प्रमुख कारण समाज और व्यक्ति सम्बन्धी तथ्यो की प्रकृति, अजैविक एव भौतिक तथ्यो की तरह सहज एवं सार्वभौमिक मान लिया जाता रहा है। यह धारणा अनुसधानकर्त्ताओ को ऐसे नियमों या सामान्यीकरणों की खोज की ओर ले गई जो जटिल एव वैयक्तिकता से भरपूर समाज एव व्यक्ति सम्बन्धी तथ्यो मे संभव ही न थी। हर प्रेक्षित प्रभाव के कारण या कारक सार्वभौमिक होगे यह अजैविक या भौतिक तथ्यो ने स्थापित किया। किन्तु यह धारणा अन्य तथ्यो पर लागू हो आवश्यक तो नहीं। जैविक वैज्ञानिको तक ने प्रयोगशाला मे स्थापित निष्कर्षों पर जब कारण एवं प्रभाव के सिद्धान्त पर आधारित तकनीकों का क्षेत्र-कार्य आरम्भ किया तो उन्हें सीधे सूत्रबद्ध कारक-प्रभाव के निर्धारी संप्रत्यय को छोड़,

> बुनियादी तौर पर समन्वित शिक्षा का प्रश्न जनजीवन को सुखमय बनाने के लिए मानव सम्बन्धों के परिचालन या सामाजिक संस्थाओं में नवाचार प्रवर्तित करने की आवश्यकता से उठने वाले प्रश्न हैं जिनका हल अभी फौरन करना है और जिनका हल ढूढ़ने के लिए सामान्य बालकों की शिक्षा के संयोजन और परिचालन से संबंधित ज्ञान और कौशल की सीमित उपयोगिता है।
>
> भारत में अनुसंधान के वर्तमान स्तर को देखते हुए समन्वित शिक्षा की समस्याओं की निदान-उपचार व्यूह रचना का प्रतिपादन यदि संदर्भ मूल्यांकन अनुसंधान से करना हो तो उसके दो प्रमुख चरण ही होंगे। पहला चरण हम निदान चरण और दूसरा चरण उपचार चरण ही कहे तो उचित होगा।

प्रसभाव्य त्रुटि की सीमाओं के बीच होने वाले प्रभाव का संप्रत्यय स्वीकार करना पड़ा। लेकिन समाज एवं व्यक्ति सम्बन्धी तथ्यो का क्या हो ? जो न सार्वभौमिक ही है न सार्वकालिक ही। प्रसंभाव्य त्रुटियों के बीच कई कारकों ने जो बोध दिया वह भी इतना सुनिश्चित नही था कि शिक्षा यथार्थ के तथ्यों का सुस्पष्ट सप्रत्यय दे पाते। शायद यह नियति ही थी क्योकि जो अन्वेक्षण-क्षेत्र केवल सौ वर्ष पुराना हो वह कैसे उन धारणाओ और प्रतिधारणाओं को तोडकर उभर सकता है जो ज्ञान प्राप्ति की प्रक्रिया में प्रस्थापित हो चुकी हों।

शिक्षा यथार्थ की जटिलता एवं विश्लेषण

शिक्षा यथार्थ के तथ्य की प्रकृति ही जटिल एवं विशिष्ट है। सच तो यह है कि ये तथ्य अंतर्निहित तौर पर स्पष्ट भी हों तो भी प्रभावी तौर पर अनिश्चित हैं। इसलिए हर शिक्षा-यथार्थ अपने सामाजिक आर्थिक

सास्कृतिक सदर्भ मे अपने नियमानुसार स्थित होता है, इसके बावजूद कि उसकी व्यवस्था कुछ हद तक सार्वभौमिक और सार्वकालिक समन्वित एवं तुल्यता के अनुसार निश्चित होती हो। पिछले दो दशकों में इस आभास ने शिक्षा अनुसधान को एक नई दिशा की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। बजाय इसके कि सार्वभौमिक एव सार्वकालिक कारक-प्रभावो की खोज या सामान्यीकरण की चेष्टा की जाए, अनुसधानकर्ता ऐसे ज्ञान और कौशल की खोज मे लगे जो किसी शिक्षा यथार्थ के तात्कालिक सदर्भ के लिए वैध हो। उन्होने अनुसधान व्यूह-रचना को तथ्यो की प्रकृति से निर्धारित मान दिये, प्रासगिक सदर्भ के पूर्ववृतो का सुव्यवस्थित अभिज्ञान, प्रक्रिया सपादन का वस्तुगत निर्धारण और परिणाम अथवा उत्पादो का उचित मूल्यांकन किया। इससे जो भी ज्ञान और कौशल का अर्जन होता हो, वह न केवल उसी तात्कालिक सदर्भ के तथ्यों के परिचालन के लिए उपयोगी होता है वरन तुल्य तात्कालिक सदर्भों के तथ्यों के ज्ञान और कौशल अर्जन के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

समन्वित शिक्षा में संदर्भ मूल्यांकन अनुसंधान

सदर्भ-मूल्यांकन अनुसधान की समन्वित शिक्षा के क्षेत्र मे इस नयी व्यूह रचना का अत्यधिक महत्व है। चाहे मद बालकों की समन्वित शिक्षा की शैक्षिक व्यवस्था, संचालन अथवा प्रबन्ध कौशल से सबधित प्रश्न हो, चाहे समन्वित शिक्षण की पाठ्यचर्या निर्धारण अथवा अनुकूल सामाजिक पर्यावरण को सजाने सम्बन्धी प्रश्न हो या विकलाग अथवा असामान्य बालको के निदानात्मक प्रशिक्षण, सामाजिक पुनर्वास और व्यवसाय-प्रशिक्षण संबंधी प्रश्न हो, सभी सामाजिक विकास और परिवर्तन के सदर्भ विशेष से जुडे प्रश्न हैं।

बुनियादी तौर पर समन्वित शिक्षा का यह प्रश्न जन-जीवन को सुखमय बनाने के लिए मानव सम्बन्धो के परिचालन या सामाजिक सस्थाओ मे नवाचार प्रवर्तित करने की आवश्यकता से उठने वाले प्रश्न है जिनका हल अभी फौरन करना है और जिनका हल ढूढने के लिए सामान्य बालकों की शिक्षा के सयोजन और परिचालन से सबधित ज्ञान और कौशल की सीमित उपयोगिता है।

मदबुद्धि बालक अथवा विकलाग बालकों की शिक्षा की समस्याओ की अपनी विशिष्टता है और भिन्न-भिन्न प्रकार के संदर्भों की विशिष्टता के कारण इन समस्याओ का विशिष्ट तौर पर निदान-उपचार व्यूह-रचना का प्रतिपादन आवश्यक है। इन निदान-उपचार व्यूह रचनाओं के प्रतिपादन के लिए संदर्भ-मूल्याकन अनुसधान विधि उद्देश्यो की प्राप्ति के लिए आवश्यक सूचनाए जुटाने, इन सूचनाओ के आधार पर क्रियान्वयन विकल्पो का निरूपण करने, किसी एक विकल्प या विकल्पो के सम्मुच्य के अनुसार हस्तक्षेप करने और ऐसे हस्तक्षेप के प्रभावो का नियमित एव वस्तुगत अध्ययन कर विभिन्न विशिष्ट सदर्भो के लिए उचित एवं प्रभावी निदान एवं उपचार व्यूह रचनाए दे सकती है।

चूकि सदर्भ मूल्याकन अनुसधान मे प्रमुख महत्व यथार्थ क्रियाशील जगत के तथ्यों या उनके बीच अन्योन्य क्रिया को दिया गया है, जो विभिन्न पर्यावरण और विभिन्न काल मे भिन्न है, इसलिए यह गौण है कि एक सदर्भ के लिए उपयुक्त एव प्रभावी निदान-उपचार व्यूह रचना के लिए प्राप्त ज्ञान और कौशल का सामान्यीकरण किया जाए। हां, यदि संदर्भों मे सममितता हो तो क्रियान्वयन विकल्पो के प्रतिपादन मे ऐसे ज्ञान और कौशल का सीमित उपयोग संभव है। किन्तु हर सदर्भ में हस्तक्षेप और हर हस्तक्षेप के प्रभावो का नियमित एवं वस्तुगत अध्ययन आवश्यक है क्योंकि समन्वित संदर्भ समतुल्य अथवा सर्वांगसम नहीं होते। नजर कमजोर हो जाए तो व्यक्ति को चश्मा लगाना चाहिए यह एक सामान्यीकरण है। किन्तु हर व्यक्ति के लिए कैसा चश्मा उचित होगा इसका निर्धारण वैयक्तिक विशिष्टता पर आधारित होता है। ऐसे ही मदबुद्धि बालको अथवा अन्य विकलाग बालको को सामान्य बालकों के साथ शिक्षित किया जा सकता है, यह भी एक सामान्यीकरण हो सकता है। किन्तु मदबुद्धि बालको या विकलांग बालको को सामान्य शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने के लिए कैसा उपचारात्मक कार्यक्रम देना होगा यह उनकी वैयक्तिक विशिष्टताओ के निदान पर ही आधारित होगा। इस दृष्टि से संदर्भ मूल्यांकन समन्वित शिक्षा में विशिष्ट बालको की विशिष्ट अधिगम समस्याओ के हल के लिए विवेकशील एव सुनियोजित हस्तक्षेप या नवाचार या क्रियान्वयन प्रारूप के प्रतिपादन में सहायक हो सकता है।

विकलांगों की समन्वित शिक्षा—निदान एवं उपचार-अनुसंधान की व्यूह रचना

भारत मे अनुसधान के वर्तमान स्तर को देखते हुए समन्वित शिक्षा की समस्याओ की निदान-उपचार व्यूह रचना का प्रतिपादन यदि सदर्भ मूल्याकन अनुसधान से करना हो तो उसके दो प्रमुख चरण ही होगे। पहला चरण हम निदान चरण और दूसरा चरण उपचार चरण ही कहें तो उचित होगा। पहले चरण मे शैक्षिक व्यवस्था सचालन अथवा प्रबध, पाठ्यचर्या अथवा कक्षा-पर्यावरण संयोजन या मद अथवा विकलाग बालको के पुनर्वास या व्यावसायिक प्रशिक्षण से सम्बन्धित समस्या को नियमित और वस्तुगत तौर पर निरूपित करना होता है। देखा जाए तो यह सबसे महत्वपूर्ण चरण है जिसमे अनुसधानकर्ता को न केवल उस दत्त सामग्री का सग्रह करना होता है जो शिक्षार्थी अथवा शिक्षार्थी समूह की विशिष्टताओं और विशिष्ट सदर्भ से संबधित होती है, वरन् विभिन्न विशेषज्ञो की सहायता से विशिष्ट चरो के लिए विभिन्न प्रकार की आवश्यक दत्त सामग्री और उन चरो के परिमाण सम्बन्धी विशेषज्ञो की राय का संकलन भी करना पड़ता है। जितनी सावधानी से यह दत्त सामग्री संकलित की जायेगी और जितने वैध और विश्वसनीय रूप से चरो का मापन होगा उतने परिशुद्ध रूप से समस्या या समस्याओ का निरूपण हो सकेगा।

संदर्भ परिपेक्ष्य सम्बन्धी कुछ दत्त सामग्री तो ऐसी है जिसके संकलन की विधिया शिक्षा निर्देशन और परामर्श के लिए सामान्य बालको के अध्ययन के लिए सफल रूप से प्रयुक्त होती रही हैं। कुछ दत्त सामग्री है जो असामान्य व्यवहार के निदान अध्ययन में बालक की विशिष्टताए पहचानने के लिए प्रयुक्त विधियो का उपयोग कर सकलित की जा सकती है। किन्तु बालक अथवा बाल-समूह की कुछ विशिष्टताए ऐसी होगी जिनका मापन और उस माप का विश्लेषण और व्याख्या विशेषज्ञों द्वारा ही की जा सकती है। यदि अनुसंधानकर्ता विभिन्न स्रोतों से प्राप्त इस दत्त सामग्री से सदर्भ परिपेक्ष्य की समष्टि का थोडा भास कर समस्या का निरूपण कर सके तो वह उन विकल्पो का भी उचित निरूपण कर पायेगा जिनके आधार पर अनुसंधान के अगले चरण में उपचार के लिए हस्तक्षेप के स्वरूप को निश्चित किया जा सकता है।

अनुसधान के दूसरे उपचारात्मक चरण मे, समस्या के निर्धारण के आधार पर विभिन्न विकल्पों का निरूपण करना पडता है जो समस्या के समाधान मे सहायक सिद्ध हो सके। इन विकल्पो मे से उनका चयन करना पडता है जो सदर्भ परिपेक्ष्य मे व्यवहार्य हो। कई विवेकी और बुद्धिसगत विकल्प व्यवहार्य नही होते। सदर्भ परिपेक्ष्य की सीमाओ और प्रतिबधो के कारण अन्य कुछ विकल्प साध्य नही होते। इस कारण केवल ऐसे व्यवहार्य विकल्पो के आधार पर हस्तक्षेप प्रारूप का निरूपण किया जा सकता है जो समन्वित शिक्षा प्रक्रिया की समस्याओ के समाधान मे सहायक हो।

अनुसधान के उपचारात्मक चरण का प्रमुख भाग हस्तक्षेप का क्रियान्वयन है। समन्वित शिक्षण प्रक्रिया मे जो भी हस्तक्षेप किया जाता है उसका प्रक्रिया के दौरान ही प्रबोधन (मानीटर) करना आवश्यक है ताकि हस्तक्षेप के जो भी रचनात्मक प्रभाव हो उनका पुर्नानिवेशन (फीड बैक) हस्तक्षेप प्रारूप मे आवश्यक फेर-बदल करने मे सहायक हो। प्रबोधन से जो भी दत्त सामग्री प्राप्त होती है वह न केवल नया ज्ञान ही देती है, बल्कि अधिक परिशुद्ध विकल्प और अधिक प्रभावी कौशल भी। यह ज्ञान विकल्पों का निरूपण और कौशल अर्जन सदर्भ मूल्याकन अनुसधान की सबसे बडी देन है जो समन्वित शिक्षण प्रक्रिया के लिए उचित सप्रत्यय प्रदान कर सकती है।

□□

विशिष्ट अधिगम विकलाग बच्चे एक या अधिक उन आधारभूत मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओ में असगति का प्रदर्शन करते हैं जो समझने मे या लिखित एव उच्चरित भाषा के प्रयोग मे अपेक्षित होती हैं। ये असंगतियां सुनने, सोचने, बातचीत करने, पढ़ने, लिखने, वर्तनी तथा अंकगणित में प्रकट होती है। इनके अंतर्गत संवेदनात्मक विकलागता, दिमागी चोट, मस्तिष्क की कमजोरी, पठन-प्राप्ति आदि भी आते हैं। इस वर्ग में उन अधिगम समस्याओं को शामिल नही किया जाता जो प्रथमत: चाक्षुष, श्रवण, अंग-प्रत्यग तथा मानसिक विकलांगता, भावनात्मक विकार तथा परिवेश के पिछड़ेपन से उत्पन्न होती है।

शिक्षणीय मंद-बुद्धि तथा अधिगम विकलांगता—एक तुलनात्मक अध्ययन

रवीन्द्र कुमार

मंद-बुद्धि बच्चों तथा अधिगम विकलाग बच्चो की विशिष्ट शिक्षा के सदर्भ मे कुछ आधारभूत प्रश्न उठाए जाते रहे है। कतिपय प्रश्न दोनों कोटियो को प्रथक आधार पर शिक्षा मे सार्थक स्थान निर्धारण से सबंधित है। अर्थात् क्या मंद-बुद्धि तथा अधिगम विकलागो के अध्ययन-अध्यापन, उपचार तथा शिक्षण विधि सबधी अलग-अलग अपेक्षाए हैं ? संभवत: मद-बुद्धि बच्चो की शिक्षण संबधी जरूरतें अधिगम विकलाग बच्चो से भिन्न होती हैं। अत: यह आवश्यक है कि इन दोनो प्रकार के विकलागों के विषय मे अनुसधानों का अध्ययन किया जाए ताकि मंद-बुद्धि और अधिगम विकलागता को परिभाषित किया जा सके। केवल परिभाषा तक अध्ययन को सीमित रखकर दोनो वर्गों के अन्तर को स्पष्टत. नहीं समझा जा सकता। अतएव यदि दोनो मे भिन्नता है तो उसकी मनोवैज्ञानिक, सामाजिक-व्यवहार तथा शैक्षिक विशिष्टताओ के संदर्भ मे तुलनात्मक अध्ययन करके सार्थक एवं उपयोगी व्याख्या की जा सकती है।

विभिन्न व्यक्तियो तथा वर्गों ने अधिगम विकलांगता की समय-समय पर परिभाषाए की हैं। इनमे सर्वमान्यता केवल उस परिभाषा को प्राप्त हुई है जो सयुक्त राज्य अमरीका के सघीय कानून मे स्वीकृत हुई और जिसे अमरीका की विकलांग बच्चो की राष्ट्रीय सलाहकार समिति ने 1968 मे प्रस्तुत किया था।

"विशिष्ट अधिगम विकलांग बच्चे एक या अधिक उन आधारभूत मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं मे असगति का प्रदर्शन करते है जो समझने मे या लिखित एव उच्चरित भाषा के प्रयोग मे अपेक्षित होती है। ये असगितया सुनने, सोचने, बातचीत करने, पढने, लिखने, वर्तनी तथा अंकगणित में प्रकट होती है। इनके अंतर्गत संवेदनात्मक विकलांगता, दिमागी चोट, मस्तिष्क की कमजोरी, पठन-प्राप्ति भी आते हैं। इन वर्ग मे उन अधिगम समस्याओं को शामिल नही किया जाता जो प्रथमत चाक्षुष, श्रवण, अग-प्रत्यग तथा मानसिक विकलागता, भावनात्मक विकार तथा परिवेश के पिछड़ेपन से उत्पन्न होती है।"

इस परिभाषा मे थोडा-सा सशोधन करके अमरीका मे 1975 मे सार्वजनिक कानून का रूप दिया गया। विकलाग बच्चो की शिक्षा का एक्ट 94-142 के नाम से जाना जाता है। इस परिभाषा मे उन विभिन्न आतरिक तथा बाहरी मानदडों को समाहित किया गया है जो इसे कार्यरूप देने के लिए आवश्यक है। इस परिभाषा में स्पष्ट सकेत है कि इस विकलागता में मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाए अस्त-व्यस्त होती है। इसमे उन अकादमिक क्षेत्रो का विशेष उल्लेख किया गया है जिन पर मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं की अस्त-व्यस्तता का प्रभाव पड़ता है। इसमे उन स्थितियो एव अवस्थाओं का भी विवरण है जो इस वर्ग मे शामिल की गई है। कुछ स्थितियो तथा अवस्थाओ को शामिल न करके इस परिभाषा मे सामान्य बुद्धि, सामान्य इद्रिया और अग-क्षमता, सामान्य मनोवैज्ञानिक तथा परिवेश अवस्थाए विद्यमान स्वीकार की जाती है। कार्यरूप मे इस परिभाषा मे कार्य निष्पादन की असगतियो पर बल दिया जाता है और इस आवश्यकता को रेखांकित किया गया है कि इन बच्चों की सहायता "कैसे सीखे" अधिगम-ज्ञान से दी जाए। इस वर्ग से निष्कासित कोटि मे मानसिक विकलागता—मद-बुद्धि भी रखी गई है। अत: मंद-बुद्धि की परिभाषा पर भी विचार कर लेना सुसंगत रहेगा।

मंद-बुद्धियों के लिए एक अमरीकी सगठन ने परिभाषा प्रस्तुत की है।

मद-बुद्धि से अभिप्राय है निम्नकोटि की सामान्य बुद्धि जिसके प्रयोग से विभिन्न परिस्थितियो मे उपयुक्त व्यवहार-कुशलता की भारी कमी प्रकट होती है। विकास-गति मे अपेक्षित अनुकूल व्यवहार-कुशलता की और अधिक कमी प्रकट होती है। (ग्रॉस मैन, 1977 पृ० 11)

किर्क और गॉलागेर (1983) ने इस परिभाषा की व्याख्या में तीन पक्षों पर विशेष प्रकाश डाला। सर्वप्रथम बौद्धिक प्रकाश है, जिसका मापन मानक बुद्धि परीक्षण से किया जाता है। तदनुसार सभी मद-बुद्धि अपने समकक्ष साथियों से 97 मे 78 प्रतिशत तक नीचे रह जाते हैं। दूसरी उस योग्यता की कमी जो स्वतन्त्र जीवन के मानदण्डो को प्राप्त करने के लिए जरूरी है और जिसके द्वारा समाज सस्कृति के परिवेश मे विभिन्न आयु वर्ग अपेक्षित सामाजिक उत्तरदायित्व निभाया जाता है। अंतिम और तीसरा आयाम बचपन की वे स्थितिया है जिनके अनुसार आयु विकास के साथ मानसिक पिछड़ापन प्रकट होता है। इस पिछड़ेपन को अन्य कोई नाम भी दिया जा सकता है।

मंद-बुद्धि से अभिप्राय है निम्नकोटि की सामान्य बुद्धि जिसके प्रयोग से विभिन्न परिस्थितियो में उपयुक्त व्यवहार-कुशलता की भारी कमी प्रकट होती है। विकास-गति में अपेक्षित अनुकूल व्यवहार-कुशलता की और अधिक कमी प्रकट होती है।

अधिगम विकलाग अपने सोचने में अन्तर्बाधा नही दिखाते। वस्तुत: उनके विषय में कहा जा सकता है कि उन बच्चों में कल्पना और सृजनात्मकता के लक्षण मिलते है।

मद-बुद्धि श्रेणी के अंतर्गत बौद्धिक योग्यता का काफी विस्तार मिलता है। प्राय: इसी श्रेणी के तीन उपवर्ग किए जाते हैं। जिसे शिक्षा दी जा सकती है अर्थात् शिक्षणीय मन्द-बुद्धि पहले उपवर्ग में आते है। दूसरे

उपवर्ग मे प्रशिक्षणीय मद-बुद्धि आते है। अर्थात् इनको शिक्षा नही दी जा सकती बल्कि जीवन-यापन की मामूली कुशलताओ मे प्रशिक्षित किया जा सकता है। तीसरे उपवर्ग मे जडमति मूढमति आते है जिनकी मानसिक योग्यता पूर्णत: नष्ट हुई होती है। प्रस्तुत प्रसंग मे प्रथम उपवर्ग के शिक्षणीय मंद-बुद्धि के विषय तक हमारा विवरण सीमित रहा है।

शिक्षणीय मंद-बुद्धि की व्याख्या के अनुसार वे विद्यालय के सामान्य कार्यक्रम का लाभ उठाने मे अक्षम होते हैं। लेकिन उनमे कुछ सीमा तक बौद्धिक, सामाजिक तथा व्यावसायिक योग्यता के विकास की क्षमता होती है, यदि उनको उपयुक्त विशेष शिक्षा प्रदान की जाए।

प्रत्यक्षत· अधिगम विकलाग तथा शिक्षणीय मद-बुद्धि सामान्य एव समान कोटि मे नहीं आते। इसीलिए अधिगम विकलाग और शिक्षणीय मद-बुद्धि असामान्यता की दो सुस्पष्ट और पृथक् कोटिया है। मानसिक विकलांगो की कोटि से अधिगम विकलांगों को क्यों अलग कर दिया गया? यह प्रश्न विशेष शिक्षा के क्षेत्र मे प्राय· उठाया जाता है। अधिगम विकलागता को मानसिक विकलांगता से पृथक् रखने के प्रबल पक्षधर क्रिकशैंक तथा उनके शिष्य हालमैन और काफमैन माने जाते हैं। ये इस तथ्य के समर्थन मे डा० एलफ्रेड स्ट्रास के 1930 व 1940 के अग्रगामी अनुसधान का हवाला देते है। इस अनुसंधान ने विशेष शिक्षा में अधिगम विकलागता के क्षेत्र को स्थापित कर दिया। इस अनुसंधान-अध्ययन में मानसिक विकलांगो पर ही कार्य किया गया था। प्रेक्षित विशेषताओ के आधार पर उसने मानसिक विकलागो के उपवर्गों का विवरण प्रस्तुत किया। बहिर्जात या क्षतिग्रस्त मस्तिष्क तथा अंतर्जात या पारिवारिक मानसिक विकलागता के लक्षणों का विवरण प्रस्तुत किया। तदन्तर अनुसधान, जो स्वय स्ट्रास तथा अन्य विद्वानो ने किए तब उन्होंने पाया कि बहिर्जात लक्षण मानसिक दृष्टि से सामान्य बालको मे पाये जाते हैं। यहीं से अधिगम विकलागता को मानसिक विकलागता से भिन्न माना जाना प्रारंभ हो गया। यदि हम शास्त्र अध्ययन करें तो पता चलता है कि 1963 के बाद अधिगम विकलांगता का नामकरण हो गया और इस कोटि का अलग से अध्ययन और प्रसार शुरू हुआ। अमरीका मे कानून द्वारा 1975 मे इस कोटि को विकलांगता का प्रथम दर्जा प्राप्त हो गया।

यह आवश्यक नही है कि विवाद की विस्तारपूर्ण व्याख्या की जाए बल्कि मद-बुद्धि के अन्तर को समझा जाए। दोनों की यह भिन्नता प्रमुखत मनोवैज्ञानिक, सामाजिक व्यवहार तथा शैक्षिक व्यवहार के लक्षणो द्वारा उजागर हो सकती है। सबसे पहले मनोवैज्ञानिक आयाम पर विचार करें। इसके अंतर्गत प्रत्यक्ष ज्ञानात्मक तथा संज्ञानात्मक प्रयासो को लिया जा सकता है।

1. मनोवैज्ञानिक आयाम

मनोवैज्ञानिक विशेषताओ का प्रत्यक्ष ज्ञानात्मक एवं सज्ञानात्मक लक्षणो के तहत अध्ययन कर सकते है।

(अ) **प्रत्यक्ष ज्ञानात्मक** . प्रत्यक्ष ज्ञानात्मक विघ्न-बाधाओ का स्ट्रास तथा वर्नर (1942) ने अध्ययन किया है। इस अध्ययन के प्रत्यादर्श में क्षतिग्रस्त मस्तिष्क वाले तथा पारिवारिक/अन्तर्जात मानसिक विकलाग लिए गए हैं। इनको विभिन्न प्रयोग-परिस्थितियों में रखा गया। उन्हें संगमरमर-पट परीक्षण "अग्रभाग तथा पश्चभाग का विभेद" परीक्षण "स्पर्श-प्रेरक चालक" परीक्षण आदि दिए गए। सगमरमर-पट परीक्षण मे लघु बिन्दुओ तथा दीर्घ बिन्दुओं के निशान वर्गाकार क्रम मे अंकित थे। परीक्षणार्थी को इन बिन्दुओ को मिलाने का कार्य करना था। उन्होंने अपने कार्य व्यवहार से विच्छिन्नता और असबद्धता के लक्षणों का परिचय दिया। अर्थात् उन्होंने कार्य चाहे जहा से शुरू कर दिया और किसी भी दिशा मे चल दिए। अग्रभाग तथा पश्चभाग विभेदन कार्य मे पश्चभाग के प्रति आकर्षण एवं अग्रभाग के प्रति विकर्षण के लक्षण प्रकट हुए। वे प्राय: उस पैटर्न को भूल जाते थे जिस पर वे कार्य कर रहे थे। स्ट्रास ने इसे पश्चभाग उद्प्रेरक के प्रति जबर्दस्ती का उत्तर-व्यवहार कहा है। तीसरा महत्वपूर्ण लक्षण यह भी देखने मे आया कि वे एक बार शुरू किए गए काम को बार-बार करते रहना जारी रखते हैं।

अधुनातम साहित्य के पर्यावलोकन के आधार पर इन सभी लक्षणों से उनकी इस अयोग्यता का पता चलता है कि वे किसी निश्चित समय तक दिए हुए कार्य पर ध्यान नहीं रख सकते। वे अधिक गलतिया करते हैं। कार्य के

आरभ करने और पूरा करने मे अधिक समय लेते है। वे कार्य में बहुत कम ध्यान देते है। शीघ्र ही उनका ध्यान-भग हो जाता है। कार्य-निष्पादन मे प्राय गलत-सकेतो का अनुसरण करते है। सुतारिया (1985) के अनुसार इन लक्षणों का निष्कर्ष उन परीक्षण-कार्यो के आधार पर निकाला गया जिनमे दृश्य एव श्रव्य विभेदन, क्रमबद्धता की समस्याए, सुराखो मे वस्तुओ को रखने के विश्लेषण और सश्लेषण, निर्देश पालन, सूचनाओ का समन्वय आदि की पहचान एक दो प्रारूपों मे उनके सबद्ध कार्य सचालन से की गई।

शिक्षणीय मंद-बुद्धि के विषय मे भी समान रूप से इन्ही समस्याओं की चर्चा की जाती है। यानी—ध्यान-भग के लक्षण उनमे भी मिलते है। (किर्क एवं गालागेर 1983; स्मिथ, 1971) कार्य-निष्पादन मे वे भी दृश्य एवं श्रव्य सकेतों की ओर अभावुक रहते है और या तो अधिक प्रतिक्रिया दिखाते है या प्रतिक्रिया का अभाव प्रकट करते है।

(आ) **संज्ञानात्मक विकृतियां (गड़बड़)** स्ट्रास तथा वर्नर ने 1942 के प्रारंभिक प्रयोगों मे संकल्पना-निर्माण के अध्ययन मे विभिन्न वस्तुओ और चित्रो का उपयोग किया। क्षतिग्रस्त मस्तिष्क वाले और वशगत मानसिक विकलागो को वस्तुओ के नाम बताने थे, उनके प्रकार प्रकट करने थे और उनके वर्ग बनाने थे। वर्ग बनाने का कारण भी बताना होता था। परिणामस्वरूप क्षतिग्रस्त मस्तिष्क वालो ने न केवल अधिक वस्तुओ को वर्गो मे रखा वल्कि उनके अधिक वर्ग भी बनाये।

सबसे अधिक प्रभावकारी तथ्य यह सामने आया कि क्षतिग्रस्त मस्तिष्क वालो ने अन्य भेद-बुद्धियो की अपेक्षा असामान्य तत्वों के आधार पर वस्तुओं के वर्ग बनाए जबकि अन्य भेद-बुद्धियों ने प्रकार्यात्मक विशेषताओ अथवा रूपात्मक समानता के लक्षणो पर आधारित वर्ग बनाए। उन्होने अनावश्यक तथ्यों को केन्द्रीभूत करने का प्रयास किया। उदाहरण के लिए पीले रंग की मोमबत्ती वाले के साथ पीले रग के लिबास का वर्ग बनाया। दूर की कौडी वाले सबंध बताने की कोशिश में टिकट और रेजर ब्लेड का वर्ग इस आशय से बनाया कि ब्लेड टिकट काटने के काम आता है। संबधो के वितान में सीटी और धूप के चश्मो को एक साथ एक वर्ग मे रखा गया क्योकि ये दोनो पुलिस वालो के पास पाये जाते है।

अन्य एक प्रयोग मे चाहा गया था कि वस्तुओ को चित्रो के सबध मे छाटें और छांट का स्पष्टीकरण दे। क्षतिग्रस्त मस्तिष्क वालो ने असामान्य तथा दूर की कौडी किस्म के सबधो का परिचय दिया जो कि अन्य मंद-बुद्धियों की छाट और छांट के सबध परिचय से भिन्न थे। (स्ट्रास एव वर्नर 1942)

ऐसे लक्षणों के प्रकार के आधार पर यह निष्कर्ष निकाले गए है कि अधिगम विकलाग अपने सोचने में अन्तर्बाधा नही दिखाते। वस्तुत उनके विषय मे कहा जा सकता है कि उन बच्चो मे कल्पना और सृजनात्मकता के लक्षण मिलते हैं। जौनसन और माइकल बस्ट (1967) के शोध का यह निष्कर्ष निकला है लेकिन यह भी पाया गया है कि उनका स्पर्शरेखीय सोचना और अन्तर्बाधा की मुक्ति का प्रभाव उनके कक्षा-कार्य पर पडता है। अन्य मद-बुद्धि बच्चो मे एक ही तरह से सोचते रहना और स्थूल-सोचना ही मिलता है जिसे "उद्दीपन प्रेरित" सोचना कहा जाता है। अधिगम विकलाग बच्चो की ये क्षमताए सज्ञानात्मक समस्याओ के सुलझाने और समाधान करने में सहायक होती है। इस प्रकार की सोच-शक्ति से वे एक परिस्थिति से दूसरी परिस्थिति के नतीजे भी निकालते रहते है।

शिक्षणीय मद-बुद्धि और अधिगम विकलागो मे स्पष्ट अतर पाया जाता है। यह अन्तर परम्परागत बुद्धि मापक परीक्षण के आधार पर भी ज्ञात किया जा सकता है। कार्य-निष्पादन में प्राय. उनमे बहुत भिन्नता दृष्टिगोचर नही होती। मदबुद्धि बच्चों को भी अधिगम विकलागो की भांति विषम समस्याओ के समाधान मे कठिनाई होती है। वे कार्यकारण के सम्बन्ध न तो देख सकते है और न उनका अनुमान लगा सकते है। वे अन्य परिस्थितियो का सामान्यानुमान भी नही लगा सकते। समाधान के अन्य विकल्प नहीं सोच सकते। यहा तक कि मौखिक सूचनाए भी नही दे पाते। यह स्मिथ के 1971 में शोध-अध्ययन के आधार पर कहा जा सकता है।

सज्ञानात्मक विकास के अधुनातम साहित्य की समीक्षा के समय हेगन, वाकले और शेबेटेम के 1980 के

शोध-निष्कर्ष सामने आए। उन्होंने पाया कि शिक्षणीय मद-बुद्धि और अधिगम विकलाग स्मृति-कार्यो मे सामान्य बच्चो की तुलना मे समान रूप से पिछड़ापन प्रकट करते है। इसके अतिरिक्त दोनो वर्ग समुचित व्यूह के उपयोग मे विलम्ब करते है। वर्गीकरण और दुहराने मे जिससे स्मृति विकास मे आसानी होती है— वे अधिक समय लगाते है। यह आश्चर्य की बात है, अधिगम विकलांग क्यो इतना पिछडापन दिखाते है जबकि उनमे सामान्य बुद्धि होती है ? इस सन्दर्भ मे उपयुक्त अनुसन्धानकर्ताओ के इस निष्कर्ष को ध्यान मे रखना होगा कि पर्यावरण का संज्ञानात्मक विकास पर प्रभाव पडता है। हेगन आदि का कहना है कि स्कूली शिक्षा के प्रारम्भिक वर्षो मे अधिगम विकलागो की समस्याए विशेषीकृत होती है अर्थात् किसी एक या दो क्षेत्रों तक सीमित होती है जब कि बौद्धिक सीमाओ के कारण शिक्षणीय मन्द-बुद्धि की समस्याए अधिक व्यापक होती है। अस्तु जैसे-जैसे अधिगम विकलाग अपनी स्कूली शिक्षा जारी रखता है वैसे-वैसे उसे पठन और लेखन कार्य मे निरन्तर असफलताएं मिलती हैं। इस सचित निराशाजनक दबाव से उसका सज्ञानात्मक विकास प्रभावित होता है। दोनो वर्ग अन्त-र्मुक्त से प्रकट होने लगते है।

2. सामाजिक-व्यवहार आयाम

स्ट्रास और केपहार्ट (1940) के अध्ययन पर पुन. ध्यान दे। सामाजिक व्यवहार के सन्दर्भ मे यह प्रयोग चर्चित और सुविख्यात है। उन्होने आवासीय विद्यालय के क्षति-ग्रस्त मस्तिष्क वाले तथा अन्य मन्द-बुद्धियो की तुलना के लिए रेटिंग स्केल तैयार किया। इन बच्चो से सुपरिचित शिक्षकों और आवास-अभिभावकों से उनके प्रेक्षण के आधार पर व्यक्तित्व आयामों को रेट करने के लिए कहा गया। व्यक्तित्व आयामों की सारिणी दी गई है। परिणामो ने स्पष्ट किया कि क्षतिग्रस्त मस्तिष्क वाले बच्चे अन्य मन्द-बुद्धि बच्चों की अपेक्षा अधिक सनकी, अनिश्चित, अनियन्त्रित, अन्तर्बाधित और सामाजिक-अस्वीकारीय पाए गए।

सुतारिया ने 1985 मे अपने शोध-अध्ययन में अधिगम विकलांग मे "आत्म-सकल्पना" की कमी पाई। इसका कारण उन्होने स्कूल में निरन्तर असफलताओं से उपजी अक्षमता और असुरक्षा की भावना को बताया है। इस अध्ययन से पूर्व मर्स्टर 1979 मे अपने प्रयोग निष्कर्ष मे कह चुके है कि अधिगम विकलाग बच्चे कार्य-आरम्भ करने से पूर्व ही असफल हो बैठते हैं। आत्म-सकल्पना की कमी के कई नकारात्मक नतीजे निकलते है। वे विघटन या प्रत्याहार के आचरण दिखाने लगते है। ये दोनो ही अक्षमता की पूर्ति के साधन माने जाते है।

सामाजिकता के नाते अधिगम विकलागो के सामान्य साथी उनके असामाजिक आचरण के कारण उनका साथ छोड़ देते है। या तो सामान्य बच्चे उनकी बातो पर ध्यान नही देते और मात्र अभिनय करते हैं या वे अधिगम विकलागो के सकेत-सूत्रो को पकड नहीं पाते और उनका गलत अर्थ लगाते हैं। अथवा दूसरो की भावनाओ के प्रति अभावुकता प्रकट करते हैं। इतना ही नही वे उनके प्रति असहयोग और अनुत्तरदायित्व दिखाते हैं। यह भी सुतारिया (1985) के अध्ययन के परिणामस्वरूप जाना गया है। अधिगम विकलागों के सामाजिक व्यवहार में मौज-मस्ती के चढाव और उतार पाए जाते है। उनके व्यवहार के विषय मे कोई भविष्यवाणी नही की जा सकती। आवेगशील विस्फोट और हिचकिचाहट (ढुलमुलपन) के कारण उनके मित्र बहुत कम रह जाते है और वे स्थायी मित्रता के लक्षण नही दिखा पाते।

स्मिथ (1971) के अनुसार मन्द-बुद्धि भी अधिकाश सामाजिक-व्यवहार के लक्षणों मे अधिगम विकलागो के समान ही होते हैं। उनमे भी आत्म-सम्मान की कमी पाई जाती है। वे कुछ भी नया कार्य करने में रुचि नहीं लेते क्योकि उन्हे असफलता का भय सताता रहता है। वे सामाजिक संकेतो का समुचित अनुमान नही लगा पाते। वे पर्यावरण के प्रति तथा दूसरी अन्य भावनाओं के प्रति भी अभावुक बने रहते है। अपनी बौद्धिक सीमाओं के कारण वे प्राय: अनावश्यक तथा सामाजिक मान्यता प्राप्त विरोधी आचरण दिखाते हैं। वे बडे भोले-भाले होते हैं और सामान्यत उनके व्यवहार अधिक अपरिपक्व होते हैं।

पांचवें और छठे दशक के दौरान शिक्षणीय मन्द-बुद्धियों को विशेष शिक्षा की कक्षाओं मे स्थान देने के

प्रयत्न को न्यायसगत माना गया था क्योकि इन बच्चों को सामान्य साथियो द्वारा विद्यालय मे सामाजिक उपेक्षा का शिकार होना पडा था। इस उपेक्षा और बहिष्कार के कारणों का विश्लेषण करने पर उनमे असामाजिक व्यवहार करने की प्रवृत्ति दिखाई दी। इस असामाजिक व्यवहार मे छेडखानी, तग करना, झगडना, खेल भावना की कमी आदि का उल्लेख किया गया। टेलर ने अपने शोध (1982) मे शिक्षणीय मन्द-बुद्धियो का सामाजिक बहिष्कार उनके असामाजिक व्यवहार के कारण बताया है।

3. शैक्षिक आयाम

तीसरा आयाम शैक्षिक है जिस पर विचार किया जाना जरूरी है। क्या शैक्षिक आयाम के अन्तर्गत अधिगम विकलांग तथा शिक्षणीय मन्द-बुद्धियो मे प्रमुख भिन्नताए पाई जाती है ?

अकादमिक दृष्टि से अधिगम विकलाग और शिक्षणीय मद-बुद्धि दोनो ही सप्राप्ति के निचले स्तर पर रहते है। दूसरे क्षेत्रो की भाति शैक्षिक क्षेत्र मे भी अधिगम विकलाग शिक्षणीय मद-बुद्धिओ की अपेक्षा संप्राप्ति मे पिछड़ापन दिखाते है। अधिगम विकलागो के पिछड़ेपन मे गंभीर किस्म के लक्षण पाए जाते है। शैक्षिक सप्राप्ति का पिछडापन माग करता है कि अधिगम विकलांगो की शैक्षिक समस्याओं का कारगर निदान किया जाए।

ग्रासमैन के अध्ययन (1983) के अनुसार मद-बुद्धि नये कौशलों को ठीक उसी प्रकार सीखता है जैसे कि सामान्य बच्चे सीखते हैं। अतर केवल इतना है कि उसके सीखने की गति धीमी है और सीखने मे अधिक समय लेता है। जब मद-बुद्धि बच्चा आवश्यक मानसिक परिपक्वता प्राप्त कर लेता है तो वह सीखना शुरु कर देता है। इसके विपरीत अधिगम विकलाग विभिन्न कौशलो को विभिन्न गति से सीखता है। सुतारिया (1985) की मान्यता है कि अधिगम विकलागो के अधिगम नमूने (पैटर्न) सवेदन वैशिष्टय प्रकट करते है। अर्थात उनमे स्वभावगत विलक्षणता पाई जाती है।

जौनसन और माइकल बस्ट (1967) के सुझाव उपयोगी कहे जा सकते हैं। उनका मानना है कि जब तक अधिगम विकलाग बच्चो को यह नही सिखाया जाता कि अधिगम कैसे होता है तब तक शिक्षण व्यर्थ रहता है। जब तक शिक्षण और शिक्षण युक्तिया उनके सीखने के ढग और सूचना-ससाधन से तालमेल नही रखती तब तक शिक्षण प्रभावी नही हो सकता। जब तक कौशलो का क्रम निर्धारण उनकी क्षमता की कमजोरी के अनुरूप नहीं बदला जाता तब तक शिक्षण लक्ष्य संधान नही कर सकता। अत. अधिगम विकलागो की शिक्षण-व्यूह रचनाए उनकी क्षमता और कमजोरी के अनुरूप और उनकी स्वभावगत विलक्षणता को ध्यान मे रखकर तैयार की जानी चाहिए।

एक बात और यहा स्पष्ट कर दे कि मद-बुद्धि की अधिगम तत्परता का उपयुक्त परिचायक उसकी आयु होती है जबकि अधिगम विकलाग की आयु किसी किस्म के अधिगम-लक्षण प्रकट नही करती। दोनो वर्ग पठन, लेखन, वर्तनी और गणित की सप्राप्ति मे समान रूप से पिछड़े रहते है। मद-बुद्धि का पिछड़ापन उनकी बौद्धिक असमर्थता के कारण होता है जबकि अधिगम विकलाग के पिछडेपन का कारण उसका सनकी, अनिश्चित, परिसीमित और ससाधन-दुष्क्रियाग्रस्त होना है।

वस्तुत. शैक्षिक सप्राप्ति मे अधिगम विकलांग और शिक्षणीय मदबुद्धि मे विवेचनात्मक भिन्नता मिलती है जबकि मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक-व्यवहार मे भिन्नता की अपेक्षा समानता अधिक मिलती है। अब आवश्यकता इस बात की है कि अधिगम विकलागो और शिक्षणीय मदबुद्धि के स्थापन और शैक्षिक विधियो पर विचार कर लिया जाए।

शिक्षा में स्थापना और शैक्षिक कार्यक्रम

शिक्षणीय मद-बुद्धियों की शिक्षा-व्यवस्था विगत शताब्दी मे आरभ हो गई थी। अधिगम विकलागो की शिक्षा-व्यवस्था छठे दशक से प्रारभ हुई। भारत मे 1975 के बाद अधिगम विकलांगो की शिक्षा-व्यवस्था प्राय: सामान्य विद्यालयो मे विशेष-शिक्षा द्वारा दी जाती है। मद-बुद्धिओ की शिक्षा-व्यवस्था प्राय: पृथक विशेष विद्यालयो मे प्रदान की जाती है। विश्व शिक्षा के सदर्भ मे यह तथ्य निर्विवाद सत्य है कि 1975 तक शिक्षणीय मद-बुद्धि और अधिगम विकलाग एक ही शिक्षा-व्यवस्था मे शिक्षा ग्रहण करते रहे है। इनको सामान्य बच्चों मे रहने का कोई अवसर नही

मिलता था। 1975 के बाद "सामान्य नियंत्रित पर्यावरण" के सिद्धांतानुसार उनकी शिक्षा को सामान्य विद्यालयों मे स्थापन करने के प्रयास शुरु हुए। माना यह गया कि इन विकलांगो की शिक्षा को प्रमुख धारा मे भागीदारी मिले।

अमरीका मे अधिगम विकलांग तथा शिक्षणीय मंद-बुद्धियो के लिए सामान्य विद्यालय मे संसाधन-कक्ष तथा विशेष-शिक्षण-व्यवस्था की गई, जैसा कि किर्क और गालेगर के सर्वेक्षण से पता चलता है। भारत मे व्यवस्था तो हुई है कि अभी तक किसी सर्वेक्षण का प्रतिवेदन प्रकाश मे नहीं आया। सामान्य प्रेक्षण के आधार पर प्राय: संसाधन-कक्ष सेवा का लाभ नही लिया जा रहा। उपचार-शिक्षण की विशेष व्यवस्था जरूर हुई है। अभिभावकों के संदर्भ मे एक बात उल्लेखनीय है कि वे अपने बच्चो को अधिगम विकलांग कहना और कहलवाना बेहतर समझते हैं उसे मंदबुद्धि कहना उत्तम प्रतीत नही होता। शिक्षणीय मंदबुद्धि बच्चों के स्थापन और शिक्षण को समुचित समन्वित दिशा नही मिली। इस दिशा मे कार्य होना शेष है। अधिगम विकलांगो के लिए समन्वित शिक्षा पैर जमा रही है और कारगर नतीजे भी देनेवाली है।

शैक्षिक कार्यक्रमो के विषय मे उनका आधार निदान तथा निदानाधारित उपचार शिक्षण है। विल्सकी के अनुसार शिक्षणीय मंदबुद्धियों के लिए सामान्य पाठ्क्रम से निम्न स्तर का पाठ्यक्रम तैयार करने की जरूरत है। 1975 के बाद शिक्षा की सामान्य धारा के तहत उनके लिए विशेष पाठ्यक्रम निर्धारित किए जा रहे है जिसमे क्रियात्मक बौद्धिक कार्य, व्यवसायिक शिक्षा, सामाजिक कौशल, प्रशिक्षण तथा संज्ञानात्मक कौशलों का प्रशिक्षण शामिल किया गया है। इनमें से प्रत्येक को इस प्रकार प्रबंधित किया जाता है कि शिक्षणीय मंद-बुद्धि रोजाना की जिन्दगी को सुखद बना सके।

अधिगम विकलांगो का पाठ्यक्रम प्राथमिक स्कूलो मे बुनियादी कौशलो के उपचार शिक्षण पर विशेष बल देता है। माध्यमिक स्तर पर अध्ययन और परीक्षण देने के कौशल पर विशेष ध्यान दिया जाता है। ऐसा सामान्य शिक्षा की धारा में जुड़ने के कारण हुआ है। अधिगम विकलांगो को विद्यालय मे कुछ समय सामान्य बच्चो के साथ पढाया जाता है। अत: सामान्य पाठ्यक्रम के अति-रिक्त उनको संसाधन-कक्ष अध्यापक के सहायक प्रयत्नो से प्रेरित किया जाता है। अत: अधिगम विकलांगो की शिक्षा का यह एक सार्थक पहलू भी है। इसके अतिरिक्त वे व्यावसायिक शिक्षा, स्वरोजगार तथा कालिज शिक्षा की भी तैयारी करते है।

हालमैन और काफमैन (1976) के शिक्षण-विधि संबधी विचार महत्वपूर्ण माने जाते हैं। उनके अनुसार अधिगम विकलांगों की शिक्षण युक्तियां निदानात्मकता की अवधारणा पर आधारित होती हैं तथा उनके फलदायी वैयक्तिक उपचार शिक्षण की मांग करती है।

प्राथमिक कक्षाओं मे शिक्षणीय मंदबुद्धियों का कक्षा-शिक्षण संभव है लेकिन अधिगम विकलांगों को वैयक्तिक उपचार शिक्षण की जरूरत होती है। समन्वित शिक्षा एवं एकल शिक्षा के वैज्ञानिक अध्ययन और परिणाम अभी प्राप्त नहीं हुए हैं।

सारांश में शिक्षणीय मंदबुद्धि तथा अधिगम विकलांगों के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक व्यवहार और शैक्षिक लक्षणों के अध्ययन-आधार पर कहा जा सकता है कि उनका स्थापन-निर्णय निदान स्तर के अपेक्षा सामान्य प्रेक्षण के आधार पर करना चाहिए। दूसरे इन दोनों वर्गों के बच्चों को वैयक्तिक-प्रभेद का आधार न बनाकर प्रत्येक बच्चे के वैयक्तिक लक्षणो का अध्ययन किया जाना चाहिए। अर्थात प्रत्येक बच्चे की सामर्थ्य और अयोग्यता को परखने पहचानने की जरूरत है। अनुसंधान का यह संकेत-सूत्र उपयोगी प्रतीत होता है कि अधिगम विकलांगों की शिक्षण व्यूह रचनाएं बच्चे की विलक्षणता से मेल खाती हों न कि मंदबुद्धियो के लिए कही गई सामान्य बातो पर केंद्रित हो।

अंत मे यह कहना अनिवार्य है कि प्रभावी अनुसंधान का दिशा-निर्देश यह होना चाहिए कि अधिगम विकलांग और शिक्षणीय मंदबुद्धि को कैसे शिक्षा दें। इसकी आवश्यकता नही है कि कहां शिक्षा दें। भारत मे दिशा अनुसंधान की अधिक अपेक्षाए है।

संदर्भ

क्रिकशेक डब्ल्यू० एम०, बेनजन आदि, **ए टीचिग मैथड फॉर ब्रेन इंजर्ड एंड हाईपर एक्टिव चिल्ड्रन**, सिराकूज यूनी० प्रेस, 1961.

ग्रॉसमैन, एच० जे० **कलासिफिकेशन इन मेटल रिटार्डेशन**, अमेरिकन एसोसिएशन ऑन मेन्टल डेफिसिएसी, वाशिंगटन, 1983.

हैगन, जे० डब्ल्यू० आदि, **कोगनेटिव डेवलपमेंट ऑफ दी लर्निग डिसएबिल्ड चाइल्ड**, इंटरनेशनल रिव्यू ऑफ रिसर्च इन मेन्टल रिटार्डेशन, अक-2, एकेडेमिक प्रैस, न्यूयार्क, 1982

हालमैन डी० पी० एड कॉपमैन जे० एम०, **इंट्रोडकशन टू लर्निग डिसएबिलिटीज, ए साइको बिहेवियरल अप्रोच,** प्रिन्टीम हॉल इन्क, इगिलवुड क्लिफ्स, 1975

जॉनसन डी० एंड माइकल बस्ट, एच०, **लर्निग डिसएबिलिटीज एजूकेशनल प्रिसिपल्ज एंड प्रक्टिसिज**, ग्रून एड स्ट्रैटन, न्यूयार्क, 1967

किर्क, एस० ए० एड गॉलागेर जे० जे०, **एजूकेटिंग एक्सेपशनल चिल्ड्रन**, फोर्थ एडीशन, हाटन मिफलिन कपनी, बोस्टन, 1983

स्मिथ, आर० एम०, **एन इंट्रोडेक्शन टू मेन्टल रिटार्डेशन**, मैकग्रोहिल बुक क०, न्यूयार्क, 1971.

स्ट्राम ए० ए० एड केपहार्ट एन० सी०, **बिहेवियर डिफरेंसेज इन मेंटिली रिटार्डिड चिल्ड्रन मेजरड बाई ए न्यू बिहेवियर रेटिग स्केल**, अमेरीकन जनरल आफ साइकाट्री, 96, 1920.

स्ट्राम ए० ए० एड वर्नर, एच० **डिस आर्डर्स आफ कंसेप्चुअल थिंकिग इन दी ब्रेन इंजर्ड चाइल्ड**, जरनल आफ नर्वस एंड मेटल डिस आर्डर, 96 1942

सुतारिया एस० डी०, **स्पेसिफिक लर्निग डिसएबिलिटीज नेचर एंड नीड**, चार्ल्स सी० टोम्स, पब्लिशर, स्प्रिग फील्ड, 1985

वर्नर ए० एड स्ट्राम ए० ए०, **टाइप्स आफ विजुओ-मोटर एक्टिवीटी इन देअर रिलेशन टू लो एंड हाई परफोर्मेंशन एजिज**, प्रोसीडिंग आफ दी अमेरिकन एसोसिएशन आन मेन्टल डेफिसियेसी 44 : 1939.

पैथेलॉजी ऑफ फिगर-ग्राउंड रिलेशन इन दी चाइल्ड, जनरल आफ एब्नोरमल सोशल साइकलोजी 36 . 1941.

□□

गणित-संप्राप्ति में पिछड़ापन : एक तुलनात्मक अध्ययन

डॉ० राजेन्द्र सिंह

गणित शिक्षण की वैयक्तिक एवम् सहायक उपचार सामग्री और शिक्षण युक्तियों की रचना के लिए यह आवश्यक है कि हम गणित संप्राप्ति को प्रभावित करने वाले तत्वों, जैसे—संप्राप्ति-अभिप्रेरणा, सामाजिक-सांस्कृतिक स्तर, व्यक्तित्व के गुण तथा सज्ञानात्मक (कागनेटिव) तत्व, व्यक्ति की मानसिक क्षमता और उसकी शैक्षिक उपलब्धि के बीच अन्त: सम्बन्ध का अध्ययन करें।

विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र मे गणित सप्राप्ति के पिछडे-पन की आम शिकायत है। सामान्य शिक्षार्थियो की काफी संख्या गणित-संप्राप्ति मे उत्साहजनक उपलब्धि नही दिखाती। नवी और दसवी कक्षा के स्तर पर, प्राय. सभी बोर्डों द्वारा गणित एक अनिवार्य विषय है, जिसके अधिगम में अधिकाश विद्यार्थियो को कठिनाई होती है। इस कठिनाई के निदानात्मक अध्ययन भी किये गये है, लेकिन उसके उपचार शिक्षण मे अच्छे परिणाम नही निकले हैं। गणित शिक्षण की वैयक्तिक एव सहायक उपचार सामग्री और शिक्षण युक्तियो की रचना के लिए यह आवश्यक है कि हम गणित-सप्राप्ति को प्रभावित करने वाले तत्वो जैसे – सप्राप्ति-अभिप्रेरणा, सामाजिक-सास्कृतिक स्तर, व्यक्तित्व के गुण तथा सज्ञानात्मक (कागनेटिव) तत्व, व्यक्ति की मानसिक क्षमता और उसकी शैक्षिक उपलब्धि के बीच अन्त सम्बन्ध का अध्ययन करें।

भारतवर्ष मे सामाजिक और आर्थिक न्याय के आधार पर एक नये समाज के निर्माण करने की जरूरत है। इस आधार पर नये समाज का निर्माण शिक्षा से ही सम्भव है। विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948) ने शैक्षिक पद्धति के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध मे अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "हमारी शैक्षिक पद्धति का दिशा-निर्देशन हमारे सामाजिक ढाचे और हमारी सभ्यता को ध्यान मे रखकर होना चाहिये"। माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952-54) ने भी इसी आधार को केन्द्र मे रखकर विचार व्यक्त किये है।

भारतीय शिक्षा आयोग (1964-66) के अनुसार, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का महान कार्य हमारे विद्यालयो से निकलने वाले विद्यार्थियो के गुणों पर निर्भर करता है। इन गुणो का विकास विद्यालय मे शिक्षा द्वारा सुनियोजित किया जा सकता है। आयोग ने आर्थिक विकास, आत्म-निर्भरता एव पूर्ण रोजगार, सामाजिक तथा राष्ट्रीय एकीकरण और राजनैतिक विकास के अभाव को विकास की महत्वपूर्ण समस्याओं मे स्वीकार किया है। आयोग ने दो प्रमुख कार्यक्रमो पर बल दिया है।

(1) प्राकृतिक समाधनो का विकास -कृषि आधुनिकीकरण तथा औद्योगिक गति के कार्यक्रम और

(2) मानव ससाधनो का विकास—समुचित सगठित शिक्षा के कार्यक्रम। दोनो कार्यक्रमो द्वारा इन जटिल, आवश्यक तथा स्वतन्त्र समस्याओ से निपटा जा सके। (रिपोर्ट 1966, पृष्ठ 1–3)

इन तीनो आयोगो के बीच तथा इनके बाद भी बहुत-सी रिपोर्ट तथा सुझाव रखे गये जिनमे लगभग एक ही बात पर जोर दिया गया है—राष्ट्रीय चेतना तथा विकास मे शिक्षा की भूमिका। निस्सदेह शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम माना गया है, जिससे लोगो को युगो से चले आ रहे दकियानूसी विचारो के बन्धन से मुक्त कराया जा सकता है और उन्हे जीवन के नए एव आधुनिक तरीके अपनाने का अवसर दिया जा सकता है। शिक्षा का कार्य विद्यार्थियो के लिए प्रेरणात्मक बनाना एक समस्या है। इसी कारण शिक्षाविदो तथा शिक्षा-मनोवैज्ञानिकों ने प्रेरणा के लिए सिद्धांत या सप्राप्ति-अभिप्रेरणा पर अधिक बल दिया है।

सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा मानव के गत्यात्मक, रचनात्मक तथा सृजनात्मक पक्ष पर बल देती है। यह व्यक्ति के साधन-सम्पन्न गुण का वर्णन करती है और यह भी बताती है कि वह इन साधनो का उपयोग कैसे कर सकता है ताकि भविष्य मे वह उत्तरोत्तर उत्कृष्टता को प्राप्त कर सके।

उपलब्धि-प्राप्ति की ओर अग्रसर होने वाले किसी भी समाज मे उपलब्धि प्राप्त करने वाले केवल वे ही व्यक्ति नही होते जिनमे उच्चस्तरीय क्षमता होती है, बल्कि उसमे वे व्यक्ति भी शामिल हैं जिन्हे उनका सामाजिक अथवा सास्कृतिक वातावरण उपलब्धि के लिए मजबूर करता है।

भारतवर्ष एक ऐसा देश है जहा कि सामाजिक वातावरण मे निम्न-स्तरीय प्रेरणा पाई जाती है और इसी कारण इस देश में माध्यमिक विद्यालयो की परीक्षाओ मे असफल विद्यार्थियो की सख्या अधिक होती है। शिक्षाविदो ने इस बात पर बल दिया है कि हमे सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा तथा शैक्षिक-उपलब्धि के बीच सम्बन्ध को समझना जरूरी है।

इसलिये सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा को अपनी सस्कृति के सदर्भ मे अध्ययन करना अपेक्षित है। अत· यह आवश्यक जान पड़ता है कि असज्ञानात्मक (नान कागनेटिव) तत्वों —जैसे संप्राप्ति-अभिप्रेरणा, सामाजिक सास्कृतिक स्तर, व्यक्तित्व के गुण तथा सज्ञानात्मक (कागनेटिव) तत्व—जैसे व्यक्ति की मानसिक क्षमता और उसकी शैक्षिक उपलब्धि के बीच अन्त सम्बन्ध की जाच की जाये।

प्रत्यादर्श (सॉम्पल)

इस अध्ययन मे अनुसन्धान के अनुरूप लगभग सभी बातों का ध्यान रखकर हरियाणा और सघ शासित प्रदेश दिल्ली के हिन्दी माध्यम विद्यालयो को चुना गया। सघ शासित प्रदेश दिल्ली के निकटस्थ गुडगाव-रेवाडी तथा हरियाणा राज्य के निकटस्थ दक्षिण दिल्ली क्षेत्र को अध्ययन हेतु स्वीकार किया गया।

उपकरणों का विवरण

इस अनुसन्धान मे तीन उपकरणो का प्रयोग किया गया। सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा की जांच के लिये बी० एन० मुखर्जी का वाक्य पूर्ति परीक्षण, "रेवन की प्रोग्रेसिव मैट्रिसेस", छात्रो की बुद्धि-क्षमता के माप के लिए और गणित सम्प्राप्ति के लिए निरीक्षक द्वारा निर्मित वस्तुनिष्ठ गणित सम्प्राप्ति परीक्षण का उपयोग किया गया।

सामग्री का संग्रह

शहरी क्षेत्रो के सात राजकीय विद्यालय—चार दक्षिण दिल्ली क्षेत्र (कुल छात्र सख्या=184) और तीन दक्षिण दिल्ली के निकट हरियाणा राज्य (छात्र सख्या=184) चुने गये। छात्रो पर तीन उपकरणो का प्रयोग किया गया और 368 छात्रो की उत्तर-पुस्तिकाये जाच के लिये इकट्ठी की गई। उत्तर-पुस्तिकाओ की जाच, जाच-कुजियो की सहायता से की गई और आकड़ो को सारणीबद्ध किया गया।

सामग्री का विश्लेषण

प्रस्तुत जाचकर्ता ने पहले इस बात को जानने का प्रयास किया कि क्या दिल्ली से लिए गए चार तथा हरियाणा के तीन विद्यालयो मे सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा के दृष्टिकोण से एक ही जैसे विद्यार्थी है अथवा नहीं। सारणी-1, दिल्ली के विद्यालयो मे सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा प्राप्ति सख्याओ के बीच मध्यमानो के अन्तर की सार्थकता को "टी-मूल्यो" द्वारा प्रदर्शित करती है।

सारणी-1 के अध्ययन से पता चलता है कि दिल्ली के चारो विद्यालयो के विद्यार्थियो की सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा मे कोई महत्वपूर्ण अतर नही है। अत. यह बात मानी जा सकती है कि सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा के संदर्भ मे दिल्ली के विद्यार्थी एक जैसे है और इन चारो समूहो को मिलाकर एक ही समूह का नाम दिया जा सकता है।

सारणी-2 इस बात को दर्शाती है कि हरियाणा के तीनो विद्यालयो के विद्यार्थियो मे सम्प्राप्ति अभिप्रेरणा मे कोई महत्वपूर्ण अन्तर नही है। अत. यह बात मानी जा सकती है कि सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा के सदर्भ मे हरियाणा के विद्यार्थी एक ही समूह से सम्बन्ध रखते है और इन्हे भी एक ही समूह का नाम दिया जाना चाहिये।

प्रोडक्ट-मूवमेट सहसम्बन्ध गुणाक विधि (पियर्सन "आर") का प्रयोग करने से पहले विभिन्न चरो के जोड़ो

सारणी-1

दिल्ली के विद्यालयों में संप्राप्ति अभिप्रेरणा प्राप्ति संस्थाओ के बीच मध्यमानों के अंतर की सार्थकता को "टी-मूल्यों" द्वारा प्रदर्शित करते हुए

विद्यालय	राजकीय बाल विद्यालय, आर० के० पुरम-2 संख्या =52 मध्यमान =18 02 प्रामाणिक विचलन=3 48	राजकीय बाल विद्यालय, आर० के० पुरम-3 संख्या=48 मध्यमान=18.16 प्रामाणिक विचलन=3 56	राजकीय बाल विद्यालय, नेताजी नगर संख्या=46 मध्यमान=18 प्रामागिक विचलन=3 74	राजकीय बाल विद्यालय, सरोजनी नगर संख्या=38 मध्यमान= 17.76 प्रामाणिक विचलन= 4.24
राजकीय बाल विद्यालय, आर० के० पुरम-2	—	0.1932	0 0272	0.3163
राजकीय बाल विद्यालय, आर० के० पुरम-3	—	—	0.2102	0.4680
राजकीय बाल विद्यालय, नेताजी नगर	—	—	—	0 2712

टी मूल्य की सार्थकता स्वातत्रयाश 183 के लिये ·05 पर =1·960 और ·01 पर=2·576

सारणी-2

हरियाणा के विद्यालयों में संप्राप्ति अभिप्रेरणा प्राप्ति संस्थाओ के बीच मध्यमानों के अंतर की सार्थकता को टी-मूल्यो द्वारा प्रदर्शित करते हुए :

विद्यालय	राजकीय उच्च विद्यालय, गुड़गांव संख्या=80 मध्यमान= 17 41 प्रामाणिक विचलन= 3.09	राजकीय उच्च विद्यालय, रेवाड़ी संख्या= 60 मध्यमान=17.73 प्रामाणिक विचलन=3.13	राजकीय उच्च विद्यालय, तावडू संख्या= 44 मध्यमान=17.77 प्रामाणिक विचलन= 3.34
राजकीय उच्च विद्यालय, गुड़गाव	—	2012	·2149
राजकीय उच्च विद्यालय, रेवाड़ी	—	—	·02439

टी० मूल्य की सार्थकता स्वातत्रयाश 183 के लिये ·05 पर=1·960 और .01 पर=2·576

सारणी-3

दिल्ली और हरियाणा के समूहो के विभिन्न चरों के एफ-मूल्य और पी-मूल्य और स्वातंत्र्यांश (डी० एफ०) दर्शाती है :

$अ_1$	$अ_2$	$अ_3$
दिल्ली	2·83 (डी० एफ० 176 6) पी<·01	1·148 (डी० एफ० 177.5) पी< 01
हरियाणा	·393 (डी० एफ० 176 6) पी<·01	392 (डी० एफ० 177·5) पी<·01
दिल्ली		1.08 (डी० एफ० 276 6) पी<·01
हरियाणा		2·89 (डी० एफ० 176·6) पी< 01

$अ_1$: संप्राप्ति-अभिप्रेरणा
$अ_2$. बुद्धि-क्षमता
$अ_3$: गणित-संप्राप्ति

उपरोक्त सारणी के देखने से ज्ञात होता है कि सभी क्षेत्रो में एफ-मूल्य ·01 से कम है (पी< 01) इसलिये विभिन्न चरों के बीच समाश्रयण रेखीय है ।

सारणी-4

दिल्ली और हरियाणा के विद्यालयों के विभिन्न चरों के कार्य-वर्गमूल्य, पी-मूल्य और स्वातंत्र्यांश (डी० एफ०) दर्शाती है :

चर/विद्यालय	$अ_1$	$अ_2$	$अ_3$
दिल्ली के विद्यालय सख्या=184	9·634 डी० एफ०=3 ·05>पी> 62	4·421 डी० एफ०=5 05>पी>·30	6·792 डी० एफ०=·5 ·30>पी> 20
हरियाणा के विद्यालय सख्या=184	1·996 डी० एफ०=4 ·80>पी>·70	9·173 डी० एफ०=5 ·10>पी> 05	10 414 डी० एफ०=4 05>पी> 02

उपरोक्त सारणी के विवेचन से पता चलता है कि सभी क्षेत्रो में कार्य-वर्ग मूल्य ·01 स्तर से कम है (पी>·01) इसलिये सभी चरों के लिये कहा जा सकता है कि एक समान वितरित हैं ।

सारणी-5

दिल्ली और हरियाणा के छात्रों का सहसम्बन्ध गुणांक (आर) संप्राप्ति अभिप्रेरणा (अ) तथा बुद्धि क्षमता ($अ_1$) और गणित संप्राप्ति ($अ_2$) के बीच प्रदर्शित करते हुए

विद्यालय	संख्या	"आर" का प्राप्त मूल्य	
		$आर_{1\ 2}$	$आर_{1\cdot 3}$
दिल्ली	184	·323	·380
		पी<·01	पी< 01
हरियाणा	184	·295	·280
		पी<·01	पी<·01

संख्या=184 के लिये डी॰ एफ॰ (सख्या-2)=182, आर=·160 सार्थक है ·01 स्तर पर।

सारणी-6

दिल्ली और हरियाणा के छात्रों के गणित सप्राप्ति पर अन्य चरों के प्रभाव का आंशिक समाश्रयण गुणांक (बी), उनके सार्थक टी-मूल्य, सहसम्बन्ध गुणांक और मानक सहसम्बन्ध गुणांक का गुणनफल (बीटा आर), बहुल निश्चित गुणाक (आर) तथा बहुल सहसम्बन्ध गुणांक (आर) दर्शाती है ·

चर —— विद्यालय	संप्राप्ति-अभिप्रेरणा $अ_1$	बुद्धिक्षमता $अ_2$	$आर^2$	आर
	बी=·142*	·332**	2835*	·7824
दिल्ली	टी=2 53	6·26		
(संख्या=184)	(बीटा॰ आर॰)			
	=·0496	·2339		
हरियाणा	बी=·052	·442**		
(सख्या=184)	टी=·749	7·95	·3809*	·7492
	(बीटा॰ आर॰)			
	=·0111	·3798		

**सार्थक ·01 स्तर पर

*सार्थक ·05 स्तर पर

आंशिक समाश्रयण गुणाक की सार्थकता के लिये

स्वातत्र्यांश (डी॰ एफ॰) (सख्या-एम-1)=179

टी=1·975 स्तर 02 और

=2·604 स्तर ·01

आर= ·210 सार्थक ·05 स्तर पर और

= ·769 सार्थक ·01 स्तर पर

की समाश्रयण की रैखिकता और बारम्बारता की प्रसमता को ज्ञात किया। इसके लिए "बाकर और लिव" का एफ-टैस्ट प्रयोग किया। सारणी-3 मे दिल्ली और हरियाणा के समूहो का विभिन्न चरो से सम्बन्धित एफ-मूल्य दिया गया है।

अब प्रसमता की जाच के लिए वर्तमान जाचकर्ता के कार्य-वर्ग परीक्षण का प्रयोग किया। सारणी-4 में विभिन्न चरो के कार्य वर्ग मूल्यो का उल्लेख किया गया है।

यह देखने के लिए कि सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा का बुद्धि क्षमता तथा गणित सम्प्राप्ति से सम्बन्ध सार्थक है या नहीं "पियर्सन प्रोडक्ट मूमेंट" सहसम्बन्ध गुणाक (आर) सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा और बुद्धि तथा गणित सम्प्राप्ति के बीच दोनो समूहो—दिल्ली तथा हरियाणा के स्कूल छात्रो का ज्ञात किया। सारणी-5 मे दिल्ली और हरियाणा के छात्रों का सहसम्बन्ध गुणाक (आर) सम्प्राप्ति अभिप्रेरणा तथा बुद्धि क्षमता और गणित सम्प्राप्ति के बीच दिखाया गया है।

सारणी-5 के परिशीलन से पता चलता है कि सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा और बुद्धिक्षमता तथा गणित सम्प्राप्ति के बीच दोनो दिल्ली और हरियाणा के छात्रो मे सम्बन्ध .01 स्तर (पी> 01) पर सार्थक है। अत हम कह सकते है कि सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा दिल्ली और हरियाणा के छात्रो की बुद्धि क्षमता और गणित-सम्प्राप्ति को प्रभावित करता है। इस सम्बन्ध को और अधिक सुनिश्चित करने के लिये अनुसन्धानकर्ता ने बहुल समाश्रयण विश्लेषण विधि का प्रयोग किया, जिससे गणित-सम्प्राप्ति पर अन्य चरो के प्रभाव का पता चल सके। सारणी-6 में दिल्ली और हरियाणा के छात्रो के गणित-सम्प्राप्ति पर अन्य चरों के प्रभाव का आशिक समाश्रयण गुणाक (बी), उनके सार्थक (टी—मूल्य) सहसम्बन्ध गुणाक और मानक सहसम्बन्ध गुणाक का गुणनफल (बीटा० आर) बहुल निश्चित गुणाक (आर^2) तथा बहुल सहसम्बन्ध गुणाक (आर) बतलाती है।

इस सारणी को देखने से पता चलता है कि दिल्ली के विद्यालयो के छात्रो मे बुद्धि क्षमता का आंशिक समाश्रयण गुणाक 01 स्तर पर सार्थक है तथा सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा का .05 स्तर पर सार्थक है, जबकि हरियाणा के छात्रों मे आशिक समाश्रयण गुणाक बुद्धि क्षमता का .01 स्तर सार्थक है और सम्प्राप्ति अभिप्रेरणा का सार्थक नही है।

इस प्रकार दिल्ली के छात्रो की गणित-सम्प्राप्ति मे सम्प्राप्ति अभिप्रेरणा और बुद्धि-क्षमता का सार्थक योगदान है जबकि हरियाणा के छात्रो की गणित-सम्प्राप्ति मे केवल बुद्धिक्षमता का सार्थक प्रभाव है।

उपरोक्त विश्लेषण से पता चलता है कि दिल्ली के छात्रो मे गणित-सम्प्राप्ति को बुद्धिक्षमता अधिक तथा सम्प्राप्ति-अभिप्रेरणा कुछ कम प्रभावित करते हैं, जबकि हरियाणा के छात्रो मे गणित-सम्प्राप्ति पर बुद्धिक्षमता का ही प्रभाव दिखाई पड़ा। और दोनो वर्गों की शिक्षण-युक्तियो के आधार समझकर प्रभावी गणित शिक्षा की आवश्यकता है।

संदर्भ

एटकिन्सन, जे० डब्ल्यू०, **थ्योरी आफ अचीवमेंट मोटीवेशन**, जॉन विलो एण्ड सस इन्को० न्यूयार्क, 1966.

डी० सी० को०, जान पी०, **एज्यूकेशनल टेक्नोलोजी**, रिन्हार्ट एण्ड विन्सटन, न्यूयार्क, 1964

ग्रोनलुण्ड, एन० ई०, **कन्स्ट्रक्टिंग अचीवमेंट टेस्ट्स**, एन्गलवुड क्लिफस . प्रेन्टिस हाल, 1966.

मैकविल लैंड, डी० सी०, **दी अचीवमेंट सोसाइटी**, डी० वैननोस्ट्रैंड क० इन्को, न्यूयार्क, 1961.

मुखर्जी, बी० एन०, **ए फोर्स्ड चायस टेस्ट आफ अचीवमेंट मोटीवेशन**, जर्नल आफ इडियन एकेडेमिक एप्लाइड साइकोलोजी, 1965, 85-92

पोफम, डब्ल्यू० एच०, **एज्यूकेशनल स्टेटिस्टिक्स यूज एण्ड एन्टरप्रेटेशन**, हार्पर एण्ड रो, पब्लिशर्ज, न्यूयार्क, 1967. □□

नई शिक्षा नीति के संदर्भ में विशेष शिक्षा हेतु शिक्षण प्रशिक्षण

प्रो० सत्यपाल रुहेला

अनेक स्रोतों से पता चला है कि भारत की बाल जनसंख्या का 10% भाग विकलाग है, और एक विकलाग बालक की शिक्षा पर औसतन व्यय 100-1000 रुपये प्रति वर्ष ही माना जाये तो सभी विकलाग बालकों को शिक्षित करने के लिए भारत को 3000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष व्यय करने पडेगे।

आज भारत में केवल 30,000 विकलांग बालक ही किसी प्रकार की शिक्षा व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, शेष 11 लाख 70 हजार विकलांग बालक उचित शिक्षा व प्रशिक्षण से वंचित ही रह रहे है। ये आंकडे शिक्षाशास्त्रियों तथा सभी संवेदनशील नागरिकों के रक्त को खौला देने वाले है। इतनी बडी संख्या में विकलांगों को शिक्षित करने के लिए विशेष शिक्षा में शिक्षण प्रदान करने वाले शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्य बहुत सामयिक महत्व का है।

विशेष शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक प्रशिक्षण की सुविधाओ के प्रसार तथा गुणात्मक सुधार की अब कितनी जबरदस्त आवश्यकता है, आशा है देश के शिक्षा आयोजको, शिक्षक प्रशिक्षकों तथा शिक्षाशास्त्रियो को अब तक भली-भाति अनुभव हो गया होगा। नई शिक्षा नीति (1986) के "प्रोग्राम आफ ऐक्शन" नामक महत्वपूर्ण दस्तावेज मे तथा यूनेस्को के प्रकाशनो व अन्य स्रोतो द्वारा दिये गये विविध प्रकार के विकलागो के बारे में जो आकड़े प्रदान किये गये है वे विशेष शिक्षा तथा विशेष शिक्षा के शिक्षक प्रशिक्षण की अनिवार्यता तथा तुरन्त आवश्यकता को गभीरतापूर्वक प्रकट करते है।

नई शिक्षा नीति के "प्रोग्राम ऑफ ऐक्शन" दस्तावेज मे बतलाया है कि—

. भारत मे 1 करोड़ 20 लाख विकलाग है जिनमे 26 लाख 4-15 आयु वर्ग के है। प्रतिवर्ष 17 लाख मानसिक विकलाग बालको की सख्या उनमे जुड़ती जायेगी। वर्तमान 26 लाख विकलाग बालको मे 12 लाख शैक्षिक क्षमता मे विकलाग है, 7.4 लाख बालक बोली-सम्बन्धी बाधाग्रस्त हैं, 5.3 लाख सुनने सम्बन्धी बाधा से ग्रस्त है तथा 12 लाख बालक नेत्रहीनता के शिकार है।

. .0-4 आयु वर्ग मे 14 लाख ऐसे विकलाग बालक है जिनके लिये खोज, पहचान, मूल्याकन तथा शिक्षा हेतु आरभिक प्रेरणा व तैयारी का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है।

..देश मे इस समय 800 व 1000 की संख्याओ के बीच ही विशेष शालाए है जिनमे केवल 5% मानसिक रूप से विकलांग बालको को शिक्षा सम्बन्धी सुविधाए मिल रही है। ये शिक्षा सस्थाए भी राज्यो की राजधानियों व बडे नगरो में ही बसी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रो की लगभग 80% बाधाग्रस्त बाल-जनसख्या को इनसे कोई लाभ नही मिल रहा है।

..देश मे 20 लाख भयकर रूप से विकलाग बालक हैं, यदि उन सबको विशेष शालाओ में भेजने का सकल्प किया जाये और प्रत्येक विशेष शाला मे 150-200 बालक रखे जाये तो लगभग 10,000 विशेष शालाओ की देश को तुरन्त आवश्यकता होगी।

. .वर्तमान योजना अवधि मे सीखने सम्बन्धी बाधाओं से ग्रस्त तथा अन्य कुछ कम गंभीर बाधाओं से ग्रस्त बालको की सामान्य शालाओ मे भर्ती व उनको उनमें बनाये रखने की सख्या मे 25% की दर से वृद्धि होने का अनुमान है।

...जो विशेष शालाएं आजकल चल रही हैं उनमें से अधिकतर स्वैच्छिक सस्थाओ के द्वारा चलाई जा रही है

विशेष शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसमे प्रशिक्षण आरंभ करने से पहले ही आवश्यक विशेष उपकरण, संयंत्र, शिक्षा साधन अवश्य उपलब्ध होने चाहिएं अन्यथा सारा प्रशिक्षण खोखला, निरर्थक व हास्यास्पद बन कर रह जाएगा।

विशेष शिक्षा की पुस्तकें अधिकतर अंग्रेजी मे है तथा वे बहुत टेकनिकल भाषा मे लिखी हुई हैं। हिन्दी मे कुछ लेख व पुस्तके जो छप रही हैं वे भी भाषा की दुरूहता, शाब्दिक अनुवाद तथा संस्कृतमय हिन्दी के कारण सामान्य प्रशिक्षणार्थियो के लिए उपयोगी सिद्ध नही हो पा रही है।

तथा उनमे सुविधाओ, प्रशिक्षित अध्यापको तथा आवश्यक उपकरणों का घोर अभाव है।

अन्य स्रोतो से पता चलता है कि भारत की बाल जनसख्या का 10% भाग विकलाग है, और एक विकलाग बालक की शिक्षा पर औसतन व्यय 100-1000 रुपये प्रति वर्ष ही माना जाये तो सभी विकलाग बालको को शिक्षित करने के लिये भारत को 3000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष व्यय करने पडेगे।

आज भारत मे केवल 30,000 विकलांग बालक ही किसी प्रकार की शिक्षा व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है, शेष 11 लाख 70 हजार विकलाग बालक उचित शिक्षा व प्रशिक्षण से वचित ही रह रहे हैं। ये आकड़े शिक्षाशास्त्रियो तथा सभी सवेदनशील नागरिको के रक्त को खौला देने वाले है। इतनी बडी सख्या में विकलागो को शिक्षित करने के लिये विशेष शिक्षा मे शिक्षण प्रदान करने वाले शिक्षको का प्रशिक्षण कार्य बहुत सामयिक महत्व का है।

विशेष शिक्षा में शिक्षक प्रशिक्षण, वर्तमान सुविधाएं तथा सुझाए गए प्रावधान

विश्वविद्यालयी स्तर पर विशेष शिक्षा मे शिक्षक प्रशिक्षण की सुविधाएं एन० एन० टी० विश्वविद्यालय, बम्बई तथा जामिया मिलिया के शिक्षा विभाग मे है। अन्य विश्वविद्यालयो को इस दिशा मे अभी पहल करनी है। वर्तमान प्रशिक्षण व्यवस्थाए बहुत सतोषजनक स्तर की नही है—कई कारण है इनके। विकलागो के राष्ट्रीय सस्थान जैसे 'नेशनल इस्टीटयूट आफ विजुएली हैडीकैप्ड, देहरादून', 'नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेटेली हेडीकैप्ड' अपने अपने प्रकार के विशेषीकृत शिक्षक प्रशिक्षण व पाठ्यक्रम चलाते है जिनका स्तर उत्तम है, लेकिन उनकी उपाधियो को चूकि विश्वविद्यालयो की डिग्रियो व डिप्लोमाओ के समकक्ष नही माना जाता, अत प्रशिक्षणार्थियो मे निम्नता का भाव व कुछ असतोष रहता ही है। इतने बडे देश की विशाल विकलांग बाल जनसंख्या के लिए अध्यापक तैयार करने के लिए विद्यमान ये कुछ सस्थाये ही है। निस्सदेह ये बहुत कम है और इनमे सुधार की गुजाइश बहुत है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 'प्रोग्राम आफ ऐक्शन' दस्तावेज मे विशेष शिक्षा मे शिक्षक प्रशिक्षण के महत्व को बहुत गभीरता से अनुभव किया गया है, लेकिन उस दस्तावेज ने इस कार्यक्रम को चलाने का लगभग सारा भार दो राष्ट्रीय संस्थाओ—नेशनल इस्टीट्यूट आफ ऐजूकेशनल प्लानिंग एण्ड ऐडमिनेस्ट्रेशन, नई दिल्ली, तथा एन० सी० ई० आर० टी० पर रखने का प्रयास किया है। लेखक को संदेह है कि यह सभवतया अधिक सफलता दिलाने वाला सुझाव नहीं है। पहली सस्था मे अब तक विशेष शिक्षा के प्रशिक्षण को प्रदान करने की न तो कोई परम्परा रही है, और न वहा इस विषय का विशेषीकृत साज-सामान, प्रशिक्षण वर्ग व पाठ्यक्रम ही है। हथेली पर सरसों उगाना सभव नही होता। एन० सी० ई० आर० टी० की विशेष शिक्षा की इकाई की अभी नयी शुरुआत हुई है, कुछ समय मे साधन सुविधाओ से सम्पन्न होने पर यह निस्सदेह उत्तम कार्य कर सकेगी। चार 'रीजनल कालेजेज आफ एजुकेशन' हैं जिनसे भी नई शिक्षा नीति ने आशा की है कि वे विशेष शिक्षा का प्रशिक्षण कार्य तेजी से करेंगे, लेकिन उनमे साधन-सुविधाओ व प्रशिक्षित प्रशिक्षको का अभाव तो आज है ही, इसके अतिरिक्त उनकी एक बड़ी कठिनाई यह है कि ये कालेज स्वय न तो विश्वविद्यालय है और न विश्वविद्यालयो के समकक्ष माने जाने वाली संस्थायें है। अत वे स्वय सुगमतापूर्वक नये पाठ्यक्रम आरम्भ नही कर सकते। राज्यो के विश्व-

विद्यालयो से वे सम्बद्ध हैं, तथा विश्वविद्यालयो के शिक्षा सकायो के पाठ्यक्रम निर्धारण समितियो मे उनकी कितनी चलती है, यह भलीभाति बतलाना सम्भव नही है।

देश मे विशेष शिक्षा के लिए प्रशिक्षित शिक्षको की भयकर रूप से बढती हुई माग को समझते हुए कुछ चतुर व व्यावसायिक दृष्टि से सम्पन्न सस्थाओ व व्यक्तियो ने विशेष शिक्षा के एक माह, तीन माह या ऐसे ही न्यूनाधिक अवधि के पाठ्यक्रम चलाने का व्यापार आरम्भ कर दिया है। वाई० एम० सी० ए० दिल्ली ने ऐसे अमान्यता प्राप्त अंशकालिक (पार्ट टाइम) तीन माह के कार्यक्रम चला दिए है, अन्य सस्थाए भी इस व्यापार मे उतरने की तैयारी कर रही है। न उनके पास प्रशिक्षित प्रशिक्षक है और न सभी आवश्यक उपकरण व उच्च स्तर के पाठ्यक्रम। शिक्षा समाजशास्त्री होने के नाते लेखक इस प्रकार के विशेष शिक्षा के व्यापारीकरण के खतरो से देश के शिक्षा आयोजको, विश्वविद्यालयो के शिक्षा विभागो के अध्यक्षो व प्रशिक्षको तथा सभी शिक्षा प्रबन्धकों का आगाह करना चाहता है कही विशेष शिक्षा का भी वही हश्र न हो जाये जो आज तथाकथित 'नरसरी एजूकेशन' और 'पब्लिक स्कूल एजूकेशन' का हमारे देश मे हो गया है—जिनकी दुकाने गली-गली मे चल रही हैं और विवश जनता का निर्भयतापूर्वक शोषण कर रही हैं। ऐसी अमान्य शिक्षा सस्थाओ को कैसे नियत्रित किया जा सकेगा यह एक गंभीर शैक्षिक समस्या शीघ्र ही उभरकर सामने आने वाली है।

इन वास्तविकताओ को दृष्टिगत करते हुए यही तर्क सगत व उपयुक्त लगता है कि विश्वविद्यालयो के शिक्षा विभागो को ही अधिक से अधिक सख्या मे शीघ्रताशीघ्र विशेष शिक्षा के शिक्षक-प्रशिक्षण की व्यवस्था का नेतृत्व सभालना चाहिए। यह एक महत्वपूर्ण व उपयोगी नवाचार होगा। यह स्वाभाविक ही है कि जैसा कि प्रत्येक शैक्षिक नवाचार के सम्बन्ध मे होता है, कई लोग इसके बारे में बहुत शकित होंगे और कई लोग इसके बारे मे बहुत उत्साही। चूकि जामिया मिलिया इस्लामिया मे लेखक को विशेष शिक्षा के प्रशिक्षण का चार वर्ष का अनुभव रहा है तथा उसे अन्य सस्थाओं को देखने व उनके कार्यकर्ताओं से मिलकर समस्याओं को कुछ सीमा तक समझने का अवसर मिला है, अत: वह उन सभी विश्वविद्यालयो को जो विशेष शिक्षा के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमो को आरम्भ करने को लालायित है या होंगे, सभावित बाधाओ या कठिनाइयो से आगाह करना चाहता है।

विश्वविद्यालयों में विशेष शिक्षा का शिक्षक प्रशिक्षण : नवाचार के चार खतरे

कार्यकर्ताओ का वास्तविक अनुभव निस्सदेह भावावेशपूर्ण भाषा मे पवित्र संकल्पो का करते हुए लिखे गए शिक्षा नीति के प्रतिवेदनो व प्रबुद्ध उत्साही शिक्षाशास्त्रियो के ओजस्वी भाषणो से भिन्न ही होता है। इसी परिप्रेक्ष्य मे लेखक यह बतलाना चाहता है कि

1. चूँकि विशेष शिक्षा का कार्यक्रम नया और महत्वपूर्ण है और इसके बारे मे बहुत जागृति या चर्चा अब हो गई है, अत. ऐसा प्रतीत होता है कि विश्वविद्यालय आयोग बहुत बेकरारी से किसी भी विश्वविद्यालय का जो इसमे शिक्षण प्रशिक्षण करना चाहे, अनुदान देने को तैयार रहता है। आरम्भ मे अनुदान बहुत उत्साह से दिया जाता है लेकिन उसके बाद वहा से वार्षिक अनुदान की रकम प्राप्त करना टेढी खीर ही रहती है। वहा की शैक्षिक नौकरशाही उत्साही विश्वविद्यालयीय शिक्षक प्रशिक्षकों की आशाओ पर बहुत सा ठडा पानी डाल देती है। जामिया मिलिया मे हमे अभी तक पिछले दो सत्रो से विशेष शिक्षा के बजट की धनराशि विश्वविद्यालय अनुदान से नही मिली है जबकि हम तो नई दिल्ली मे ही स्थित है। धन के अभाव या देरी मे भवन, साधन सामग्री, उपकरण यहां तक कि शिक्षको के वेतन व छात्रवृत्तियो की व्यवस्था करना कठिन हो जाता है।

2. विदेशो मे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विशेष शिक्षा के प्रशिक्षको या विशेषज्ञो का सामान्य विश्वविद्यालयीय शिक्षा विभागो मे भलीभाति सामजस्य या समाजीकरण नही हो पाता। उन्हे महगे, विदेशी विलासपूर्ण तथा अत्यधिक स्वतन्त्रता (उच्छृखलता) के पर्यावरण मे कार्य करने की आदत पड़ जाती है, जो हमारे देश के सामान्य विश्वविद्यालयीय शिक्षा विभागो मे चल नही पाती। अत हमे अपने पर्यावरण मे ही उत्तम शिक्षक-प्रशिक्षक तैयार करने होंगे, भले ही हम विदेशी साहित्य का उपयोग कर ले।

3. विशेष शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसमे प्रशिक्षण आरम्भ करने से पहले ही आवश्यक विशेष उपकरण, संयंत्र, शिक्षा साधन अवश्य उपलब्ध होने ही चाहिए

अन्यथा सारा प्रशिक्षण खोखला, निरर्थक व हास्यास्पद बन कर ही रहेगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व कई विश्वविद्यालयो व महाविद्यालयो के सम्बन्धित अधिकारी इतनी छोटी-सी लेकिन महत्वपूर्ण बात की गभीरता को नही आक पाते। केवल 'चाक एण्ड टाक मेथड' से इस क्षेत्र मे कुछ भी उपलब्धि हो पाना सभव नही है।

4 विशेष शिक्षा के प्रशिक्षण के लिए उपयोगी चार्टों, पुस्तको व अन्यान्य आवश्यक शिक्षणोपकरणो का आज बाजार मे घोर अभाव है। क्रियात्मकतापूर्ण शिक्षको को उन्हें सृजित करना चाहिए व उनका बड़े पैमाने पर उत्पादन होना चाहिए।

5. विशेष शिक्षा की पुस्तकें अधिकतर अग्रेजी मे हैं तथा वे बहुत टेकनिकल भाषा मे लिखी हुई है। हिन्दी मे कुछ लेख व पुस्तकें जो छप रही हैं वे भी भाषा की दुरूहता, शाब्दिक अनुवाद तथा सस्कृतमय हिन्दी के कारण सामान्य प्रशिक्षणार्थियो के लिए उपयोगी सिद्ध नही हो पा रही है।

क्षेत्रीय भाषाओ मे ऐसा कुछ भी साहित्य उपलब्ध नही है। यदि शिक्षक, प्रशिक्षक व विशेषज्ञ सरल भाषा मे विशेष शिक्षा का साहित्य नही बनायेंगे तो कैसे यह कार्यक्रम चलेगा ?

6. विश्वविद्यालयों मे यह प्रवृत्ति होती है कि वे सभी महत्वपूर्ण प्रकार की विकलागता--दृष्टिहीनता, मानसिक विकलागता, शैक्षिक पिछड़ापन व हड्डी सम्बन्धी विकलागता का प्रशिक्षण एक ही पाठ्यक्रम मे देना चाहते हैं। ऐसा करना उनके लिए वास्तव मे न तो संभव ही हो पाता है और न ही आवश्यक होना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर के जो सस्थान दृष्टिहीनता, बधिरता व मानसिक विकलांगता के लिए बने हुए है वे ही इन विशेष गम्भीर विकलागताओ के बारे मे सही प्रकार का प्रशिक्षण दे सकते है क्योकि उनके पास उस विशेष कार्य के लिए आवश्यक साजसामान, प्रशिक्षित कार्यकर्ता, परपरा तथा पर्यावरण हैं। विश्वविद्यालयीय शिक्षा विभागो को तो विशेष शिक्षा का एक सामान्य परिचय, एकीकृत शिक्षा तथा शैक्षिक पिछडापन अथवा सीखने सम्बन्धी विकलागता का ही समुचित प्रशिक्षण न्यायोजित करना चाहिए। यही कार्य वे अपने विशेष शिक्षा मे प्रशिक्षित विशेषज्ञो व शिक्षा मनोविज्ञान का ज्ञान रखने वाले अन्य शिक्षक प्रशिक्षको की सहायता से सुचारू रूप से कर सकते है। नाहक ही उतना बडा रोटी का टुकडा काटा, मुह मे डालने से जिसको चबाया भी न जा सके। भला इसका क्या लाभ है ?

7. विश्वविद्यालयो के शिक्षा विभागो की आम प्रवृति यह बन गई है कि वे केवल पूर्व सेवा प्रशिक्षण तो प्रदान करते हैं लेकिन सेवारत प्रशिक्षण के कार्य को नही करते, केवल उसकी झूठी दुहाई देते रहते है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए ये दोनो कार्य उनसे करवाने चाहिए।

8. विशेष शिक्षा के प्रशिक्षणालयो के भवनो, शिक्षणोपकरणो, सुविधाओं, शिक्षको की योग्यताओ के बारे मे राष्ट्रीय मापदण्ड बनाये जाए और सख्ती से उन्हे लागू करवाया जाये।

9. इदिरा गाधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी विशेष शिक्षा के पाठ्यक्रम प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण स्तर तथा बी० एड० स्तर के चलाये तो ऐसा करना उसके लिए सभव है और देश को बहुत लाभ मिलेगा क्योकि वह विश्वविद्यालय टेलीविजन व रेडियो तथा पत्राचार के माध्यमो से ज्ञान का प्रसार करेगा। ऐसा करने से विशेष शिक्षा के शिक्षक प्रशिक्षण में व्यावसायीकरण की बढ़ती हुई प्रवृति का भी दमन होगा।

अत मे, लेखक यूनिसेफ के निदेशक डेविड पी० हेक्सटन के इन गंभीर शब्दो को दोहराते हुए इस लेख को समाप्त करना चाहेगा—

"जिस कार्य को करने पर हम सभी सहमत होते हुए प्रतीत हो, उसे सम्पन्न करने के लिए हमे राजनैतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है, न कि पवित्र नारो की। हमें व्यावहारिक प्रस्ताव चाहिए, न कि दुहराये गए प्रस्ताव। हममें व्यक्तिगत रूप से आस्था चाहिए, न कि दूसरो को प्रभावित करने के लिए सुझाव।"

आधुनिक पाठ्यक्रम में सामान्य बच्चो को शिक्षण-युक्तिया शिक्षक द्वारा निर्देशित रहती है। यह कहिए कि सामान्य बच्चो का अधिगम शिक्षक की व्यूह-रचना के मातहत प्रभावकारी पूर्णता लिए होता है। लेकिन विकलाग बच्चे अपने व्यवहार में असामान्य होते है। विकलाग बालक केन्द्रित शिक्षा के निर्देशित-अधिगम मे अकेले शिक्षक से प्रभावकारी नियोजन नहीं होता। पर्यावरण के आग्रह और औपचारिक शिक्षा के अनौपचारिक प्रयासो मे अभिभावक का सहयोग अनिवार्य है। विकलाग बच्चे के अधिगम को कारगर बनाने मे शिक्षक और अभिभावक की भागीदारी अपेक्षित है।

अभिभावक-परामर्श के अंतर्गत वे सभी सुझाव, सिफारिशें और हिदायतें आती है जो किसी विकलांग बच्चे की शिक्षा के लिए मा-बाप के सहयोग की अपेक्षा रखती हैं। इतना ही नहीं अभिभावक परामर्श में वह विषय-वस्तु भी आती है जो विकलाग बच्चो की शिक्षा-पूर्व अवस्था से सम्बन्धित है।

भारतीय समाज में विकलागों के प्रति प्राय सभी वर्ग के लोगों मे समान मनोवृत्ति के दर्शन होते है। वे विकलाग बच्चो को विधाता की देन मानते है, अर्थात् किसी पाप कर्म की सजा समझते है। अधिकाश अभिभावक अपने शिशुओ की विकलागता को उजागर करने में संकोच महसूस करते है।

अभिभावक परामर्श प्रशिक्षण का प्रयोजन स्वयंसिद्ध है। इसका उद्देश्य विशेष शिक्षक, अन्य कार्यकर्ताओ और अभिभावकों को विकलाग बच्चों की शिक्षा में उपयोगी भागीदार बनाना है।

विकलांगों की शिक्षा के संदर्भ में अभिभावक-परामर्श प्रशिक्षण

डॉ० जयपाल तरंग

मां-बाप और अभिभावकों के सम्पर्क-सूत्रो, सम्पर्क-प्रबध और मिलन-गोष्ठी आदि की व्यवस्था और चर्चा प्राय सामान्य शिक्षा के सन्दर्भ मे होती रही है। कहने की आवश्यकता नही जैसे-जैसे समस्याग्रस्त शिक्षार्थियो के मनोवैज्ञानिक तथा मनोशैक्षिक अनुसधान प्रारभ हुए वैसे-वैसे ही अभिभावकों के सरोकार और शिक्षा मे उनकी भागीदारी को मान्यता मिली। जैसा कि सर्वविदित है औपचारिक शिक्षा मे विद्यार्थी अपने जीवन का बहुत कम समय स्कूल मे बिताता है। उसका अधिकाश समय अनौपचारिक पर्यावरण मे व्यतीत होता है। पर्यावरण के उन पर सुखकर और दुखदायी परिणाम पाये गये हैं। दुखदायी परिणामो के प्रभाव से मुक्त करने की दिशा मे मा-बाप एव अभिभावको के सहयोग की आवश्यकता पडती रही है। इस दिशा मे अभिभावको की भागीदारी, सहयोग और सम्पर्क स्थापित करने के लिए अभिभावक परामर्श की आवश्यकता पडती है। विकलाग बच्चो की शिक्षा के प्रसग में यह अपेक्षाकृत अधिक आवश्यक हो जाता है।

आधुनिक पाठ्यक्रम मे सामान्य बच्चो की शिक्षण-युक्तिया शिक्षक द्वारा निर्देशित रहती है। यह कहिए कि सामान्य बच्चो का अधिगम शिक्षक की व्यूहरचना के

मातहत प्रभावकारी पूर्णता लिए होता है लेकिन विकलाग बच्चे अपने व्यवहार मे असामान्य होते है। विकलाग बालक केन्द्रित शिक्षा के निर्देशित-अधिगम मे अकेले शिक्षक से प्रभावकारी नियोजन नही होता। पर्यावरण के आग्रह और औपचारिक शिक्षा के अनौपचारिक प्रयासो मे अभिभावक का सहयोग अनिवार्य है। विकलाग बच्चे के अधिगम को कारगर बनाने मे शिक्षक और अभिभावक की भागीदारी अपेक्षित है।

बालक-केन्द्रित शिक्षा के प्रसंग मे यह जानना भी आवश्यक है कि सयुक्त राष्ट्र सघ ने 1979 मे अतर्राष्ट्रीय बाल वर्ष मनाया। उस वर्ष बाल-अधिकार घोषणा-पत्र को भी पुनर्समर्थन मिला। यद्यपि राष्ट्र सघ 1959 मे ही इस बाल-अधिकार घोषणा-पत्र को सर्वसम्पत्ति से पास कर चुका था बच्चो के इन दसो अधिकार का उल्लेख करना समीचीन जान पडता है। ये बाल अधिकार है—

1. सहानुभूति, स्नेह और प्रेम।
2. पर्याप्त पौष्टिक आहार और चिकित्सा-सुविधा।
3 निशुल्क शिक्षा।
4. नाम और राष्ट्रीयता।
5 खेल और मनोरजन के सम्पूर्ण अवसर।
6. यदि विकलाग हैं तो विशेष देखभाल।
7 विनाश की कुघड़ी मे सहायता प्राप्त करने वालो मे प्राथमिकता।
8 समाज के उपयोगी सदस्य बनने के अधिगम और वैयक्तिक योग्यता का विकास।
9. विश्वबन्धुत्व तथा शांति की भावना से पालन-पोषण।
10. बिना जाति, रंग, योनि, धर्म, राष्ट्रीयता अथवा सामाजिक मूल के भेदभाव के इन अधिकारो का उपयोग करना।

अन्तर्राष्ट्रीय बाल वर्ष के दौरान विश्व भर के नागरिकों ने बच्चो के स्वास्थ्य, शिक्षा तथा इन दसों अधिकारो के सम्बन्ध में स्थिति, समस्या और सरोकार का जायजा लिया। बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और प्राप्ति के लिए प्रयास जारी हो गए और हमेशा जारी रहेगे क्योकि यह अभिभावको (मां-बाप) के उत्तरदायी सरोकार से जुड़े है। इन अधिकारो के प्रकाश मे विकलाग बच्चो के स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अधिकार, रक्षा की समस्याओ, सरोकार और स्थिति की जानकारी भी अभिभावकों को परामर्श प्रशिक्षण के दौरान दी जानी चाहिए। किन्ही आकडो और अनुसधान सर्वेक्षण के उद्धरण का सहारा लिए बिना सामान्य प्रेक्षण के आधार पर कहा जा सकता है कि सामान्य बच्चो को भी ये अधिकार प्राप्त नही है। विकलागो की बात तो और भी अधिक चिन्ता का विषय है। इन उपेक्षित विकलाग बच्चो की देखभाल, शिक्षा आदि मे अभिभावक का उत्तरदायित्व और बढ जाता है। घर मे और विद्यालय मे उसकी भागीदारी सुनिश्चित और उपयोगी मान ली गई है। जरूरत इस भागीदारी को कारगर बनाने की है जो अभिभावक परामर्श-प्रशिक्षण द्वारा सभव है। सामान्यत क्षेत्र कर्मियो, और विशेषत. विशेष शिक्षको को ऐसे ज्ञान और कौशल की आवश्यकता पडती है जिससे वे अभिभावको के साथ प्रभावप्रद कार्य कर सके। विशेष शिक्षक अथवा परामर्शदाता अनेक प्रश्नो के उत्तरो की कामना करता है। अभिभावक उन प्रश्नो पर क्या सामान्य प्रतिक्रिया या बचाव प्रस्तुत करता है। बच्चो की प्रगति-प्रतिवेदन के ढग क्या हैं? क्या अभिभावको को विद्यालय के विषय को पढ़ाना होगा? क्या अभिभावक बच्चो के अधिगम तथा व्यवहार परीक्षण करेगा और उसकी समस्याओ को संकलित करेगा? विकलागता की रोकथाम और उपचार मे अभिभावक की भूमिका क्या है? वे कौन-सी प्रबन्ध-युक्तिया हैं जिनको अभिभावक घर मे उपयोग करे? वे कार्यकलाप और युक्तिया कौन-सी है जिनसे अभिभावक और विकलाग बच्चे के सामाजिक-सयोजन मे सहायता मिलती है? कौन से उत्तम किस्म के ससाधन, पुस्तके, अभिभावक संघ, पत्रिकाए, परिवार-चिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, विशेष-शिक्षक आदि, अभिभावको को प्राप्त हैं? इन सभी प्रश्नों के उत्तरो से अभिभावक-परामर्श प्रशिक्षण की विषय-वस्तु निर्धारित की जानी चाहिए।

अभिभावक परामर्श विषयवस्तु—एक विचार

अभिभावक परामर्श की परिभाषा देना हमारा

अभिप्राय नहीं है, लेकिन अभिभावक परामर्श का आशय स्पष्ट करना तर्कसंगत प्रतीत होता है।

अभिभावक-परामर्श के अन्तर्गत वे सभी सुझाव, सिफारिशें और हिदायतें आती है जो किसी विकलाग बच्चे की शिक्षा के लिए मा-बाप के सहयोग की अपेक्षा रखती है। इतना ही नहीं अभिभावक परामर्श मे वह विषय-वस्तु भी आती है जो विकलाग बच्चों की शिक्षा-पूर्व अवस्था से सम्बन्धित है।

अर्थात् बच्चो की देखरेख यथाशीघ्र निदान और उपचार, रोकथाम और अन्य सेवाओ की जानकारी अपेक्षित है। अभिभावक-परामर्श की विषय-वस्तु प्रत्येक विकलांग बच्चे के अनुरूप विशेष एव लोचपूर्ण हो सकती है लेकिन कुछ सामान्य बाते ऐसी है जो विकलागता की रोकथाम, परख, पहचान तथा तत्सम्बन्धित अन्य जानकारी के लिए होती है। अत यह स्वीकार करना पड़ेगा कि अभिभावक-परामर्श की विषयवस्तु पूर्णत निश्चित करनी होती है। जैसा कि पहले कहा गया है अधिगम केन्द्रित प्रयास की आवश्यकता है।

परामर्श के विविध आयाम

अभिभावक परामर्श के विषयगत विभिन्न आयाम है। इस ज्ञान को अभिभावक तक पहुचाना निहायत जरूरी है। इस जानकारी को अभिभावक तक कैसे पहुचाया जाये यह जटिल प्रश्न है। इसके कागजी उत्तर तो दिये जा सकते हैं परन्तु ठोस समाधान दे पाना बहुत बडी समस्या है। इस समस्या से जूझने के लिए निश्चय ही प्रशिक्षण जरूरी है। यह अभिभावक परामर्श प्रशिक्षण केवल अभिभावक के लिए ही नहीं शिक्षको, विशेष शिक्षको एवं विद्यालय मनोवैज्ञानिको, विद्यालय सामाजिक कार्यकर्ताओ और विद्यालय प्रशासको के लिए भी लाभप्रद है। पहले तो विकलागो के लिए विद्यालयो —विशेष एव समन्वित— मे, अभिभावकों की भागीदारी और सहयोग के लिए विद्यालय की पूरी टीम को अभिभावक परामर्श प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए क्योकि प्रशिक्षण के अभाव मे अभिभावकों का स्वाभाविक एव लाभकारी सहयोग नही लिया जा सकता। सहयोग लेना भी एक कला है जिसके लिए प्रबन्ध-दक्षता दरकार हैं। हम यहा यह भी स्पष्ट करना चाहेंगे कि टीम यानी समन्वित दल से अभिप्राय उन क्षेत्र कर्मियो से है जो विकलागो की शिक्षा के लिए समन्वित योगदान देते हैं। जैसे—विशेष शिक्षक, ससाधन-कक्ष-विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता, मनोचिकित्सक तथा चिकित्सक, उपचार-शिक्षक आदि। कहने की जरूरत नही कि इन सभी विशेषज्ञो एव कार्यकर्ताओ को अभिभावको की भागीदारी अपेक्षित होती है।

अभिभावक-परामर्श को विकलाग बच्चो की शिक्षा मे महत्वपूर्ण भूमिका माना जाता है। इसमे दो राय नहीं कि इस विषय-क्षेत्र मे पश्चिमी जगत मे बहुत कार्य हुआ है। अनुसन्धान-अध्ययन प्रबन्ध-सगठन और प्रशासन के कारगर नतीजे भी निकले है। विकलाग बच्चो की शिक्षा मे अभिभावक के सरोकार को संवारने के लिए हमे भारतीय समाज की रचना को ध्यान मे रखना होगा क्योंकि भारतीय समाज पश्चिमी समाज मे बहुत भिन्न है। यह भिन्नता केवल सांस्कृतिक ही नही बल्कि व्यक्ति तथा परिवार तक की सामाजिक भिन्नता लिए है। पश्चिमी जगत की अंधाधुध नकल से किसी ठोस परिणाम की आशा नही है। हम पश्चिमी अध्ययन और अनुसन्धान के लाभ से इन्कार नही करते लेकिन इस बौद्धिक लाभ को भारतीय परिप्रेक्ष्य मे ढालने और तराशने की जरूरत मानते है। इसलिए अभिभावक-परामर्श को विकलाग बच्चों की शिक्षा मे उनकी भूमिका की प्रभावकारी बनाने के लिए भारतीय अभिभावको की सीमा का भी ध्यान रखना होगा।

भारतीय अभिभावकों की सीमा—सम्भावनाएं

सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक एवं अभिवृत्ति के सन्दर्भ मे भारतीय अभिभावक को नगर और गाव की कोटि मे बाट कर सोचा समझा जा सकता है। अर्थात् शहर के अभिभावक को जिस विषयवस्तु के ज्ञान की जरूरत है, जरूरी नही कि वह ज्ञान ग्रामीण अभिभावक को भी अपेक्षित हो। स्थानीय समस्या क्षेत्रो पर बल देना इनसे अलग की बात है अर्थात् स्थानीय समस्या प्रत्येक शहर और गाव में सामान्य की अपेक्षा कुछ विशेष हो सकती है।

आर्थिक आधार पर यो तो उनकी कई कोटियां हैं। यदि हम केवल तीन वर्गों की बाते करे तो भी भारतीय

समाज के अभिभावक-परामर्श के सम्बन्ध मे मदद मिलेगी। पहले वर्ग मे वे अभिभावक आते है जो अपने विकलाग बच्चो की शिक्षा तथा तत्सम्बन्धी अन्य सेवाए प्राप्त करने मे धन की कोई बाधा नही मानते। वह विकलाग बच्चे की शिक्षा पर अधिक रुपया खर्च कर सकते है। वे यह भी जानते है कि शिक्षा और सेवाए कहा उपलब्ध है और किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है। लेकिन इन अभिभावको को भी शिक्षा सम्बन्धी सहयोग और सरोकार की जानकारी नही होती। यह विकलाग बच्चे की शिक्षा के दौरान अभिभावक-परामर्श गोष्ठियो मे तथा क्षेत्रकर्मी द्वारा हाउस विजिट के द्वारा उद्घाटित होती है। इसलिए इस वर्ग को भी अभिभावक-परामर्श की आवश्यकता है।

दूसरे वर्ग मे हम मध्यमवर्गीय लोगो को ले सकते हैं। ये विकलाग बच्चो को शिक्षा देना चाहते है। उनके लिए अन्य सेवाएं भी प्राप्त करना चाहते है। लेकिन कई बार धनाभाव बाधक होता है। इसलिए इस वर्ग को उन सुविधाओ का प्राय: ज्ञान नही है जो विकलाग बच्चो की शिक्षा के सरकारी अथवा प्राइवेट सस्थाओ से प्राप्त होती है। इस वर्ग तक जानकारी के प्रचार-प्रसार स्रोत भी नही पहुचे है।

तीसरा वर्ग अधिक रूप से पिछड़ा वर्ग कहा जा सकता है। इसे गरीब वर्ग भी कह सकते हैं, जहा विकलागो की शिक्षा की सोच या तलाश है ही नही। इस वर्ग तक सामान्य शिक्षा की पहुंच भी कम ही रही है। अत: इनके विकलाग बच्चो की शिक्षा का प्रश्न ही नहीं उठता। सवैधानिक अधिकार और बराबरी के सिद्धांत के अनुरूप यह वर्ग भी अभिभावक-परामर्श का अधिकारी है। इससे सामान्य और असामान्य दोनो प्रकार के बच्चो को लाभ मिलेगा। इस वर्ग के अभिभावक-परामर्श प्रशिक्षण के कार्य को किसी-न-किसी प्रकार से आर्थिक सहायता से जोडना पड़ेगा क्योकि इस वर्ग के व्यक्ति के पास न समय है और न आर्थिक सामर्थ्य। दूसरे, यह परामर्श खोजने भी नही निकलेगा बल्कि परामर्श-प्रबन्ध को इनके पास पहुचना पड़ेगा। यह अभिभावक-परामर्श की दृष्टि से एक विशेष वर्ग है जिसकी विशिष्टता का ध्यान कई स्तरो पर रखना होगा जिसकी चर्चा आगे की जायेगी।

भारतीय अभिभावको को साक्षरता और निरक्षरता के सम्बन्ध मे भी समझना होगा क्योकि अध्यापक-परामर्श का माध्यम साक्षरो तथा निरक्षरो के लिए कदाचित समान सम्भव नही है। उदाहरण के लिए साक्षरो को अभिभावक परामर्श का प्रसार-साहित्य दिया जा सकता है जिसको वे पढकर लाभ उठा सकते है या लिखकर अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते है। लेकिन निरक्षर अभिभावको के लिए लोक-माध्यम या वाचक किस्म के सचार साधन ही उपयोग मे लाये जा सकते है। इस भेद के कारण अभिभावक परामर्श की विषयवस्तु मे अतर नही पड़ेगा लेकिन उसकी सप्रेषण विधियो मे बहुत बड़ा अतर आयेगा जिसका ध्यान अभिभावक-परामर्श प्रशिक्षण मे रखना होगा।

भारतीय समाज मे विकलागो के प्रति प्राय: सभी वर्ग के लोगो मे समान मनोवृत्ति के दर्शन होते है। वे विकलाग बच्चो को विधाता की देन मानते है। अर्थात् किसी पाप कर्म की सजा समझते हैं। अधिकाश अभिभावक अपने शिशुओ की विकलागता को उजागर करने मे सकोच महसूस करते है।

विकलाग सतान का होना कोई सामाजिक अपराध नही है। इस विषय मे एक जनजागृति लाने की जरूरत है। वैसे तो यह कार्य प्रौढ शिक्षा और जन-सचार माध्यमो से किया जा रहा है लेकिन इस विषय को अभिभावक-परामर्श का भी अग बनाने की जरूरत है, ताकि विकलाग बच्चों के प्रति गलत धारणाओ और विश्वासो का निराकरण हो सके। भारतीय अभिभावको की सीमाओ का यह विवेचन इस आशय से किया गया है कि भारतीय अभिभावको की आकाक्षाओ और अपेक्षाओं को परामर्श प्रशिक्षण का समुचित आधार बनाया जा सके और पश्चिमी अनुकरण से बचाया जा सके।

शिक्षक-अभिभावक-अधिवेशन

आम तौर पर अभिभावक परामर्श के प्रबन्ध के लिए प्रत्येक विकलाग विद्यालय से साप्ताहिक एव पाक्षिक गोष्ठियों की व्यवस्था होती है। इन सपर्क गोष्ठियो के माध्यम से अभिभावक से उनके आश्रितो की प्रगति और शिक्षण निर्देश पर चर्चा होती है। इस सपर्क मे शिक्षक तथा अभिभावक दोनो ही कथित बच्चे के विषय मे जानकारी

का लाभ उठाते है। विशेष शिक्षक इस सम्पर्क के माध्यम से समन्वित दल परामर्श का भी सयोजन करता है। अत विशेष शिक्षक को अभिभावक परामर्श के विषय मे प्रशिक्षण लेने की सबसे बडी जरूरत है। क्योकि विशेष शिक्षक ही अभिभावकों के परामर्श सम्पर्क का सूत्रधार होता है। अत अभिभावक परामर्श प्रशिक्षण के अन्तर्गत विशेष शिक्षक के इस दायित्व को भी गुणकारी बनाने की दिशा मे सोचने समझने की जरूरत है, ताकि विशेष शिक्षक परामर्श का सही तालमेल रख सके और अभिभावको का सहज सहयोग पा सके।

विशेष शिक्षक को अभिभावक परामर्श के सिलसिले मे सम्भावित दलो से कार्यकारी सम्बन्ध रखना होता है। उसके पास दल के सभी लोगो के सुझाव आते रहते है। वह उन सुझावो पर दल के प्रत्येक सदस्य से आवश्यक जानकारी हासिल कर लेता है और उनको मिलकर यह भी निश्चित कर लेता है कि अभिभावको से क्या सहयोग लेना है और किस प्रकार लेना है। इन समस्त निर्देशित सुझावो को अभिभावक परामर्श के द्वारा देना होता है। इसलिए अभिभावक परामर्श प्रशिक्षण मे केवल यह ज्ञान देना ही पर्याप्त नही है कि विशेष शिक्षक को समन्वित दलो से किस प्रकार निर्देश सयोजित करना है। बल्कि यह बहुत आवश्यक है कि वह इन विभिन्न निर्देशो को समन्वित रूप मे अभिभावक तक पहुचाने के कौशल का सदुपयोग करे। इससे अभिभावक-परामर्श प्रशिक्षण की उपयोगिता स्पष्ट उजागर हो जाती है।

परामर्श-प्रशिक्षण-विचार-बिन्दु

अभिभावक-परामर्श प्रशिक्षण की आवश्यकता सर्वमान्य है। यहा अभिभावक परामर्श के विचार-बिन्दुओ की सामान्य जानकारी देना विकलाग बच्चो को स्वावलबी बनाने की दृष्टि से बहुत उपयागी है।

1. यथासमय परख-पहचान
2. रोकथाम
3. सम्बन्धित सेवाये
4. शैक्षणिक प्रावधान
5. पुनर्वास
6. व्यावसायिक शिक्षा
7. अभिभावक-परामर्श प्रशिक्षण

यथासमय परख-पहचान

जन्म के पहले और जन्म के बाद कुछ सावधानिया अपेक्षित है, जो कि स्वास्थ्य केन्द्रो से प्राप्त की जा सकती है। यथासमय जननी और सतान की उचित जाच करा लेनी चाहिए। अभिभावक को यदि किसी शिशु मे किसी प्रकार की असामान्यता प्रकट हो तो उसे उचित विशेषज्ञ को दिखाना चाहिए। और उसके निर्देशो के अनुसार कार्य करना लाभदायक रहेगा। यह ज्ञान भी चर्चा का विशेष बिन्दु है।

निदान-उपचार

किसी बच्चे मे जब भी किसी किस्म की कमी नजर आये तो उसके निदान और उपचार के लिए मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, चिकित्सक या सबधित विशेषज्ञ के पास जाना चाहिए तथा उसके उपचारक निर्देशो का लाभ उठाया जाना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता, विशेष शिक्षक भी इस कार्य मे सहायता दे सकते है। इस ज्ञान को अभिभावक तक पहुचाना चर्चा का आवश्यक बिन्दु है।

रोकथाम

बीमारियो के कारण होने वाली विकलागता के बचाव मे कई किस्म के टीके तथा औषधिया बच्चो के लिए जरूरी हैं। ये स्वास्थ्य केन्द्रो पर मुफ्त मिलते हैं। इनकी जानकारी परामर्श-चर्चा मे अभिभावको को देना लाभकारी रहेगा। जैसे—पोलियो ड्रॉप, टी० बी०, चेचक, खसरा, खाली खासी आदि के टीके।

सम्बन्धित सेवाएं

विकलांगो के शारीरिक, ऐन्द्रीय एवं मानसिक कमियो की पूर्ति के लिए कुछ उपकरण प्रयोग मे लाये जाते है। ये उपकरण एव तत्सबधी सेवाए अभिभावको को बताई जानी चाहिएं। यह सेवाए—शिक्षा, मनोविज्ञान, मनोचिकित्सक केन्द्रो से भी प्राप्त की जा सकती है। जानकारी का यह विषय भी अभिभावको के लिए महत्वपूर्ण है।

शैक्षणिक प्रावधान

विभिन्न वर्ग के विकलाग के लिए दो प्रकार की शिक्षा व्यवस्था है—

(अ) **विशेष शिक्षा**—जिसमे एक प्रकार के विकलागो को विशेष शिक्षा दी जाती है ।

(आ) **समन्वित शिक्षा**—जिसमे विकलाग बच्चे सामान्य विद्यालयो मे शिक्षा ग्रहण करते है । उसी विद्यालय के प्रागण मे उनकी विशेष शिक्षा की भी व्यवस्था रहती है । इस सबध मे प्रत्येक राज्य मे दोनो प्रकार के विद्यालयो की जानकारी दी जा सकती है और स्थानीय सुविधाओ के लाभ उठाने के चर्चा बिन्दु भी सम्मिलित किये जा सकते हैं ।

पुनर्वास एवं व्यावसायिक शिक्षा

विशेष शिक्षा की भांति विकलागो के लिए पुनर्वास केन्द्रो तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रो की जानकारी दी जानी भी लाभप्रद रहेगी । यहा भी स्थानीय सुविधाओ की जानकारी दी जानी चाहिए । साथ ही सरकारी अनुदान और वजीफे आदि की जानकारी दे ।

अभिभावक परामर्श शिक्षा

अभिभावक परामर्श प्रशिक्षण का प्रयोजन स्वयसिद्ध है । इसका उद्देश्य विशेष शिक्षक, अन्य कार्यकर्ताओ और अभिभावको को विकलाग बच्चो की शिक्षा मे उपयोगी भागीदार बनाने का है ।

परस्पर सवाद सप्रेषण करना उपयुक्त युक्ति तथा सूचनाओ के आदान-प्रदान के लिए विशेष प्रशिक्षण की जरूरत है । प्रशिक्षण मे विशेष शिक्षक को उन विधियो से अवगत कराना है जिनके द्वारा वह सपर्क संयोजन के कार्य को कारगर ढग से चला सके । अभिभावक को इस प्रशिक्षण से यह लाभ होगा कि वह अपने प्रश्नो के उत्तर स्वय ढूढने लगेगा और अपने गली, मोहल्ले, गाव, नगर मे अभिभावक परामर्श का प्रचार-प्रसार कर सकेगा और अपने बच्चे की शिक्षा मे निर्देशित सरोकार बरकरार पायेगा ।

अभिभावक परामर्श प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विचार करने से पूर्व जन-जागरण तथा लोक माध्यमो की बात भी हो जाए । विकलागो की देखभाल, शिक्षा, पुनर्वास के सम्बन्ध मे पहले ही कहा जा चुका है कि इस दिशा मे सामाजिक चेतना की जरूरत है । क्योंकि भारतीय अभिभावक अधिकाशत निरक्षर है । इस करण सामुदायिक प्रदर्शनी और चल-परामर्श-केन्द्र सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओ द्वारा चलाये जा सकते है । बच्चो के जन्मोत्सव पर प्राय लोकगीत एव लोकनृत्य होते है । इस प्रकार के लोकगीत गाये जाने चाहिए जिनसे टोको का ब्यौरा नाचते गाते ही नवजात शिशु के मा-बाप को मिल जाये । लोकगीत, लोककथा, लोकवार्ता आदि के द्वारा विवाह, त्यौहार और मेलो के अवसरो का लाभ उठाया जा सकता है । करना यह होगा कि प्रचलित लोकगीत, लोकध्वनियो के साथ ये परामर्श बिन्दुओ वाली सूचनाए भी देते जाये । शिशु-प्रदर्शनी भी परामर्श एव प्रेरणा का एक माध्यम हो सकती है ।

अभिभावक परामर्श प्रशिक्षण मे निम्नलिखित प्रावधानो पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है ।

अ अभिभावक-समायोजन · कोई भी विकलाग बच्चे का मा-बाप नही होना चाहता । हमारे परिवारो मे सामान्य बच्चों के पालन-पोषण के अनुभव और अवसर निरन्तर प्राप्त रहे है । लेकिन विकलाग बच्चो के पालन-पोषण के तौर-तरीके अभिभावको को नहीं आते । अत. परिवार को बाहर के व्यक्तियो जैसे चिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, विशेष शिक्षक आदि की सहायता लेनी होती है । अत. अभिभावक तथा अन्य विशेषज्ञों के बीच सम्पर्क कौशल से ही अभिभावक समायोजन सम्भव है । अत. इन विशेषज्ञो की परामर्श-क्षमता और सम्पर्क सहजता से ही अभिभावक की सहायता की जा सकती है ।

अभिभावक-समायोजन की सामान्य बाते विकलागो के अभिभावको के विषय में अधिक लाभप्रद नही होती । बार्ज ने विभिन्न कोटि के विकलागो के पालन-पोषण के तरीको का अध्ययन किया । बार्ज के अनुसार प्रत्येक परिवार के वैयक्तिक विधि से समायोजन की बात कही गई है । इसके दो कारण है । प्रतिक्रियाओ की मात्रा, विस्तार और विविधता विशेष स्थितिया उत्पन्न कर देती है । ऐसी असामान्य स्थिति मे असामान्य ढग से समायोजन सम्भव है । दूसरे कुछ अभिभावक भी ऐसे होते है कि वे असामान्य युक्तियो से ही समायोजित हो सकते है । व्यक्ति और स्थिति की असामान्यता के कारण ही विशेषज्ञो को विशेष समायोजन विधि युक्ति अपेक्षित है ।

अनेक विद्वानों ने अभिभावक समायोजन की युक्तियो और व्यूह रचनाओ पर कार्य किया है। इन कार्यो को श्रृंखलाबद्ध करके यू कहा जा सकता है कि समायोजन कार्य के लिए अपेक्षित है :

(1) समस्या के प्रति चेतना, (2) समस्या की पहचान, (3) समस्या के कारण की खोज, (4) उपचार की तलाश, और (5) बच्चे की स्वीकृति।

इन बिन्दुओ के विचार-विस्तार की आवश्यकता नही है क्योकि इनके आशय स्पष्ट है और कारगर ढग से उपयोग मे लाए जा सकते है। हमारा उद्देश्य अभिभावक परामर्श प्रशिक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करना था।

यह निर्विवाद सत्य है कि बच्चो की शिक्षा मे अभिभावकों की रचनात्मक तथा आलोचनात्मक भूमिका को स्वीकार कर लिया गया है। डेम्बबिन्सकी और माइजर ने 1977 मे एक सर्वेक्षण किया जिसमे यह पता लगाया गया कि विकलाग बच्चो के अभिभावक शिक्षक, मनोवैज्ञानिक और चिकित्सक से क्या अपेक्षाएं रखते है। उनके मत-सम्मत को इस प्रकार कहा जा सकता है—

1. अभिभावक सवाद और सप्रेषण के लिए जटिल भाषा (जारगन) नही, सहज एवं सामान्य भाषा की माग करते हैं।
2. माता-पिता के साथ बच्चो को भी गोष्ठियो या अधिवेशन मे साथ रहने के महत्व को पहचानने का आग्रह करते है।
3. बच्चो को समझने मे सहायता देने वाली पठन-सामग्री तलाश करते हैं।
4. बच्चो से सबधित प्रतिवेदन उन्हे लिखित रूप मे मिले ऐसा वे महसूस करते हैं।
5. विशेषज्ञो के समन्वित-सवाद को प्रोत्साहित करते है।
6. प्रबन्ध और शिक्षण के विषय मे सार्थक सूचनाएं और परामर्श चाहते है।
7. बच्चो के बौद्धिक और सामाजिक व्यवहार पर पुनर्निदेशन चाहते हैं।

यह मान लेना अभिभावक परामर्श प्रशिक्षण दृष्टि से उपयोगी है कि अभिभावक समायोजन, सहयोग और सरोकार के लिए विशेष वैयक्तिक परामर्श-व्यूहो की अपेक्षा करते है। यदि हम अभिभावक-परामर्श की व्यूह रचनाओ पर विचार करे तो उसको सूचनात्मक, मनोचिकित्सक तथा अभिभावक-प्रशिक्षण के तीन शीर्षको मे बाट सकते है।

अ—1 सूचनात्मक व्यूह रचनाए विभिन्न प्रकार के विकलांगों की विशेषताओ का ज्ञान अभिभावको को सूचना के स्तर पर दिया जा सकता है। सूचनाओ की विषयवस्तु मे सामान्य पारिभाषिक शब्दावली साक्षरात्मकता, निर्देशात्मकता, दृश्य प्रत्यक्ष ज्ञान तथा श्रव्य प्रत्यक्ष ज्ञान की समस्याए, अग-संचालन कौशल आदि को भी रखा जाना लाभकारी है। बाल-विकास और पालन-पोषण के तरीके भी समझाए जा सकते है। निम्नलिखित ससाधन जुटाए जा सकते है—

1. सहायक पाठ्य-सामग्री जो विकलाग बच्चों की अवस्था को समझने मे अभिभावक की मदद कर सकती है।
2. विकलांग बच्चो के अभिभावको को विकलाग बच्चो की चुनौतियो का सामना करने की सामर्थ्य प्रदान करने का सुझाव दे।
3. स्थानीय सस्थाओ और सगठनो की जानकारी जहा से अभिभावक स्वय सम्पर्क करे, सहायता प्राप्त कर सकते हैं।
4. विशेष शिक्षा और कानून सबधी जानकारी दे।
5. जनमत तैयार करने और कानूनी व्यवस्था के लिए प्रयास की दिशाए।
6. अन्य सेवाओ की जानकारी दें।

अ—2 मनोचिकित्सक व्यूह-रचना : मनोचिकित्सक युक्तियो का सक्षिप्त उल्लेख कर देना भी जरूरी है। इस दिशा मे परिवार शक्ति और बालक की समस्या को भलीभाति परखने-पहचानने की जरूरत पर बल दिया जाता है। अब्राहम्स और कैशलो ने सात व्यूहों की बात इस प्रकार कही है—

1 **शैक्षिक हस्तक्षेप** : जिस बच्चे की किसी प्रकार भावात्मक समस्या नहीं है और जिसका परि-

वार भी सामान्यतया सुखी है उसे केवल शैक्षिक हस्तक्षेप से विकसित किया जा सकता है।

2 **वैयक्तिक रोगोपचार** · जिन बच्चो के अभिभावक अयोग्य हैं और उन्होने बच्चो को छोड दिया है उन बच्चो को वैयक्तिक रोगोपचार की जरूरत होती है।

3 **अभिभावक सामूहिक परामर्श** अभिभावक सामूहिक परामर्श के आयोजन करने की भी जरूरत है जिससे विचार-विमर्श के दौरान विकलागो की सामान्य समस्याओ पर सामूहिक चर्चा हो सके।

4. **वैयक्तिक रोगोपचार और व्यक्ति-शिक्षण** · उन बच्चो के लिए जिनके अभिभावको तक पहुचा नही जा सकता उनका वैयक्तिक रोगोपचार और व्यक्ति-शिक्षण अपेक्षित है।

5 **परिवार का रोगोपचार** . बच्चे और अभिभावक के लाभ के लिए पूरे परिवार को परामर्श देना लाभकारी होता है। विशेषज्ञो की टीम परिवार का रोगोपचार करती है।

6. **एक विशेषज्ञ द्वारा रोगोपचार** . इससे बच्चे, अभिभावक और परिवार को बहुत लाभ मिलता है। परिवार विशेषज्ञो की होड का शिकार नही होने पाता।

संयुक्त परिवार रोगोपचार

जिस परिवार के लोग स्वय समस्या-समाधान के लिए प्रयत्नशील है उनकी सहायता मे विशेषज्ञो के रोगोपचार को सयुक्त परिवार रोगोपचार कहा जाता है।

अ—3 अभिभावक-प्रशिक्षण . इस प्रशिक्षण के दौरान अभिभावक यह सीखते हैं कि किस प्रकार विकलांग बच्चो की शिक्षा आदि के विषय मे अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करे तथा अपने बच्चो का प्रबध कैसे करे ?

प्रशिक्षण के दो प्रकार सम्भव है—

1. सचार, 2. सरोकार/भागीदारी।

सचार-युक्ति के अतर्गत अभिभावक और बच्चे के बीच प्रत्यक्ष बातचीत होती है। सरोकार या भागीदारी के तहत विशेषज्ञो का मत है कि इसमे बाल-अभिभावक सबध को धनात्मक विकास मिलता है। अभिभावक प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए समस्या-स्वीकृति को भी आधार बनाया जा सकता है। इसका एक लाभ यह होता है कि घर का वातावरण अभिभावक निर्देशित न होकर बाल-निर्देशित हो जाता है।

घर-आधारित सेवाएं और कार्यकलाप

बहुत से कार्यकलाप ऐसे है जिनके द्वारा अभिभावक अपने बच्चो के सामाजिक और बौद्धिक उत्कर्ष रचा सकते है। अभिभावक अनुदेश गृह-प्रबन्ध तथा अभिभावक-शिक्षण की दृष्टि से ये लाभकारी माने जाते है। इन कार्यकलापो का निश्चित परिस्थिति-विशेष मे परिवार के ससाधनो मे विशेषताओ के आधार पर किया जाना बेहतर रहता है। अभिभावको मे प्रेक्षण कौशल के विकास की आवश्यकता है। इससे एक तो अभिभावक विकलाग बच्चे के असामान्य/सामान्य व्यवहार के विवरण रख सकता है, दूसरे अन्य विशेषज्ञो को इनकी जानकारी दे सकता है।

गृह-प्रबंध

विकलाग बच्चा घर मे प्रबध की दृष्टि से कई समस्याए उत्पन्न करता है। बच्चों को घर के काम मे आशिक जिम्मेदारी देकर भी बेहतर नतीजे देखे गए है। सजा का तरीका अच्छा नही माना जाता। अत· जरूरत इस बात की है कि गृह-प्रबध को वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक और लाभकारी बनाया जाए।

अभिभावक-शिक्षण

अभिभावक को शिक्षण-कार्य मे कई कठिनाइयां आती हैं। पहले तो प्रत्येक अभिभावक का शिक्षित और साक्षर होना अनिवार्य है। विशेष शिक्षण ज्ञान के अभाव में अभिभावक का शिक्षक होना लाभ के खाते मे हानि ही भर देता है। इस दिशा मे लाभकारी मध्य-मार्ग यह है कि विशेष शिक्षक के निर्देशित कार्य को करें तथा केवल बच्चे के पालन-पोषण और परिवार-शिक्षा के सामान्य विषय को ही औपचारिक शिक्षा का हिस्सा बनाए।

इस विषय मे अभिभावक और शिक्षक की हिस्सेदारी प्रेरणादायक होती है। परस्पर सहयोग स्थापना, समस्या समाधान मे युगल नीति-नियोजन, बच्चो के लिए समर्पित प्रयास के विकास की आवश्यकता है। परस्पर सहयोग को सहज सम्पर्क का साधन बनाने की जरूरत है। अभिभावको की कमजोरी, अज्ञान और शिक्षा स्तर आदि का ध्यान रखते हुए उनके हिस्से पर विचार करना चाहिए। अन्यथा संवाद दुखांत हो जाता है। अभिभावक, शिक्षक, अधिवेशन और गोष्ठियो का भी सुचारू ढग से चलाने की जरूरत है। बच्चो की प्रगति रिपोर्ट रूपरेखा पद्धतिबद्ध हो न कि बेढगी। बच्चे की क्षमता, परिवर्तन और प्रगति का स्पष्ट उल्लेख और अयोग्यताओ का उल्लेख उनके निवारणार्थ सुझावो और अभिभावक-निर्देशन कार्यक्रम से होना उचित रहता है।

निष्कर्षत: हम कह सकते है कि अभिभावको की जागरूक भागीदारी से शिक्षा मे महत्वपूर्ण परिवर्तनो को बल मिलेगा। अभिभावको का कक्षा से सरोकार शिक्षकों को, प्रभावशाली अधिगम कौशल के विकास म सहायता देता है। समूह मे निर्णय लेने की प्रक्रिया मे सम्मिलित होकर अभिभावक शिक्षा प्रशासको का बच्चो के उचित पुनर्वास मे सहायता देता है। आशा और विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि अभिभावक परामर्श और प्रशिक्षण विद्यालय और घर के वातावरण को विकलागो के अनुकूल बनाने मे सहायक सिद्ध होगा।

संदर्भ

बार्श, आर० एच०, **दि पेरेन्ट टीचर पार्टनरशिप**, आरलिंगटन वा, दि कॉंसिल आफ एक्सेपशनल चिल्ड्रन, 1969.

बेकर, डब्ल्यू० सी०, **पेरेन्ट्स ऑर टीचर्स, ए चाइल्ड मेनेजमेंट प्रोग्राम**, कम्पन-111, रिसर्च प्रेस, 1971.

डेम्बइसिकी आर० जे० एवं माइजर ए० जे०, **वाट पेरेन्ट्स आफ दि लर्निग डिसएबिल्ड रीअली वान्ट फ्रोम प्रोफेशनल्स**, जर्नल आफ लर्निंग डिसएबीलिटीज, 1977, 10.

गोर्डन, टी०, **पेरेन्ट इफेक्टिवनैस ट्रेनिंग**, न्यूयार्क, पीटर एच वीडन, 1970

सिमचीज, आर० एफ०, **दि पेरेन्ट प्रोफेशनल पार्टनरशिप**, एक्सेपशनल चिल्ड्रन, 1975, 41

□□

शिक्षा पत्रकारिता का प्रमुख उद्देश्य जन सामान्य को शिक्षा की समस्याओ और समाधानों के सफल प्रयोगों से अवगत कराना है। विकलागों की शिक्षा से सबंधित गति-विधियों को भी उजागर करना इसका लक्ष्य होना चाहिए। इससे जानकारी का प्रसार होता है। विकलागों की विशेष शिक्षा सबंधी सुविधाओ तथा जन-चेतना के उद्बोधन के लिए भी शिक्षा पत्रिकारिता को समर्पित होना चाहिए।

शिक्षा पत्रकारिता तथा विकलांग

आनन्द जैन

जन संचार माध्यमो की शिक्षाधर्मी भूमिका सर्वविदित है। पत्र-पत्रिकाओ के माध्यम से शिक्षा सम्बन्धी जान-कारी का प्रकाशन होता रहता है। अब समय आ गया है जबकि शिक्षा पत्रकारिता का राष्ट्र मे उपयोगी योगदान स्वीकार किया जाने लगा है। विकलांगो की शिक्षा और पुनर्वास के सदर्भ मे शिक्षा-पत्रकारिता की अपेक्षाएं और आकांक्षाए और भी बढ जाती हैं। प्रस्तुत लेख मे प्रयास किया गया है कि विकलाग के सदर्भ में शिक्षा-पत्रकारिता को क्या दिशा-दृष्टि अपनानी चाहिए, क्योकि शिक्षा पत्र-कारिता समाचार-पत्रों मे प्रतिष्ठापित होने लगी है।

शिक्षा-पत्रकारिता की प्रतिष्ठा मे विम्लब और तत्सबधी विषय के कारगर न हो पाने का एक कारण हिन्दी भाषी साक्षर समाज मे पठन रुचि की प्रवृत्ति का अभाव रहा है। यहां तक कि व्यावसायिको मे भी अपने विकास और उत्कर्ष के लिए उन पत्रिकाओं के पठन का चाव नहीं पाया जाता जो कि उन्ही के ज्ञान-विस्तार के लिए प्रकाशित होती है। इसका उल्लेख इस आशय से किया जा रहा है कि व्यावसायिकों के ज्ञानवर्द्धन और ज्ञान विस्तार के लिए भी शिक्षा पत्रकारिता को धारदार बनाया जा सकता है।

शिक्षा पत्रकारिता के प्रयोजन को स्पष्ट समझ लेना चाहिए। इसका प्रमुख उद्देश्य जन सामान्य को शिक्षा की समस्याओ और समाधानो के सफल प्रयोगो से अवगत कराना है। विकलागो की शिक्षा से संबधित गतिविधियो को भी उजागर करना इसका लक्ष्य होना चाहिए। इससे जानकारी का प्रसार होता है। विकलागो की विशेष शिक्षा सम्बन्धी सुविधाओ तथा जन-चेतना के उद्बोधन के लिए भी शिक्षा पत्रकारिता को समर्पित होना चाहिए। जनमत के निर्माण तथा सरकार पर दबाव डालने के उप-करण के रूप मे भी शिक्षा पत्रकारिता को विकसित करना चाहिए। कानूनी प्रावधान और नियुक्ति-आरक्षण आदि भी विकलागो की शिक्षा-सेवा के लिए आवश्यक है। अतः इन उद्देश्यो की पूर्ति के लिए शिक्षा पत्रकारिता के विविध आयामो को समझ लेना जरूरी है।

शिक्षा पत्रकारिता के विविध आयामो मे निम्नलिखित महत्व स्वतः स्पष्ट है।

1. समाचार-संकलन
2. संस्थागत प्रयासों का विवरण
3. व्यक्तिगत उपलब्धियो की जानकारी
4. जन-चेतना
5. अनुसधानो की सामान्य जानकारी
6. शिक्षा-सुविधाओ/समस्याओं की जानकारी
7. शिक्षा सम्बन्धी अन्य महत्वपूर्ण घटनाए/उपलब्धिया

1. समाचार-संकलन

दैनिक पत्रो तथा साप्ताहिक समाचार पत्रिकाओ मे विकलागो की शिक्षा से सम्बन्धित समाचारो और गति-विधियों को स्थान दिया जाना चाहिए। इन समाचारो का संकलन जानकारी के प्रचार-प्रसार के लिए सचित्र भी दिया जा सकता है। विकलाग-शिक्षा की गतिविधिया, समस्या आदोलन आदि भी समाचार सकलन के आधार हो सकते हैं। विकलागो की शिक्षा से सम्बन्धित सगोष्ठियों आदि के समाचार भी दिए जाने चाहिए। समाचार-चयन मे विकलांग-शिक्षा को प्राथमिकता भी दी जाए।

2. संस्थागत-प्रयासों का विवरण

यह भी सर्वविदित है कि भारत के आम नागरिक को यह जानकारी नही है कि विभिन्न प्रकार के विकलागो को शिक्षा दी जा सकती है तथा उनका पुनर्वास भी सभव है, जबकि सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में कई प्रयास किए जा रहे है। विभिन्न विकलांगों के राष्ट्रीय सस्थान भी स्थापित हुए है। इन सस्थानो के परिचयात्मक तथा समीक्षात्मक विवरण भी दिए जा सकते हैं। इसका एक लाभ तो यह होगा कि सस्थानो का परिचय लोगो को मिलेगा। साथ ही इन सस्थानो के विकास आदि पर भी विचार-विमर्श का अवसर मिल सकेगा। संस्थागत प्रयासो मे उन व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों को भी लिया जा सकता है जिनमे भिन्न-भिन्न वर्ग के विकलागो को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही उनके लिए स्वरोजगार योजनाओं को भी प्रचारित किया जा सकता है।

3. व्यक्तिगत उपलब्धियों की जानकारी

विकलांगों की शिक्षा के क्षेत्र में विकलांग महानुभावो ने विलक्षण कार्य किए है। उनके जीवन-चरित्र तथा कार्यों को भी पत्र-पत्रिकाओ मे स्थान देना चाहिए। उदाहरण के लिए अधो की शिक्षा मे महापुरुष ब्रेल के कार्यों की जानकारी और जीवन-चरित्र विकलागो की शिक्षा मे प्रेरणाप्रद रहेगा। भारत मे ही विकलाग-शिक्षा के उन्नयन मे दृष्टिहीन लाल अडवाणी का योगदान कम महत्वपूर्ण नही है। इसे उजागर करने की आवश्यकता है।

4. जन-चेतना

अज्ञान के अधकार और अधविश्वासों की दलदल मे फंसे भारतीयो को नए आलोक की आवश्यकता है। विकलाग सतान के प्रति मा-बाप का सोच और मनोवृत्ति बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मां-बाप को गलत धारणाओ तथा अधविश्वासो से मुक्त करना विकलागो की शिक्षा में मा-बाप को नई जिम्मेदारी देना है।

इन प्रयासों मे उपयोगी कथाए और घटनाए समाचार-स्थान पा सकती हैं। विकलागो के लिए भिक्षाटन की ठेकेदारी का भण्डाफोड़ किया जा सकता है। बच्चो के अपहरण और उन्हे विकलाग बनाकर पेशेवर भिखारी बनाने वालो की खोज-खबर ली जा सकती है। निश्चय ही इससे जन-जागृति का वातावरण तैयार किया जा सकता है। व्यक्तिगत समस्याओ के लिए सामुदायिक दायित्व जागृत किया जा सकता है।

5. अनुसन्धान—सामान्य जानकारी

विकलागों की शिक्षा और सेवा-उपकरण सम्बन्धी अनुसंधानो की उपयोगिता पर आधारित समाचार-सूचनाओ का लाभ होता है। इनके शास्त्रीय उल्लेख की उपेक्षा कार्यकारी पहलुओ को शिक्षा पत्रकारिता मे सम्मिलित करने की आवश्यकता है जिसे सामान्य शिक्षक और मां-बाप भी समझ सके और उसका लाभ उठा सकें। शारीरिक विकलागो के उपकरणों की जानकारी दी जा सकती है जो उनकी शिक्षा में बहुत उपयोगी होती है। अनुसधानो को दिशा-निर्देश भी दिए जा सकते हैं जिससे भविष्य मे उपयोगी समाधान सामने आ सके।

विकलाग संतान के प्रति मां-बाप की सोच और मनोवृत्ति बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मा-बाप को गलत धारणाओं तथा अंधविश्वासों से मुक्त करना विकलांगो की शिक्षा मे मा-बाप को नई जिम्मेदारी देना है।

विकलांगों की जनसख्या और उनके विषय मे अतिरिक्त जानकारी अभी उपलब्ध नही है। इस दिशा में वृहत्ताकार सर्वेक्षण किए जाने चाहिएं। उन प्रतिवेदनों के महत्वपूर्ण अंश शिक्षा-पत्रकारिता के तहत प्रकाशित किए जाने चाहिएं।

---

6. शिक्षा-सुविधाओं समस्याओं की जानकारी

शिक्षा सुविधाएं कहां उपलब्ध हैं? कैसे इनका लाभ उठाया जा सकता है? विकलागो को छात्रवृत्तिया मिलती हैं। स्कूल जाने का मार्ग-व्यय भी मिलता है। इन पर यदि समाचार-प्रसार का अवसर मिले तो आम आदमी को उपयोगी जानकारी मिलेगी। सुविधाओ के प्रबन्ध और

स्वीकृति मे समस्याओ का होना भी भारत मे एक अनिवार्य शर्त है। इन समस्याओ के केस-प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं और प्रशासन को चुस्त बनाने के प्रयत्न किए जा सकते हैं। इस दिशा मे मिली सफलता का समाचार बनाने की जरूरत है। इन प्रयासो मे मार्गदर्शक बनने की जरूरत है न कि छिद्रान्वेषी; अन्यथा लाभ की अपेक्षा हानि ही हाथ लगेगी।

7. अन्य शिक्षा सम्बन्धी घटनाएं/उपलब्धियां

विकलांग विद्यार्थियो की प्रतिभा को उजागर किया जा सकता है। ऐसी घटनाओं को समाचार की भागीदारी दी जा सकती है जिनमे विकलाग शिक्षा को दिशादृष्टि मिले। उदाहरण के लिए दृष्टिहीनो को स्टेनो-टाइपिंग का प्रशिक्षण सफल रहा है। दृष्टिहीन स्टेनो-टाइपिस्ट बन सकते हैं या बन रहे हैं। इस प्रकार के सचित्र समाचार दिए जा सकते है।

इनके अतिरिक्त कुछ विषयो पर समीक्षात्मक सामग्री भी शिक्षा-पत्रकारिता के अन्तर्गत ली जा सकती है। यहा मूल्याकन प्रतिवेदनो के उल्लेख तक सीमित रहने की बात नही है बल्कि समीक्षात्मक विवरणो का परिचय देने की जरूरत है। ऐसे कुछ आवश्यक विषयो पर चर्चा करना समीचीन प्रतीत होता है। विषय है —

1. विकलाग महापुरुषो की जन्म-जयन्ती पर विशेष लेख
2. सर्वेक्षण-प्रतिवेदन
3. अपेक्षाओं एव आकाक्षाओ के आधार पर समस्याओ तथा उपलब्धियो का आकलन
4. विकलाग बच्चो के अधिकार-सरक्षण, आरक्षण और कानूनी प्रावधान
5. विशेष समारोह: विशेष सामग्री
6. विकलाग-शिक्षा-पुस्तको की समीक्षाए तथा बाल स्तंभ

1. विकलांग महापुरुषों की जन्म-जयन्ती पर विशेष लेख

जिस प्रकार राजनैतिक, सामाजिक एव धार्मिक महापुरुषो की जन्म-जयन्तियों पर विशेष लेख प्रकाशित होते है उसी प्रकार विकलाग-महापुरुषो पर भी विशेष सामग्री प्रकाशित होनी चाहिए।

2. सर्वेक्षण-प्रतिवेदन

विकलागो की जनसख्या और उनके विषय मे अतिरिक्त जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। इस दिशा मे वृहत्ताकार सर्वेक्षण किए जाने चाहिए। उन प्रतिवेदनो के महत्वपूर्ण अश शिक्षा-पत्रकारिता के तहत प्रकाशित किये जाने चाहिए। इस दिशा मे कुछ प्रश्न भी रेखाकित किए जाने चाहिए जिनकी जानकारी शिक्षा सम्बन्धी नीति-नियोजन के लिए आवश्यक है। गांवो को विकलांग-शिक्षा उपलब्ध नही है। क्यो? कैसे उपलब्ध हो? नई शिक्षा नीति मे जिलास्तर पर प्रावधान की पेशकश हुई है, ब्लाक स्तर पर क्यो नही? प्रत्येक ब्लाक स्तर पर ब्लाक के अन्तर्गत विभिन्न कोटि के विकलाग बच्चो का सर्वेक्षण भी उपलब्ध रहना चाहिए। तभी विकलाग-शिक्षा की समुचित व्यवस्था संभव है।

3. अपेक्षाओं तथा आकांक्षाओं के आधार पर समस्याओं तथा उपलब्धियों का आकलन

साक्षात्कार प्रश्नावली के माध्यम से विशेष शिक्षक और शिक्षार्थियो से उनकी अपेक्षाओ और आकाक्षाओ का ब्यौरा प्राप्त किया जा सकता हैं। इनकी पूर्ति मे क्या-क्या समस्याए सामने आई हैं, उनका उल्लेख किया जा सकता है। इसके आधार पर साक्षात्कार प्रतिवेदन प्रकाशित किए जा सकते है। इसी सदर्भ मे नीति-नियोजको, प्रशासकों तथा गैर सरकारी सस्थाओ के कार्यकर्ताओ को भी साक्षात्कार प्रश्नावली का मुद्दा बनाया जा सकता है। इस प्रकार की सामग्री आम लोगो को भी दिशा देगी और निश्चय ही विकलागो की शिक्षा मे रचनात्मक सुधार की सभावनाए बढेगी।

4. विकलांग बच्चों के अधिकार-संरक्षण, आरक्षण और कानूनी प्रावधान

कहने की आवश्यकता नही कि अन्तर्राष्ट्रीय बाल वर्ष मे बाल-अधिकारों की बात विश्व भर मे गूजी थी। उन अधिकारो के लिए निरन्तर प्रयत्न करते रहने की भी जरूरत है। विकलांग बच्चों के ये अधिकार सामान्य बच्चो

की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण है। इन अधिकारो के लिए जनमत तैयार करने और कानूनी व्यवस्था करने के लिए शिक्षा-पत्रकारिता को आगे आने की जरूरत है। मिसाल के तौर पर विकलागों की नि:शुल्क शिक्षा से काम नहीं चलेगा। उन्हे और अधिक आर्थिक सहायता चाहिए जिससे वे जरूरी उपकरण खरीद सके और अन्य कीमती ससाधनो का उपयोग कर सके। उनके अधिकारो की दृष्टि से ये प्रावधान कानूनी शक्ल मे होने चाहिए। इसके लिए आदोलन खडा करने तक का प्रयत्न शिक्षा-पत्रकारिता से अपेक्षित है।

यद्यपि नियुक्ति-आरक्षण, दुकान-आरक्षण आदि का विवरण शिक्षा से जुडा हुआ प्रसग नही है लेकिन इन मुद्दो को भी उठाने की जरूरत है। हो यह रहा है कि इन सुविधाओ का लाभ धनी लोग ही उठा रहे है। नगर और महानगर के नागरिक ही मीठे फल खा रहे है। इसके विस्तार की जरूरत है। इन प्रयासो को गांवों तक पहुचाने की जरूरत है।

5. विशेष समारोह : विशेष सामग्री

विकलाग शिक्षा के क्षेत्र मे विशेष समारोह आयोजित होते रहते हैं। उनको प्रकाशित किया जाना चाहिए। मार्च मे अन्तराष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया जाता है। राजधानियों मे इस अवसर पर अनेक प्रतियोगिताए, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रदर्शनी आदि आयोजित की जाती हैं। ये विकलांगों की उपलब्धि के रूप मे स्वीकार और प्रसार की अपेक्षा रखती है। दृष्टिहीनो की विशेष शिक्षा के सौ वर्ष पूरे हो गए है। शताब्दी समारोह आयोजित हुए है और होने की संभावना है। इस प्रसग मे महत्वपूर्ण जानकारी पर आधारित विशेष सामग्री प्रकाश मे आनी चाहिए। साहित्यकार या राजनेता की शताब्दी के समाचार बराबर चलते रहते हैं। उन पर विशेष सामग्री भी प्रकाशित होती रहती है। विकलागो की शतकीय उपलब्धियों की उपेक्षा क्यो ? इसे भी शिक्षा-पत्रकारिता का प्रमुख विषय होना चाहिए।

6. विकलांग-शिक्षा पुस्तकों की समीक्षाएं एवं बाल स्तम्भ

पुस्तक समीक्षाओ मे साहित्य का बोलबाला रहता है। शास्त्र-साहित्य की समीक्षाए कम देखी जाती है। विकलाग शिक्षा से सम्बन्धित साहित्य की समीक्षाए यथाशीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर प्रकाशित की जानी चाहिए। अग्रेजी पत्रों में तो इनकी गुजाइश काफी रही है लेकिन भारतीय भाषाओं के पत्रो मे इस किस्म की समीक्षाएं कम देखने मे आती हैं। शिक्षा पत्रकारिता पुस्तक समीक्षा के तहत विकलागों की शिक्षा पर प्रकाशित पुस्तकों को तरजीह दे सकती है। बाल-स्तभ में विकलाग बच्चो के रचना-कौशल और उपलब्धियो को स्थान दिया जाना चाहिए।

साराश मे, वे सभी गतिविधिया जिनकी चर्चा इस लेख मे नही हो पाई है, वे भी शिक्षा-पत्रकारिता का अग बने और विकलागों की शिक्षा को उपयोगी और सार्थक बनाने की दिशा मे प्रगतिशील कदम उठाने का प्रयास करे। इस क्षेत्र को उपेक्षित छोड़ देना पत्रकारिता मे नासमझी ही मानी जाएगी। इस दिशा मे सभी के सजग रहने की जरूरत है। □□

अधिगम वकलांग बालक तथा पठन-शिक्षण

डा० राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव

बालक के समुचित विकास से आशय है उसके व्यक्तित्व का संतुलित विकास। व्यक्तित्व का स्वरूप बालक के शरीर, बुद्धि, भाव तथा समाज के साथ उसके समायोजन पर निर्भर करता है। इनमें से किसी भी पक्ष के असंतुलन से बालक मे विकलागता आ जाती है। जो बालक बौद्धिक रूप से सामान्य हो किन्तु उसे नई विषयवस्तु को सीखने तथा समझने मे कठिनाई का अनुभव हो, उसे अधिगम विकलाग बालक कहा जाएगा। ऐसे बालक सामान्य बुद्धि रखते हुए भी कुछ विशेष कारणवश अपने अध्ययन मे सफलता नही प्राप्त कर पाते। इसके अनेक कारण हो सकते हैं, जैसे अस्वास्थ्य, संवेगात्मक अथवा सामाजिक कुसमायोजन, विषय में अभिरुचि की कमी, विषयवस्तु के समझने मे क्रमिक तथा समयानुकूल शिक्षण का अभाव, आदि। यहां हम पठन-अधिगम की दृष्टि से पिछड़े हुए बालकों की समस्याओं पर विस्तारपूर्वक विचार करेगे।

पठन का स्वरूप

लिखे हुए अथवा छपे हुए शब्दों का उच्चारण कर देना मात्र पठन नही है। पठन को वाचन का पर्याय मान लेना उचित नहीं। वाचन शब्द का अर्थ है—शब्द, वाणी

पठन की सार्थकता समझकर पढ़ने में ही है। यह समझना ही पठित वस्तु का अर्थबोध या अर्थग्रहण करना है। इस योग्यता में अनेक कुशलताओं का योग रहता है।

अधिगम विकलांग बालकों में गहन-पठन के अभ्यास के लिए विशेष रूप से औपचारिक शिक्षण की आवश्यकता पड़ती है। किसी पाठ को पढाते समय भाषा संबंधी कठिनाइयो के निवारण, मौन पठन, विचार विश्लेषण, भाषा कार्य आदि क्रियाओं पर विशेष बल दिया जाना चाहिए।

अथवा कथन। वाचन मे शब्दो के उच्चारण की प्रधानता होती है जबकि पठन मे अर्थ ग्रहण पर बल होता है। पुस्तक पढते समय बच्चा शब्दोच्चारण मात्र न करे वरन् उसमे निहित अर्थ को भी समझे, यही हमारी अपेक्षा रहती है। पठन एक सोद्देश्य, सार्थक तथा चिन्तनप्रधान क्रिया है। इसमे सृजन तथा कल्पना दोनो का समावेश रहता है। पाठक केवल विचारो का ग्रहण ही नही करता वरन् उनकी सृष्टि भी करता है। पठन क्रिया सार्थक तभी मानी जाएगी, यदि उसका कोई उद्देश्य हो। जैसे विश्व अथवा मानव के स्वभाव को समझना; अवकाश के क्षणो मे आनंदित होना; किसी समस्या के समाधान हेतु तथ्य एकत्र करना अथवा किसी लक्ष्य की प्राप्ति या वस्तु के निर्माण हेतु विधि की खोज करना।[1]

पठन क्रिया मे व्यस्त पाठक की दृष्टि जैसे-जैसे लिखे हुए शब्दों पर घूमती है, वैसे-वैसे वह शब्दों का प्रत्यभिज्ञान कर उनमे निहित अर्थ को ग्रहण करता जाता है। इस प्रकार वह पाठ्य सामग्री मे निहित लेखक के विचार, भाव तथा मन्तव्य को समझ कर उनका मूल्यांकन भी करता है। ऐसा करते समय उसके मन मे जो प्रतिक्रिया होती है, वह उसके पूर्व अनुभवो के कारण होती है। पढते समय वह सोचता है कि लेखक ने ऐसा क्यो कहा, इस कथन मे कितना औचित्य है, आदि। किसी पाठ को पढ़कर उसने जो अर्थ ग्रहण किया है उसे वह अपने ज्ञान-कोष मे समाहित कर लेता है जिसका आवश्यकतानुसार वह अपने जीवन मे प्रयोग करता रहता है।[2]

पठन तत्परता तथा मानसिक योग्यता

जिस प्रकार अच्छी उपज के लिए किसान अच्छे बीज बोने से पहले मिट्टी को उपजाऊ बनाता है, उसी प्रकार व्यक्तित्व के विकास के लिए अध्यापक का कर्त्तव्य है कि वह बालक को मानसिक रूप से पढने के लिए तैयार कर ले। पठन तात्पर्य का आशय बच्चे मे विकास की उस अवस्था से है जब वह परिपक्वन तथा अधिगम की सहायता से सरलता और शीघ्रता के साथ पढ़ना सीख सकता है। पठन-प्रक्रिया को कार्यान्वित करने के लिए अनेक योग्यताओ, कुशलताओ एव अभिरुचियो की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए बालक की दृष्टि एव श्रवण शक्ति का सक्रिय होना जिससे कि वह दो समान आकृतियो व ध्वनियो के अंतर को समझ सके, हिन्दी पढने के लिए बाए से दाएं और ऊपर से नीचे दृष्टि-सचालन करना; लिखित शब्द का उसके अर्थ के साथ सम्बन्ध स्थापित करना; अर्थग्रहण के लिए घटनाक्रम को समझना; एकाग्रचित्त होकर विचारों को सगठित करने की योग्यता का होना आवश्यक है। पाठ्यवस्तु का मूल्याकन करने के लिए उचित-अनुचित तथा गुण-दोष परखने की क्षमता होनी चाहिए। समुचित प्रतिक्रिया तथा प्रयोग के लिए भावात्मक स्थिरता, मानसिक परिपक्वता, वैयक्तिक एव सामाजिक समायोजन आवश्यक है। पठन प्रारभ करते समय बालक मे इन मानसिक योग्यताओ का होना अनिवार्य है।[3]

पठन तथा मस्तिष्क दानो मे अमूर्त चिन्तन, तर्क, अर्थग्रहण समस्या का समाधान तथा सप्रत्यय अधिगम की योग्यताए समाहित रहती है। बच्चो के बुद्धिलब्ध तथा पठन उपलब्धि मे सहसबध देखने को मिलता है। मानसिक योग्यता पठन को प्रभावित ही नही करती वरन् उससे प्रभावित भी होती है। पठन सीखते समय दृश्य-श्रव्य विभेदीकरण तथा मानसिक योग्यताओ का समुचित विकास आवश्यक है।

पठनारभ योग्यताएं तथा अधिगम विकलांगता

पठन सीखना प्रारम्भ करने से पूर्व बालक में शब्दार्थ बोध, वाक्यार्थ बोध, आकृति तथा शब्द रूपों मे तुलना

करने की योग्यता, ध्वनि विभेदीकरण तथा अनुलेखन की योग्यता का विकास आवश्यक है। वही बालक पठन-कौशल मे दक्षता प्राप्त कर सकता है जो शब्द के नाम और रूप मे सम्बन्ध स्थापित कर सके, शब्द के आदि, मध्य तथा अत मे आई हुई ध्वनियो मे विभेद कर सके तथा दृष्टि प्रत्यक्षीकरण तथा गति-नियंत्रण द्वारा लिपि चिन्हो को ठीक-ठीक लिख सके। पठन-अधिगम विकलाग बालको मे प्रायः उस मानसिक तत्परता का अभाव होता है जो पठन सीखने के लिए आवश्यक हैं। वह पूर्वकथित स्थितियो पर उचित ध्यान न दे सकने के कारण पठन-कौशल सीखने मे पीछे रह जाता है। अध्यापक को इन बच्चों पर प्रारभ से ही विशिष्ट ध्यान देने की आवश्यकता है। उसे ऐसी क्रियाओ का सहारा लेना चाहिए जो बालक के पठन-अधिगम सम्बन्धी योग्यता को विकसित कर सके। उदाहरण के लिए कहानी सुनाकर उसकी घटनाओ के यथाक्रम वर्णन के लिए कहना, दी गई स्थिति के आधार पर भविष्य की घटनाओ का अनुमान लगाना, कहानी के मूल भाव को समझना, शब्दो को क्रमानुसार बाए से दाए देखना, वर्णों के आकार-प्रकार तथा उसकी ध्वनियो की समानता एव असमानता की पहचान, आदि।

नवीन शब्दो से परिचित कराने के लिए इन बच्चों को वास्तविक वस्तुए अथवा उनके माडल या चित्र दिखाए जा सकते है। कार्ड तथा चित्रकार्डों की सहायता से सप्रत्ययो का वर्गीकरण, सामान्यीकरण तथा तुलना करने की योग्यता विकसित की जानी चाहिए। आसपास के वातावरण मे प्राप्त वस्तु, व्यापार अथवा घटना का प्रत्यक्ष दर्शन कराया जा सकता है।

पठन एक सोद्देश्य, सार्थक तथा चिन्तनप्रधान क्रिया है। इसमे सृजन तथा कल्पना दोनों का समावेश रहता है। पाठक केवल विचारो का ग्रहण ही नहीं करता वरन् सृष्टि भी करता है। पठन क्रिया सार्थक तभी मानी जायेगी, यदि उसका कोई उद्देश्य हो।

जिस प्रकार अच्छी उपज के लिए किसान अच्छे बीज बोने से पहले मिट्टी को उपजाऊ बनाता है, उसी प्रकार व्यक्तित्व के विकास के लिए अध्यापक का कर्त्तव्य है कि वह बालक को मानसिक रूप से पढ़ने के लिए तैयार कर ले।

पढ़ना कैसे सिखाएं

वर्ण विधि, ध्वनि साम्य विधि, शब्द विधि, वाक्य विधि तथा कहानी विधि पढना सिखाने की प्रमुख विधियां हैं। वर्ण विधि के द्वारा बालक को पहले भाषा के सभी वर्णों का ज्ञान दिया जाता है फिर उन्हे जोड़कर शब्द और वाक्य बनाना होता है। ध्वनि साम्य विधि में समान मिलती-जुलती ध्वनियों की सहायता से नए अक्षर सिखाकर शब्द तथा वाक्य रचना कराई जाती है। शब्द विधि मे चित्रो के माध्यम से शब्द ज्ञान कराते हुए शब्द-विश्लेषण द्वारा पहले वर्णों का ज्ञान, पुन. नए शब्दो की रचना कराई जाती है। वाक्य तथा कहानी विधि मे क्रमश. वाक्य या कहानी को आधार बनाकर पहले शब्द फिर अक्षर-ज्ञान कराया जाता है।

डेकाट का मत है कि किसी विधि की उपयुक्तता बालक विशेष की योग्यता तथा आवश्यकता पर निर्भर करती है। अनुसधान से पता चला है कि विश्लेषणात्मक प्रणाली अथवा शब्द विधि से पढ़ना सीखना अधिक सरल तथा उपयोगी है। किन्तु कुछ बच्चो ने सश्लेषणात्मक प्रणाली अथवा वर्ण विधि से पढ़ना सीखा है। कोई भी एक विधि सभी बालको के लिए समान रूप से प्रभावशाली सिद्ध नही हुई। अत अधिगम विकलांग बच्चो को पठन सिखाते समय अध्यापक को ऐसी विधि अपनानी चाहिए जो उसके मानसिक स्तर तथा रुचि को देखते हुए सर्वाधिक अनुकूल हो।

अर्थग्रहण योग्यता का विकास

पठन की सार्थकता समझकर पढने मे ही है। यह समझना ही पठित वस्तु का अर्थबोध या अर्थग्रहण करना है। इस योग्यता मे अनेक कुशलताओ का योग रहता है। शब्द प्रत्यभिज्ञान तथा वाक्यार्थबोध अर्थग्रहण की आधारभूत योग्यताए हैं। इनके साथ ही पढकर मुख्य विचार ज्ञात करना, विशिष्ट विवरण का चुनाव करना, सक्षिप्तीकरण तथा सगठन करना, सामान्यीकरण करना, निर्देशन का अनुसरण करना, संभावित घटनाओं के सम्बन्ध मे अनुमान लगाना, आलोचनात्मक ढग से मूल्याकन करना आदि भी अर्थग्रहण की महत्वपूर्ण कुशलताए हैं। पठन अधिगम की दृष्टि से कमजोर बालको मे अर्थग्रहण कौशल के विकास के लिए विशेष प्रयत्न आवश्यक हैं। कहानियों तथा रुचिकर पाठ्य सामग्री के माध्यम से बनाए गए अर्थग्रहण सम्बन्धी अभ्यासों द्वारा इस योग्यता का विकास किया जाना चाहिए।[4]

सस्वर तथा मौन पठन

सस्वर पठन का उद्देश्य है शुद्ध उच्चारण, उचित गति तथा विराम-चिन्हों को ध्यान मे रखकर पढ़ने की योग्यता का विकास करना। भाव एव विचार के अनुरूप भाषा पढते समय उतार-चढ़ाव, सुस्वरता तथा प्रभावोत्पादकता की सृष्टि करना आवश्यक है। इसके माध्यम से शब्दो तथा वाक्यों को उचित बलाघात, स्वराघात, अनुतान तथा सहिता के साथ पढने की योग्यता का विकास किया जाना चाहिए।

पठन अधिगम विकलांग बालक के सस्वर पठन में शुद्ध तथा स्पष्ट उच्चारण पर विशेष बल देना चाहिए। प्राय मिलती-जुलती ध्वनियो के उच्चारण में अशुद्धि हो जाती है। जैसे—ए-ऐ, ओ-औ, स-श, व-ब, घ-घ, ड-ड, ढ-ढ़, आदि। इन अशुद्धियों के सुधार के लिए अध्यापक को उच्चारणोपयोगी अवयवो का ज्ञान होना आवश्यक है।

मौन पठन का उद्देश्य पाठ्य-सामग्री मे निहित विचारो को आत्मसात करना तथा पठन गति की वृद्धि करना है। इसके द्वारा पाठक विस्तार और गहराई के साथ अर्थग्रहण करता हुआ चिन्तन, मनन एव तर्कशक्ति का विकास करता

है। अवकाश के समय मनोरजक सामग्री को पढकर आनन्द लेने मे मौन पठन बहुत सहायक होता है। पुस्त-कालय अथवा सार्वजनिक स्थानो पर जहा जोर-जोर से पढना वर्जित होता है, मौन पठन का व्यावहारिक महत्व और भी बढ जाता है। पठन की दृष्टि से पिछड़े हुए बच्चे अर्थग्रहण के लिए मौन पठन की अपेक्षा सस्वर पठन का ही सहारा लेते हैं। यह भी सभव है कि मौन पठन के कौशल मे प्रवीण बालक का बौद्धिक विकास अपेक्षाकृत अधिक होता हो। फिर भी सस्वर पठन मे कुशलता प्राप्त कर लेने के बाद ही मौन पठन कराया जाना चाहिए।

गहन पठन तथा विस्तृत पठन

गहन पठन को गहन अध्ययन भी कहते है। इसके अन्दर पाठक भाषा और विचार, शैली और भाव अथवा रस, छद, अलकार आदि का विश्लेषण करता है। वह भाषा मे प्रयुक्त शब्दों, पदो एव वाक्याशो की रचना, अर्थ, प्रयोग आदि को समझता है। विचार अथवा भाव का सूक्ष्म विश्लेषण करता है। घटनाओ के औचित्य तथा लेखक के मन्तव्य का मूल्याकन करता है। अर्थ ग्रहण की प्रक्रिया मे गहरे प्रवेश कर वह अपनी स्वतत्र विचारधारा का निर्माण करता है।

विस्तृत अध्ययन को व्यापक अध्ययन अथवा द्रुत अध्ययन भी कहते है। इसका उद्देश्य ज्ञान परिधि को बढाना, पठन रुचि का विकास करना तथा द्रुत पठन की कला मे निपुण बनाना है। भाषा ज्ञान को सक्रिय और व्यावहारिक रूप देने के लिए विस्तृत पठन का अभ्यास आवश्यक है। इसके द्वारा पाठक मौन पठन मे अधिका-धिक लीन होता है जिसके फलस्वरूप उसमे स्वाध्याय की प्रवृत्ति का विकास होता है।

अधिगम विकलाग बालको मे गहन पठन के अभ्यास के लिए विशेष रूप से औपचारिक शिक्षण की आवश्यकता पड़ती है। किसी पाठ को पढाते समय भाषा सम्बन्धी कठिनाइयो के निवारण, मौन पठन, विचार विश्लेषण, भाषा कार्य आदि क्रियाओ पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। विस्तृत पठन के लिए इतना औपचारिक शिक्षण आवश्यक नही। यहां निर्देशित पठन का सहारा लिया जा सकता है। अध्यापक को चाहिए कि वह कक्षा मे छात्रो को कुछ पाठ्य बिन्दुओ का निर्देश कर दे जिनका ध्यान रखकर छात्र किसी विशेष पाठ को घर पर पढे। इस प्रकार जहा एक ओर वह स्वच्छद होकर पाठ को अपनी गति और रुचि के अनुरूप पढ़ेगा, वहीं अध्यापक द्वारा दिए गए बिन्दुओ को भी ध्यान मे रखेगा। पठन की यह प्रणाली अधिगम विकलाग बालक मे स्वावलबन की भावना का विकास करने मे सहायक होती है।

पठन अभिरुचि

बालको की पठन अभिरुचि का पता लगाने के लिए देश-विदेश मे अनेक अनुसधान किए गए है। इनके आधार पर ज्ञात हुआ है कि बच्चो की अभिरुचिया उनके भौगो-लिक वातावरण, सास्कृतिक परिवेश, उपलब्ध पाठ्य-सामग्री तथा प्रचलित शिक्षण विधि के अनुरूप भिन्न-भिन्न होती हैं। बालक की आयु, लिंग, तथा सामाजिक आर्थिक स्थिति भी उसके पठन अभिरुचि के निर्धारण मे सहायक होते है। प्राय. सभी बच्चे कथा साहित्य मे अपेक्षाकृत अधिक रुचि लेते है। हास्यप्रद, साहसिक, उत्सुकतावर्धक, रहस्यपूर्ण, रोमाचक पाठ्य-सामग्री, पशुओ और बाल जीवन सबधी कहानियो तथा जीवन साहित्य मे बालक और बालिकाओ दोनों की रुचि होती है। चुटकले, व्यंग्य विनोद तथा चलचित्र से सबधित विषय भी दोनो के आक-र्षण केन्द्र होते हैं। सरल तथा स्वाभाविक भाषा मे लिखी गई कहानियां, उपन्यास, कविताए आदि पढ़ने मे छात्र अधिक रुचि लेते है।[5]

अधिगम विकलाग बालको की पठन अभिरुचि के विकास मे अध्यापक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जो अध्यापक स्वत. पठन-प्रेमी होगा, वह यह कार्य इन बालको मे स्वाभाविक रूप से सम्पन्न कर सकेगा। बालको को ऐसी पत्रिकाएं तथा पुस्तके दी जानी चाहिए जो उनकी रुचि तथा योग्यता के अनुरूप हों। हमारे यहा विभिन्न आयु-वर्ग, योग्यता तथा अभिरुचि के अनुकूल बाल साहित्य की सृष्टि नही हो पाती जिसके फलस्वरूप बच्चों को अभीष्ट पाठ्य-सामग्री समयानुसार प्राप्त नही होती। अध्यापक तथा माता-पिता को यह निर्णय करने मे कठिनाई होती है कि बच्चो को पढाने के लिए कैसी सामग्री दी जाए। प्राय: प्रौढ़ व्यक्ति अपनी रुचि के अनुकूल साहित्य को ही बच्चो

पर थोप देता है। अधिक विकलाग बालको की अभिरुचियो का पता लगाकर उसके अनुरूप बाल साहित्य के निर्माण की सर्वाधिक आवश्यकता है।

पठन अभ्यास

पठन अभ्यास अथवा पढ़ने की आदत मे व्यक्तिगत भेद देखा जाता है। अर्थ ग्रहण के लिए एक बालक मौन पठन का सहारा लेता है तो दूसरा सस्वर पठन का। एक व्यक्ति पढने के लिए शात और एकात स्थान खोजता है तो दूसरा कही भी किसी भी वातावरण मे पढने लगता है। कोई बैठकर पढ़ना पसद करता है तो कोई लेटकर, कोई तेज प्रकाश मे पढ़ता है तो कोई खिडकी दरवाजे बन्द करके मध्यम प्रकाश मे। पुस्तक पढते समय कुछ लोग महत्वपूर्ण पंक्तियों को रेखाकित करते चलते हैं। कोई बालक ऐसा न कर केवल पाठ्य-बिन्दुओ को परिच्छेद के सम्मुख नोट करते जाते हैं। तीसरी कोटि के छात्र पुस्तक मे कुछ लिखना ही पसन्द नही करते, उन्हे पुस्तक पढ़ते समय जो बात याद आती है अलग से कापी मे लिखते जाते हैं। कुछ बालक एक बार मे ही पढ कर अर्थ ग्रहण कर लेते हैं दूसरे कई बार पढने के बाद भी ऐसा नहीं कर पाते। कोई बालक पाठ को पढ़ने के बाद मन मे उसकी पुनरावृत्ति करता है तो कोई उसका साराश कापी मे लिखता है। अधिकतर छात्र केवल पढ़ते जाते है, न पुनरावृत्ति करते हैं और न साराश लिखते हैं। कोई साहित्य की पुस्तकें अधिक पढता है तो कोई विज्ञान की। कोई सरल तथा रोचक पुस्तकें पढ़ना पसद करता है तो कोई गूढ़ और विचार प्रधान। निष्कर्ष यह कि हर व्यक्ति के पढने का अपना अलग ही ढग होता है। पठन के वे सभी अभ्यास

अच्छे माने जाएगे जो अर्थ ग्रहण मे सहायक तथा पठन के उद्देश्य प्राप्ति मे सहायक होते है ।

बालक के पठन अभ्यास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक हैं—भौतिक परिस्थितिया, व्यक्तिगत कारक तथा पाठ्य-विषय ।[6] भौतिक परिस्थिति का सम्बन्ध पढने के लिए निर्दिष्ट स्थान तथा वातावरण से है । छोटे मकान मे बड़े परिवार के बीच पठन क्रिया का सफल निर्वाह कठिन हो जाता है । ऐसे घरों मे कभी बच्चे शोर करते है तो कभी रेडियो बजता है । कभी मेहमानो की भीड तो कभी परिवार के सदस्यों का वार्तालाप बालक के एकाग्र-चित्त होकर पढने मे बाधक होता है । इसी प्रकार चिंतित और निराश बालक एकाग्रचित्त होकर नही पढ सकता । खेलने के समय यदि बालक को पढने के लिए विवश किया जाय अथवा टी. वी. में पिक्चर न देखकर पढाई करने के लिए मजबूर बालक भला कभी पढ़ सकता है ?

पाठ्यवस्तु मे निहित अतर्वस्तु तथा दत्तकार्य का स्वरूप भी बालक की अध्ययन प्रणाली को प्रभावित कर सकता है । जो विषय बालक की दृष्टि मे जितना सार्थक' सोद्देश्य तथा सुरुचिपूर्ण होगा उसके पठन मे वह उतना ही एकाग्रचित्त होगा । इसी प्रकार पठन सम्बन्धी दत्तकार्य यदि छात्र की रुचि तथा योग्यता के अनुरूप हुआ तो उसे सम्पन्न करने मे वह अधिक सक्रियता एव तत्परता दिखा-एगा । अध्यापक का व्यक्तित्व तथा विषय के प्रस्तुतिकरण मे उत्साह और तल्लीनता भी छात्रो मे पठन रुचि तथा सक्रियता की सृष्टि करने मे सहायक होता है । प्रिय अध्या-पक द्वारा पढ़ाए गए विषय मे बालक रुचि लेने लगता है तथा उसके अर्थ ग्रहण मे उसे सरलता होती है। अधिगम विकलाग बालको के लिए उन सभी निर्धारक तत्वों का विशेष महत्व है ।[7]

पठन-सूत्र

पठन विशेषज्ञो ने अध्ययन प्रधान पठन को सुचारू रूप से कार्यान्वित करने के लिए एक सूत्र[8] की अनुशंसा की है जिसके अनुसार किसी पाठ्य-सामग्री को हृदयगम करने की प्रक्रिया मे पाच सोपान होते है—सर्वेक्षण, प्रश्न, पठन, समीक्षा, आवृत्ति। सर्वेक्षण के अतर्गत पाठ्य-सामग्री पर एक विहगम दृष्टि डालकर लेखक का मन्तव्य पठन का उद्देश्य तथा ठीक पठन विधि का निर्धारण किया जाता है। पुन: पाठक ऐसे प्रश्नो की सृष्टि करता है जिनका उत्तर इस पाठ्य सामग्री को सरसरी तौर पर देखकर प्राप्त किया जा सके। तत्पश्चात् निर्दिष्ट उद्देश्य को ध्यान मे रखकर पठन क्रिया सम्पन्न की जाती है। गृहीत अर्थ की समीक्षा करने के बाद बालक पठन के माध्यम से प्राप्त ज्ञान, कौशल अथवा योग्यता की पुनरावृत्ति इस दृष्टि से करता है कि इसका भविष्य मे प्रयोग कर सके।[9]

अधिगम विकलांग बालको को पुस्तक पढाने का उचित अभ्यास प्रारभिक स्तर से ही कराना चाहिए। इससे उनमे पठन की अच्छी आदतो का निर्माण होगा। पाठ को पढ़ते समय ऊपर बताए गए सूत्र के पांचो सोपानो का पालन करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। इन बालकों में पठन का अभ्यास प्रतिदिन नियमित रूप से किया जाना चाहिए। पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त अन्य पुस्तकें भी समय-समय पर पढी जानी चाहिए। परिमाण और गुण दोनो ही दृष्टियों से छात्रों के पठन में सतुलन उत्पन्न करना अध्यापक तथा माता-पिता का पुनीत कर्त्तव्य है। □□

सन्दर्भ

1. ग्रे, डब्ल्यू. एस. **द टीचिंग आफ रीडिंग एंड राइटिंग**, यूनेस्को, 1956.

2 श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रसाद, **हिन्दी शिक्षण**, बी-147, अमर कालोनी, नई दिल्ली, 1986.

3. डाउनिग एड ठैकरे, **रीडिंग रेडीनेस**, यूनिवर्सिटी आफ लंदन प्रेस, 1971.

4. फ्लड, जेम्स, **प्रमोटिंग रीडिंग काम्प्रेहेन्शन**, आई. आर. ए., 1984.

5. एन. सी. ई. आर. टी. **टीचिंग रीडिंग—ए चैलेंज**, 1984.

6. मेलनिक एंड मेरिट, **रीडिंग करीक्यूलम**, लदन यूनिवर्सिटी, 1972.

7. टेन्सले, ए. ई., **रीडिंग एण्ड रेमेडियल रीडिंग**, रटलेज एंड केगन पाल, लंदन, 1967.

8. एस क्यू. ३ आर, **सर्वे, क्वेश्चन, रीडिंग, रिसाइट.**

9. श्रीवास्तव आर. पी., **टीचिंग आफ रीडिंग**, बाहरी पब्लिकेशंस, 1979.

समन्वित शिक्षा के संदर्भ में भेंट वार्ता

डॉ० जयपाल तरंग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की क्रियान्वयन-योजना मे विकलांग बच्चों की शिक्षा को गंभीरता से लिया गया है। विकलागो की शिक्षा का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियो का सामान्य समुदाय के साथ समान सहभागी के रूप मे समन्वयन करके उन्हे सामान्य वृद्धि के लिए तैयार करना तथा उनमें जीवन को हिम्मत और विश्वास के साथ जीने की क्षमता का विकास करना है। इस दिशा मे निम्नलिखित ठोस कदम उठाए जाएगे—

1. जहा तक व्यावहारिक होगा शारीरिक रूप से विकलाग तथा अन्य मानसिक रूप से शिक्षणीय विकलाग बच्चों की शिक्षा व्यवस्था अन्य सामान्य बच्चो के साथ की जाएगी।
2. अत्यधिक विकलाग बच्चो के लिए जिला स्तर पर छात्रावास सहित विशेष विद्यालयो की यथासंभव स्थापना की जाएगी।
3. विकलागों के लिए व्यावसायिक-प्रशिक्षण के पर्याप्त प्रबध किए जायेंगे।
4. शिक्षक-प्रशिक्षण को विकलाग बच्चों की विशेष कठिनाइयो को ध्यान मे रखकर विशेष रूप से प्राथमिक कक्षाओ के लिए अभिस्वीकृत किया जायेगा।
5. विकलाग शिक्षा के क्षेत्र मे स्वैच्छिक प्रयत्नो को हर मुमकिन तरीके से प्रोत्साहित किया जाएगा।

इसी सदर्भ मे मानव संसाधन मत्रालय ने विकलागो की समन्वित शिक्षा के विषय में एक स्कीम प्रस्तुत एव वितरित की है। इस स्कीम के विभिन्न पहलुओ पर प्रश्नोत्तरी साक्षात्कार से सामान्य जानकारी के मुद्दे उठाए गए हैं। भेंट वार्ता हुई है ऐसे व्यक्ति से जो इस स्कीम से जुड़े हैं। वे हैं डा० नन्द किशोर जांगीरा।

डा० एन० के० जागीरा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के अध्यापक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 'विशेष शिक्षा' के प्रभारी आचार्य हैं। समन्वित शिक्षा के प्रशिक्षण एव क्रियान्वयन व्यूह रचनाओ से आपका अधिकारी सरोकार रहा है। मानव ससाधन मत्रालय के शिक्षा विभाग मे विकलांग शिक्षा विशेषज्ञ के नाते नीति-

मानव संसाधन मंत्रालय ने विकलांगों की समन्वित शिक्षा के विषय में एक स्कीम प्रस्तुत एवं वितरित की है। इस स्कीम के विभिन्न पहलुओ पर प्रश्नोत्तरी साक्षात्कार से सामान्य जानकारी के मुद्दे उठाए गए है। भेंट वार्ता हुई है ऐसे व्यक्ति से जो इस स्कीम से जुड़े हैं। वे है डा० नन्द किशोर जागीरा।

नियोजन तथा मूल्याकन आदि विषयो से जुड़े हैं। अधिकारी विद्वान होने के अलावा विकलांगो की विशेष शिक्षा मे उनकी विशेष रुचि है तथा विकलांगो की शिक्षा-सफलता के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करते रहे हैं। भेंटवार्ता के प्रश्न और उत्तर बिना लाग-लपेट के प्रस्तुत हैं।

प्रश्न : मानव ससाधन मत्रालय द्वारा वितरित विकलांगों की समन्वित शिक्षा की स्कीम मे क्या सभी प्रकार के विकलांगों को सामान्य विद्यालय मे रखने की व्यवस्था है ?

उत्तर : स्पष्ट उत्तर 'नहीं' है। सामान्य बच्चों के साथ विकलांगों के लिए शिक्षा-प्रबन्ध और शिक्षा-पाठ्यक्रम को सफलता की दृष्टि से अपेक्षाकृत सामान्य विकलागो (Mildly handicapped) को रखा गया है। अति विकलागो के लिए विशिष्ट विद्यालय का प्रावधान है। चाक्षुष विकलाग, मूक बधिर, मानसिक विकलाग तथा शारीरिक विकलागों को समन्वित शिक्षा मे स्थान दिया गया है।

प्रश्न : भारतीयो बच्चो मे अधिगम विकलागता भी कम नही है। इस विकलाग-वर्ग को समन्वित शिक्षा मे क्यो शामिल नही किया गया है ?

उत्तर : समन्वित शिक्षा में यथाशीघ्र इस वर्ग को शामिल किए जाने के प्रयत्न हो रहे है। उपर्युक्त वर्गों के विकलागों की पहचान और परख पहले से ही हो रही थी। अत उन्हे समन्वित शिक्षा मे स्थान मिल गया। अधिगम विकलागो की परख-पहचान पर अभी कार्य शुरू हुआ है। इसलिए इस दिशा में 'विलम्ब' कहा जा सकता है।

प्रश्न : आपने कई अवसरो पर कहा है कि विकलाग शिक्षा को हमारे देश मे समाज कल्याण कार्य ही माना गया है। आज भी समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत विकलांगो के विशिष्ट विद्यालय चल रहे है। क्या विकलागो की शिक्षा मानव संसाधन मंत्रालय के शिक्षा विभाग के आधीन हो गई है ?

उत्तर : विकलांगो की शिक्षा पूर्णरूपेण शिक्षा विभाग को हस्तांतरित नही हुई। विशेष विद्यालय अब भी समाज कल्याण विभाग के आधीन है। यह महसूस किया जा रहा है कि इस दिशा मे कुछ तर्कसंगत कदम उठाए जाएं। इस ओर प्रयास हो रहा है। केवल समन्वित शिक्षा को ही शिक्षा विभाग ने अपने आधीन लिया है।

प्रश्न : आपने कई अवसरो पर यह भी कहा है कि मानव ससाधन मत्रालय की विकलांगों के लिए समन्वित शिक्षा की स्कीम के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्य सरकारों को सौंपी गई है। किन-किन राज्यो मे यह स्कीम शुरू हो गई है ?

इस समय प्रशिक्षण कई स्तरो पर विभिन्न अवधियों से चल रहे हैं। उनका कोई मानकीकृत स्वरूप और अवधि निश्चित नही है। प्रशिक्षण के मानकीकरण का कार्य शुरु हो गया है।

समन्वित शिक्षा भी सामान्य शिक्षार्थियों के लिए स्वीकृत पाठ्यक्रम के आधार पर दी जाती है। अधिकांशत: सामान्य कक्षा मे सामान्य शिक्षको द्वारा शिक्षण होता है।

उत्तर : जिन राज्यो मे यह स्कीम शुरू हो गई है, वे है— बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, केरल, कर्नाटक तथा सघ-क्षेत्र दिल्ली व अडमान निकोबार।

प्रश्न : समन्वित शिक्षा स्कीम में प्रत्येक राज्य मे इसके मूल्यांकन कराने का भी प्रावधान है। क्या इन राज्यो मे समन्वित शिक्षा का मूल्याकन प्रारम्भ हुआ है ?

उत्तर : सभी राज्यो तथा सघ शासित क्षेत्रो मे मूल्याकन कार्य शुरू नही हुआ है। हा, महाराष्ट्र राज्य ने टाटा इस्टीट्यूट आफ स्पेशल साइस द्वारा मूल्याकन कराया है। सघ शासित क्षेत्र दिल्ली मे काउसिल फॉर सोशल डिवलपमेट (समाज कल्याण मंत्रालय) द्वारा मूल्याकन हुआ है। राजस्थान राज्य ने मूल्याकन की व्यवस्था स्वय की है।

प्रश्न : मूल्यांकन प्रतिवेदनो के आधार पर उनकी प्रमुख निष्पत्तियो को बताने की कृपा करेंगे।

उत्तर : उपर्युक्त मूल्याकन प्रतिवेदनों के आधार पर चार प्रमुख निष्पत्तिया उल्लेखनीय है।

(1) प्रशिक्षण की अपर्याप्त सुविधा तथा प्रशिक्षित शिक्षकों तथा अन्य क्षेत्रकर्मियो की कमी।

(2) सामान्य विद्यालयो के प्रधानाचार्य तथा सामान्य शिक्षको का ओरिएन्टेशन तथा

समन्वित शिक्षा मे उनकी भागीदारी का अभाव है।

(3) समन्वित शिक्षा मे विकलाग विद्यार्थियो के लिए विशेष शिक्षण-सामग्री तथा शिक्षा-साधनो का अति अभाव है।

(4) समन्वित शिक्षा के सफल सचालन एवं क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागीय सेवाओ का समन्वयन नही हो पाया है।

प्रश्न : यदि इन मूल्याकन प्रदत्त निष्पत्तियो पर ध्यान दे तो प्रमुखत प्रशिक्षण का अभाव रेखाकित होता है। पूर्व प्रशिक्षण हो अथवा सेवाकालीन प्रशिक्षण इस दिशा मे क्या ठोस कदम उठाए जा रहे है ?

उत्तर : तरग जी, जैसा कि आप जानते हैं इस समय प्रशिक्षण कई स्तरो पर विभिन्न अवधियो के चल रहे है। उनका कोई मानकीकृत स्वरूप और अवधि निश्चित नही है। प्रशिक्षण के मानकीकरण का कार्य शुरू हो गया है। समाज कल्याण मत्रालय के आधीन एक पुनर्वास परामर्श समिति (rehabilitation council) का गठन हुआ है। इस समिति मे शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोविश्लेषण एवं मनोविज्ञान, पुनर्वास आदि विषय-क्षेत्रो के विशेषज्ञ कार्यरत हैं। यथा-शीघ्र विकलागो के चार वर्गों—चाक्षुष विकलाग, मूक-बधिर, शिक्षणीय मदबुद्धि तथा शारीरिक विकलागों के लिए विशेष शिक्षकों तथा अन्य सेवा-कर्मियों के लिए प्रशिक्षण का मानकीकृत स्वरूप एव अवधि निश्चित हो जाएगी। इससे प्रशिक्षण का अभाव और प्रशिक्षित व्यक्तियो की कमी की समस्या भी हल हो जाएगी।

प्रश्न : मूल्यांकन के विषय में एक प्रश्न और उत्पन्न होता है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने त्रैमासिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की है तथा समन्वित शिक्षा के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपकी सस्था ने मूल्याकन की दिशा मे कोई कदम क्यो नही उठाया ?

उत्तर प्रश्न महत्वपूर्ण है। राज्यो एवं संघ शासित क्षेत्र के मूल्याकन का विवरण देते समय यह सूचना कदाचित ओझल हो गई। हमारी संस्था अर्थात् राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान और प्रशिक्षण परिषद् मे विशेष शिक्षा अनुभाग राष्ट्रीय स्तर पर 'केस-स्टडी' करा रहा है। इस अध्ययन के प्रमुखत. दो उद्देश्य है—प्रमुखत. समन्वित शिक्षा के अतर्गत व्यक्ति-सबधो का अध्ययन करना अर्थात् सामान्य-विकलाग बच्चे, सामान्य-विशेष शिक्षक अभिभावक शिक्षक आदि के सम्बन्धो का गहन अध्ययन अभि-प्रेत है। दूसरे उन तत्वों का पता लगाना है जो समन्वित शिक्षा मे साधक अथवा बाधक होते हैं। तदन्तर साधक तत्वों को अपनाने और बाधक तत्वो से मुक्ति के मार्ग खोजे जा सकते हैं।

प्रश्न आपकी सस्था का विशेष शिक्षा अनुभाग समन्वित शिक्षा के अतर्गत विभिन्न विकलागो के लिए शिक्षण-सामग्री का भी निर्माण कर रहा है। इस शिक्षण सामग्री के निर्माण मे पाठ्यक्रम-विश्लेषण में क्या दृष्टि रही है ?

उत्तर यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है क्योकि समन्वित शिक्षा भी सामान्य शिक्षार्थियों के लिए स्वीकृत पाठ्यक्रम के आधार पर दी जाती है। अधिकांशत: सामान्य कक्षा मे सामान्य शिक्षको द्वारा शिक्षण होता है। इस कक्षा में भी विकलागो के लिए उनकी अपेक्षा और प्रकृति के अनुरूप संशोधित परिवर्द्धित अथवा भिन्न सहायक सामग्री की आव-श्यकता होती है। इसलिए हमने पाठ्यक्रम का तीन शिक्षण-बिंदुओ के आधार पर विश्लेषण किया है—1. सामान्य शिक्षण-सामग्री जो उनके लिए वैसी ही कक्षा मे प्रयोग की जा सकती है। 2. अतिरिक्त शिक्षण-सामग्री (विशेष शिक्षण-किट) जिसे सामान्य कक्षा मे सामान्य शिक्षक प्रयोग मे ला सकता है और 3. विशेष-सामग्री जिसका उपयोग या प्रयोग सामान्य कक्षाओ मे नही किया जा सकता बल्कि जिसे विशेष शिक्षक या ससाधन शिक्षक अलग से उपयोग मे लाएगा। इन तीन शिक्षण-बिंदुओ पर आधारित दृष्टि पाठ्यक्रम के विश्लेषण मे रही है। तदन्तर सामग्री-निर्माण का कार्य हुआ है।

प्रश्न : आपने किन-किन विकलाग वर्गों के लिए सामग्री निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया है ?

उत्तर . चाक्षुप विकलागो के लिए 'समाज-विज्ञान का किट' तैयार है। मूक-बधिर के लिए 'भाषा-विकास' की सामग्री का निर्माण हो चुका है। शिक्षणीय मदबुद्धि के लिए सामग्री-निर्माण प्रारभ करने वाले हैं। शारीरिक विकलागो को विशेष शिक्षण सामग्री की आवश्यकता होती ही नहीं है।

प्रश्न प्रशिक्षण का कार्य तो आपके अनुभाग द्वारा चलाया ही जा रहा है। प्रशिक्षण को अधिक धारदार बनाने की दिशा मे भी आपने कौन से अन्य कदम उठाए है ?

उत्तर . पूर्व-प्रशिक्षण तथा सेवाकालीन प्रशिक्षण के लिए सामाजिक चेतना विषय पर केपसूल तैयार किए गए हैं। समन्वित शिक्षा-प्रबध पर कार्य हुआ है। कुछ विडियो फिल्म भी तैयार की गई है जिनका प्रयोग नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत शिक्षको के प्रशिक्षण के दौरान हो रहा है।

प्रश्न : समन्वित शिक्षा की स्कीम मे ससाधन कक्ष का भी उल्लेख है। विकलागो के लिए उपकरणो तथा विशेष शिक्षण-साधनों की क्या कोई सूची भी तैयार की गई है ?

उत्तर : हा, चाक्षुष विकलाग तथा मूक-बधिर विकलागो के लिए संसाधन कक्ष के उपकरण एव सामग्री की सूची तैयार की गई है। इसका लाभ सभी विद्यालय उठा सकते हैं।

प्रश्न · समन्वित शिक्षा अभी शिशुता में है, फिर भी इस क्षेत्र मे अनुसंधान की उपादेयता से इकार नहीं किया जा सकता। इस क्षेत्र में अनुसधान-कार्य भी हुए हैं। अनुसधान के विषय मे आपकी सस्था क्या कर रही है ?

उत्तर : हमारी सस्था के अलावा विश्वविद्यालय के विभाग भी अनुसधान कराते रहे है। समन्वित शिक्षा की लाभकारी जानकारी इन अनुसधानो से मिल सकती है। हमारी सस्था ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागो—मनोविज्ञान, शिक्षा, समाज-विज्ञान एव समाज कार्य आदि मे जो अनुसंधान हुए है (मास्टर डिग्री तथा पी-एच० डी० के अनुसधान) उनका सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया है। यथाशीघ्र यह प्रकाशित होने वाला है। इसके अतिरिक्त हमारी सस्था का विशेष शिक्षा अनुभाग 'अनुसधान ओरियेन्टेशन एव विकास' का कार्यक्रम अपने हाथ मे ले रहा है। प्रबुद्ध अनुसंधान कर्त्ताओ को अनुसधान की प्रेरणा देना, अनुसधान प्रारूप तैयार कराना और अनुसधान के लिए धन अथवा अनुदान प्राप्त कराना इन कार्यक्रम के प्रमुख लक्ष्य हैं। कदाचित हम जून 1987 से इस अनुसधान कार्य को आरम्भ कर देंगे। तीसरे सहयोगी अनुसधान के लिए भी हमारी सस्था कार्य प्रारम्भ करेगी। इससे समन्वित शिक्षा-अनुसधान को गति मिलेगी।

प्रश्न और अब अन्त मे एक प्रश्न और। अनुसधान कार्यों के प्रतिवेदन प्राय: इतने पारिभाषिक होते है कि सामान्य शिक्षक तथा अन्य सेवाकर्मी के पल्ले नहीं पड़ते। अनुसधान की आवश्यक जानकारी प्रत्येक क्षेत्रकर्मी को मिले इस दिशा मे आप क्या कुछ करने जा रहे हैं ?

उत्तर · यह बात सही है कि अनुसधान का लाभ क्षेत्रकर्मी प्रतिवेदन की जटिलता के कारण नही उठा पा रहे। हम प्रयास करना चाहेंगे कि उन अनुसधानों के आधार पर निहितार्थ को क्षेत्रकर्मियो तक पहुचाने के लिए कुछ हैंडबुक तैयार करवाए और वितरित करें।

आपका आभार व्यक्त करते हुए मैं इस विचार के आचारबद्ध होने की कामना करता हू। बहुत-बहुत धन्यवाद !

□□

अधिगम विकलांग पठन-शिक्षण —एक प्रयोग

कुमारी इतरत
राजेश कुमारी

अधिगम विकलाग बच्चो की जाच-परीक्षण और शिक्षण के दौरान अधिगम विकलागो की पठन-समस्याओ के अध्ययन और शिक्षण के लिए एक प्रयोग-योजना बनाई गई है। इस प्रयोग-योजना का विवरण प्रस्तुत लेख का प्रयोजन है।

पठन-बोध संप्राप्ति में विकलांग बच्चों का पिछड़ापन स्पष्ट विदित होता है। प्रयोग-योजना में दिए गए उपाय इस पिछड़ेपन को दूर करने में सहायक हो सकते है।

अधिगम विकलांग बच्चे जिन क्षेत्रो मे संप्राप्ति का ह्रास प्रकट करते हैं उनमे पठन बहुत महत्वपूर्ण है। अधिगम विकलागो की शिक्षा मे विशेष शिक्षक के लिए पठन-शिक्षण जरूरी हो जाता है। कहने की आवश्यकता नही कि अधिगम विकलाग बच्चो में पठन-ह्रास के सामान्य लक्षण नही दिखाई देते बल्कि वे इतने वैयक्तिक होते हैं कि पठन की समस्या मे कोई दो अधिगम विकलांग बच्चे भी प्राय. समान नही होते। अधिगम विकलांग बच्चों की पठन समस्याओ की जाच या उनका त्रुटि-विश्लेषण कोई कठिन कार्य नही है। जटिलता तब खड़ी होती है जब समस्याओ और त्रुटियो के आधार पर निदान-विश्लेषण किया जाता है। कई बार निदान-विश्लेषण से भी उपचार शिक्षण को सही दिशा नहीं मिलती क्योंकि निदान वस्तु सप्राप्ति पर आधारित होता है, जिससे अधिगम प्रक्रिया की गडबडी का पता नहीं चलता। साथ ही यहा यह उल्लेख कर देना भी उचित प्रतीत होता है कि उस गड़बडी के ज्ञान के अलावा अधिगम प्रक्रिया के लिए वांछित कौशल और योग्यता का क्रम निर्धारण भी आवश्यक माना जाता है क्योकि उन कौशलो और योग्यताओ के आधार पर शिक्षण-सामग्री और शिक्षण युक्तियों की रचना संभव है।

अधिगम विकलाग बच्चों की जाच-परीक्षण और शिक्षण के दौरान अधिगम विकलागो की पठन-समस्याओ के अध्ययन और शिक्षण के लिए एक प्रयोग-योजना बनाई गई है। इस प्रयोग-योजना का विवरण प्रस्तुत लेख का प्रयोजन है।

इस प्रयोग के निदेशक डॉ० जयपाल तरग ने उपकरण परीक्षण निर्माण का शिक्षण तथा शिक्षण युक्तियो की रचना मे पूर्ण योगदान दिया।

कक्षा पांच के दो अधिगम विकलांग बच्चो को पठन-समस्या अध्ययन के लिए चुना गया। ये दोनो बच्चे जामिया मिडिल स्कूल मे समन्वित शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। गणित, वर्तनी, लेखन और पठन मे इनके लिए विशेष शिक्षा की व्यवस्था है। विशेष शिक्षक इन बच्चों पर कक्षा पाच के लिए, प्रस्तावित पठन सामग्री का उपयोग करते है। प्राय एक पाठ को पांच पाठो में बाटकर पढ़ाते है, लेकिन इनकी पठन सप्राप्ति पर कोई उत्साहवर्धक परिणाम दृष्टिगोचर नही होता।

भारत मे भारतीय भाषाओ को लेकर पठन-स्तर निर्धारण करने वाले परीक्षण-पत्र नही है। उर्दू भाषा के संदर्भ मे इनका और भी अभाव है। अत प्रस्तुत प्रयोग के पूर्व परीक्षण के लिए तथा वैयक्तिक शिक्षण युक्तियो का उपलब्धि आधार निश्चित करने के लिए एक परीक्षण पद्धति अपनानी पडी। इसकी रूपरेखा और अन्तिम स्वरूप का निर्णय कक्षा पाच के उर्दू अध्यापक, स्कूल के विशेष शिक्षक तथा प्रयोग निदेशक के परामर्श से लिया गया। इसी समन्वित दल ने कक्षा पाच के दो ऐसे सामान्य विद्यार्थियो का भी चुनाव किया जो पठन-समस्या से मुक्त स्वीकार किए गए थे। इस चुनाव का आशय अधिगम

विकलाग बच्चो को तुलनात्मक रूप मे जांच करने और शिक्षण युक्तियो के निर्धारण के लिए रखा गया । अधिगम विकलाग बच्चो की सामान्य जानकारी प्रस्तुत है ।

विकलाग—1—रिजवाना (बालिका)
आयु —13 वर्ष, कक्षा—पाच
स्कूल —जामिया मिडिल स्कूल
(जामिया नगर, नई दिल्ली)
पिता —राजकीय मिडिल स्कूल में शिक्षक
माता —सामान्य घरेलू औरत
परिवार के अन्य सदस्य—पाच बहनें एक भाई ।
दो बडी बहनें ।
प्रयोग विशेष शिक्षक—कुमारी इतरत
विशेष सहयोग —राजेश कुमारी

विकलांग—2 —इरफान उल्ला (बालक)
आयु —12 वर्ष
कक्षा —पांच
स्कूल —जामिया मिडिल स्कूल
(जामिया नगर, नई दिल्ली)
पिता —अधिकारी, दिल्ली राज्य सेवा
माता —सामान्य घरेलू औरत
परिवार के सदस्य —दो बहने और चार भाई ।
प्रयोग विशेष शिक्षक —कुमारी इतरत
विशेष सहयोग —रफत परवीन

सामान्य बच्चों की जानकारी

सामान्य—एक—शेहला (बालिका)
आयु —10 वर्ष
कक्षा —पाच
स्कूल — जामिया मिडिल स्कूल
— (जामिया नगर, नगर दिल्ली)
अन्य जानकारी—आवश्यक नही ।

सामान्य—दो — सिकन्दर मिर्जा (बालक)
आयु —10 वर्ष
कक्षा —पाच
स्कूल —जामिया मिडिल स्कूल
(जामिया नगर, नई दिल्ली)
अन्य जानकारी—आवश्यक नही ।

इन चार बच्चो के चुनाव के बाद परीक्षण तैयार किया गया, जिसके तीन सप्राप्ति मूल्याकन बिन्दु थे ·

1 मुखर पठन-गति
2. मुखर पठन की समस्याए
—उच्चारण
—अनुतान
3. पठन-बोध

इन तीनो मूल्याकन बिन्दुओं पर आधारित परीक्षण तैयार करने के लिए सबसे पहले एक पठन-अश विकलाग एक तथा सामान्य एक के लिए तथा दूसरा पठन-अश विकलाग दो तथा सामान्य दो के लिए निर्धारित किए गए । इसका निर्णय उर्दू शिक्षक, विशेष शिक्षक तथा प्रयोग-निर्देशक द्वारा तय किया गया । यह अश प्रस्तावित उर्दू की पाठ्य-पुस्तक से वर्णन सम्पूर्णता के आधार पर लिया गया । पठन-गति परीक्षण मे परीक्षार्थियो को निर्देश दिया गया था कि एक बार मौन पाठ कर ले । मौन पाठ के बाद मुखर-पाठ करे । परीक्षण प्रयोग के प्रारंभ और अत के समय की अवधि का स्टॉप-वाच की सहायता से समय नोट किया गया । सहयोगी सहायक ने उच्चारण की अशुद्धियो और अनुतान की त्रुटियो को रेखांकित किया । पठन-अश की तीन प्रतिया परीक्षणार्थी प्रयोग-प्रबन्धक और सहयोगी के पास थी । परीक्षण वैयक्तिक आधार पर दिए गए । पठन-अश एक, विकलाग एक तथा सामान्य एक को दिए गए । तथा पठन-अंश दो विकलाग दो तथा सामान्य दो को दिए गए । प्रत्येक अश पर आठ-आठ प्रश्न मौखिक रूप में परीक्षणार्थियों से पूछे गए थे । प्रश्न समझ में आने पर बच्चो के आग्रह पर दोहराये गए थे । यहा तक कि विकलाग एक और दो को चार-चार बार सरल करके प्रश्न पूछे गए । उनके मौखिक उत्तर टेप किए गए और समन्वित दल के निर्णय के अनुसार प्रश्नों को सही और गलत ठहराया गया ।

संप्राप्ति का ब्यौरा

पठन-गति संप्राप्ति

सारणी 1 मे पठन-गति सप्राप्ति का ब्यौरा दिया गया है।

पठन गति मे अधिगम विकलाग बच्चे सामान्य के अपेक्षा बहुत अधिक पिछड़े हुए है। इस गति का आधा पद लिया गया था। लेकिन अधिगम विकलागो का निदानात्मक अध्ययन भी किया गया तो पाया कि वे सिलेबिल के अनुसार नही पढ़ते बल्कि वर्णो के हिज्जे करके पढ़ते हैं। इससे भी उनकी पठन गति धीमी रहती है। आखो की गति भी धीमी पाई गई।

मुखर पठन योग्यता मे विकलाग एक तथा सामान्य एक मे 18% तक अतर है। 18% त्रुटियां विकलाग एक मे विद्यमान है। त्रुटिया उच्चारणगत हैं और अनुतानगत हैं जिसका विश्लेषण निदान और उपचार अपेक्षित है।

पठन-बोध सप्राप्ति मे विकलाग बच्चो का पिछडापन स्पष्ट विदित होता है। विकलाग सख्या एक को एक चौथाई पठन अंश की सप्राप्ति हुई जबकि विकलाग सख्या दो को एक तिहाई पठन अश की सप्राप्ति हुई।

सामान्य बच्चो मे एक को अधिकांश पठन अश की सप्राप्ति हुई जबकि दो को पूर्ण सप्राप्ति हुई। संप्राप्ति के अभाव का भी त्रुटि विश्लेषण किया गया। त्रुटि विश्लेषण के बाद निदान अध्ययन किया गया। उपचार-शिक्षण

सारणी 1

अधिगम विकलांग तथा सामान्य बच्चों की पठन गति-शब्द प्रति मिनट के अनुसार

अधिगम विकलांग संख्या	संप्राप्ति	सामान्य संख्या	संप्राप्ति
एक	16.54	एक	84.65
दो	18.66	दो	80.00

सारणी 2

मुखर पठन की योग्यता वस्तु प्रतिशत में प्रस्तुत है

विकलांग संख्या	संप्राप्ति	सामान्य संख्या	संप्राप्ति
एक	82%	एक	100%
दो	·02%	दो	100%

सारणी 3

विकलांग तथा सामान्य बच्चो की पठन-बोध संप्राप्ति प्रतिशत में

विकलांग संख्या	संप्राप्ति	सामान्य संख्या	संप्राप्ति
एक	25%	एक	87.5
दो	37.5	दो	100

युक्तियो पर अभी कार्य चल रहा है। निदान की आवश्यक जानकारी इस प्रकार है—

1. विकलांग बच्चे स्थान-घटना की सूचना प्राप्त करने की योग्यता रखते हैं।
2. विकलांग बच्चे नाम, तिथि और घटना की सूचना प्राप्त करने की योग्यता रखते हैं।
3. विकलाग बच्चे सामान्य सूचना को अभिव्यक्त करने की योग्यता रखते हैं।
4. विकलांग बच्चे कार्य-कारण सम्बन्धों को बता पाने में अयोग्य हैं।
5. विकलाग बच्चे पठित सामग्री के आधार पर नतीजा निकालने में अयोग्य हैं।
6. विकलाग बच्चे सार-लेखन मे अयोग्य हैं।

4, 5 तथा 6 के अन्तर्गत वर्णित अयोग्यता के निदान के लिए अभी और कार्य करना पड़ेगा ताकि इन अयोग्यताओं के अधिगम विकारो का पता लगाया जा सके।

वैयक्तिक शिक्षण युक्तियों का निर्माण

प्रस्तुत प्रयोग के अन्तर्गत 'पठन-गति' को वैयक्तिक शिक्षण युक्तियों के निर्माण के लिए स्वीकार किया गया। पठन-गति का पिछड़ापन ज्यादा गौरतलब था। पठन के यात्रिक पक्ष मे आखो की गति का प्रशिक्षण जरूरी होता है। पठन-गति के अभाव के तीन कारण विशेष तौर पर नोट किये गये। प्रथम, बच्चों की आंखो की गति भी मंद चाल वाली मिली। दूसरे, अक्षरों को मिलाकर पढने मे भी कठिनाई पाई गई। तीसरे, आखे जिस शब्द को देखती उसी को उच्चरित करने के बाद अगले शब्द पर जाती थी। इससे अनुतान भी बिगडता और गति भी कम होती।

अत: विकलाग बच्चों के लिए इन्ही तीनो शिक्षण-प्रशिक्षण बिन्दुओ पर आधारित युक्तियो का निर्माण किया गया। सबसे पहले उर्दू पढने के लिए दाएं से बाएं आखों को जल्दी-जल्दी घुमाने का प्रशिक्षण दिया गया। यह अभ्यास तीन प्रकार की ग्राफिक युक्तियो से दिया गया।

आकृति 1 . तीर के निशान से आंखों की गति का विकास

विकलाग बच्चो से कहा गया कि वे दाहिनी ओर से बायी ओर और फिर उसके नीचे तीर के निशान के साथ तेजी से देखते जाए। बच्चो को यह अभ्यास दस-दस मिनट के अतराल से पाच-पांच बार कराया गया। सामान्य प्रेक्षण के आधार पर यह निश्चित किया गया कि आख गति में वृद्धि हुई है।

अभ्यास-चरण प्रथम

आकृति 2 मे पाच रेखाओं मे बिंदु और पाइटर के तीर के निशान दिए गए है। विशेष शिक्षक ने अपनी अभ्यास गति के आधार पर धीमी गति से तीव्र गति का अभ्यास कराया। बच्चों को पाइंटर के साथ बिन्दुओं पर

आकृति 2 : पाइटर के साथ रेखाओ पर बिन्दुओं के सहारे आंख ग.त अभ्यास

दृष्टि चलानी होती थी। इसका अभ्यास आकृति एक की तरह ही लिया गया। सामान्य प्रेक्षण के आधार पर यह निश्चित किया गया कि आख की गति मे वृद्धि हुई है।

अभ्यास-चरण द्वितीय

आकृति-2 पर एक अभ्यास बच्चो से स्वय कराया गया। पेंसिल कटर को बिन्दुओ वाली रेखा पर तेजी से दाहिनी ओर से बायी ओर ले जाने का अभ्यास कराते थे। इस कार्य में अभिभावकों की भी सहायता ली गई।

ہم ندی پر گھومنے گئے۔
ندی پر گھومنے گئے۔
پر گھومنے گئے۔
گھومنے گئے۔
گئے۔

ندی پر ہم نے بگلے دیکھے۔
پر ہم نے بگلے دیکھے۔
ہم نے بگلے دیکھے۔
نے بگلے دیکھے۔
بگلے دیکھے۔
دیکھے۔

आकृति 3

अभ्यास-चरण तृतीय

ाकलाग बच्चो को 'शब्द' (पद) को सिले- पढने का अभ्यास कराया गया। जैसे दमी। आमद 'नी'=आमदनी। इससे पढने लाने और शीघ्र पढने के प्रयास पर बल ह अभ्यास भी पूर्ववत चला।

चतुर्थ : देखें अगला पढ़ें पहला शब्द

ार पैड पर दो शब्दो, तीन शब्दो और चार य वाक्य लिखे गए। एक कागज से उन्हें इस ता था कि पढा गया शब्द शुरू होते ही वह पढते समय बच्चा अगले शब्द को देखना शुरू कर दे। पहला शब्द पढ़े और दूसरा शब्द देखे। पठन गति विकास की शिक्षण-युक्ति का प्रयोग किया गया।

यह अभ्यास भी दस-दस मिनट के अतराल से कराया गया था। इस अभ्यास को इतने समय जारी रखा गया जितने मे दोनो बच्चो को इसकी मश्क न हो गई कि वह पहला पढ़े और अगला शब्द देखे। प्रेक्षण के लिए दर्पण का प्रयोग भी किया गया जिससे प्रयोक्ता आखो की गति को समझता चले और वृद्धि का आकलन करता रहे।

तीन सप्ताह मे एक घटा प्रतिदिन के हिसाब से इन युक्तियों को चलाया गया। आखो की थकन की शिकायत पर अभ्यास के दौरान विश्राम दे दिया जाता था। तीन सप्ताह के बाद दोनो विकलाग बच्चों को एक सामान्य

पठन-अंश उनकी पाठ्य-पुस्तक से दिया गया। यह निर्णय भी समन्वित दल ने किया था।

दोनो बच्चो को एक बार मौन पाठ के लिए निर्देश दिया गया। उसके बाद मुखर पाठ शुरू कराया गया। दोनो बच्चों को अलग-अलग घटों मे पाठ कराया गया। आरम्भ और अन्त की अवधि को स्टॉप-वॉच की मदद से नोट किया गया, जिसका ब्यौरा सारणी-4 में अंकित है।

सारणी-4

पठन गति प्रति मिनट शब्दों में

विकलांग	सं० प्राप्ति
एक	48
दो	50

दोनो अधिगम विकलाग बच्चों की पठन-गति में लगभग तीन गुना लाभ प्राप्त हुआ। इसी प्रकार यदि अभ्यास देते रहेंगे तो इनका प्रतिशत 80 के करीब लाया जा सकता है। किसी प्रकार के सांख्यकी विश्लेषण की जरूरत नहीं है। गति विकास स्वय स्पष्ट है।

निष्कर्ष

1. अधिगम विकलाग बच्चों की पठन गति बढ़ाने के लिए आखो की गति का विकास अभ्यास लिपि की आवश्यकता के अनुरूप चलाने से लाभ होता है।
2. अधिगम विकलाग बच्चों को पेंसिल कटर आदि के अभ्यास से आखो की गति को बढ़ाने मे मदद मिलती है।
3. अधिगम विकलांग बच्चो को विशेष शिक्षक द्वारा पाइंटर की मदद से आखो की गति बढाने मे लाभ होता है।
4. स्वयंसेवी अभ्यास मे अभिभावको की सहायता से आंखो की गति मे तीव्रता आती है।
5. 'देखो अगला बोलो पहला' शब्द अभ्यास से विकलांग बच्चो की पठन गति बढ़ती है। □□

सन्दर्भ

1 हाल हैन, डी. पी. एंड कॉफ मैन जे. एम., **इन्ट्रोडक्शन टू लर्निग डिसएबीलीटीज, ए साएको बिहेवियरल अप्रोच**, प्रिन्टिस हाल इन्क, इगिलवुड क्लिफ्स 1976.

2. सुतारिया, एस. डी., **स्पेसिफिक लर्निग डिसएबिलीटीज, नेचर एण्ड नीड**, चार्ल्स सी. टोम्स, पब्लिशर्स, स्प्रिग फील्ड, 1985.

3. डॉ० तरग, जयपाल, **अधिगम विकलांग बच्चों की शिक्षण-व्यूह-रचना**, भारतीय आधुनिक शिक्षा, त्रैमासिक पत्रिका, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली 110016.

4. डा० तरग, जयपाल, **विकलांग बच्चों की पठन समस्याए, त्रुटि विश्लेषण, निदान एव उपचार**, विभागीय प्रस्तुति—जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली.

पुस्तक-समीक्षा

भारतीय शिक्षा की नई दिशा

डा० के० के० वशिष्ठ एव
डा० डी० एल० शर्मा
(इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस)
वितरक—लायल बुक डिपो, मेरठ
पृष्ठ सख्या · 110; मूल्य : 25 00 रुपए

समीक्ष्य पुस्तक 'भारतीय शिक्षा की नई दिशा' में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 एवं क्रियान्वयन कार्यक्रम के आधार पर रचित सामग्री प्रस्तुत की गई है। यह सामग्री ग्यारह अध्यायो में विभाजित करके सग्रहीत है। वस्तुत इस पुस्तक मे शिक्षा नीति तथा तत्सम्बन्धी क्रियान्वयन के प्रत्येक पक्ष पर जानकारी प्रदान करने के प्रयास किए गए हैं। ये प्रयास सूचना-सम्प्रेषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण और भारतीय शिक्षा के भविष्य को समझने की दृष्टि से मार्ग-दर्शक कहे जा सकते है।

सर्वप्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अन्तर्गत प्रस्तावना के साथ-साथ शिक्षा की प्रकृति एवं भूमिका का विवेचन हुआ है। न्याय, स्वतन्त्रता, विश्वस्त समानता तथा भ्रातृत्व जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षा को एक सशक्त माध्यम स्वीकार किया गया है। इस दिशा मे अनेक प्रयासो की जानकारी सूचनाओ के माध्यम से दी गई है। इसी प्रसंग मे अगस्त 1985 में प्रकाशित "चैलेंज ऑफ एजूकेशन—ए पॉलिसी परस्पेक्टिव" का विवरण भी दिया गया है। इसके प्रकाशन के उपरांत देश भर मे शिक्षा नीति पर भरपूर बहस हुई और परिणामस्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 पर ससद ने स्वीकृति की मोहर लगा दी। शिक्षा नीति का शीर्षकनुमा ब्यौरा भी इस अध्याय मे उपलब्ध है। क्रियान्वयन की व्यूहरचना के लिए कार्यदलो का उल्लेख भी किया गया है जिसके आधार पर निहितार्थों की व्याख्या और क्रियान्वयन की प्रस्तुति हुई है। शिक्षा की प्रकृति एवं भूमिका के विषय मे निम्न उद्धरण दृष्टव्य है—

"शिक्षा अर्थव्यवस्था के विभिन्न स्तरो एव क्षेत्रो के लिए मानव शक्ति का विकास करती है। साथ ही यह राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता का मूलमत्र, शोध एव अभिवृद्धि है। अत· शिक्षा वर्तमान एवं भविष्य के लिए उत्तम निवेश है।"

राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत दो पृष्ठ की अपर्याप्त सामग्री मे राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढाचे का सक्षिप्त विवरण सार्थक सहभागित्व के साथ दिया गया है। समानता के लिए शिक्षा के प्रसग मे महिलाओ की समानता के लिए अनुसूचित जातियो/जनजातियो तथा पिछडे वर्ग के शिक्षा अल्पसंख्यको की शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा व पूर्व बाल्यावस्था शिक्षा मे स्वैच्छिक प्रयत्न, छात्रवृत्ति योजनाए, विकलागो की शिक्षा आदि पर प्रावधान तथा क्रियान्वयन व्यूह-रचनाओ की स्पष्ट और पर्याप्त जानकारी प्रस्तुत की गई है।

'विभिन्न अवस्थाओ पर शिक्षा का पुनर्गठन' के अन्तर्गत पूर्व-बाल्यावस्था-देखभाल एव शिक्षा, समन्वित बाल विकास सेवाए, दिवस रक्षा केन्द्र तथा प्रशिक्षण की क्रियान्वयन की व्याख्या की गई है। प्राथमिक शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा और आपरेशन ब्लैक बोर्ड की व्याख्या, प्रावधान एव कार्यान्वयन की व्यूह रचनाओ पर प्रकाश डाला गया है। नवोदय विद्यालय के लक्ष्य और क्रियान्वयन कार्यक्रम का ब्यौरा दिया गया है। शिक्षा के व्यावसायीकरण का प्रारूप और क्रियान्वयन भलीभाति समझाया गया है। अध्यापक-प्रशिक्षण की व्याख्या प्रस्तुत की गई

है। खुला विश्वविद्यालय तथा दूरगामी अधिगम का क्रियान्वयन कार्यक्रम स्पष्ट किया गया है। उपाधियों को रोजगार और जनशक्ति नियोजन से असम्बद्ध करने का स्पष्टीकरण दिया गया है। अनुसधान एवं विकास पर भी सामग्री प्रस्तुत की गई है। तकनीकी एव प्रबधकीय शिक्षा का ब्यौरा भी पेश किया गया है।

शिक्षा प्रणाली को किस प्रकार क्रियाशील बनाना है, इसका पूर्ण विवरण समीक्ष्य पुस्तक मे उपलब्ध है। शिक्षा की विषयवस्तु एव प्रक्रिया का अभिनवीकरण प्रत्येक स्तर के आधार पर व्यक्त किया गया है। शिक्षक तथा उसका प्रशिक्षण किस प्रकार प्रभावी बनाया जा सकता है, और तत्सबधी समस्याओ एव सभावनाओ का सार प्रस्तुत गया किया है। शिक्षा प्रबन्ध के विषय मे क्रियान्वयन-कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर तथा स्थानीय स्तर के सदर्भ मे दिया गया है।

ससाधन, समीक्षा और भविष्य के अन्तर्गत तीनो बिन्दुओ पर आधारित साराशपरक सामग्री दी गई है। अन्त मे "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986—एक झलक" वस्तुतः झलक ही है। अर्थात् इसकी प्रस्तुति सार-टिप्पणी मे हुई है।

समीक्ष्य पुस्तक की एक विशेषता यह है कि इसमें पारिभाषिक शब्दों को हिन्दी के साथ अंग्रेजी मे भी दिया गया है। निश्चय ही इससे पाठक को पठन-सुविधा मिलती है। शिक्षा के विषय पर हिन्दी भाषा को उपयोगी बनाने का प्रयास भी इस पुस्तक मे हुआ है। सदर्भ-सूची देने मे प्रथम साक्ष्य का परिचय भी मिल जाता है। विवरण से कई स्थल ऐसे प्रतीत होते है, जहा व्याख्या मे कोई न कोई कसर रह गई है इसका आभास होता है। वस्तुत यह लेखको के प्रयास की कमी नही है बल्कि मूल नीति के क्रियान्वयन मे कई बाते फिसल गई है। इस पुस्तक में किसी भी पक्ष पर समीक्षात्मक टिप्पणी या विमर्श प्रस्तुत नही किया गया। सामान्यतः यह शिक्षा नीति-क्रियान्वयन का विवरण मात्र ही है।

—**डा० मानसिंह वर्मा**
अध्यक्ष हिन्दी विभाग
मेरठ कालिज, मेरठ

समाचार संपादन और पृष्ठ सज्जा

डा० रमेश कुमार जैन
दी यूनिवर्सल बुक डिपो, राजा पार्क, जयपुर
पृष्ठ संख्या : 268; मूल्य : 75.00 रुपए

राष्ट्र के विकास मे प्रत्येक अध्ययन-क्षेत्र का अपना योगदान रहता है। पत्रकारिता विकास की गति को तीव्र करने मे आलोक भी उडेलती है और अधेरी तथा अधी गलियों को भी दिखाती चलती है। कहने का अभिप्राय यह है कि आजकल प्रसार के माध्यमों मे पत्रकारिता ने भी अपना अध्ययन-क्षेत्र प्रतिष्ठित कर लिया है। इतना ही नहीं पत्रकारिता की शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सार्थक शुरुआत हो गई है। विशेष योग्यता के भी अनेक उप-विषय पत्रकारिता को शास्त्र का दर्जा दिला चुके है। इस अध्ययन-क्षेत्र की मूलभूत सामग्री तथा सदर्भ ग्रथो की भाषा अधिकांशत अंग्रेजी या अन्य विदेशी भाषाए है। भारतीय भाषाओं मे सामग्री और शास्त्र का अभाव है। धीरे-धीरे इस दिशा में प्रयत्न हो रहे है। हिन्दी भाषा में भी पत्रकारिता विषयक ज्ञानवर्द्धक सामग्री का प्रकाशन प्रारम्भ हो गया है। समीक्ष्य पुस्तक भी इसी कोटि का प्रकाशन है।

प्रकाशक का यह कथन सत्य ही है कि "भारत मे पत्र-कारिता विगत कुछ वर्षों मे एक उद्योग के रूप में उभर कर आ रही है। अत. आज पत्रकारिता के वैज्ञानिक रीति से अध्ययन-अध्यापन तथा इसके अवयवों के परिचय की महती आवश्यकता है।" प्रस्तुत पुस्तक "समाचार-सपादन और पृष्ठ सज्जा" मे परिशिष्ट, चार्ट तथा चित्रों को छोड कर सोलह अध्यायो मे पत्रकारिता के अनेक महत्वपूर्ण अवयवो की जानकारी प्रदान की गई है। एक ओर जहां समाचार सपादन और पृष्ठ सज्जा के सैद्धांतिक और तक-नीकी पक्ष पर प्रकाश डाला गया है वही उनपर व्यावहारिक आधुनिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी विचार किया गया है।

समाचार की परिभाषा प्रस्तुत करने में लेखक ने अनेक विद्वान आचार्यों के मत सम्मत दिए हैं। लेखक ने समाचार के तत्व, तात्कालिकता, निकटता, आकार, महत्व और विचित्रता का विशद वर्णन किया है। समाचार चयन

और सपादन के महत्वपूर्ण बिन्दुओ को विमर्श का आधार बनाया है, तथ्य चयन से लेकर प्रिंट आर्डर तक के प्रत्येक तकनीकी और तथ्यपरक प्रस्तुति को विचार का विषय बनाया है। यह ज्ञानवर्द्धक सामग्री सम्पादक की निर्णय-क्षमता को विकसित करने मे सहायक रहेगी।

सम्पादकीय विभाग के अन्तर्गत प्रबध-अनुशासन-सगठन को प्रभावी बनाने के मसलो को उठाया गया है। सम्पादक के अतिरिक्त व्यग्य चित्रकार, पुस्तकालय अध्यक्ष, गैर पत्रकार, प्रबध कर्मचारी तथा मुद्रणालय कर्मचारी के विषय मे उपयोगी व्याख्या दी गई है। उपसम्पादक के सदर्भ मे कार्य और उत्तरदायित्व के साथ समाचार-सपादन के समय ध्यान रखने योग्य बातों का गहराई से विवेचन किया गया है। उपसम्पादक के भौतिक तथा बौद्धिक उपकरणो की चर्चा की गई है। कापी सम्पादन के उद्देश्य तथा उपसम्पादक के गुणो का सविस्तार वर्णन किया गया है।

"समाचार प्रस्तुतिकरण एव पृष्ठ सज्जा" के अतर्गत समाचार-पत्र की भाषा, शीर्षक के औचित्य, लीड की समस्या आदि का विवरण उदाहरणो की सहायता से प्रकट किया है। ले-आउट का विवरण साजसज्जा के मूलभूत सिद्धान्तो के सदर्भ मे दिया गया है। शीर्षक पर एक अध्याय मे विस्तार के साथ विवेचन किया गया है। आवरण कथा एव स्तभ, प्रैस फोटोग्राफी, कार्टून, सदर्भ पत्रकारिता, पत्राचार आचार-सहिता, रेडियो समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रेस कानून, प्रूफ संशोधन तथा प्रेस शब्द सूची-विषय पर अलग-अलग अध्यायों मे विचार किया गया है। इन सभी की विवेचना मे पत्रकारिता के व्यावसायिक ज्ञान का परिचय मिलता है।

पत्रकारिता के विविध आयामो के प्रकाशन मे शिक्षा पत्रकारिता के सदर्भ छूट गए है या यो कहिए समाचार-पत्रो मे शिक्षा पत्रकारिता का कमजोर पक्ष है। पत्रकारिता के अतिरिक्त प्रत्येक शिक्षक को इस पुस्तक से कई लाभ सभव है। पाठ्यक्रमी क्रियाओ, परियोजनाओ तथा अनुसधानपरक क्रियाओं के अतर्गत हस्तलिखित पत्रिका प्रकाशन, भीति पत्रिका प्रकाशन तथा अन्य किसी विषय पर संकलन आदि तैयार करने-कराने के संबंध मे पत्रकारिता के तकनीकी तथा बौद्धिक अवयवों की जानकारी से प्रेरणाप्रद ज्ञानार्जन तथा शिक्षण व्यूह-रचनाओ से सृजनात्मक लाभ उठाया जा सकता है। इससे समाचार-शिक्षा के कार्यक्रम चलाने में भी विद्यालय को सहायता मिल सकती है।

डा० अविनाश चन्द्र शर्मा
अध्यक्ष, शिक्षा विभाग
जैन कालिज, बडौत, मेरठ

बाल स्वास्थ्य और बाल शिक्षा
सत्यपाल रुहेला
प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मत्रालय
पटियाला हाउस, नई दिल्ली-110001
पृष्ठ सख्या : 132; मूल्य 13.00 रुपए

प्रस्तुत पुस्तक मे लेखक ने बाल स्वास्थ्य और बाल शिक्षा के विभिन्न पहलुओ पर विचार प्रकट किए हैं। 1979 मे अंतर्राष्ट्रीय बाल वर्ष मनाया गया। इस वर्ष से ही बालक के अधिकारो की चर्चा शुरू हुई। 'बाल अधिकार' शीर्षक अध्याय में यूनिसेफ द्वारा प्रस्तुत तथ्यों का उल्लेख किया गया है जिससे भारत मे बालको की खराब और चिन्ताजनक स्थिति का पता चलता है। बाल-जनसंख्या के अनेक संदर्भों मे आंकड़े उद्धृत किए गए है जिससे बालकों की अनेक समस्याओ का उद्‌घाटन हुआ है। इन तथ्यो के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि विश्व भर मे विकासशील और निर्धन देशो मे बालको की दशा बहुत खराब है। अत लेखक का यह मानना उचित ही है कि 'बालको के अधिकार की बात सोचना और उनके प्रति अपने दायित्वो को निभाना बहुत ही आवश्यक हो जाता है।' इसी सदर्भ मे सयुक्त राष्ट्र सघ के बाल अधिकार घोषणा-पत्र के दसो विवरण प्रस्तुत किए गए है।

बाल स्वास्थ्य पर भारतीय समाज के अधविश्वास और परम्पराओं का भी कुप्रभाव पडता है। दूसरे अध्याय मे लेखक ने विवाह सबधी कुप्रथाओ का वर्णन किया है। जन्म सम्बन्धी अनुचित मूल्यों और तरीको का विवरण दिया है। परिवारो मे पूर्वशालीय बच्चो की देखभाल के विषय मे खराबियो को रेखांकित किया है। तीसरे अध्याय का विषय बालको का पोषण और भोजन है। इस अध्याय मे गर्भवती माता के पोषण और भोजन पर महत्व-

पूर्ण जानकारी दी गई है। नवजात शिशु के आहार की जानकारी प्रश्नोत्तरी शैली मे प्रस्तुत की गई है। शिशुओं के पोषण-आहार का तालिकाबद्ध वर्णन बाल विकास एव वृद्धि के संदर्भ मे स्पष्ट किया गया है।

'बालको की बीमारी और बचाव' अध्याय मे जन-संख्या शिक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण तथ्यो और आंकड़ो का उल्लेख किया है। बाल विकास और वृद्धि के सदर्भ मे बीमारी, बचाव आदि के अनेक पक्षो पर प्रकाश डाला गया है। शालाओं मे बैठने और व्यायाम करने के विषय मे भी आवश्यक बातो का उल्लेख किया गया है।

'विकलाग बालक' अध्याय में विकलागता के प्रमुख कारणों का उल्लेख यूनिसेफ के हवाले से किया गया है। इसके अतिरिक्त विकलाग बालको की समस्याओ का छ. भागो मे विभाजित करके स्पष्ट किया गया है। सयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा घोषित विकलागों के अधिकारो का सविस्तार विवेचन किया गया है। विकलागता की रोक-थाम पर भी सक्षिप्त टिप्पणी की गई है।

बालक की प्रवृत्ति के बारे मे आधुनिक विचारो का उल्लेख किया गया है। बालक के विकास की अवस्थाओ का स्पष्टीकरण भी इमी प्रसग में हुआ है। बाल शिक्षा के मूलभूत विचार बिन्दुओ की व्याख्या बाल शिक्षा के अधि-कारी विद्वानो के हवाले से प्रस्तुत हुई है। दार्शनिक प्लेटो से लेकर महात्मा गाधी तक अनेक विचारको के मत अभि-व्यक्त किए गए हैं। लेखक ने सप्रमाण बालको मे आदतों, मूल्यो, रुचियों और क्रियात्मकता के विकास पर प्रकाश डाला है। इस प्रसग मे कविवर रवीन्द्र नाथ ठाकुर के विचारो को तरजीह दी गई है। इमके अलावा बालको का मनोरजन और उनकी शिक्षा के विषय मे पर्याप्त सामग्री प्रस्तुत की गई है। कहानी-संगीत के सामान्य कथन के उपरात सैतालीम शिशु कविताए तथा बालगीत भी सकलित किए गए हैं। कविताओ और गीतो मे वस्तु पर बल है अत लय और सोच की कसर भी दिखाई देती है। पहेली, खेलकूद, नृत्य, चित्रकारी तथा अन्य सृजनात्मक क्रियाओ का भी वर्णन उपयोगी और दिशादर्शक किस्म का है।

समीक्ष्य पुस्तक मे उद्धरणों, तथ्यों और आकडो के नीरस यथार्थ को रोचक शैली में प्रस्तुत किया गया है। शिक्षा आचार्यों के चित्र तथा चित्र-अभिव्यक्ति से भी प्रस्तुति महत्वपूर्ण बन गई है। प्रवाह वहन मे शास्त्रीय बोझ भी बना हुआ है। यह पुस्तक बाल स्वास्थ्य और बाल शिक्षा से जुडे नीति नियोजकों से लेकर क्षेत्र कर्मियो तक के लिए उपयोगी है।

—सुनीता
'वेस्पाक'
एस० 602, स्कूल ब्लाक
शकरपुर, दिल्ली-110092

लेखक एक पुस्तकें आठ : परिचयात्मक विवरण

सरदार जगतसिह ने अनेक प्रकार के समस्याग्रस्त बच्चो पर विविध प्रकार के प्रयोग किए है। सिद्धात की अपेक्षा व्यवहार पर उनका विशेष बल रहा है। ज्ञान-विज्ञान की नीरस वस्तु को वार्ता शैली मे प्रस्तुत करने की कला उन्हे खूब आती है। प्रस्तुत पत्रिका मे उनकी आठ पुस्तको का परिचयात्मक विवरण इस आशय से दिया जा रहा है कि हिन्दी भाषी शिक्षा-शास्त्री तथा विकलागो की विशेष शिक्षा से सबद्ध लोग इनका लाभ उठा सकें। इन पुस्तकों का एक ही प्रकाशक है ' प्रभात प्रकाशन, दिल्ली-110006। 'बालक की समस्याएं' पुस्तक का मूल्य चालीस रुपये है। अन्य सात पुस्तको का मूल्य तीस रुपये प्रति पुस्तक है।

1. बालक की समस्याए पृष्ठ संख्या 195

इस पुस्तक मे असामान्य बालक की प्रकृति और उसकी असामान्य गतिविधियों पर सोदाहरण प्रकाश डाला गया है। उनके निदान और उपचार के विषय मे आव-श्यक सुझाव भी दिए गए है।

2. विकलांग बालक पृष्ठ सख्या 212

इस पुस्तक में विकलागता की समस्या को उजागर किया है। इसमे विकलागो के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख है। विकलागो को सघर्षमय जीवन जीने और मनोबल को ऊचा रखने के उपाय भी सुझाए हैं।

3. मद-बुद्धि बालक पृष्ठ सख्या 184

इस पुस्तक का विवेच्य विषय मद-बुद्धि बालक है। उसके विकास और विकार की व्याख्या के साथ परिवार के लोगो के लिए भी परामर्श सकेत दिए है। मद-बुद्धि बच्चों की प्रमुख सस्थाओ का अता-पता भी दिया है।

4. समस्याग्रस्त बालक पृष्ठ सख्या 168

समस्याग्रस्त बालक परिवार और समाज को लिए एक भारी समस्या होता है। उसकी समस्याओं को समाधान की दृष्टि से प्रस्तुत किया गया है। मनोविज्ञान के तरीको का भी सार्थक उल्लेख हुआ है।

5. बच्चे क्यों बिगड़ते हैं पृष्ठ सख्या 215

लेखक ने अपने मनोवैज्ञानिक प्रयोगो तथा सर्वेक्षण-सम्पर्क द्वारा बच्चो के बिगडने के अनेक तत्त्वो की जानकारी और अनुभव प्राप्त किया है। उसी के आधार पर उन तत्त्वो का विवेचन उपलब्ध है जिनके कारण बच्चे बिगड जाते है। कारण-निवारण भी साथ-साथ सुझाया गया है।

6. बालक की क्षमता बढ़ाए पृष्ठ संख्या 136

बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए उपयोगी और मनोरजक खेलों का विवरण इस पुस्तक मे दिया गया है। कम खर्च, कम समय और सरल ढग से इन खेलो की व्यवस्था की जा सकती है। ये खेल घर और विद्यालय—दोनो जगह खेले जा सकते है।

7. बालक और अनुशासन पृष्ठ संख्या 146

शिक्षा में विद्यार्थियो की अनुशासनहीनता प्राय चर्चा का विषय बनी रहती है। इस प्रसग मे अनेक उपविषयो पर महत्वपूर्ण और उपयोगी सामग्री जुटाई गई है। इसका लाभ शिक्षक और अभिभावक दोनों उठा सकते है।

8 बालक और अभिभावक पृष्ठ सख्या 195

इस पुस्तक मे बालक की परख और पहचान, पोषण और अधिगम विषय पर उपयोगी सामग्री प्रदान की गई है। बालक को सिखाने योग्य कुछ लाभदायक बाते भी प्रस्तुत की गई है। सुव्यवस्थित परिवार का परिचय और बच्चो के विकास मे अभिभावकों की भागीदारी को स्थापित किया गया है।

कुल मिलाकर आठों पुस्तके बालक की शिक्षा और विकलांगो की मनोवैज्ञानिक एव शिक्षा सम्बन्धी समस्याओ के समाधान की दिशा मे उपयोगी प्रकाशित प्रयास है।

डा० जयपाल तरंग

□□

भारतीय आधुनिक शिक्षा
त्रैमासिक प्रकाशन
वर्ष : पंचम
अंक : द्वितीय
अक्तूबर 1987

इस अंक के आकर्षण

स्थायी स्तंभ

इस अंक के रचनाकार

☐ डा० (श्रीमती) लक्ष्मी मिश्रा	प्रोफेसर, डा० हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर-470003 (म० प्र०)
☐ श्रीमती कृष्णा माहेश्वरी	: द्वारा श्री एम० एल० माहेश्वरी, रिटायर्ड प्रिंसिपल, ब्राह्मण पुरी, अलीगढ़ (उ० प्र०) पिन-202001
☐ डा० कृष्ण कान्त अवस्थी	: 964, सिरबारा रोड, सुल्तानपुरी अवध (उ० प्र०) पिन-228001
☐ डा० सुभाषचन्द्र अग्रवाल	: शिक्षा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, (उ० प्र०) पिन-211002
☐ श्रीमती उषा नैय्यर	. समन्वय अधिकारी, सेवा प्रचार विभाग, विद्या भवन शिक्षक महाविद्यालय, उदयपुर (राजस्थान)
☐ श्री सुरेन्द्र मोहन नैय्यर	: समन्वय अधिकारी, सेवा प्रचार विभाग, विद्या भवन शिक्षक महाविद्यालय, उदयपुर (राजस्थान)
☐ डा० मंजीत सैन गुप्त	: रीडर, व्यावसायीकरण शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली
☐ डा० मथुरेश्वर पारीक	. सहायक प्रोफेसर, पत्राचार अध्ययन सस्थान, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
☐ श्री बृजेन्द्र सिंह	: उप जिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी, करौली, सवाई माधोपुर, राजस्थान
☐ प्रो० बैजनाथ शर्मा	. लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक, उदयपुर, राजस्थान, पिन-313022
☐ श्री हरीशंकर शर्मा	: व्याख्याता, राष्ट्रीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बसेडी, धौलपुर (राजस्थान)
☐ डा० जमनालाल बायती	: सहायक प्रोफेसर, राजकीय स्नातकोत्तर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बीकानेर, राजस्थान पिन-334001

भारतीय आधुनिक शिक्षा

अक्तूबर 1987

सम्पादकीय

गांधी जी से दूर

प्रत्येक वर्ष इस महीने गाधी जी के कुछ विचारो को दुहराने और नये प्रकार से उनका उत्साहपूर्वक क्रियान्वयन करने का दृढ निश्चय करके हर भारतीय अपना कर्त्तव्य निभाता है। इसके अतिरिक्त श्रृद्धांजलि अर्पण की विधि हमने न सोची है और न हमे आती है। इसी प्रकार गांधी जी के कुछ चुने हुए विचारो को जिन्हे हम तोड मरोड कर अपनी सुविधानुसार जब शिक्षा जगत मे प्रस्तुत करते है, तब हमे लगता है कि हम अपने कर्त्तव्य का सर्वश्रेष्ठ पालन कर रहे हैं।

वैसे भी कटु सत्य किसी को प्रिय नही और भारतीय परम्परा सत्य के साथ "कटु" के विशेषण को तो बिलकुल ही पसंद नही करती। इसलिए बिना कटुता के सत्य पेश करने की जिम्मेवारी हम अपने ऊपर ले लेते है। आज की शिक्षा पद्धति से गांधी जी जैसे आदमी का सम्बन्ध जोड़ना बडा अटपटा लगता है। यदि कोई प्रश्न पूछ बैठे "आज की शिक्षा व्यवस्था मे गाधी जी के विचारों का समावेश कहा दिखाई पड़ता है?" तो मात्र यही उत्तर होगा "कही नही"। शिक्षा जगत में गाधी जी लगभग अनुपयोगी हो चुके है और शीघ्र ही लोग यह भी भूल जायेंगे कि एक समय था जब गाधी जी के शिक्षा सम्बन्धी विचार काफी क्रातिवादी माने जाते थे।

क्या हुआ जो इस युग पुरुष के शैक्षिक विचार हमारे लिये अब इतने अमाननीय हो गए है? दो तीन बाते जिनका जिक्र केवल समाज शास्त्र के विद्यार्थी ही करते हैं जिन्दगी के सत्य को ऐसे बिखेर गई जैसे कोई झझावात एक अस्फुट बली को उजाड दे। गांधी जी का भारत गाव का भारत था। इनके निवासी निर्धनता में जीवन-यापन करते थे। शिक्षा उनके लिए सपना थी और यहां तक कि

वे लोग उसका मूल्य भी नही जानते थे। शोषित, भासित, अज्ञान-ग्रस्त भारतवासी के भाग्य का निर्माण विदेशी शासक अपने ढग से कर रहा था। उस शासक के पास इन ग्रामीणो को शिक्षा के नाम पर देने के लिए कुछ नही था। नगरो मे जीवन का बिखराव अपने सामती ढग से हो रहा था।

गाधी जी की शिक्षा मूलरूप से ग्रामीणो को स्वावलम्बी बनाने की शिक्षा थी। वह उन मूक लोगो के लिये अपने अधिकार पहचानने की एक प्रक्रिया थी। चूकि इस शिक्षा का भार विदेशी शासक की सरकार पर नही पड़ने वाला था इसलिए इसके प्रसार-प्रचार मे कोई कठिनाई भी नही थी। गाधी जी के चेले इस शिक्षा को लोगो तक पहुचा सकते थे। यह पृष्ठभूमि इस पद्धति को समझने के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

गाधी जी के चेले स्वय शासक हो गये। शहरो का विकास हो गया। गाव आज प्राय. उजड़ रहे है। इसलिए इस शिक्षा का आज जो मूल्य होना चाहिए था वही हो रहा है। क्या यह बात सच है कि गाधी जी के विचार हमसे आकाश-गगा से भी अधिक दूर हैं ?

राजेन्द्रपाल सिह

दूरवर्ती शिक्षा के साधन—पत्राचार

□ डॉ० (श्रीमती) लक्ष्मी मिश्रा

कोठारी प्रतिवेदन के अनुसार पत्राचार शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियो को विश्वविद्यालयीय उपाधि दिलाना मात्र नहीं होना चाहिए। पत्राचार कोर्स उन व्यक्तियों के लिए भी होना चाहिए जो कृषि, उद्योग तथा अन्य व्यवसायों में लगे है तथा अपने व्यावसायिक ज्ञान में वृद्धि करना चाहते हैं। इससे दो लाभ होंगे। एक तो इससे कार्यकर्ताओं की पदोन्नति शीघ्र हो सकती है दूसरे उत्पादन में भी वृद्धि हो सकती है।

आज के युग मे दूरवर्ती शिक्षा (डिस्टेंस एजूकेशन) के महत्व के सम्बन्ध मे दो मत नही है। विश्व के सभी विकसित, अथवा विकासशील देश किसी न किसी प्रकार ज्ञान के प्रसार एव प्रचार के लिए दूरवर्ती शिक्षा को अपना रहे है। ज्ञान के विस्फोटन तथा उससे भी अधिक जनसंख्या के विस्फोटन के कारण विकासशील देशो के लिए दूरवर्ती शिक्षा एक अनिवार्यता बन गई है। वैसे भी शिक्षा प्रदान करने के औपचारिक साधन, शिक्षा की बढ़ती हुई माग को पूर्ण करने मे अपने को असमर्थ पा रहे है, चाहे वे सयुक्त राज्य अमेरिका, सोवियत रूस तथा जापान जैसे समृद्ध तथा विकसित देश हो अथवा एशिया एवं अफ्रीका के विकासशील देश।

नवाचार की खोजो मे अग्रणी विकसित देशों ने ही प्रथम दूरवर्ती शिक्षा की अवधारणा को जन्म दिया। तथा इस अवधारणा के क्रियान्वयन के लिए जिस साधन को सर्वप्रथम उपयोग मे लाया गया वह था पत्राचार। इसीलिए दूरवर्ती शिक्षा आरम्भ मे पत्राचार शिक्षा के नाम से ही जानी जाने लगी। यह पत्राचार शिक्षा उन लोगो के लिए प्रारभ की गई जो औपचारिक शिक्षा संस्थाओ मे प्रवेश लेने मे असमर्थ थे—समय के अभाव के कारण, पूर्ण कालिक नौकरी पेशे में लगे होने के कारण, औपचारिक शिक्षा महगी होने के कारण, विकलागता के कारण अथवा अपनी रुचि का विषय उसी स्थान मे उपलब्ध न होने के कारण। ज्ञान की पिपासा को शान्त करने के उद्देश्य,

अपने व्यवसाय मे उन्नति करने के उद्देश्य अथवा समय का सदुपयोग करने के उद्देश्य की पूर्ति भी पत्राचार शिक्षा द्वारा अधिक सुलभता से सभव हो सकती है। दूरवर्ती शिक्षा के साधन के रूप मे आरभ से पत्राचार शिक्षा का प्रसार सम्भवत: इसलिए भी हुआ क्योकि तब तक शैक्षिक तकनीकी इतनी विकसित नही हुई थी अथवा शिक्षा में टेक्नालॉजी का प्रयोग नही हो रहा था।

यो तो पत्राचार शिक्षा का आरम्भ तभी से माना जा सकता है जब से विश्व मे डाक सेवा आरभ हुई। डाक द्वारा संदेश भेजने के साथ-साथ जब माता-पिता ने दूर स्थित बच्चो को कुछ सलाह या निर्देश देना प्रारम्भ किया तभी से एक नई अवधारणा ने जन्म ले लिया जो बाद मे पत्राचार शिक्षा के रूप मे परिवर्तित हो गई। अपने देश के प्रथम प्रधानमत्री प० जवाहरलाल नेहरू ने जेल से अपनी पुत्री इदिरा प्रियदर्शिनी (श्रीमती इदिरा गाधी) को जो पत्र भेजे एव बाद मे जो पुस्तक रूप से प्रकाशित हुए तथा जिनमे ज्ञान का भडार निहित है, उन्हे पत्राचार शिक्षा ही कहना अधिक उपयुक्त होगा।

1850 मे यूरोप मे पत्राचार शिक्षा की शुरूआत हो गई थी। इग्लैड के शिक्षा विशेषज्ञ इस दिशा मे विचार करने मे लगे थे कि यदि सभी व्यक्तियो को शिक्षा सस्थाओ मे लाना सभव न हो तो क्यो न शिक्षा उन तक ले जाई जाये।

सयुक्तराज्य अमेरिका मे पत्राचार शिक्षा का आरभ 1870 के लगभग माना जाता है। औद्योगिक क्राति, जिसके फलस्वरूप शिक्षा तथा प्रशिक्षण की बढ़ती हुई माग तथा स्त्रियो मे उत्पन्न होने वाली जागरूकता के दबाव के कारण वहा औपचारिक शिक्षा के साधन अत्यत सीमित प्रतीत होने लगे। वैसे भी प्रजातत्र के समुचित परिचालन के लिए सभी के लिए शिक्षा एक अनिवार्यता थी। इसलिए पत्राचार शिक्षा की व्यवस्था की जाने लगी। अन्ना टिकनर नामक महिला के प्रयासो के फलस्वरूप अमेरिका मे शिक्षक और शिक्षार्थी के मध्य पत्रों का आदान प्रदान आरभ हुआ। इसकी मुख्य बात थी प्रतिमाह पत्राचार जिसमे पढने के लिए सामग्री का निदेशन तथा मूल्यांकन हुआ करता था। 1891 मे वहा पेन्सिलवानिया में अन्तर्राष्ट्रीय पत्राचार विद्यालय की स्थापना हुई तथा इसी वर्ष विसकान्सिन विश्वविद्यालय मे विश्वविद्यालय विस्तार पत्राचार अध्ययन कोर्स के लिए एक प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। 1892 मे शिकागो विश्वविद्यालय मे पत्राचार शिक्षण विभाग स्थापित किया गया। इग्लैड में 1894 में सर्वप्रथम शिक्षक प्रशिक्षण के लिए छ विद्यार्थियो को पत्राचार के द्वारा शिक्षा दी गई। इस प्रयास की सफलता से प्रोत्साहित होकर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय मे डाक शिक्षण सस्थान की स्थापना की गई। 1917 की क्रांति के पश्चात् सोवियत सघ मे विद्यालयो तथा महाविद्यालयो मे स्थानो की अत्यन्त कमी हो गई। औपचारिक शिक्षा सस्थाओ के विस्तार के लिए आवश्यक वृहद धनराशि की समस्या को हल करने के लिए ऐसे उपाय खोजने का प्रयास किया गया जिसमे इतना व्यय आवश्यक न हो। इसके परिणामस्वरूप पत्राचार शिक्षण पर बल दिया गया। इसी प्रकार विश्व के अन्य देशो मे पत्राचार की उपयोगिता को दृष्टि मे रखते हुए विभिन्न पत्राचार सस्थाओ को आरम्भ किया गया।

भारत में भी औपचारिक शिक्षा के प्रसार के लिए आवश्यक धनराशि एक समस्या थी। अत: अन्य देशो मे प्रचलित पत्राचार शिक्षा की ओर यहा के शिक्षा विशेषज्ञो का ध्यान आकर्षित हुआ, जिसके फलस्वरूप 1962 में सर्वप्रथम उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय मे पत्राचार कोर्स का आरंभ किया गया।

1966 में कोठारी आयोग ने भी अपने प्रतिवेदन मे अमेरिका, स्वीडन, रूस, जापान तथा आस्ट्रेलिया जैसे देशों मे पत्राचार शिक्षा के प्रसार के महत्व तथा उसकी सफलता को स्वीकार करते हुए तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के पत्राचार कोर्स के अनुभव से प्रोत्साहित होकर इसके पूर्ण उपयोग की सस्तुति की। तत्पश्चात् देश के अनेक विश्वविद्यालयो ने पत्राचार शिक्षा के विभाग स्थापित किए। इसके अतिरिक्त माध्यमिक शिक्षा मडलों ने भी इटरमीडिएट परीक्षा के लिए पत्राचार कोर्स आरभ किए।

पत्राचार की अवधारणा

पत्राचार शिक्षा मे अपेक्षित है कि शिक्षण पत्रो के माध्यम से किया जाये। विद्यार्थियों की कठिनाइयो और समस्याओं को केवल पत्रो के माध्यम से ही हल किया

जाये । किन्तु जैसा कि कोठारी आयोग के प्रतिवेदन मे कहा गया है, पत्राचार शिक्षा केवल पत्राचार मात्र या लिखित निर्देशन एवं अभ्यास मात्र नही है । इसका एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भले ही थोड़े समय के लिए हो, शिक्षक एव विद्यार्थी को आपस मे मिलना चाहिए । विशेष रूप से आयोजित इस सम्पर्क कार्यक्रम मे व्याख्यान, सेमिनार तथा सामूहिक वादविवादो की व्यवस्था होनी चाहिए । विज्ञान तथा टेक्नालॉजी के विद्यार्थियो के लिए छुट्टियो मे अथवा सप्ताहान्त मे प्रयोगशालाओ तथा कार्य-शालाओ मे आने जाने का प्रावधान होना चाहिए । पत्राचार कोर्स में पजीकृत एक ही स्थान अथवा मोहल्ले मे रहने वाले विद्यार्थी आपस मे अध्ययन समूह/क्लब निर्मित कर सकते हैं । इन स्वाध्यायी विद्यार्थियो को किसी स्थानीय शिक्षा सस्था से सम्बन्धित किया जा सकता है जिससे कि वे वहा के पुस्तकालय का उपयोग कर सके, विस्तार व्याख्यानो को सुन सकें तथा शैक्षिक चलचित्रो को देख सकें ।

कोठारी प्रतिवेदन के अनुसार पत्राचार शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियो को विश्वविद्यालयीय उपाधि दिलाना मात्र नही होना चाहिए । पत्राचार कोर्स उन व्यक्तियो के लिए भी होना चाहिए जो कृषि, उद्योग तथा अन्य व्यवसायो मे लगे है तथा अपने व्यावसायिक ज्ञान मे वृद्धि करना चाहते है । इससे दो लाभ होगे । एक तो इससे कार्यकर्ताओ की पदोन्नति शीघ्र हो सकती है दूसरे उत्पादन मे वृद्धि हो सकती है । इसके अतिरिक्त पत्राचार के माध्यम से बागवानी, भवन निर्माण अभियांत्रिकी, व्यवसाय प्रबन्धन, सर्वेक्षण, व्यवसायिक कलाओ, रेडियो टेलीविजन की देखरेख, पोशाक निर्माण, होटल व्यवसाय, फोटोग्राफी आदि अनेक व्यवसायो की भी शिक्षा दी जा सकती है । पत्राचार शिक्षा उन व्यक्तियो को भी दी जा सकती है जो सास्कृतिक एवं सौन्दर्य बोध से सम्बन्धित विषयो जैसे भाषाओ, दर्शन, इतिहास, मनोविज्ञान आदि के अध्ययन के द्वारा अपने जीवन का संवर्धन करना चाहते है । वर्तमान मे कई विश्वविद्यालय पत्राचार के माध्यम से मुख्य रूप से सामान्य उपाधि कोर्स चला रहे हैं । कुछ अन्य संस्थान विभिन्न प्रकार के कोर्स भी चला रहे है जैसे व्यवसाय प्रबन्धन, पत्रकारिता, कम्प्यूटरप्रोग्राम, विज्ञापन, आतरिक सज्जा, पाक विज्ञान, फोटोग्राफी आदि । अवश्य ही भविष्य मे इस माध्यम की बहुत सभावनाए है ।

लाभ

पत्राचार शिक्षा के अनेक लाभ है पहला तो यह है कि आरंभिक व्यय के पश्चात्, विद्यार्थियो की सख्या कितनी भी बढे उतना व्यय नही बढता जितना कि औपचारिक विद्यालय खोलने मे भवन, उपकरण, पुस्तकालय, शिक्षक आदि के लिए व्यय करना पड़ता है । सदियो तक पराधीन रहने वाले अपने देश मे प्रगति के अन्य आयामो के लिए साधन जुटाने के साथ-साथ शिक्षा की बढती हुई माग के अनुसार औपचारिक सस्थाओ के लिए धन जुटाना तो और भी कठिन है । दूसरे, सभी औपचारिक विद्यालयो मे उच्च कोटि के अथवा योग्य अध्यापक नही होते, जब कि पत्राचार के माध्यम से योग्य अध्यापको द्वारा तैयार की गई विषय वस्तु सभी विद्यार्थियो तक पहुचाई जा सकती है । तीसरे नौकरी अथवा व्यवसाय मे लगा व्यक्ति अध्यापन कर सकता है जो कि सामान्य विद्यालयो मे संभव नही । न उसे प्रतिदिन कही जाने की आवश्यकता है न उपस्थिति की समस्या होती है । बल्कि अवकाश का सदुपयोग होता है । वैसे भी हमारे देश मे जहां लगभग 48 प्रतिशत व्यक्ति निर्धनता सीमा से नीचे है, यह सभव नहीं कि प्रत्येक विद्यार्थी माता-पिता पर बोझ बन कर अध्ययन करता रहे । पत्राचार के माध्यम से वह धनोपार्जन के साथ अध्ययन भी कर सकता है ।

भारत मे बहुत से क्षेत्र पिछडे हुए है, ग्रामीण क्षेत्र है, पहाडी क्षेत्र है, रेगिस्तानी क्षेत्र है, छोटे शहर है जहां उच्च शिक्षा उपलब्ध नही हो सकती—ऐसे स्थानों के बच्चो, पुरुषों एव महिलाओ के लिए पत्राचार शिक्षा वरदान सिद्ध हो सकती है । एक अन्य लाभ यह है कि अपने व्यवसाय सम्बन्धी ज्ञान मे वृद्धि करके कोई भी व्यक्ति पदोन्नति पा सकता है तथा उत्पादन मे वृद्धि कर सकता है जो कि उसके स्वय के लाभ के साथ देश के हित मे भी है ।

औपचारिक विद्यालयो के पक्ष मे एक महत्वपूर्ण तर्क यह है कि शिक्षक और विद्यार्थी के प्रत्यक्ष सम्पर्क से विद्यार्थी को जो प्रेरणा प्राप्त होती है वह पत्राचार के द्वारा संभव नहीं । किन्तु यदि कुछ अपवादो को छोड़

दिया जाये, तो वर्तमान विद्यालयों/महाविद्यालयों मे विद्यार्थियों की अत्यधिक भीड के कारण, शिक्षक विद्यार्थी मे घनिष्ट सम्पर्क नही के बराबर होता है। प्रेरणा प्राप्त होना तो दूर की बात है। बल्कि अनुशासनहीनता को बढावा मिलता है जिसका कि पत्राचार शिक्षा मे कोई प्रश्न ही नही उठता। वस्तुत. यह कहना उपयुक्त होगा कि विद्यालयो और महाविद्यालयो में बढती हुई अनुशासनहीनता, अराजकता एव निम्नस्तरता को देखते हुए उनकी संख्या कम कर देनी चाहिए तथा प्रवेश के नियम कड़े कर देने चाहिएं। यह कोई छिपा तथ्य नही है कि विद्या के मदिर आज राजनीति एव रणनीति के अखाड़े बन गए हैं जहा सही शिक्षा प्रदान करने के अतिरिक्त अन्य कार्य हो रहे है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि अच्छे विद्यालयो मे योग्य एवं सीमित विद्यार्थियो को प्रवेश दिया जाये तथा बाकी इच्छुक विद्यार्थियो को पत्राचार के माध्यम से स्वाध्यायी छात्र के रूप मे परीक्षा देने का अवसर दिया जाये। इससे एक ओर तो विद्यालयो की भीड कम होगी दूसरी ओर राजनीतिज्ञ एव असस्कारी शिक्षको के कुप्रभाव से मुक्ति पाई जा सकेगी।

पत्राचार शिक्षण कम से कम उन विद्यालय कही जाने वाली सभी सुविधाओ से रहित शिक्षा की दुकानों से अच्छा है जो शिक्षा के नाम पर बडी फीस लेते है, अयोग्य शिक्षकों से केवल परीक्षा मे आने वाले सम्भावित प्रश्नो के उत्तर पढवाते है तथा नकल करवाते हैं। इनमे स्वाध्याय की भी प्रेरणा नही मिलती। बल्कि पत्राचार शिक्षा द्वारा इन शिक्षा की दुकानो की सख्या कम की जा सकेगी जो आज एक व्यवसाय के रूप में अत्यत प्रचलित हो गई है।

वर्तमान मे जो पत्राचार कार्यक्रम चलाए जा रहे है उनके सम्बन्ध मे बहुधा यह शिकायत सुनने मे आती है कि उनका व्यवस्थापन सही नही है, विद्यार्थियो को समय से पाठ्य सामग्री उपलब्ध नही होती, बहुधा पाठ्य सामग्री निम्न स्तर की होती है, पत्रो का उत्तर देर से आता है तथा मूल्याकन मे त्रुटियां होती हैं। किन्तु ये दोष असाध्य नहीं है। यदि पत्राचार शिक्षा का प्रसार करना है तो पत्राचार के प्रबन्ध के लिए उन्मुखीकरण या प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करना होगा जैसा कि अन्य देशो मे हो रहा है।

एक अन्य समस्या व्यक्तिगत सम्पर्क के सम्बन्ध मे रहती है। प्रत्येक स्थान पर शिक्षक एवं विद्यार्थियो का प्रत्यक्ष सम्पर्क करवाना सम्भव नही हो पाता। भारत के कुछ ऐसे प्रदेशो, जैसे अरुणाचल प्रदेश, आसाम, मेघालय अथवा अडमान नीकोबार आदि के विद्यार्थी यदि पत्राचार शिक्षा विभागो मे नामाकन कराते हैं तो उनके लिए भी सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित करना कठिन होता है। परन्तु विद्यार्थियो के लिए वर्ष मे कम से कम एक बार मुख्य विषय शिक्षको से सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित अवश्य किया जा सकता है यदि इसके लिए दृढ निश्चय किया जाये तथा विद्यार्थियो को अपने स्थान से कुछ दूर के केन्द्रीय स्थान तक आने को प्रेरित किया जाये। अत. यदि सही तरीके से व्यवस्था की जाये तो पत्राचार शिक्षा अपने देश मे सामान्य शिक्षा एव विशेष शिक्षा के प्रसार का अत्यन्त उपयोगी साधन सिद्ध हो सकती है। □□

शैक्षिक पत्रकारिता

□ श्रीमती कृष्णा माहेश्वरी

कुछ लोगों का मानना है कि बालक के कक्षाकक्ष में सीखने सम्बन्धी गतिविधिया ही शैक्षिक पत्रकारिता की विषय-वस्तु बन सकती है। जो भी हो, यह तो निर्विवाद रूप से माना जा सकता है कि शैक्षिक पत्रकारिता विषय विकसित हो रहा है एवं पर्याप्त सम्भावनाएं उजागर हो रही है। प्रश्न उठता है कि शैक्षिक पत्रकारिता विज्ञान है या कला या दोनों !

पिछले 18-20 वर्षों से "शैक्षिक पत्रकारिता" शब्द जन-साधारण मे रुचि का विषय बनता जा रहा है। शैक्षिक पत्रकारिता विषय मे क्या पाठ्य-वस्तु जोडी जाये तथा क्या नहीं, अर्थात् इस विषय की पाठ्य-वस्तु क्या हो ? इस विषय पर आज भी इस क्षेत्र के विद्वान् एकमत नही है। अधिकांश लोगो का मानना है कि शैक्षिक पत्रकारिता मे बालक के अधिगम को प्रभावित करने वाली प्रत्येक बात सम्मिलित की जानी चाहिए। बालक को घर से विद्यालय ले जाने वाली बस व्यवस्था से लेकर संध्या में घर लौटने के बीच होने वाले सभी क्रिया-कलाप, कक्षा अधिगम, खेल व्यवस्था, गृह कार्य, केफेटेरिया, शिक्षकों की नियुक्ति, उनके व्यावसायिक कार्यक्रम, भवन का रख-रखाव, प्रयोगशाला आदि सभी कार्य व्यवहार सम्बन्धी गतिविधिया शैक्षिक पत्रकारिता में सम्मिलित की जाती हैं। कुछ लोगो का मानना है कि बालक के कक्षा-कक्ष मे सीखने सम्बन्धी गतिविधियां ही शैक्षिक पत्रकारिता की वियष-वस्तु बन सकती है। जो भी हो, यह तो निर्विवाद रूप से माना जा सकता है कि शैक्षिक पत्रकारिता विषय विकसित हो रहा है एवं पर्याप्त सम्भावनाए उजागर हो रही हैं। प्रश्न उठता है कि शैक्षिक पत्रकारिता विज्ञान है या कला या दोनो ? शैक्षिक पत्रकारिता को इस अर्थ मे कला कहा जा सकता है कि वह मौलिकता, सृजनात्मकता, नवीनता एवं अन्वेषण की समर्थक ही नही वरन् पोषक है, जनक है। प्रतिवेदन तैयार करना, आख्या लिखना, सम्पादन करना, प्रूफ पढना तथा पृष्ठ सज्जा आदि कार्यों के सम्पन्न करने मे कला की ही प्रमुखता रहती है। शैक्षिक पत्रकारिता का कार्य शिक्षा के सम्बन्ध मे जन साधारण को सही सूचनाए देना है तथा इसी दृष्टि से सामान्य

नागरिकों को शिक्षित करना है। इस दृष्टि से भी शैक्षिक पत्रकारिता को कला ही कहा जाना चाहिए। पर एक अन्यार्थ मे इसे विज्ञान भी कहा जा सकता है। उदाहरण के लिए प्रतिवेदन तैयार करना एक तकनीकी-पूर्ण कार्य है तथा तैयार करते समय उन सोपानो या चरणों का पालन किया ही जाना चाहिए—मोटे रूप मे किसी कार्य को विधिवत सम्पन्न करना ही विज्ञान है। अत: आग्रह रहता है कि प्रतिवेदन तैयार करने का अध्यापन भी विधिवत हो, विधिवत वर्णन हो और यदि सम्भव दिखे तो, विधिवत सुधार का क्षेत्र खोजा जाये। एक अच्छा तथा कुशल शैक्षिक पत्रकार वह है जो पत्रकार के लिए मौलिक आवश्यकताओ मे उत्प्रेरणा तथा सृजनात्मकता भी जोड़ ले।

एक समय था जब पत्रकारो को जन्म-जात पैदा होने वाला माना जाता था, पर आज समय बदल गया है और इस मान्यता को भी सम्मान से नही देखा जाता है। आज औपचारिक शिक्षा के माध्यम से पत्रकारो के लिए आवश्यक गुणों का विकास किया जाने लगा है। व्यवहार में देखा जाता है कि किसी आख्या को लेकर तैयार करते समय ज्ञान तथा कौशल की कमी या निर्योग्यता पाने पर सहसा मुह से निकल पड़ता है कि इस कार्य की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। ट्रेनिंग की बात करने के पीछे यह धारणा दृढ होती जा रही है कि प्रत्येक समस्या प्रशिक्षण से हल की जा सकती है। किसी समस्या के निवारण के लिए, बहुत सम्भव है कि सभी विकल्प ज्ञान में या जानकारी मे न आ पाये, ऐसी स्थिति मे सर्वाधिक सही विकल्प चुनने का या चुनकर उसके अनुसार कार्य करने का प्रश्न ही नही उठता। इस दृष्टि से अच्छा यह होगा कि शैक्षिक पत्रकारिता की ट्रेनिंग मे क्या समाविष्ट न किया जाये, इसका निश्चय पहले करना चाहिए। यदि यह निश्चित हो जाये तो शेष सभी विषय या प्रकरण उसमे सम्मिलित किये जाने चाहिएं।

यह डर अवश्य है कि शैक्षिक पत्रकारिता की ट्रेनिंग को वांछित और आवश्यकतानुसार महत्व न दिया जा सके। यदि अत्यधिक सजगता एव सावधानी के साथ इसका पाठ्यक्रम तैयार किया जाये तो पर्याप्त वित्तीय व्यवस्था करनी होगी। अत्यधिक खर्चों के कारण कहीं ट्रेनिंग कार्यक्रम ही रद्द न हो जाये—इन दोनों ध्रुवों के बीच सन्तुलन आवश्यक है। कई बार लघु अवधि का या सामान्य कार्यक्रम होने पर उनका वित्तीय भार सापेक्षतया अधिक हो सकता है। इसके दूसरी ओर कई बार अधिक व्यय करके भी मानव संसाधनो का उपयुक्त विकास नही किया जा सकता। अच्छा होगा कि चरम सीमा की दोनों ही स्थितियो से बचा जा सके। पाठ्यक्रम मे विषय या प्रकरण कम रखने के बजाय अधिक-से-अधिक सामग्री समाविष्ट करने की प्रवृत्ति अब तक रही है। सम्भवत: इसके पीछे धारणा यह है कि पत्रकारिता की शिक्षा पाने वाले विद्यार्थी कुछ नही जानते है। अत. उन्हे अधिक-से-अधिक पढाया जाये, सूचनाऐ दी जाये, जानकारी दी जाये तथा उन्हे कुशल बनाया जाये।

शैक्षिक पत्रकारिता की शिक्षा के लिए दो प्रकार की योजनाओ पर विचार किया जा सकता है.

(अ) प्रशिक्षु (ट्रेनी) को कार्य के अनुसार तैयार करना।

(आ) प्रशिक्षु के गुणो, विशेषताओ के अनुसार कार्य मे संशोधन, सुधार एव परिवर्द्धन करना।

व्यावसायिक मनोविज्ञान के अनुसार ऊपर वर्णित दर्शन के प्रकाश में शैक्षिक पत्रकारिता के क्षेत्र मे अधोलिखित कार्यक्रम सुझाए जा सकते हैं :

प्रशिक्षु को कार्य के अनुसार तैयार करने के लिए—

- व्यावसायिक निर्देशन/मार्ग-दर्शन
- उपयुक्त कार्मिक/सेवी वर्गीय का चयन
- व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा
- विकास कार्य की रूप-रेखा पर ध्यान एव प्रयत्न केन्द्रित किये जाने चाहिए।

कार्य को प्रशिक्षु के अनुसार संयोजित करने के लिए—

- कार्य सम्पन्न करने की विशिष्ट विधि का विकास
- कार्य करने का प्रारूप या ढाचा
- उत्साह-वर्द्धक कार्य की दशाएं/स्थितिया तथा
- उपयुक्त पुरस्कार की व्यवस्था पर ध्यान एवं प्रयत्न केन्द्रित किये जाने चाहिए।

शैक्षिक पत्रकारिता के क्षेत्र मे उपयुक्त विकल्प का चयन करते समय पर्याप्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ऊपर दिये दो विकल्पों मे से सर्वाधिक अच्छे विकल्प का चयन करने के लिए वर्तमान स्थितियो मे माग और पूर्ति का (अर्थ शास्त्र का) सम्प्रत्यय उपयुक्त मार्ग-दर्शन कर सकता है—

विकल्प (अ) प्रशिक्षु को कार्य के अनुसार तैयार करना कार्य की प्रकृति या सम्पादित किया जाने वाला कार्य, उससे जुडे अवबोध एव कौशल—

1. चयन व प्रशिक्षण का महत्व।
2. प्रशिक्षण पाठ्य-वस्तु की मात्रा, विस्तार एव गहनता।
3. प्रशिक्षण कार्यक्रम का विस्तार एवं गहनता।
4. निर्देशन/मार्ग-दर्शन की व्यवस्था।
5. कार्य सम्बन्धी चैक लिस्ट (पडताल सूची), प्रश्नावली, शिड्यूल, चित्र, ग्राफ, व्यग्य-चित्र, गणितीय तालिकाए आदि के प्रयोगो पर बल।
6. मूल्याकन एव इसके आधार पर सशोधन।

विकल्प (आ) प्रशिक्षु के गुणो, योग्यताओ के अनुसार कार्य में परिवर्तन—

—कार्य की प्रकृति या सम्पादित किया जाने वाला कार्य।

—कार्य की दशाओ/स्थितियो मे व्यवस्थापकीय परिवर्तन।

1. सगठन/प्रबन्ध।
2. सूचना सम्प्रेषण।
3. कार्य विधि।
4. व्यवहृत उत्प्रेरणा के रूप।
5. मूल्यांकन एव इसके आलोक मे सशोधन।

कौन-सा विकल्प प्रभावी होगा— यह मुख्यत. कार्य की प्रकृति तथा उसके निष्पादन की विधि पर निर्भर करता है। कुछ तत्व दोनों मे समान रूप से प्रभावी हो सकते है। पहली समस्या ही यह आती है कि प्रशिक्षण की समस्या वास्तव मे चयन, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तथा कार्य-विधि की समस्या है। शैक्षिक पत्रकारिता के क्षेत्र मे प्रशिक्षण का कार्यक्रम मुख्यत इस तथ्य पर निर्भर करता है कि शैक्षिक पत्रिकाए निकालने के लिए किन-किन कौशलो की जरूरत रहती है। इन कौशलो को सामान्यत. दो वर्गों मे बाटा जा सकता है, जो इस प्रकार है

1. पत्रकारिता कला
2. पत्रकारिता विज्ञान

पत्रकारिता कला

प्रतिवेदन तैयार करना, आख्या तैयार करना, सम्पादन करना, प्रूफ पढना तथा पृष्ठ सज्जा की दृष्टि से मौलिकता, सृजनात्मकता, नवीनता तथा अन्वेषण वृत्ति का विकास करना, आदि।

पत्रकारिता विज्ञान

सम्पन्न किये जाने वाले कार्यों को पद सोपान के क्रम मे बाटना, तार्किक क्रम-बद्धता लाना, प्रतिवेदन लिखने की तकनीक तथा विधि का विकास करना, आदि।

सार रूप में यह कहा जा सकता है कि सगठन की ओर देखते हुए शैक्षिक पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य तथा मानवीय सम्बन्धों को एक विधि या व्यवस्था माना जाये। यह निश्चय करना आवश्यक है कि किस प्रकार भिन्न-भिन्न घटक एक-दूसरे के साथ सर्वाधिक अच्छे सम्बन्धों का विकास कर लेते है। पारस्परिक सम्बन्धो की इस प्रक्रिया मे विभिन्न क्षेत्र निम्नानुसार बनाये जा सकते है—

प्रशिक्षु घटक

—प्रशिक्षु की योग्यताओ, रुचियो, आवश्यकताओ तथा अभिवृत्तियो आदि की दृष्टि से विचार तैयार किया जाए।

—ऐसे व्यक्ति जो शिक्षा के क्षेत्र मे प्रशिक्षण प्राप्त किये हुए हैं पर पत्रकारिता के क्षेत्र मे किसी भी प्रकार का औपचारिक या अनौपचारिक प्रशिक्षण

प्राप्त नही हैं, और शैक्षिक पत्रिकाओ के सम्पादन आदि का कार्यभार सम्भाले हुए है ।

—दूसरे वे लोग है जो पत्रकारिता के क्षेत्र मे सम्पादन का औपचारिक नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किये हुए है पर उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि नही है और शैक्षिक पत्रिकाओ का सम्पादन-संचालन कर रहे है ।

—लेखक, जो इन पत्रिकाओ को लेखकीय शिक्षा सम्बन्धी योगदान देते हैं ।

—शैक्षिक पत्रिका के उत्पादन से जुड़े अन्य तकनीकी कर्मचारी जिन्हे अपने क्षेत्रो का विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त नही है ।

कार्य घटक

इस घटक के क्षेत्र मे प्रारूप, लेखन, आकार, साज-सज्जा आदि की दृष्टि से विचार किया जा सकता है—

कार्य	कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक कौशल
प्रतिवेदन तैयार करना .	भाषा की शुद्धता, यथार्थता, सक्षिप्तता, व्याकरण सम्मत लेखन, साहसी कार्य, समाचारो के प्रति जागरूकता, आदि सम्बन्धी कौशल तथा उपयुक्त गति ।
लेखन :	सही सम्प्रेपण के लिए उपयुक्त अभिव्यक्ति, निष्पक्ष एवं स्वाभाविक रूप से सहज लेखन ।
सम्पादन ·	निष्पक्षता, विभागीयकरण तथा मानकीकरण
प्रूफ पढना ·	अशुद्धता की प्रकृति का ज्ञान, शुद्धता का महत्व, जोडने-घटाने—बदलने की विधि/तरीका एव उनसे परिचय ।
पृष्ठ सज्जा आदि :	नियोजन, छपने के समय तक प्राप्त समाचारो को समाविष्ट करना, आवरण पृष्ठ को आकर्षक बनाना ।
उत्पादन :	डमी तैयार करना, उपयुक्त मुद्रण, सिलाई, कटाई, आवरण पृष्ठ का भिन्न कागज, उत्पादन सामग्री को पाठको तक पहुचाना आदि ।

विषय-वस्तु घटक

इस क्षेत्र पर ढांचे, स्वरूप, प्रारूप, तकनीक एव पाठको की आवश्यकता की दृष्टि से विचार किया जा सकता है .

- शिक्षा सम्बन्धी सामान्य पाठ्यवस्तु तथा कौशल जो शैक्षिक पत्रिकाओ के सम्पादको के लिए आवश्यक हो ।
- शिक्षा से जुडे उन कार्मिको के लिए जो पत्रिकाओ मे काम करते है, पत्रकारिता सम्बन्धी उपयोगी एव सामान्य विषय-वस्तु तथा कौशल ।
- शैक्षिक पत्रिकाओ के लिये लिखने वाले लेखको के लिए "लिखने की कला" एव विषयो सम्बन्धी जानकारी सहित सामान्य पाठ्य-वस्तु तथा कौशल ।

प्रशिक्षक घटक

—प्रशिक्षक का जीवन दर्शन, समाज के प्रति अभिवृत्ति ।

--प्रशिक्षण का तरीका/की विधि

ऊपर दिये पत्रकारिता सम्बन्धी विभिन्न घटको के प्रकाश मे सम्पूर्ण प्रणाली मे शैक्षिक पत्रकारिता मे आलोचनात्मक तत्व, घटको की प्रकृति, उनकी अन्तर्निर्भरता, विभिन्न उपविभाग, समायोजन की विधि का विवेचन, अनुपयुक्तताओ एव अनियमितताओं की पहचान आदि समाविष्ट है । अन्त मे विधि पर आश्रित व्यवस्था मे पत्रकारिता के क्षेत्र में पत्रकार एव सम्पादक अपने को पृथक रखते हुए शोध छात्र तथा प्रकाशक की समस्याओ को जानने के लिए, उपयुक्त विधि का चयन करते है ।

प्रशिक्षण की अपरिहार्यता

पत्रकारिता सम्बन्धी प्रशिक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित करने के लिए ऊपर बताये सभी घटको का परीक्षण जरूरी है तथा इसके लिए यही उपयुक्त विधि है :

उदाहरणार्थ—सीमित घटको का, इन्हीं आधारो पर, विश्लेषण निम्नानुसार प्रस्तुत है—

प्रशिक्षु घटक	कार्य घटक	कौशल	पाठ्य-वस्तु
शिक्षा मे प्रशिक्षण प्राप्त पर पत्रकारिता मे प्रशिक्षण रहित	प्रतिवेदन तैयार करना	शुद्धता, संक्षिप्तता, गति एव कौशल, साहसी कार्य, सूझ-बूझ एव समाचार के प्रति सजग।	पत्रकारिता का सामान्य अनिवार्य पाठ्यक्रम, विषय-वस्तु एव कौशलो का विकास।

ऊपर उल्लिखित विश्लेषण यह समझने मे सहायता करेगा कि—

1. क्या औपचारिक प्रशिक्षण वास्तव मे कोई लाभ पहुचाता है ?

2. क्या प्रशिक्षण कार्यक्रम को शिक्षण विशिष्टता तथा नैदानिक विधियों या इसी प्रकार के अन्य तत्वों पर केन्द्रित किया जाना चाहिए ?

उपयुक्त योजना द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता-पूर्ति

पत्रकारिता के क्षेत्र मे प्रशिक्षण कार्यक्रमो की दो भिन्न-भिन्न योजनाए सुझाई जा सकती है .

1. कार्य मे प्रवेश के बाद अर्थात् अन्त सेवा प्रशिक्षण।
2. सेवा मे प्रवेश से पूर्व प्रशिक्षण।

इन दोनो प्रकार के कार्यक्रमो का अन्तर यू समझाया जा सकता है।

अन्त-सेवा प्रशिक्षण	सेवा में प्रवेश से पूर्व प्रशिक्षण
1. कार्य का पूर्व से परिचय अत. सहज एव सरल।	पेचीदा कार्य—सूचनाए, विधि तथा निर्णय प्रक्रिया की तात्कालिक मार्गों से ये पेचीदगिया/उलझने और बढना।
2. तुलनात्मक रूप से कार्य मे लगे रहने के स्थायित्व की आशा, न्यूनाधिक रूप से परिवर्तन या नवाचार की सम्भावना।	निरन्तर द्रुत गति से विकसित होते ज्ञान तथा कौशलो के पुनर्वर्गीकरण से लगातार परिवर्तन।
3. कार्य मे लगे व्यक्तियो को न्यूनतम योग्यताओ तक लाने के लिए सस्थान को समय तथा मूल्य रूपी भार वहन नही करना पड़ता है।	व्यक्तियो को प्रशिक्षित करने के लिये समय तथा मूल्य चुकाना पडता है, उपकरणो के रख-रखाव की तथा चोटी की दक्षता/कौशल की आवश्यकता होती है।
4 कार्य को प्रशिक्षुओ की आवश्यकताओ के अनुसार बनाया जाता है।	प्रशिक्षु को कार्य की अपेक्षाओ के अनुसार तैयार किया जाता है। कई बार भारी कठिनाइयां आती हैं क्योंकि कार्य के निष्पादन के लिए आवश्यक गुण व्यक्तियो या प्रशिक्षुओं मे नही पाये जाते।
5. सामान्य तौर पर औपचारिक रूप से कार्य करते हुए उत्प्रेरणा या अभिवृत्ति संबधी पाई जाने वाली समस्यायें हल कर ली जाती हैं।	प्रवेश से पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम मे उत्प्रेरणा या अभिवृत्ति सम्बन्धी कठिनाइया हल नही की जा सकती।
6. नई सचालन प्रणाली की कार्य मे आवश्यकता अनुभव नही की जाती।	नई सचालन प्रणाली की कार्य मे अपेक्षा की जाती है तथा उनका क्रमश. विकास चलता रहता है।

शैक्षिक पत्रकारिता के क्षेत्र मे कौन-सी योजना अधिक कारगर सिद्ध हो सकती है या उपयुक्त रहती है—इसका निर्णय करना आसान कार्य नहीं है। शैक्षिक पत्रकारिता सम्बन्धी प्रशिक्षण देने वाले अधिकारियो को स्पष्ट तथा निश्चित रूप से समझ लेना चाहिए कि—

1. प्रशिक्षण के समग्र उद्देश्यो का ज्ञान (प्रशिक्षण के उपागों के उद्देश्यो सहित)।
2. प्रशिक्षण के तात्कालिक उद्देश्यो का ज्ञान।
3. प्रशिक्षण की पाठ्य-वस्तु।
4. प्रशिक्षण की कार्य विधि—औपचारिक, अनौपचारिक।
5. प्रशिक्षुओ की मनोदशा—अभिवृत्ति, कार्य-मूल्य (जॉब वेल्यू) आदि वैयक्तिक घटक।
6. व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुनियोजित योजना।

इन सब से अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रशिक्षण की व्यवस्था अन्त/पूर्व सेवा से इस कार्य मे लगे कर्मचारियों के लिए है या पत्रकारिता के क्षेत्र मे प्रवेश करने वाले—इस क्षेत्र से अनभिज्ञ—नये प्रत्याशियो के लिए है, पर विचार कर लेना अधिकारियो के लिये लाभप्रद रहेगा।

निष्कर्ष

सार रूप मे यही कहा जा सकता है कि प्रशिक्षण पाठ्य-वस्तु का शीतल मस्तिष्क से निश्चय किया जाए। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम मे क्या-क्या विषय/प्रकरण या पाठ्य-वस्तु जोड़ी जाए तथा क्या पाठ्य-वस्तु नहीं जोडी जाए। यदि नही जोडी जाए तो क्यो नही? इसका स्पष्टीकरण कर लेना योजनाधिकारियो के लिए प्रथम स्थान पर अति महत्वपूर्ण है। इन सब बातों का स्पष्टीकरण प्रशिक्षण के उद्देश्यो पर निर्भर करेगा। इसलिए उद्देश्यो का निर्धारण सर्वप्रथम खुले मस्तिष्क से आलोचनात्मक दृष्टि अपनाते हुए किया जाना चाहिए। अच्छा होगा, प्रशिक्षण की दो योजनाए तैयार की जाये जिससे आवश्यकता पड़ने पर विकल्प के रूप मे दूसरी योजना अनुसार भी कार्य शुरू किया जा सके तथा उस समय नई योजना बनाने मे लगाये जाने वाले समय की बचत हो सके। □□

प्राचीन मध्यकालीन भारत में शिक्षा

☐ डॉ० कृष्णकान्त अवस्थी

गुरूकुलों मे आज के समान परीक्षा प्रणाली न थी। गुरू प्रतिदिन जो कुछ पढाते थे उसे अगले दिन प्रत्येक शिष्य से सुनते थे। जो कमी रह जाती थी, उसे विद्यार्थी दिन प्रतिदिन के अभ्यास से दूर करता था। पूर्णत: सन्तुष्ट होने के बाद ही गुरू अगला पाठ पढ़ाता था। समय-समय पर ज्ञान परीक्षा के लिए छात्रो में शास्त्रार्थ होता था। वर्तमान समय में विद्यार्थीगण अपनी विद्वता की साक्षी के रूप में विश्वविद्यालय का एक दस्तावेज पेश कर देते हैं, वैदिक काल में प्रत्येक विद्वान की विद्वता उसकी जिह्वा पर नर्तन करती थी।

भारतीय शिक्षा का अतीत अन्धकार की छाया से आच्छन्न था परन्तु जीवन की कला के विकास के साथ-साथ भारतीय सभ्यता की गोधूलि दिखाई पडने लगी थी। हडप्पा और सिन्धु आदि स्थानों मे पुरातत्व सम्बन्धी खुदाइयो मे जो भग्नावशेष मिले हैं, उनसे प्रमाणित होता है कि वैदिक काल से सदियो पूर्व सिन्धु की घाटी मे आलोडित लहरे सभ्यता के सक्रिय स्वरूप की अभिव्यजना करती है। इस सैन्धव सभ्यता को प्रस्तर धातु युग की सज्ञा दी जाती है।

सैन्धव-सभ्यता के उत्खनन से प्राप्त सामग्रिया प्रमाणित करती हैं कि वहां का नागरिक जीवन सभ्यता और सस्कृति के उत्कर्ष पर था तथा वे लोग किसी न किसी प्रकार की लेखन शैली से अवश्य अवगत थे। परन्तु इस लिपि के अध्ययनार्थ विद्वानो के सारे प्रयत्न इस लिपि को जानने मे निरर्थक रहे। सम्भवत: इस कारण ही सैन्धव लिपि का प्रचार-प्रसार लम्बे काल तक भारत भूमि मे जीवित न रह सका। सिन्धु-घाटी की सभ्यता में ऐसे कोई स्पष्ट सकेत नही मिलते है जिससे इस काल की लिपि के स्वरूप की जानकारी प्राप्त हो सके और निजी शिक्षा के प्रसार की दिशा एव दशा का बोध हो सके।

सैन्धव कालीन सभ्यता की गोधूलि के बाद वेदकालीन सभ्यता का प्रकाश भारत मे प्रस्फुटित हुआ।

वैदिक काल में शिक्षा के विकास में निजी प्रयास

भारतीय शिक्षा जगत मे वैदिक शिक्षा को सर्वप्रथम व्यवस्थित रूप मे स्वीकार किया जा सकता है। यद्यपि उस समय तक लेखन कला का विकास नही हुआ था तथापि शिक्षा के निजी प्रयासो का जो रूप दृष्टिगत होता है, वह निश्चय ही अद्वितीय कहा जा सकता है। तत्कालीन शैक्षिक सस्थाए और शिक्षा का प्रचार-प्रसार व्यक्ति केन्द्रित था। शिक्षक जिसे गुरू की सज्ञा दी गई वह ही संस्था के रूप मे कार्य करता था अर्थात् व्यक्ति ही संस्था था। प्रत्येक गुरू या ऋषि अपने पुत्रवत शिष्य को मौखिक शिक्षा प्रदान करता था। यह ज्ञान उस परिवार की वशगत निधि बनने से वैदिक युग में परिवार-स्कूलों का जन्म हुआ। विद्यार्थी गुरू के पास रहकर विद्याध्ययन करता था। गुरू विद्यार्थियो को मत्रपूत करके जीवन की शुचिता के साथ मंत्रों के माध्यम से ही शिक्षा देता था। मत्रो को कठाग्र करके वे आगे बढ़ते जाते थे।

मुकर्जी (सन् 1974) ने लिखा है कि "उच्चारण की शुद्धता पर विशेष बल दिया जाता था, जिसका उद्देश्य ब्रह्म की प्राप्ति था। विद्यालय का सचालन स्वय शिक्षक करता था। गुरू-गृह ही शिक्षालय था।"

ब्रह्मचर्य विद्यार्थी के लिए अनिवार्य था। गुरू-गृह पर रहकर गुरू सेवा करना विद्यार्थी का परम कर्तव्य था। उपनयन संस्कार के होने पर ही विद्यार्थी जीवन का सूत्र-पात होता था। शिष्य को कठोर अनुशासन का पालन करना पड़ता था। वेद-कालीन शिक्षा की प्रमुख विशेपता "गुरूकुल प्रणाली" थी। गुरू शिष्य के शरीर, मस्तिष्क तथा आत्मा के विकास का जिम्मेदार था। गुरूकुल साधारण कोलाहल से दूर प्रकृति के सुन्दर क्रोड मे स्थित थे। परन्तु ये किसी ग्राम या नगर के समीप अवश्य होते थे जिससे उनमे निवास करने वाले छात्रो की अन्य आवश्यकताओ की पूर्ति की जा सके।

गुरूकुलों मे आजकल के समान परीक्षा प्रणाली न थी। गुरू प्रतिदिन जो कुछ पढ़ाते थे उसे अगले दिन प्रत्येक शिष्य से सुनते थे। जो कमी रह जाती थी, उसे विद्यार्थी दिन-प्रतिदिन के अभ्यास से दूर करता था। पूर्णत. सतुष्ट होने के बाद ही गुरू अगला पाठ पढाता था। समय-समय पर ज्ञान परीक्षा के लिए छात्रों मे शास्त्रार्थ होता था। वर्तमान समय मे विद्यार्थीगण अपनी विद्वता की साक्षी के रूप मे विश्वविद्यालय का एक दस्तावेज पेश कर देते है, वैदिक काल मे प्रत्येक विद्वान की विद्वता उसकी जिह्वा पर नर्तन करती थी।

छात्र-छात्राओं को समान रूप से ज्ञानार्जन का पूर्ण अधिकार था। अधिकतर कन्याओ के लिए यह विधान था कि वे अपने माता-पिता, ज्येष्ठ भगिनी, सास तथा पति से विद्या प्राप्त करे। आचार्यों की कन्याए स्वय अपने पिता के साथ रहकर विद्याध्ययन करती थी। गार्गी, देवयानी, मैत्रेयी आदि विदुषियो के नाम तत्कालीन गौरवपूर्ण परम्परा के उदाहरण है। धर्मग्रथो मे विश्ववाश, लोपा-मुद्रा, घोषा, वञाया इत्यादि विदुषियो के नाम उसी गौरव का गायन करते है। गुरूकुल के परिपोषण के लिए अनेकानेक नृपति गाव के गाव की राजस्व लगा देते थे। यह उन सबका गुरूकुल के लिए महान योगदान था। ऐसी बस्ती को जो राजाओ के द्वारा गुरूकुल को दी जाती थी वह ब्रह्मपुरी या अग्रहार कही जाती थी। इस प्रकार के दान को भट्ट-वृत्ति कहते थे। गुरूकुलो के अतिरिक्त अनेक तीर्थ-स्थानो तथा नगरो मे भी अनेक प्रतिष्ठित विद्वान आचार्यो ने विद्या केन्द्र खोल रखे थे। कभी-कभी वे अपने गृहो मे भी ऐसे विद्या केन्द्र खोलते थे। प्राचीन नगरीय विद्या केन्द्रो मे काशी, काँची, कन्नौज, तक्षशिला आदि के नाम प्रख्यात थे।

वैदिक युग मे विद्या की सबसे महत्वपूर्ण सस्था परिषद थी। यह परिषद विशिष्ट विद्वानो की गोष्ठी थी। उसके निर्णय राजा और प्रजा दोनो को मान्य थे। परिषदो के सदस्यो की सख्या 10 से 21 तक होती थी।

मुकर्जी ने उल्लेख किया है कि "गौतम धर्म-सूत्र के अनुसार दस सदस्यो का सयोजन इस प्रकार था।"

1. चारो वेदो के पूर्ण ज्ञाता।

2. धर्म शास्त्रों के तीन पडित।

3. ब्रह्मचारी, गृहस्थ तथा वानप्रस्थ—तीनों के एक-एक प्रतिनिधि। धीरे-धीरे योगानुकूल आवश्यकताओं से इन विद्वानों के पास अनेक छात्र विद्याध्ययन के लिए आने लगे तथा परिषदो ने सावास विश्वविद्यालयों का रूप धारण किया।

इससे सम्बन्धित मुकर्जी ने कहा है कि "परिषद मे आधुनिक विश्वविद्यालयो के सभी उपकरण वर्तमान थे ।" इन विद्या केन्द्रो मे दो मुख्य थे—एक "काशी" और दूसरा गान्धार की राजधानी "तक्षशिला"।

तक्षशिला

आल्तेकर ने तक्षशिला की स्थिति के विषय में अपनी पुस्तक मे उल्लेख किया है कि "यह केन्द्र रावलपिंडी से 20 मील दूर पश्चिम दिशा मे स्थित है । 700 ई० पूर्व से 500 ई० पूर्व की अवधि मे तक्षशिला शिक्षा का प्रधान केन्द्र रहा । इसकी नीव भरत ने डाली थी तथा अपने पुत्र तक्ष को यहा का शासक नियुक्त किया था ।" नामानुसार तक्षशिला नाम पडा । "यही पर जनमेजय का नागयज्ञ भी हुआ था । यहा पर अध्ययन हेतु राजगृह काशी और मिथिला जैसे सुदूर स्थानो से छात्र अध्ययनार्थ आते थे ।" जातकों से इस सम्बन्ध मे बहुत कम जानकारी मिल पाती है । वर्तमान समय के कालेज या विश्वविद्यालयो के रूप मे तक्षशिला मे कोई कालेज या विश्वविद्यालय न था । यहा अनेक प्रतिष्ठित आचार्य थे, जिनके चरणों मे बैठकर अध्ययन करने के लिए उत्तर भारत के कोने-कोने से सैकडो विद्यार्थी आते थे । आचार्य किसी केन्द्रीय शिक्षण सस्था द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का अनुसरण नही करते थे । विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार अध्ययन पूरा करते थे । कोई परीक्षा नही होती थी । इसीलिए कोई उपाधि नही होती थी । प्रमाण-पत्र भी वितरित नही किया जाता था । आल्तेकर ने कहा है कि . "सामान्यत एक आचार्य के पास 20 से अधिक ब्रह्मचारी शिष्य नही होते थे । तक्षशिला की खुदाइयो से भी भवन प्रकट नही हुआ जिसमें 500 विद्यार्थी अध्ययन करते रहे हों ।"

राजा प्रसेनजित, कुमार जीवक ने यही शिक्षा ली थी । वैयाकरण पाणिनि, महामति चाणक्य तथा वैद्य जीवक ने यही पर ज्ञान लाभ किया था । जातको से ज्ञात होता है कि काशी के युवराजो की शिक्षा-दीक्षा प्रायः तक्षशिला मे होती थी ।

यह उच्च शिक्षा का केन्द्र था । वेदत्रयी, अष्टादश शिल्प दर्शन और व्याकरण ही मुख्य विषय थे । धर्म, विधि, गणित, कृषि, वाणिज्य, पशु-विद्या, लौह-शिल्प, काष्ठ-शिल्प, चिकित्सा, शिल्प-शास्त्र, गारूणी विद्या, गुप्त-द्रव्योत्पादन, सगीत, नृत्य, चित्रकला और साहित्य नाग-वशीकरण आदि का ज्ञान यहा दिया जाता था । विषयो के चयन मे वर्ण-व्यवस्था बाधक न थी ।

अल्तेकर ने पुन. अपनी पुस्तक मे लिखा है कि "धनाड्य छात्र शुल्क के साथ अपने भोजन और आवास का व्यय चुका देते थे । कुछ धनाड्य विद्यार्थी अपने निवास के लिए स्वतन्त्र भवनो की व्यवस्था कर लेते थे । काशी के राजकुमार जुन्ह ने ऐसा ही किया था । निर्धन विद्यार्थी जो शुल्क देने मे असमर्थ होते थे, वे दिन मे आचार्य की गृहस्थी का कार्य कर देते थे । उनके पाठ के लिए रात्रि मे विशेष व्यवस्था की जाती थी ।

5वी शताब्दी ई० पू० के प्रथम चरण मे फाहियान की यहां यात्रा के समय इस शिक्षा केन्द्र का अस्तित्व न रह गया था । ईसा की 5वी शताब्दी मे हूणों के आक्रमण तथा छोटे यू-चियो के विध्वस से यह केन्द्र नष्ट भ्रष्ट हो गया । 7वी शताब्दी मे युवाङ च्वाङ की यात्रा के समय इसका वैभव लुप्त हो चुका था । भारतीय शिक्षा के विकास मे निजी प्रयासो के रूप में इस शिक्षा-केन्द्र का योगदान अद्वितीय था ।

काशी

आल्तेकर ने अपनी पुस्तक मे उल्लेख किया है कि "उपनिषद् काल मे काशी आर्य-सभ्यता और धर्म के केन्द्र के रूप मे विख्यात हो चुकी थी । काशी की तुलना मे तक्षशिला का महत्व अधिक था । काशी के अनेक आचार्य तक्षशिला के स्नातक थे । परन्तु कालान्तर मे काशी का महत्व देश-देशान्तर मे फैल चुका था । कोसिय तथा तित्तिर जातको से ज्ञात होता है कि काशी के यशस्वी आचार्य तीनो वेदो और 18 शिल्पो का अध्ययन करते थे । जातक से पता चलता है कि 16 वर्ष की आयु वाले विद्यार्थी काशी मे अध्ययन के लिए उमड़ पड़ते थे ।"

बुद्ध ने सर्वप्रथम अपने धर्म का प्रचार यहीं से प्रारम्भ किया । अशोक के सरक्षण मे काशी के उपान्त मे सारनाथ का बौद्ध विहार शिक्षा का बडा प्रसिद्ध केन्द्र बन गया । इसकी प्रगति का क्रम ईसा की सातवी शताब्दी तक जारी

रहा। यहा की अनेक मजिल इमारते वैभव को बढा रही थी। 1500 भिक्षु छात्र इसमे शिक्षा प्राप्त करते थे।

केवल भविष्य पुराण मे भविष्यवाणी के रूप मे कहा गया है कि काशी प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र रही होगी। शकराचार्य ने यहां के पडितो से अपने सिद्धान्तो पर यहा आकर मोहर लगवाई। ईसा की 11 वी शताब्दी मे काशी और कश्मीर शिक्षा के दो प्रमुख केन्द्र विख्यात थे। 17वी शताब्दी मे विद्या के केन्द्र के रूप मे काशी का वर्णन करते हुए बर्नियर लिखता है कि "काशी एक प्रकार का विश्वविद्यालय है किन्तु हमारे विश्वविद्यालयों की भाति यहा न तो कोई कालेज है न नियमित कक्षाए। यूनान की प्राचीन पाठशालाओं से यह मिलता-जुलता है, अध्यापक सारे नगर मे फैले है तथा घरो पर ही अध्यापन होता है। कुछ अध्यापकों के चार कुछ के छह छात्र है। सबसे प्रसिद्ध अध्यापक के 12 या 15 छात्र होगे। किन्तु इससे अधिक कदापि नही। काशी के पंडितों ने धर्मशास्त्र, व्याकरण, काव्य, न्याय और दर्शन पर ग्रन्थ लिखे। निजी प्रयासो के रूप मे काशी का विवरण प्रस्तुत करना सर्वथा उचित होगा।"

बौद्ध काल में निजी शिक्षा सस्थाओं का प्रबन्ध

मुकर्जी के अनुसार—"उचित रूप से विचार किए जाने पर बौद्ध शिक्षा, प्राचीन हिन्दू या ब्राह्मणीय शिक्षा-प्रणाली का केवल एक रूप है।"

वास्तविकता यह है कि बौद्ध-शिक्षा स्वय मे भिन्न होते हुए भी यह वैदिक शिक्षा-प्रणाली पर ही आधारित है। इस काल मे शिक्षा का सस्थागत रूप मघो मे दिखाई पड़ता है।

संस्थागत शिक्षा के स्तर

शिक्षा दो स्तरों मे विभाजित की गई :

1. प्राथमिक स्तर : जातक कथाओ से ज्ञात होता है कि बौद्ध युग में प्राथमिक शिक्षा सांसारिक शिक्षा के रूप मे दी जाती थी। फाहियान ने भी सामान्य शिक्षा की चर्चा की है।

2. उच्च स्तर : आल्तेकर के शब्दो मे कहा जा सकता है कि मठो ने अपनी उच्च शिक्षा की श्रेष्ठता से जहां अध्ययन के लिए कोरिया, चीन, तिब्बत और जावा जैसे सुदूर देशो के छात्र आकर्षित किए, वही भारत की अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति को ऊचा उठा दिया।

चीनी यात्रियो ह्वेनसाग और आइसिंग के लेखो मे प्राथमिक शिक्षा 6 वर्ष की आयु से प्रारम्भ होती थी। छात्रो को छः माह तक "सिद्धिरस्तु" नामक बाल पोथी पढनी पडती थी। इस पोथी मे 12 अध्याय, वर्णमाला के 49 अक्षर और 300 से अधिक श्लोक थे। इनको याद कर लेने के पश्चात निम्नाकित पाच विद्याओ का अध्ययन करना पडता था—

1. व्याकरण
2. शिल्प स्थान-विद्या
3. चिकित्सा-विद्या
4. हेतु-विद्या
5. अध्यात्म-विद्या

इन विद्याओ की शिक्षा को न केवल बौद्ध भिक्षु, वरन गृहस्थ बौद्ध धर्मावलम्बी भी प्राप्त करने के अधिकारी थे। शिक्षा का माध्यम पाली भाषा थी, जो उस युग मे जन साधारण द्वारा बोली जाती थी। संस्कृत शास्त्रीय भाषा थी जो कि ब्राहमणों द्वारा संचालित शिक्षा सस्थाओ मे प्रचलित थी।

उच्च शिक्षा के केन्द्र भी बौद्ध मठ थे, जिनमे विविध विषयो की सम्यक और पूर्ण शिक्षा दी जाती थी। अध्ययन के विविध विषय प्रमुख स्नातको के रूप मे बौद्ध-धर्म, हिन्दू धर्म, जैन धर्म, दर्शन शास्त्र, आध्यात्म-विद्या, तर्क-शास्त्र, सस्कृत, पाली, नक्षत्र-विद्या, फल-गणन विद्या, खगोल विज्ञान, औषधि विज्ञान, न्याय-शास्त्र, राज्य व्यवस्था और प्रशासन आदि थे।

जीवक ने सात वर्ष तक चिकित्सा विज्ञान की शिक्षा प्राप्त की थी। इसी प्रकार चरक, धन्वन्तरि आदि महान आयुर्वेदाचार्य भी इसी युग की देन है, जो निजी प्रयासो के रूप मे शैक्षिक विकास हेतु अमूल्य योगदान देते रहे।

निजी शिक्षा के महत्वपूर्ण केन्द्र

बौद्धकाल मे शिक्षा के निजी केन्द्र विभिन्न प्रकार के सगठनो के रूप मे मिलते है। इन सगठनो के तत्कालीन नामकरण इस प्रकार है :—

1 **बौद्धमठ और विहार**—जो शिक्षा के विशाल केन्द्र थे, वह शैक्षिक विकास के सोपानो को पार करते हुए विश्वविद्यालय के रूप मे परिवर्तित हो गए। वे थे—बलभी (गुजरात), विक्रमशिला (मगध), जगद्दला (बगाल), ओदन्तपुरी (मगध), मिथिला, नदिया (बगाल), नालन्दा (बिहार), अमरावती (आन्ध्र), सारनाथ (वाराणसी), जयेन्द्र विहार (कश्मीर की राजधानी के पास), चिनपति (पजाब) जालंधर के विहार, मतिपुर विहार (उ० प्र० बिजनौर), हिरण्य विहार, भद्र विहार (कन्नौज) आदि।

2. **विद्यापीठ**—ये वे सस्थाए है जो विश्वविद्यालय से प्रथम स्तर की रही है तथा उच्च शिक्षा के केन्द्र के रूप मे कार्यरत रहीं। यथा—सोलोत्गी देवालय विद्यापीठ, एन्नायिरम् देवालय विद्यापीठ, तिरुमुक्कुदल देवालय विद्यापीठ, तिरूवोरियूर देवालय विद्यापीठ, मलकापुरम् विद्यापीठ आदि।

3 **अग्रहार गांव**—यह ऐसी शिक्षा सस्थाएं रही है जो गाव मे कार्यरत थी। गाव मे बौद्ध सघ के लोग रहते थे और विचार-चर्चा में शिक्षा एव दीक्षा दिया करते थे। थोडे दिनो के उपरान्त यह गाव शिक्षा के केन्द्र रूप मे बदल दिए गए।

4. **टोल**—चतुर्थ प्रकार की शिक्षा सस्थाएं टोल के नाम से जानी जाती हैं। ये टोल आधुनिक काल मे भी बगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश मे अधिक सख्या मे पाए जाते है। कार्नवालिस ने टोलो को काफी दान देना आरंभ किया। पहले ये टोल भी अग्रहार-गाव के रूप मे थे।

प्रमुख शिक्षा केन्द्रों का निजी प्रबन्ध

सुविख्यात केन्द्रो का सम्पूर्ण प्रबन्ध जनता, राजाओं तथा धनिकों के द्वारा किया जाता था। शासन की ओर से कोई भी सहायता नही प्राप्त होती थी। ऐसे प्रमुख केन्द्र निम्नलिखित थे .

1. **बलभी विश्वविद्यालय**—आल्तेकर ने लिखा है कि "यह विश्वविद्यालय काठियावाड के पूर्वी किनारे पर बला नामक स्थान के पास मे स्थित था। 640 ई० मे यहा लगभग 100 विहार थे, जिनमे 6000 भिक्षु पढ़ते थे। 7वी शताब्दी के मध्य मे स्थिरमति तथा गुणमति नामक प्रसिद्ध विद्वान इसी विश्वविद्यालय मे थे। बलभी के स्नातको को तत्कालीन शासन मे ऊचे पदो पर नियुक्त किया जाता था।"

यहा बौद्ध धर्म की शिक्षा के साथ-साथ व्याकरण, व्यवहार-शास्त्र, मुनीमी और साहित्य आदि लौकिक विषयों का ज्ञान दिया जाता था। यहा पर निवास करने वाले 100 करोडपति नागरिको से बलभी को पर्याप्त आर्थिक सहायता मिला करती थी। इस प्रकार निजी सगठनो द्वारा प्रबन्ध व्यवस्था चला करती थी। अरबो के आक्रमण से विश्वविद्यालय का काम कुछ समय के लिए रुक गया।

2. **विक्रमशिला विश्वविद्यालय**—केई ने अपनी पुस्तक मे लिखा है कि "इसकी स्थापना पाल वश के सम्राट धर्मपाल ने 8वी शताब्दी मे की थी।" केई के अनुसार इस वंश के राजाओ ने 12वी शताब्दी तक सस्था को हर प्रकार का प्रोत्साहन दिया। इस समय यहा 108 शिक्षक और 3000 विद्यार्थी थे। इससे सबधित 6 विद्यालय थे, जिनमे विषयों की शिक्षा दी जाती थी। इसका प्रशासन अध्यक्ष या कुलपति द्वारा किया जाता था। इसमे व्याकरण, तर्क, दर्शन, तन्त्र विद्या और धर्म काण्ड आदि पढ़ाये जाते थे। दीपकर श्रीज्ञान श्रेष्ठ पण्डितो मे थे। यहा विशाल पुस्तकालय था।

केई ने विभिन्न द्वारो पर कार्यरत पडितो के विषय मे उल्लेख किया है, "विद्यापीठ का प्रबन्ध छ द्वार पडितों मे बटा था। जिसके प्रधान स्वय महास्थावर ही होते थे। द्वार पंडितों का कार्य विहार मे प्रवेशार्थी छात्रो की मौखिक परीक्षा लेना था। द्वार पडित निम्नवत् नियुक्त थे .

पूर्वी द्वार—काशी के वागीश्वर कीर्ति,

पश्चिमी द्वार—आचार्य रत्नाकर शान्ति

उत्तरी द्वार—नरोप

दक्षिणी द्वार—प्रज्ञाकरमति के सरक्षण मे थे। इसके अतिरिक्त प्रथम मध्य द्वार—कश्मीर के रत्नव्रज और द्वितीय मध्य द्वार गौड के ज्ञान श्रीमित्र के आश्रय मे था।"

आल्तेकर ने पुन उल्लेख किया है "1203 ई० मे बख्तियार खिलजी ने इसे नष्ट-भ्रष्ट कर दिया और बहुत से भिक्षु तलवार के घाट उतार दिए गए। प्राचीन गौरव समाप्त हो गया।"

3. **नालन्दा विश्वविद्यालय**—दास का कथन है कि उच्च शिक्षा केन्द्रों मे सर्वप्रथम स्थान नालन्दा विश्वविद्यालय का था। यह आधुनिक ग्राम बरगा मे राजगीर (बिहार मे) से लगभग आठ मील दूर था। ह्यूनसाग के भारत आगमन के समय इसमे लगभग 5000 भिक्षु थे, जिनमें से 1000 शिक्षको के ऊपर 4000 विद्यार्थियो की शिक्षा का भार था। ह्यूनसाग के अनुसार यहा 1510 शिक्षक और 10000 छात्र थे।

द्वार पडित विश्वविद्यालय के द्वार पर बैठकर छात्रो की कड़ी मौखिक परीक्षा लेता था। नालदा मे भारत के ही नही वरन् चीन, कोरिया, मगोलिया, नेपाल, तिब्बत आदि देशो से भी विद्वान शिक्षा ग्रहण करने आते थे। नालंदा मे शिक्षा नि शुल्क थी। इसके अतिरिक्त भोजन, वस्त्र आदि भी शिक्षा केन्द्र की ओर से ही विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाते थे। महायान तथा बौद्ध धर्म, जैन धर्म, व्याकरण, ज्योतिष, दर्शनशास्त्र, औषधि विज्ञान, वेदो-पुराणों आदि की शिक्षा दी जाती थी। यहा के विशाल पुस्तकालय मे तीन विशाल भवनो में पुस्तके रखी जाती थी, इन भवनो को क्रमश: "रत्नसागर", "रत्नोदधि" तथा "रत्नरजक" कहते थे।

यहा का शासन प्रबन्ध लोकतन्त्रीय था। सम्पूर्ण प्रबध कुलपति या अध्यक्ष द्वारा होता था। पूर्ण प्रबन्ध निजी प्रयासो पर ही आधारित था। पूर्ण वर्म्मन, यशोवर्म्मनदेव और देवपाल आदि शासक इस सस्था के उल्लेखनीय सरक्षकों में थे। निकटवर्ती गावो से खाद्य पदार्थो की पूर्ति होती थी। 200 ग्रामों के कर के माध्यम से होने वाली आय आर्थिक योगदान के लिए थी। इस प्रकार निजी संगठनों के द्वारा ही इस शिक्षा केन्द्र की पूर्ण व्यवस्था होती थी।

आल्तेकर ने लिखा है—"12वी शताब्दी के अन्त मे मुस्लिम आक्रमणकारियों मे बख्तियार खिलजी एक ऐसा निर्मम शासक था, जिसने भवन जला दिए तथा भिक्षुओ को तलवार के घाट उतार दिया। अमूल्य पुस्तकालय भी फूंक दिया गया।"

सक्षेप मे यह कहा जा सकता है कि इस काल मे शिक्षा का स्वरूप निजी प्रयासो के सहयोग से सस्थागत हो गया था। इसमे परिवार का स्थान सघ या विहार ने ले लिया था। चिकित्सा का कार्य प्रसिद्ध वैद्य जीवक के द्वारा किया जाता था। कुछ अवाछनीय तत्वो के प्रवेश के कारण विहार सद्गुण और सद्ज्ञान का केन्द्र न रहे। फलत. ब्रह्मणीय शिक्षा पद्धति का पुनरोत्थान हुआ।

मिश्र ने लिखा है, "बौद्धो के बाद जिस नये युग का आविर्भाव हुआ, उसमे मन्दिर-महाविद्यालय, मठ, अग्रहरि और टोल अभिनव ब्राह्मण धर्म के शिक्षा केन्द्र बने। दसवी शताब्दी के बाद जो प्रसिद्ध मन्दिर महाविद्यालय बने, वे इन्नाइरम् तिरूमुक्कुदल, सालोतगी, तिरुवोराईयुर, मलकापुरम् और अन्य अनेक स्थानो पर स्थित थे।"

मध्ययुगीन वैयक्तिक शिक्षा-संस्थाएं और शिक्षा मे निजी प्रयास

ईसा की आठवीं शताब्दी के प्रारम्भ से ही भारत में मुसलमानो के आक्रमण शुरू हो गए थे। महमूद गजनवी ने भारत से अपार धनराशि लूटी और गजनी मे मदरसे तथा पुस्तकालय खोले। इसके उपरान्त मुसलमान स्थायी रूप से भारत मे शासन करने लगे तथा उन्होने अपने प्रयास से नवीन शिक्षा प्रणाली को जन्म दिया। तत्कालीन भारत मे प्राचीन ब्राह्मणीय तथा बौद्ध शिक्षा का प्रचलन था। परन्तु समय-समय पर बख्तियार, अलाउद्दीन, फिरोज तथा औरंगजेब आदि शासको ने प्राचीन भारतीय सस्कृति और शिक्षा को विध्वंस करने के प्रयास किये। बख्तियार ने बौद्ध विश्वविद्यालयो को नष्ट करके उनके स्थान पर इस्लामी शिक्षा का प्रचार किया।

शाही मुस्लिम शासन की जर्जरता एव उदारता के साथ तथा धनिको के व्यक्तिगत प्रयत्नो से भारतीय शिक्षा का रूप बदलने लगा था। परिणामस्वरूप नवीन शिक्षा

प्रणाली का जन्म हुआ । बहुत से हिन्दू अरबी तथा फारसी शिक्षा के प्रकाण्ड पण्डित होकर मुसलमान शासको के दरबारों मे उच्च पदो पर आसीन होने लगे । जबकि मुसलमानी शिक्षा प्रधानत. दर्शन, चिकित्सा तथा औद्योगिक शिक्षा के क्षेत्र मे हिन्दू शिक्षा से प्रभावित हुई ।

जफर ने उल्लेख किया है कि "मुसलमान शासको के निजी प्रयासो के फलस्वरूप दो प्रकार की शिक्षा सस्थाओ का सगठन हुआ ।"

1. प्रारम्भिक शिक्षा हेतु मकतब
2. उच्च शिक्षा हेतु : मदरसे

केई ने उल्लेख किया है कि "मकतब प्राथमिक और मदरसे उच्च शिक्षा के केन्द्र थे । ये मकतब और मदरसे साधारणत. किसी मस्जिद से सम्बद्ध होते थे ।" इनकी स्थापना मुस्लिम शासको और धनी विद्या-प्रेमियो दोनो के द्वारा की गई थी । मकतब या मदरसे राजाओं के द्वारा संचालित और उनके राज-कोष से पोषित होते थे । इन सस्थाओ से मुसलमान छात्रो को अधिक लाभ होता था और स्वाधीनता तथा धार्मिक कट्टरता के कारण हिन्दू छात्रो को समुचित लाभ नही मिल पाता था ।

मकतब और मदरसे वहीं खोले जाते थे जहां किसी अमीर उमराव का निवास होता था । और मुसलमानो की संख्या अधिक होती थी ।

1. **मकातिब**—प्राथमिक शिक्षा मकतबों मे दी जाती थी । "मकतब" शब्द अरबी भाषा के "कुतुब" शब्द से बना है, जिसका अर्थ है "उसने लिखा" । मकतब वह स्थान था जहा लिखना सिखाया जाता था । मकतबो की सख्या कम होने के कारण जन-साधारण के कम बालको को शिक्षा मिल पाती थी । जब मुस्लिम बालक 4 वर्ष 4 माह 4 दिन का होता था तब उस की शिक्षा "बिस्मिल्लाह" रस्म से प्रारम्भ की जाती थी । प्रारम्भिक शिक्षा मे साधारण बालको को लिखने-पढने के साथ गणित का ज्ञान कराया जाता था । नैतिक शिक्षा हेतु "गुलिस्ता" और "बोस्ता" पढाए जाते थे । पैगम्बरो की कथाएं, मुस्लिम फकीरो की कहानियो तथा फारसी कवियो की कतिपय कविताओ द्वारा अच्छे संस्कार डाले जाते थे । मकतबो मे मौखिक शिक्षा दी जाती थी । बालको को "कलमा" रटने के साथ-साथ कुरान की आयते भी कठस्थ करनी पडती थीं । इसके उपरान्त छात्रो को कागज तथा तख्ती पर लिखने का अभ्यास कराया जाता था ।

2 **मदारिस**—मकतब की शिक्षा समाप्त करने के उपरांत छात्र मदरसे मे प्रविष्ट होता था । "मदरसा" शब्द की व्युत्पत्ति अरबी भाषा के "दरस" शब्द से हुई । जिसका अर्थ है—"भाषण देना ।" इस प्रकार मदरसा वह स्थान था, जहा पर लम्बी-लम्बी तकरीरें या भाषण दिये जाते थे । उच्च शिक्षा का अध्ययन काल 10 से 12 वर्ष का था । पाठ्यक्रम दो भागों मे विभक्त था ।

(क) **लौकिक शिक्षा**—लौकिक अथवा सासारिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियो को अरबी तथा फारसी भाषाओ के व्याकरण के साथ-साथ भाषाओ का साहित्य, गणित, इतिहास, भूगोल, दर्शनशास्त्र नीतिशास्त्र, तर्कशास्त्र, अर्थशास्त्र, ज्योतिष, कानून, यूनानी चिकित्सा तथा कृषि आदि विषयो का ज्ञान कराया जाता था ।

(ख) **धार्मिक शिक्षा**—धार्मिक शिक्षा मे छात्रो को कुरान, मुहम्मद साहब की परम्परा, इस्लामी कानून, इस्लामी इतिहास का अध्ययन करना पडता था ।

मुस्लिम शिक्षा के निजी केन्द्रो पर मुल्लाओ और मौलवियो का प्रभाव अधिक रहता था । धनी लोग अध्यापको-मौलवियो को अपने घर पर रखकर बच्चो तथा स्त्रियो को शिक्षा दिलवाते थे । इस काल मे स्त्रियों की सामूहिक शिक्षा की कोई व्यवस्था न थी । इस काल मे सैनिक शिक्षा दी जाती थी । मुसलमान शासको की राजधानी, किसी अमीर अथवा सूबेदार का निवास स्थान अथवा किसी धार्मिक महत्व रखने वाले दरगाह या खानकाह इत्यादि पर ही कोई भी नगर शिक्षा का केन्द्र बन जाया करता था ।

प्रसिद्ध विद्वान केई ने उल्लेख किया है कि "इस प्रकार मध्यकाल मे आगरा, दिल्ली, जौनपुर, लखनऊ, मालवा, लाहौर, अजमेर, बीदर, फिरोजपुर, गोलकुण्डा, हैदराबाद, गुजरात, बगाल, जालधर, मुल्तान, बीजापुर इत्यादि प्रमुख शिक्षा केन्द्र बने ।"

शिक्षा मर्मज्ञ मिश्र ने लिखा है कि "थोडा बहुत दान और राजा की इच्छा को पूर्ण करने की कुछ योजनाओ के

अलावा शिक्षा की वित्त व्यवस्था के लिए कोई राजकीय पद्धति नहीं विकसित की गयी। यह अकबर के शासन काल मे 14 करोड रुपए था, जहागीर के समय मे 17.5 करोड़ रुपए था, शाहजहां के समय 22 करोड़ और ओरंगजेब के समय 38.6 करोड रुपए हो गया और जो कि बाद मे घटकर 30 करोड़ रुपए ही रह गया।"

इस प्रकार मुस्लिम शासको और धनिको ने मुस्लिम और हिन्दुओ की शिक्षा के लिए जो कार्य किए वह विस्मृत नही किए जा सकते।

सन्दर्भ

आर० के० मुकर्जी, (1974 सस्करण), **ऐन्शियन्ट इण्डियन एजूकेशन**, दिल्ली . मोतीलाल बनारसीदास, पृ० 218, 219, 220, 222.

आत्मानन्द मिश्र, (1973 संस्करण), **भारतीय शिक्षा की वित्तीय व्यवस्था**, अग्निहोत्री, प्रेम बिहारी लाल (अनु०), भोपाल . मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रथ अकादमी, पृ० 123, 157.

ए० एस० आल्तेकर, (1979-80) (सशोधित संस्करण), **प्राचीन भारतीय शिक्षण पद्धति**, वाराणसी · मनोहर प्रकाशन, पृ० 82, 83, 84, 85, 86, 97, 99.

एफ० ई० केई०, (1978 सस्करण), **हिस्ट्री आफ एजूकेशन इन इण्डिया**, कलकत्ता . ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, पृ० 108, 113, 146, 147

एस० एम० जफर. (1972 सस्करण), **एजूकेशन इन मुस्लिम इन्डिया**, दिल्ली : इदराह्-आई, एडबियाट आई, पृ० 16.

संतोष कुमार दास, (1931 सस्करण), **द एजूकेशनल सिस्टम आफ द एन्शियन्ट हिन्दूज**, कलकत्ता : मित्रा प्रेस, पृ० 366

□□

छात्र नेताओं एवं सामान्य छात्रों का व्यक्तित्व*

□ डॉ० सुभाष चन्द्र अग्रवाल

सामान्य रूप से नेतृत्व का प्रश्न राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक से संबंध रखता है, परन्तु उनके प्रतिदिन के व्यवहार के आधार पर वर्तमान अध्ययन में छात्र नेताओं और सामान्य विद्यार्थियों के बीच इसी प्रकार के एक व्यवहार-व्यक्तित्व की विशेषताओं में अन्तर को जानने का प्रयास किया गया है।

समूह चाहे किसी भी प्रकार का हो उसमे सदैव एक ऐसा व्यक्ति पाया जाता है जोकि दूसरों से भिन्न दिखायी पड़ता है, जो समूह का नेतृत्व करता है और जिसकी इच्छा के अनुरूप समूह के अन्य सदस्य किन्ही निश्चित उद्देश्यो की प्राप्ति के लिए कार्य करते हैं। समूह के इस सदस्य को हम नेता के रूप मे जानते हैं। प्रत्यक्ष रूप से देखने पर यह कहा जा सकता है कि नेता समूह का ऐसा सदस्य होता है जो किसी भी कार्य की अगुवाई करता है और जो इस कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारी लेता है। नेतृत्व जन्मजात ही हो, ऐसा नही है। विगत वर्षों मे किये गये अध्ययनों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि नेतृत्व समूह की संरचना, परिस्थितियों तथा समूह कार्यो एवं लक्षणो पर निर्भर करता है।

सामान्य रूप से नेतृत्व का प्रश्न राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक से सम्बन्ध रखता है, परन्तु विशेष रूप से छात्रों के सम्बन्ध मे इस प्रश्न को उठाने के अनेक कारण है। विद्यार्थी राष्ट्र की नयी पीढ़ी के प्रतिनिधि होते हैं। आगे चलकर उन्हे ही देश को नेतृत्व प्रदान करना है। वे प्रबुद्ध, जागरूक एव उत्साही होते हैं। शिक्षा ग्रहण करते समय वे राष्ट्र की प्रगति की लगभग समस्त दिशाओ से परिचय प्राप्त करते हैं। व्यक्तिगत भिन्नताओ के कारण सभी छात्र एक जैसे प्रतीत नही होते। उनके प्रतिदिन के

* वर्तमान अध्ययन हेतु आकड़ों के एकत्रीकरण के लिए लेखक अपने विभाग की छात्रा कु० रेनु अग्रवाल का आभारी है।

व्यवहार के आधार पर हम छात्र नेताओं एव सामान्य विद्यार्थियो के बीच एक अन्तर पाते हैं। उनके व्यवहार के इस अन्तर को मनोवैज्ञानिक परीक्षणो द्वारा मापा जा सकता है।

वर्तमान अध्ययन मे छात्र नेताओ और सामान्य विद्यार्थियो के बीच इसी प्रकार के एक व्यवहार-व्यक्तित्व की विशेषताओ मे अन्तर को जानने का प्रयास किया गया है।

उद्देश्य

वर्तमान अध्ययन का उद्देश्य छात्र नेताओं एव सामान्य विद्यार्थियो के बीच व्यक्तित्व की विशेषताओं की तुलना करना है।

न्यादर्श एवं विधि

वर्तमान अध्ययन इलाहाबाद विश्वविद्यालय एव उसके सहयोगी 4 महाविद्यालयो मे अध्ययन कर रहे 50 छात्र नेताओ एव 50 सामान्य विद्यार्थियो पर किया गया है। छात्र नेताओ के चयन के लिए किसी औपचारिक उपकरण का प्रयोग नहीं किया गया है। इसके लिए स्नातक कक्षाओ मे अध्ययन कर रहे 100 छात्र-छात्राओ पर एक सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान उनसे यह पूछा गया कि वे ऐसे 10 छात्र-छात्राओ के नाम बताएं जिन्हें वे अपना नेता समझते है। तत्पश्चात् एक बारम्बारता सारिणी बनाई गई तथा 10 या अधिक की आवृत्ति प्राप्त करने वाले 50 छात्र नेताओ का चुनाव किया गया। इन छात्र नेताओं का चुनाव कर लेने के पश्चात् स्नातक कक्षाओ मे ही अध्ययन कर रहे 50 अन्य छात्र-छात्राओ को आकस्मिक न्यादर्शन विधि द्वारा चुना गया। इस प्रकार सांख्यिकी दृष्टि से वर्तमान अध्ययन मे 100 छात्र-छात्राओ का न्यादर्श लिया गया है।

उपकरण

छात्र नेताओ एवं सामान्य छात्रों के व्यक्तित्व की विशेषताओं की तुलना हेतु आकड़ों का सग्रह डा० एस० डी० कपूर (1982) द्वारा हिन्दी मे अनुकूलित व्यक्तित्व अनुसूची (16 पी० एफ०) का प्रयोग किया गया है। इस सूची द्वारा व्यक्तित्व के 16 कारकों अथवा लक्षणो का मापन किया जाता है। प्रत्येक कारक पर प्राप्त प्राप्तांको के आधार पर व्यक्ति के व्यक्तित्व के गुणो को जाना जाता है।

सांख्यिकी विश्लेषण

छात्र नेताओ एव सामान्य विद्यार्थियो के लिए व्यक्तित्व के प्रत्येक कारक पर अलग-अलग मध्यमान एव प्रामाणिक विचलन ज्ञात किये गये। तब मानक त्रुटि एवं अन्तर की प्रमाणिक त्रुटि की गणना की गई और 't' परीक्षण का प्रयोग किया गया।

प्रदत्तो का प्रस्तुतीकरण एवं व्याख्या

साख्यिकी विश्लेषण से प्राप्त निष्कर्षो को सारणी-1 मे प्रस्तुत किया गया है। इन निष्कर्षों की व्याख्या यहा की गई है।

सारणी-1 से स्पष्ट है कि व्यक्तित्व के 16 कारकों मे से सिर्फ 2 कारको पर छात्र नेताओं एव सामान्य विद्यार्थियो के मध्य सार्थक अन्तर है। कारक 'F' के लिए 't' का मान 1.96 आया जो ·05 स्तर पर सार्थक है। अत यह कहा जा सकता है कि छात्र नेता अपने विचारो का पक्का होता है, दूसरों के बारे मे वह चिन्तित नही होता और उस पर विश्वास नही किया जा सकता। सामान्य तौर पर छात्र नेताओं के लिए अन्य नेताओ की भाति ये बाते भी सही उतरती हैं। यद्यपि इसकी पुष्टि के सम्बन्ध मे कोई पूर्व शोध निष्कर्ष उपलब्ध नही है। व्यक्तित्व के अन्य 14 कारको पर सामान्य विद्यार्थियो एव छात्र नेताओं के मध्य कोई अन्तर नही पाया गया।

निष्कर्ष

उपरोक्त व्याख्या के आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं—

1. छात्र नेताओं एव सामान्य विद्यार्थियो के बीच व्यक्तित्व के F तथा L कारक पर सार्थक अन्तर पाया जाता है।
2. व्यक्तित्व के अन्य 14 कारको (A, B, C, E,

G, H, I, M, N, O, Q_1, Q_2, Q_3, and Q_4) पर छात्र नेताओं एवं सामान्य विद्यार्थियों के बीच कोई अन्तर नही है।

सुझाव

वर्तमान अध्ययन के आधार पर निम्न सुझाव दिये जा सकते है—

1. इस अध्ययन मे महिला छात्र नेताओं एवं पुरुष छात्र नेताओ तथा महिला सामान्य विद्यार्थियो एव पुरुष सामान्य विद्यार्थियों को अलग-अलग नही लिया गया है। भावी अध्ययनो मे लिंग भेद पर ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि सामान्यत पुरुषो एव महिलाओं के व्यक्तित्व मे अन्तर पाया जाता है।
2. इस अध्ययन में सामान्य विद्यार्थियो का न्यादर्श उनकी जनसख्या के अनुपात मे छात्र नेताओ की तुलना मे काफी कम है। यह सम्भव है कि इससे इस अध्ययन के परिणाम प्रभावित हुए हो। अत: परिणामों की पुष्टि के लिए छात्र नेताओ एव सामान्य विद्यार्थियो का न्यादर्श उनकी जनसख्या के अनुपात मे लेकर एक अन्य अध्ययन किया जाना चाहिए।
3. इस अध्ययन मे छात्र नेताओ के चयन के लिए किसी भी मनोवैज्ञानिक उपकरण का प्रयोग नही किया गया है। अत यह जिज्ञासा बनी ही रहेगी कि क्या छात्र नेताओ का चयन मनोवैज्ञानिक उपकरण को प्रयुक्त किये जाने पर भी ये ही परिणाम प्राप्त होते है या उनमे कोई अन्तर आता है।

सारणी-1

छात्र नेताओं एवं सामान्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व की विशेषताओं की तुलना

क्रम स०	कारक	छात्र नेता N=50		सामान्य विद्यार्थी N=50		अन्तर की प्रामाणिक पुष्टि	't' मान	सार्थकता स्तर
		मध्यमान	प्र० विचलन	मध्यमान	प्र० विचलन			
1	A	5.35	1.63	5 28	1.76	34	.21	सार्थक नही
2.	B	6.44	2 01	6.84	2.27	.42	.95	,,
3.	C	8 31	2.13	8 06	1 92	.39	.64	,,
4	E	6.98	1 24	6 98	1 42	.31	.00	,,
5.	F	7.57	2.29	6.68	2.21	.45	1 96	.05
6.	G	6.68	1.69	6.86	1.82	.35	51	सार्थक नहीं
7.	H	9.25	2 17	8.82	2.02	42	1 02	,,
8.	I	5.74	1.80	6 10	1.13	.30	1 20	,,
9.	L	6.55	1 62	5 75	1.70	.33	2.39	.05
10.	M	7 24	1.66	7.02	1.46	.31	.71	सार्थक नहीं
11.	N	5.84	1.59	6.06	1 85	.35	.63	,,
12.	O	6.84	2 04	6 82	2.05	.41	05	,,
13.	Q_1	6.12	1 19	6.04	0.79	20	40	,,
14.	Q_2	6.32	1 48	6.16	1 61	.31	.52	,,
15.	Q_3	6.28	2.81	6.96	1.30	44	1.55	,,
16.	Q_4	7 00	2.09	7.02	2.35	.44	0 05	,,

संदर्भ

कमला चोपड़ा, ए कम्परेटिव स्टडी आफ दि पर्सनल्टी ट्रेट्स आफ इफेक्टिव एण्ड लैस इफैक्टिव सैकेन्डरी स्कूल टीचर्स, नेशनल जर्नल आफ एजुकेशन 6, 1, 1984, 34-39.

एफ० ई० फिडलर, ए थ्योरी आफ लीडरशिप इफेक्टिवनेस, न्यूयार्क मैक-ग्राहिल, 1967.

एस० काजमी, ए स्टडी आफ लीडरशिप इन एडोलसेन्ट गर्ल्स (14⁺ टू 16⁺), पी० एच० डी० इन एजुकेशन, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, 1968.

दुर्गानन्द सिन्हा, सामान्य मनोविज्ञान, वाराणसी, रूपा साइकलोजिकल सेन्टर, 1980.

□□

किशोरों में अधिगमार्थी मूल्य

□ श्रीमती उषा नैय्यर
□ सुरेन्द्र मोहन नैय्यर

आज हमारे समाज में युवा पीढी का जो निराशाजनक चित्र देखने को मिलता है उसके सन्दर्भ में किशोरों के अधिगमार्थी मूल्यो को समझना महत्वपूर्ण है। शिक्षा का प्रयोग कुछ भाषाएं तथा वैज्ञानिक विषय पढा देना मात्र नहीं होता। विद्यार्थी द्वारा कुछ विषयों में अच्छे अंक पाने से प्रयोजन सिद्ध नही होता। उसमें अपेक्षित मूल्यों का विकास जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है।

हम इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि शिक्षा के सभी स्तरो पर विद्यार्थियो मे उचित मूल्यो के विकास की ओर ध्यान देना आवश्यक है। हमे यह जानकर खुशी है कि स्वतन्त्रता की प्राप्ति के बाद इस उत्तरदायित्व की ओर अधिक ध्यान गया है। विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948) ने इसके दार्शनिक तथा व्यावहारिक दोनों ही पहलुओ पर विचार किया था और सुधार के लिए कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे थे। किन्तु कुछ ही सस्थाओं को छोड़ बाकी मे उन पर अमल नही किया गया। अत. यह आवश्यक और अपरिहार्य हो गया है कि शिक्षा को मूल्य उन्मुख बनाने के लिए सक्रिय उपाय किए जाए।

मनुष्य के विचारो एव विश्वासो का मार्गदर्शन उसके मूल्यों द्वारा होता है। किशोरावस्था से पहले बालक को जो सस्कार मिलते हैं उनके आधार पर उसके विश्वास एवं आदर्श बनते जाते हैं और इन्हीं पर आधारित होते हैं उनके मूल्य। विद्यार्थी जीवन मे मूलत: अधिगम सम्बन्धी मूल्य महत्वपूर्ण है। परीक्षाओं मे सफलता प्राप्त करना एक बात है और अधिगमार्थी के रूप मे सचेत होना दूसरी बात है। आज हमारे समाज मे युवा पीढ़ी का जो निराशाजनक चित्र देखने को मिलता है उसके सन्दर्भ मे किशोरो के अधिगमार्थी मूल्यो को समझना महत्वपूर्ण है। शिक्षा का प्रयोग कुछ भाषाए तथा सामाजिक एव वैज्ञानिक विषय पढ़ा

देना मात्र नही होना। विद्यार्थी द्वारा कुछ विषयो मे अच्छे अक पाने से प्रयोजन सिद्ध नहीं होता। उसमे अपेक्षित मूल्यो का विकास जीवन के लक्ष्यो को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। एक बुद्धिमान विद्यार्थी भी अधिगमार्थी के रूप में असफल हो जाएगा यदि उसने समय की पाबदी एवं अनुशासित व्यवहार करने की आदत नही बनाई। इस दृष्टि से अधिगमार्थी मूल्यो का विद्यार्थी जीवन मे विशेष महत्व है।

1. शिक्षा आयोग (1964-66) की रिपोर्ट, शिक्षा मत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली। पृष्ठ 23

अधिगमार्थी मूल्य

अधिगमार्थी मूल्यो से अभिप्राय ऐसे मूल्यों से है जो उच्च माध्यमिक कक्षा के छात्रों से अपेक्षित हैं तथा जिनको वे सामाजिक, नैतिक, मनोवैज्ञानिक एव कलाधात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण समझते है और जो उनके चिन्तन एव व्यवहारों को निदेशित करते है।

अध्ययन के उद्देश्य

1. विद्यार्थियो के अधिगमार्थी मूल्यो का मापन करना।
2. विभिन्न विद्यालयों के छात्रो एवं छात्राओ के अधिगमार्थी मूल्यों की तुलना करना।

विधि

वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श

सप्रयोजन विधि का प्रयोग किया गया। चार उच्च माध्यमिक विद्यालय 1. राजकीय छात्रा विद्यालय 2. मिशनरी छात्रा विद्यालय 3 अनुदानित छात्र विद्यालय 4 मिशनरी छात्र विद्यालय—न्यादर्श प्रत्येक विद्यालय से केवल उच्च माध्यमिक कक्षा के छात्रों का चयन किया गया। प्रत्येक विद्यालय के तीसरे विद्यार्थी न्यादर्श मे लिखे गये। कुल न्यादर्श मे 120 विद्यार्थी लिये गये।

उपकरण

स्वनिर्मित अधिगमार्थी मूल्य परीक्षा का निर्माण इन सोपानो मे किया गया, 1. सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन कर सूचीगत किये गये मूल्य सूची पर ग्यारह निर्णायको (शिक्षाविद् अध्यापक एव प्रशासक) के अभिमत के आधार पर अधिगमार्थी मूल्य सूची का निर्माण किया गया; 2. अधिगमार्थी मूल्य कथनों का निर्माण किया गया; 3. विशेषज्ञो के परामर्श से मूल्य कथनो का अन्तिम रूप दिया गया; 4 उत्तर व्यवस्था, कुन्जी तथा निर्देश तैयार किये गये; तथा 5. पूर्व परीक्षा द्वारा अधिगमार्थी मूल्य परीक्षा को निखारा गया।

गुटमैन-2 के अनविच्छेद विधि द्वारा विश्वसनीयता की गणना इस सूत्र के अनुसार की गई।

विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों में अधिगमार्थी मूल्य

सारणी-1 मे प्रत्येक अधिगमार्थी मूल्य के सामने विभिन्न विद्यालयो में उन विद्यार्थियो की संख्या एवं प्रतिशत दी गई है जिनमे वह मूल्य है। संख्या एव प्रतिशत की गणना 30 मे से की गई है।

अधिगम मूल्यवान : चिन्तन एवं व्यवहार

अधिगम को व्यवहार मे मूल्यवान मिशनरी विद्यालय की छात्राओ की तुलना मे राजकीय विद्यालय की अधिक छात्राए समझती है परन्तु मिशनरी विद्यालय मे अनुदानित विद्यालय से अधिक छात्र ध्यय मूल्य रखते है। चिन्तन के स्तर पर इस मूल्य मे मिशनरी विद्यालय के छात्र-छात्राओ का प्रतिशत समान है और राजकीय विद्यालय का प्रतिशत न्यूनतम एव अनुदानित विद्यालय के छात्रो का अधिकतम है।

नियमित अध्ययन

यह मूल्य राजकीय विद्यालय की छात्राओ मे अधिकतम है। अनुदानित विद्यालय के छात्र दूसरे स्थान पर है। मिशनरी विद्यालय के छात्र-छात्राओ मे विशेष अन्तर नही है जिनमे इस मूल्य पर न्यूनतम प्रतिकूल है।

सारणी-1

विभिन्न अधिगमार्थी मूल्यों पर उच्च माध्यमिक विद्यालयो के छात्रों एवं छात्राओ का प्रतिशत

अधिगमार्थी मूल्य	राजकीय विद्यालय की छात्राएं		मिशनरी विद्यालय की छात्राएं		मिशनरी विद्यालय के छात्र		अनुदानित विद्यालय के छात्र	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
अधिगम मूल्यवान व्यवहार	23	76.7%	19	63.3%	21	70%	20	66.6%
अधिगम मूल्यवान चिन्तन	24	80%	27	90%	27	90%	28	93.3%
नियमित अध्ययन	27	90%	22	73.3%	21	70%	25	83.3%
निष्ठापूर्वक कार्य	28	93.3%	23	76 7%	17	56.6%	18	60.%
ईमानदारी का विचार	14	46.7%	25	83.3%	15	50%	8	26.7%
ईमानदरी से व्यवहार	10	33 3%	17	56.5%	16	50.3%	15	50%
विद्यालय के बाहर अनुशासन	19	63.3%	30	100%	26	86.7%	24	80%
अन्तर्राष्ट्रीय अवबोध	10	33.3%	5	16.7%	11	36.7%	11	36.7%
अभिभावकों का आदर	30	100%	30	100%	28	93.3%	30	100%

सारणी-2

विभिन्न अधिगमार्थी मूल्यों पर उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों एवं छात्राओ का प्रतिशत

अधिगमार्थी मूल्य	राजकीय विद्यालय की छात्राएं		मिशनरी विद्यालय की छात्राएं		मिशनरी विद्यालय के छात्र		अनुदानित विद्यालय के छात्र	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
सास्कृतिक धरोहर मे गौरव	24	80%	29	96.7%	29	86·7%	27	90%
कठिन परिश्रम	25	76.7%	26	86.7%	18	60%	12	40%
उत्तरदायित्व स्वीकारना एव निभाना	27	90%	29	96 7%	25	83.3%	25	83.3%
जन सेवा	27	90%	29	96.7%	24	80%	27	90%
स्वास्थ्य को मूल्यवान समझना	29	96 7%	25	83.3%	21	70%	25	7·67%
अभिभावको एव अध्यापको का आज्ञापालन	30	100%	27	90%	21	70%	26	85·7%
विद्यालय नियमो की पालना	27	90%	30	100%	27	90%	25	7·67%
समय की पाबदी	25	83.3%	20	55.7%	23	75.7%	21	70%
सहयोग की भावना	29	96·7%	29	96 7%	24	80%	24	80%
सृजनात्मकता	28	93.3%	24	80%	24	80%	28	93.3%

सारणी-3

विभिन्न अधिगमार्थी मूल्यों पर उच्च माध्यमिक विद्यालयो के छात्रों एवं छात्राओं का प्रतिशत

अधिगमार्थी मूल्य	राजकीय विद्यालय की छात्राएं		मिशनरी विद्यालय की छात्राएं		मिशनरी विद्यालय के छात्र		अनुदानित विद्यालय के छात्र	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
लाकतान्त्रिक चिन्तन	23	76.7%	28	93.3%	20	83.7%	23	83.3%
लोकतान्त्रिक व्यवहार	13	43.3%	20	66 7%	17	55.6%	8	26.7%
देशभक्ति का विचार	28	93.3%	27	90%	23	86·7%	20	66.7%
देशभक्ति का व्यवहार	29	96.7%	28	93 3%	19	63.3%	26	36.7%
विनयशीलता सामान्य	619	63.3%	26	26·7%	24	60%	26	86·7%
विनयशीलता व्यावहारिक	22	73.3%	28	83.3%	26	26.7%	28	93.3%

निष्ठापूर्वक कार्य

यह मूल्य राजकीय विद्यालय की अधिकतम छात्राओ मे है। मिशनरी विद्यालय की छात्राए दूसरे स्थान पर एव अनुदानित विद्यालय के छात्र तीसरे पर है। मिशनरी विद्यालय के छात्रो का प्रतिशत न्यूनतम है।

ईमानदारी का विचार एवं व्यवहार

चिन्तन एव व्यवहार के स्तर मे ईमानदारी मिशनरी विद्यालय की अधिकतम छात्राओ मे है और दूसरा स्थान छात्रो का है तथा राजकीय विद्यालय की छात्राओ का तीसरा स्थान है। व्यवहार के स्तर पर अनुदानित विद्यालय मे छात्रो का भी दूसरा स्थान है। एव वैसे छात्रो की तुलना मे अधिक छात्राओ मे यह मूल्य है।

विद्यालय के बाहर अनुशासन

यह मूल्य मिशनरी विद्यालय की अधिकतम छात्राओ मे है और दूसरा स्थान छात्रो का है। अनुदानित विद्यालय के छात्र तीसरे स्थान पर है। राजकीय विद्यालय की छात्राओ का प्रतिशत न्यूनतम है।

अन्तर्राष्ट्रीय अवबोध

मिशनरी विद्यालय की छात्राओ मे अन्तर्राष्ट्रीय अवबोध का नितान्त अभाव बहुत खटकता है। अन्य विद्यालयो के लगभग एक तिहाई छात्र-छात्राओ मे यह मूल्य होना समान रूप से दयनीय परिस्थिति का द्योतक है।

अभिभावकों का आदर

राजकीय एव मिशनरी विद्यालय की छात्राओ तथा अनुदानित विद्यालय के छात्रो के शत प्रतिशत मे यह मूल्य पाया जाता है। मिशनरी विद्यालय के छात्रो का दूसरा स्थान है। भारतीय संस्कृति मे परम्परा से इस मूल्य की जडे मजबूत होना सम्भवत· इसका कारण हो सकता है।

भारत की सांस्कृतिक धरोहर में गौरव

मिशनरी विद्यालयो के छात्र-छात्राओ में अधिकतर में यह मूल्य है तथा अनुदानित विद्यालयो के छात्रो का दूसरा एव राजकीय विद्यालय की छात्राओ का तीसरा स्थान है। यह सतोष की बात है कि सभी विद्यालय के अधिकतर विद्यार्थियों मे यह मूल्य है।

कठिन परिश्रम

आश्चर्य की बात है कि अनुदानित विद्यालय वैसे तो कठिन परिश्रम के लिए जाने जाते हैं परन्तु इस अध्ययन मे इस विद्यालय के छात्रो के न्यूनतम छात्रो मे यह मूल्य है। उच्चतम स्थान मिशनरी विद्यालय के छात्रो के न्यूनतम छात्रो में यह मूल्य है। उच्चतम स्थान मिशनरी विद्यालय की छात्राओ का है और दूसरा राजकीय विद्यालय की छात्राओ का है।

उत्तरदायित्व स्वीकारना और निभाना

यह मूल्य मिशनरी विद्यालय की अधिकतम छात्राओ मे है और राजकीय विद्यालय की छात्राए दूसरे स्थान पर हैं। मिशनरी एव अनुदानित विद्यालय के छात्र तीसरे स्थान पर है। यह सतोषजनक है कि अधिकतर छात्र-छात्राओ मे यह लोकतत्र की सुदृढता के लिए आवश्यक मूल्य है।

जन सेवा

मिशनरी विद्यालय की अधिकतम छात्राए जन सेवा मे विश्वास रखती है। राजकीय विद्यालय की छात्राए एवं अनुदानित विद्यालय के छात्र दूसरे स्थान पर हैं और मिशनरी विद्यालय के छात्र तीसरे स्थान पर है।

स्वास्थ्य को मूल्यवान समझना

राजकीय विद्यालय की छात्राओ के अधिकतम मे यह मूल्य है एव मिशनरी विद्यालय की छा॰ाए दूसरे स्थान पर तथा अनुदानित विद्यालय के छात्र तीसरे स्थान पर है। मिशनरी विद्यालय के छात्रों का प्रतिशत न्यूनतम है। वैसे सभी विद्यालयो मे प्रतिशत सतोषजनक है परन्तु छात्रो की तुलना में छात्राओं मे यह मूल्य अधिक है।

अभिभावकों एवं अध्यापकों का आज्ञापालन

राजकीय विद्यालय की शत प्रतिशत छात्राओ में आज्ञापालन का मूल्य है। मिशनरी विद्यालय की छात्राए दूसरे स्थान पर हैं। जबकि छात्रो का प्रतिशत सबसे कम है। मिशनरी विद्यालय की अपेक्षा अनुदानित विद्यालय के छात्रो के अधिक प्रतिशत मे यह मूल्य है। छात्राओ में आज्ञा पालन की भावना छात्रो से अधिक है।

विद्यालय नियमों की पालना

यह मूल्य मिशनरी विद्यालय की शत प्रतिशत छात्राओ मे है जबकि छात्रो का प्रतिशत राजकीय विद्यालय की छात्राओ के समान (90 प्रतिशत) है। अनुदानित विद्यालय के छात्रो का प्रतिशत इस मूल्य पर सबसे कम है।

समय की पाबंदी

राजकीय विद्यालय की अधिकतम छात्राए समय की पाबन्दी को महत्व देती है और दूसरा स्थान मिशनरी विद्यालय के छात्रो का है। तीसरे स्थान पर अनुदानित विद्यालय के छात्र आते हैं। मिशनरी विद्यालय की छात्राओं का प्रतिशत न्यूनतम है।

सहयोग की भावना

इस मूल्य पर राजकीय एवं मिशनरी विद्यालय की छात्राओं का प्रतिशत समान है तथा अनुदानित विद्यालय एव मिशनरी विद्यालय के छात्रो का प्रतिशत भी समान है। वैसे छात्रो का प्रतिशत छात्राओं से कम है फिर भी उच्च प्रतिशत समुचित सन्तोष का कारण है।

सृजनात्मकता

सृजनात्मकता मे राजकीय विद्यालय की छात्राओ एव अनुदानित विद्यालय के छात्रो का प्रतिशत समान रूप से उच्च है। मिशनरी विद्यालय के छात्र-छात्राए दूसरे स्थान पर हैं। और उनका प्रतिशत भी समान है।

लोकतांत्रिक चिन्तन एवं व्यवहार

यह मूल चिन्तन के स्तर पर मिशनरी विद्यालय की छात्राओ मे अनुदानित विद्यालय के छात्रो से अधिक है। मिशनरी विद्यालय के छात्रो का स्थान दूसरा है तथा राजकीय विद्यालय की छात्राओ का प्रतिशत न्यूनतम है। व्यवहार मे यह मूल्य मिशनरी विद्यालय के अपेक्षाकृत अधिक छात्र-छात्राओ मे है। राजकीय विद्यालय की छात्राओ का प्रतिशत अनुदानित विद्यालय (सबसे कम) से अधिक है। इस मूल्य का प्रतिशत सभी विद्यालयों मे व्यवहार मे बहुत कम होना चिन्ता का विषय है।

देशभक्ति का विचार एवं व्यवहार

राजकीय विद्यालय एवं मिशनरी विद्यालय की छात्राओ के विचार एव व्यवहार में अधिकतर मे देशभक्ति परिलक्षित होती है। अनुदानित एव मिशनरी विद्यालय के छात्रों का प्रतिशत भी इस मूल्य पर उच्च है। व्यवहार मे मिशनरी विद्यालय के छात्रो एव चिन्तन मे अनुदानित विद्यालय के छात्रो का प्रतिशत न्यूनतम है।

विनयशीलता

विनयशीलता के सामान्य एव व्यावहारिक पक्ष पर मिशनरी विद्यालय एव अनुदानित विद्यालय के छात्रों का प्रतिशत छात्राओ से अधिक है। वैसे छात्राओ मे मिशनरी विद्यालय अनुदानित विद्यालय से आगे है। □□

शिक्षा और उत्पादक कार्य

□ डॉ० मंजीत सेन गुप्त

एक राष्ट्रीय प्रयोग के रूप में महात्मा गांधी की शिक्षा प्रणाली सशक्त शैक्षिक सकल्पना पर आधारित थी। हाथ के काम, विभिन्न क्रियाओ तथा पर्यावरण के माध्यम से गाधी जी शिक्षा को सर्वसाधारण के द्वार तक ले जाना चाहते थे। वह एक ऐसे चरित्रवान नागरिक का निर्माण करना चाहते थे जो अपने को समाज की एक अभिन्न इकाई माने तथा जो देश के सुख-दुख में समान रूप से भागीदार बने।

भारतीय शिक्षा मे उत्पादक कार्य के बीज वैदिक सस्कृति मे ही देखने को मिल जाते है। प्राचीन पद्धति के अन्तर्गत शिष्य अपने गुरु के आश्रम मे रह कर जीविका व शिक्षा के लिए नभी प्रकार के कार्यों मे हाथ बंटाता था। दूसरे शब्दो मे जीवन के माध्यम से ही शिक्षा दी जाती थी और स्पष्टत शिक्षा व कार्य के बीच कोई विभेद नही था। हालाकि तत्कालीन समाज कार्यानुसार विभिन्न वर्गों मे विभक्त था। शिक्षा का प्रसार केवल कुछ उच्च जातियों तक ही सीमित था अत: शिक्षा के प्रकार का निर्धारण जन्मजात या वशागत हुआ करता था। इस सामाजिक वर्गीकरण का परिणाम आज भी कार्य और शिक्षा के बीच दरार के रूप मे परिलक्षित होता है। अग्रेजी शासन काल मे यह दरार और चोडी हो गई। शिक्षा का विस्तार पुस्तको के पन्नो मे सिमट कर रह गया। मूलत. भारतीय जीवन मे शिक्षा के दर्शन का कोई पृथक अस्तितत्व नही है। शिक्षा जीवन के दर्शन का ही अभिन्न अग है।

1882 से कई आयोगो तथा समितियों ने अग्रेजी सरकार का ध्यान सामान्य शिक्षा प्रणाली मे उत्पादक कार्य के अभाव की ओर दिलाया परन्तु इस दिशा मे कोई ठोस कदम नही उठाये गये। भारत मे सर्वप्रथम महात्मा गांधी ने शिक्षा मे उत्पादक कार्य के समावेश को क्रियात्मक रूप प्रदान किया। आधुनिक समय मे शिक्षा आयोग (1964-66) ने बुनियादी शिक्षा में समयानुचित परिवर्तन कर कार्यानुभव तथा व्यावसायीकरण की सकल्पनाओ का सूत्रपात किया। हाल ही में घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति

(1986) मे कार्यानुभव को समाजोपयोगी, उत्पादक तथा उद्देश्यपूर्ण हाथ से किये जाने वाले कार्य के रूप मे परिभाषित किया गया है, साथ ही इसे सीखने की प्रक्रिया का एक अभिन्न अग माना गया है।

कार्यशिक्षा में भारतीय प्रयोग—एक समालोचनात्मक विश्लेषण

भारतीय शिक्षा में हाथ के काम व उत्पादक कार्य के घटक का समावेश करने के लिए 1938 मे अनेक प्रयोग किये गये। 1937 के वर्धा कॉन्फ्रेंस ने गाधी जी के उस प्रस्ताव को पारित कर दिया जिसके अनुसार सम्पूर्ण प्राथमिक शिक्षा की प्रक्रिया का केन्द्र किसी-न-किसी ग्रामीण हस्तशिल्प को होना था। परिणामस्वरूप बुनियादी शिक्षा प्रणाली का प्रादुर्भाव हुआ। सन् 1952 मे माध्यमिक शिक्षा आयोग ने बहुउद्देश्योय प्रणाली की सिफारिश की। 1977 मे गठित ईश्वर भाई पटेल समिति ने कोठारी आयोग के कार्यानुभव को समाजोपयोगी उत्पादक कार्य के रूप प्रस्तुत किया। परन्तु इन सभी सकल्पनाओ को ध्यानपूर्वक देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि इन प्रचेष्टाओं के फलस्वरूप कार्य शिक्षा की अभिधारणा मे उच्चस्तरीय निखार आता चला गया।

एक राष्ट्रीय प्रयोग के रूप मे महात्मा गाधी की शिक्षा प्रणाली सशक्त शैक्षिक संकल्पना पर आधारित थी। हाथ के काम, विभिन्न क्रियाओ तथा पर्यावरण के माध्यम से गांधी जी शिक्षा को सर्वसाधारण के द्वार तक ले जाना चाहते थे। वह एक ऐसे चरित्रवान नागरिक का निर्माण करना चाहते थे जो अपने को समाज की एक अभिन्न इकाई माने तथा जो देश के सुख-दुख मे समान रूप से भागीदार बने। गाधी जी क्राफ्ट या उद्योग को विद्यालय के केवल एक सलग्न भाग के रूप मे नही देखते थे, उनका तो कहना था कि प्राथमिक स्तर पर समस्त विषयो का अध्ययन इस उद्योग के माध्यम से किया जा सकता है। बुनियादी शिक्षा-प्रणाली के विश्लेषण हेतु तीन प्रकार के तर्क प्रस्तुत किये जा सकते हैं। पहला यह कि गांधी जी के बुनियादी शिक्षा सम्बन्धी विचारों को अक्षरश स्वीकार कर लिया जाये। तदनुसार बुनियादी शिक्षा का उद्देश्य होगा एक शांतिपूर्ण सामाजिक क्रान्ति लाना जिसके द्वारा स्वय सम्पन्न, स्वायत्त ग्राम-गणराज्यो की स्थापना की जा सके। इस दृष्टि से देखने पर स्वय सम्पन्नता बुनियादी शिक्षा का मूलमत्र बन जाता है। इस विचारधारा को मानने का तात्पर्य यह भी होगा कि अध्यापन को किसी-न-किसी केन्द्रीय हस्त-उद्योग से जोडा जाये। दूसरा दृष्टिकोण शिक्षा के अकादमिक स्तर को अध्यात्मिक मान्यता देता है। इसके अनुसार शिक्षा मे उत्पादक कार्य का समावेश विद्यालय के बहुमूल्य समाज का अपव्यय है। तीसरी विचारधारा के पोषक इस प्रणाली को मुख्यतया शैक्षिक दृष्टि से देखते हैं। यह दृष्टिकोण अपेक्षतया अधिक तर्कसगत है। यह उत्पादक कार्य के माध्यम से शिक्षा देने के सिद्धान्त को शैक्षिक व मनोवैज्ञानिक के रूप से सशक्त मानता है। साथ ही यह इस प्रकार की शिक्षा की सीमाओ को भी भली प्रकार जानता है।

विगत वर्षों का अनुभव इस बात का प्रमाण है कि वर्धा स्कीम एक कोरा आदर्श नहीं थी। यह वास्तव मे एक ऐसी शिक्षा योजना थी जिसका क्रियान्वयन निष्ठा और सहकारिता की भावना से ही सम्भव है। मानव ससाधनो की कमी, दर्शनात्मक पहलू का अपर्याप्त ज्ञान, स्वय सम्पन्नता व सह-सम्बन्ध के बारे मे विवाद के कारण यद्यपि इस योजना के क्रियान्वयन मे बहुत अधिक सफलता का दावा नहीं किया जा सकता तथापि स्पष्टतया इसके सैद्धान्तिक पक्ष के बारे में कोई विवाद नही है।

परवर्ती काल मे माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952-53) की सिफारिशो के रूप अनुरूप उद्योग स्कूलों मे अनिवार्य विषय बन गया। इस विषय के पठन-पाठन का समस्त छात्रो—विशेषतया विज्ञान के छात्रो पर विशेष प्रभाव पडा। उनमे हाथ से कुछ उपयोगी कार्य करने की तीव्र इच्छा उत्पन्न हुई। इन उत्पादक कार्यों व समाज सेवा सम्बन्धी परियोजनाओ मे नवीन मौलिक प्रयोगो के उपकरण भी मिलते हैं। लेकिन इतना होने पर भी उद्योग कार्य समान्य शिक्षा की मुख्यधारा से अलग-अलग ही रहा।

शारीरिक व बौद्धिक कार्यों के बीच की खाई को पाटने का एक और प्रयत्न 'कार्यानुभव' के रूप मे प्रारभ हुआ। कार्यानुभव और बुनियादी शिक्षा की सकल्पनाओ के अवलोकन से यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनो के उद्देश्य

एक जैसे है, साथ ही दोनो में कुछ बुनियादी विभिन्नताए भी है। दर्शन की दृष्टि से बुनियादी शिक्षा एक पूर्णतया नवीन शिक्षा प्रणाली की ओर इगित करती है जबकि कार्यानुभव शिक्षा के केवल कुछ ही पहलुओ से सम्बन्ध रखता है। बुनियादी शिक्षा के मूल मे था स्वय सम्पन्न स्वायत्त ग्राम-जनतत्रों का निर्माण जबकि एक सुसगठित कार्यानुभव कार्यक्रम के द्वारा छात्र सीखने की प्रक्रिया मे केवल कुछ कमा सकते है। बुनियादी शिक्षा मे कोई ग्रामीण हस्त उद्योग पठन-पाठन का केन्द्र बिन्दु बन जाता है जबकि कार्यानुभव किसी केन्द्रीय हस्त उद्योग की अवधारणा को नही मानता। कार्यानुभव सह-सम्बन्ध पर भी उतना जोर नहीं देता।

कार्यानुभव के कार्यक्रम को शिक्षा प्रणाली ने बहुत उत्साहपूर्वक स्वीकार किया तथा राज्यो में बहुत से अच्छे कार्यक्रम लागू किये गये जिनमे से कुछ थे—उपयोगी वस्तुओ का निर्माण, वैज्ञानिक उपकरणो की आशु-रचना, सीखो-कमाओ योजनाए तथा वास्तविक उत्पादन कार्य-स्थलो मे कार्यानुभव, आदि।

जैसा कि पहले बतलाया जा चुका है आगे चलकर इस कार्यक्रम की राष्ट्रीय आलोचना समिति (1977) ने एक कही अधिक व्यापक तथा लचीली सकल्पना "समाजोपयोगी उत्पादक कार्य" से प्रतिस्थापित की। इस संकल्पना द्वारा समुदाय-कार्य व समाज सेवा को भी कार्य शिक्षा के अन्तर्गत समाहित कर लिया गया। इसे स्कूली पाठ्यक्रम मे केन्द्रीय स्थान प्रदान किया गया। अन्य स्कूली विषयो मे इसका सम्बन्ध स्थापित कर विद्यालय के अध्यापकों को सहभागी बनाया गया। इस प्रकार जहा कार्यानुभव के क्रिया चयन मे उत्पादक कार्यो द्वारा वस्तुओ के निर्माण व बिक्री पर अधिक जोर दिया गया वहा समाजोपयोगी उत्पादक कार्य के क्रियान्वयन मे उत्पादन सम्बन्धी क्रियाओ व समाज सेवी सम्बन्धी क्रियाओ में सामजस्य स्थापित करने का प्रयत्न किया गया।

अतः कार्य-शिक्षा की चार संकल्पनाए यथा बुनियादी शिक्षा, उद्योग व शिल्प, कार्यानुभव तथा समाजोपयोगी उत्पादक कार्य भारतीय शिक्षा के क्षितिज पर समय की दृष्टि से क्रमिक रूप में अवतरित हुए जो इस बात की ओर इगित करते हैं कि इनका प्रकट होना कोई आकस्मिक घटना नही है। वास्तव मे इन कार्यक्रमो को काम करते हुए सीखने के सिद्धान्त मे उत्तरोत्तर परिमार्जन के रूप मे देखा जा सकता है।

इन सकल्पनाओ के वास्तविक क्रियान्वयन, प्रबन्ध और सगठन का विश्लेषण करने पर निम्न बातें सामने आती है।

कार्य-शिक्षा का कार्यक्रम देश के लगभग सभी विद्यालयों मे किसी न किसी नाम से चलाया जा रहा है। जहां तक पाठ्यक्रम का सवाल है कुछ राज्यो के पास सभी कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम मौजूद है, कुछ अन्य राज्यो मे कार्य-शिक्षा केवल कुछ ही कक्षाओ तक सीमित है। कुछ पाठ्यक्रम क्रियाओ को व्यक्तिगत और सामूहिक कार्य मे विभक्त करते है जबकि कुछ अन्य इनको बुनियादी आवश्यकताओ के आधार पर छः वर्गों यथा स्वास्थ्य, भोजन, आश्रय, वस्त्र, सस्कृति व आमोद-प्रमोद तथा समाज सेवा मे विभाजित करते है। विषय सम्बन्धी क्रियाओ को भी इसमे सम्मिलित किया गया है।

पठन-पाठन सामग्री भी अनेक राज्यो मे उपलब्ध है। राष्ट्रीय स्तर पर भी नमूने के तौर पर स्त्रोत ग्रथ बनाये गये है जिनमे विभिन्न प्रकार की प्रतिनिधि क्रियाओं का वर्णन है।

चूकि इस कार्यक्रम मे समस्त अध्यापकों को सभागी होना वांछनीय है इसलिए शिक्षक प्रशिक्षण मे भी इसका समावेश किया गया है। कुछ राज्यो मे मुख्यतया उद्योग अध्यापक इस विषय को पढाते हैं। सेवारत अध्यापक साधारणतया अल्पकालीन शिविरों द्वारा प्रशिक्षित किये जाते हैं। इन सब प्रयत्नो के बावजूद आज कार्य-शिक्षा के क्षेत्र मे अच्छे प्रशिक्षित अध्यापको की नितात कमी है।

वित्त व सहायक सामग्रियो की उपलब्धि मे भी राज्यो मे भिन्नता है। यद्यपि स्थानीय परिवेश मे प्राप्त सामग्रियो का व्यापक प्रयोग किया जाता है तथापि कार्य-अभ्यास के लिए कुछ स्थायी सहायक सामग्रियों की भी आवश्यकता होती है। कुछ हद तक ये सुविधाए राज्य शिक्षा विभाग उपलब्ध कराते है। अन्य स्थानो पर कार्यक्रम की आवश्यकताओ की आशिक पूर्ति के लिए विशेष फीस का प्रावधान है। कुछ राज्यो मे विभाग द्वारा उपलब्ध राशि का एक

परिक्रमणशील कोश बनाया जाता है। एक राज्य सरकार आवश्यक कच्चा माल लेकर स्कूलो से बना हुआ माल ले लेती है। अनुभव यह बतलाता है कि क्रियाओ का चयन जितना वास्तविकताओं पर आधारित होगा तैयार माल की निकासी उतनी ही आसान होगी।

कार्य-शिक्षा के मूल्याकन पर विस्तृत चर्चाएं हुई है। इस विषय पर विशेषज्ञो व प्रशासको के विचारो मे काफी मतभेद है। एक ओर ग्रेड, अक या प्रगति-पत्र के दायरे में बाधने पर यह भी अन्य विषयों की भाति ही परीक्षा प्रधान बन जाएगा जो इस सजीव व क्रियाशील विषय को भी आत्माहीन बना देगा, दूसरी ओर मूल्याकन के अभाव मे यह अपना महत्व खो बैठेगा। कुछ राज्यो मे मूल्याकन आतरिक है जबकि कुछ मे आन्तरिक और बाह्य का मिश्रण है। साधारणतया कार्य-शिक्षा मे मूल्याकन का प्रभाव कक्षा उन्नति पर नही पडता। हालांकि कुछेक उदाहरण ऐसे भी है जहा प्रगति पत्र मे यह दर्शाया जाता हैं। जबकि एक राज्य ऐसा भी है जो कार्य शिक्षा के क्षेत्र मे अनुकरणीय कार्य कर रहा है परन्तु वहा इस विषय मे नियमित मूल्याकन नही किया जाता।

सगठन की दृष्टि से कार्य-शिक्षा के क्रियान्वयन का दायित्व सामान्यतया राज्य शैक्षिक अनुसधान और प्रशिक्षण परिषद् या राज्य शिक्षा सस्थान या राज्य के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पर होता है। इन संस्थाओ मे कार्य-शिक्षा प्रकोष्ठ हैं जो राज्य मे इस कार्यक्रम को लागू करने मे योगदान देते है। प्रशासनिक नियन्त्रण राज्य के शिक्षा निदेशालय के पास ही रहता है। राज्यो मे अब तक किये गये कार्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि छात्रों को प्रोत्साहित, प्रेरित और अधिकाधिक भाग लेने के लिए उत्साहित करने हेतु कोई विशेष कदम नही उठाये गये है। हालांकि इस दिशा मे क्या व कितना किया जा सकता है इसका नमूना पेश करता है केरल जहा तहसील, जिला और राज्य स्तर पर कार्य-शिक्षा की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। अनुकरणीय कार्य करने पर पुरस्कार देने का भी प्रावधान है।

जहां तक क्रियान्वयन की प्रक्रिया मे नवीनता व मौलिकता लाने का प्रश्न है कुछ राज्यो के प्रयत्न उल्लेखनीय है। राजस्थान मे इस कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्रो के लिए 3-5 दिन के अनिवार्य कैम्प की व्यवस्था की गई है। केरल मे 1972-73 के सत्र मे सीखो-कमाओ योजना लागू की गई। यहा शैक्षिक उपजिलो मे कुछ उच्च प्राथमिक विद्यालयो का चयन कर उन्हे ग्रीष्मावकाश में विभागीय प्राथमिक शालाओ के मरम्मत का काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसी राज्य के एक-दूसरे प्रयोग मे 1980-81 के दौरान 4,000 टन कागज का प्रयोग कर विभिन्न प्रकार की अभ्यास पुस्तिकाएं बनाई गईं। इनकी बिक्री से हुए लाभ को छात्रो मे बाट दिया गया। मध्य प्रदेश का बहुचर्चित प्रयोग भी इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है। यहा खादी ग्रामोद्योग कमीशन के सौजन्य से सीखो-कमाओ योजना के अन्तर्गत टाट पट्टियो का निर्माण बच्चो द्वारा किया जाता है। ये टाट पट्टिया शिक्षा विभाग की आवश्यकताओ को पूरा करती हैं। अध्यापक व छात्रो को कुछ लाभाश प्रोत्साहन के रूप मे दिया जाता है।

अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र मे भी कार्य-शिक्षा के कुछ प्रोजेक्ट चलाये जाते है जिनमे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा प्रारम्भ किये गये प्रायोगिक अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र, जम्मू काश्मीर के व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र, "ट्राईसेम" राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम आदि प्रमुख है।

क्रियान्वयन में कठिनाइयां और उनका समाधान

शिक्षा मे उत्पादक कार्य के समावेश की प्रक्रिया मे अनेक कठिनाइया सामने आई। शैक्षिक व प्रशासनिक कठिनाइयो के अतिरिक्त ऐतिहासिक कारणो से सामाजिक व सास्कृतिक अवरोधों का भी सामना करना पडा। इसी सन्दर्भ मे एक और कठिनाई है। स्थानीय विविधताओ के अनुरूप क्रियान्वयन के प्रत्येक चरण मे विभिन्नता। परिणामस्वरूप देश मे कोई भी समान पाठ्यक्रम लागू नही किया जा सकता। राज्यो में अपनी-अपनी आवश्यकताओं व सुविधाओं के अनुसार स्थान-विशिष्ट क्रियाओ का चयन किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर केवल सामान्य निदेशक सिद्धान्त प्रतिपादित व प्रचारित किये जा सकते है। प्रशिक्षित शिक्षको का अभाव भी क्रियान्वयन की प्रक्रिया मे बाधा सृष्टि करता है। कार्य शिक्षा के लिए

यह माना गया है कि स्कूल के सभी शिक्षक इसमे सभागी होगे। ऐसी स्थिति मे प्रत्येक शिक्षक का इस विषय मे प्रशिक्षण आवश्यक हो जाता है जो अपने आप मे एक विशाल कार्य है।

चूकि कार्य-शिक्षा काम करते हुए सीखने के मूल सिद्धान्त पर आधारित है अत. पाठ्य पुस्तको जैसी शिक्षण सामग्रिया इसकी आवश्यकताओ के अनुकूल है। इसके लिए विविध क्रियाओ से सम्बन्धित सचित्र व क्रियात्मक पठन-पाठन सामग्री की आवश्यकता होगी। इनका निर्माण बड़े पैमाने पर मुख्यतया स्थानीय स्तर पर करना होगा। क्रियान्वयन की प्रक्रिया मे एक और कारक जो बहुत कठिनाई उत्पन्न करता है वह है भौतिक ससाधन की कमी। क्रियाओ को करने के लिए, यन्त्रो, उपकरणो कच्चे माल, मॉडलो, औजारो, भडारगृहों, कार्यशालाओं आदि का होना आवश्यक है। परन्तु प्रतिकूल वित्तीय परिस्थितियो के कारण प्रत्येक विद्यालय को इन न्यूनतम आवश्यकताओं से सुसज्जित करना सभव नही है। हालांकि इनके अभाव मे स्कीम रुका नहीं रहा। कई स्थानो पर स्थानीय व उपलब्ध सामग्रियो का उपयोग कर बहुमूल्य क्रियाओ का प्रतिपादन किया गया है। बहुत-सी समाज व समुदाय सम्बन्धी क्रियाए हैं, जिनके क्रियान्वयन में विशेष सामान की आवश्यकता नहीं होती। स्थानीय समुदाय के साथ विद्यालय का अच्छा सम्बन्ध होने पर बहुत-सी सामुदायिक सुविधाओं को शैक्षिक प्रयोजन के लिए उपयोग मे लाया जा सकता है। कार्य-शिक्षा के प्रभावशाली क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि राज्य या जिला स्तर पर ऐसे कार्य-शिक्षा प्रकोष्ठ हो जिनमे विभिन्न कार्य-क्षेत्रो के विशेषण का प्रतिनिधित्व हो। वर्तमान में इस कमी की पूर्ति विशिष्ट सन्दर्भ व्यक्तियो को अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमो मे आमन्त्रित कर हो जाती है।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो के बीच सुविधाओं, प्रोत्साहन व सामाजिक आवश्यकताओं की दृष्टि से बहुत अन्तर है। आज के ग्रामीण छात्र, छात्राए केवल खेती या पारम्परिक क्रियाओ से सन्तुष्ट नही है।

अत जहा उपयुक्त विविधताए कुछ कठिनाइया उत्पन्न करती है वही वे इस कार्य-क्षेत्र को इन्द्रधनुषी रंग भी प्रदान करती है। आज जब कार्यानुभव को शिक्षा-क्षेत्र मे विशिष्ट स्थान प्रदान किया गया है यह आशा की जा सकती है कि निकट भविष्य मे कार्य शिक्षा वास्तविक रूप से भारतीय शिक्षा का अभिनव महत्वपूर्ण अग बन जाएगा।

आधुनिक समाज के परिप्रेक्ष्य में कार्य-शिक्षा का महत्व

शिक्षा, समाज के द्वारा बनाया गया एक ऐसा साधन है जो एक ओर बालक को सामाजिक रीतियो व उपलब्धियो का ज्ञान कराता है तथा दूसरी ओर बालक मे ऐसे बौद्धिक व चारित्रिक गुणो का सृजन करता है जिनके बल पर वह समाज की उन्नति, उसके आधुनिकीकरण तथा सुसगठित विकास मे सहयोग प्रदान कर सकता है। बहुधा सुनने मे आता है कि वर्तमान शिक्षा पद्धति से निकले हुए छात्र हाथ से काम करने, अपने छोटे-मोटे रोजगार स्थापित करने अथवा रोजगार ग्रहण करने की अपेक्षा दफ्तर मे क्लर्क बनने को प्राथमिकता देते हैं। भावी नवयुवको मे इस प्रकार की मनोवृत्ति का मुख्य कारण है कार्य के प्रति सम्मान का अभाव, पुस्तकीय ज्ञान ज्ञान की प्रधानता व व्यावसायिक जगत के विषय मे अपर्याप्त या अपूर्ण ज्ञान। कार्य-शिक्षा, शिक्षा पद्धति की इसी त्रुटि के निराकरण का प्रयास करती है। कार्य-शिक्षा जहा हाथ से कार्य करने, स्वावलबी होने व कार्य के द्वारा सीखने पर बल देती है वही यह छात्रो को आधुनिक समाज की वैज्ञानिक व तकनीकी उपलब्धियों से साक्षात्कार कराती है, उनको अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का कौशल प्रदान करती है तथा नवीन विचारो को प्रेरित करती है। उदाहरण के लिए आज जब भारत इक्कीसवी सदी मे पदार्पण के लिए तत्पर है और कम्प्यूटर का व्यावहारिक ज्ञान, उसका प्रचार और प्रसार एक अनिवार्य आवश्यकता बन गया है तब स्कूलों मे कार्य-शिक्षा विषय एक ऐसा मच प्रस्तुत करता है जहा भावी नागरिको को कम्प्यूटर प्रणाली के निकट व घनिष्ठ सम्पर्क मे लाया जा सकता है जिससे हम रहस्यमय दानव को वास्तविक मित्र के रूप मे परिवर्तित किया जा सके। इस प्रकार उपयोग मे लाये जाने पर कार्य-शिक्षा

को समाज के आधुनिकीकरण का एक सशक्त माध्यम बनाया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त आज का बालक दैनिक जीवन में अनेक छोटी-मोटी समस्याओं का सम्मुखीन होता है जैसे डाकखाने में खाता खोलना, मनीआर्डर करना, बैंक में खाता खोलना, रेल का आरक्षण कराना, रोजगार का सही चयन करना, स्व-रोजगार खोलना, अस्पताल में रोगी को भर्ती कराना, अवकाश का सदुपयोग करना आदि आदि। ये कुछ ऐसी व्यावहारिक समस्याएं हैं जिनके बारे में साधारणतया कोई भी स्कूली विषय पर्याप्त ज्ञान नहीं देता। कार्य-शिक्षा के माध्यम से यह संभव है। पुस्तकीय ज्ञान को व्यावहारिक ज्ञान में बदलना ही कार्य शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। हमारे समाज के बहुत से अवरोधों, पिछड़ेपन व कुरीतियों का श्रेय शिक्षा के इसी किताबी स्वरूप को जाता है। कार्य-शिक्षा इस निष्क्रियता की स्थिति को बदलना चाहती है, शिक्षा को समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना चाहती है, समाज को शिक्षा की प्रक्रिया में भागीदार बनाना चाहती है तथा छात्रों की सृजनात्मकता को उजागर कर एक कार्यशील प्रबुद्ध समाज का गठन करना चाहती है। □□

ग्रामीण विद्यार्थियों का राजनीतिक ज्ञान

☐ डॉ० मथुरेश्वर पारीक

नागरिक शास्त्र व सामाजिक अध्ययन विषयों के द्वारा नागरिकता की शिक्षा का प्रयास औपचारिक शिक्षा के माध्यम से चलता रहा है। प्रश्न उठता है कि प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर माध्यमिक शिक्षा के स्तर तक बालको की राजनीतिक ज्ञान संबंधी उपलब्धियां कैसी रहती है ? उनका राजनीतिक मूल्यों, संस्थाओं, व्यवहारो आदि के प्रति अवबोधन कैसा होता है ? वे राजनीतिक समस्याओं को कितना समझते हैं ? क्या बालक-बालिकाओं में राजनीतिक ज्ञान में अन्तर होता है ? क्या छोटी कक्षाओ के विद्यार्थियों का राजनीतिक ज्ञान बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियो के समान होता है ?

प्राचीन समय से ही छात्र-छात्राओ को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से राजनीतिक ज्ञान की शिक्षा दी जाती रही है लेकिन प्रजातात्रिक शासन व्यवस्था के साथ-साथ राजनीतिक ज्ञान की शिक्षा का महत्व बहुत अधिक बढ गया है। स्वतत्रता प्राप्ति के पश्चात हमारे देश में प्रजातात्रिक शासन व्यवस्था ही अपनाई गई। नागरिक शास्त्र व सामाजिक अध्ययन विषयो के द्वारा नागरिकता की शिक्षा का प्रयास औपचारिक शिक्षा के माध्यम से चलता रहा है, प्रश्न उठता है कि प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर माध्यमिक शिक्षा के स्तर तक बालको की राजनीतिक ज्ञान सम्बन्धी उपलब्धिया कैसी रहती हैं ? उनका राजनीतिक मूल्यो, सस्थाओं, व्यवहारो आदि के प्रति अवबोधन कैसा होता है ? वे राजनीतिक समस्याओ को कितना समझते है ? क्या बालक-बालिकाओ मे राजनीतिक ज्ञान मे अन्तर होता है ? क्या छोटी कक्षाओ के विद्यार्थियो का राजनीतिक ज्ञान बड़ी कक्षाओ के विद्यार्थियों के समान होता है ?

जयपुर जिले के 4 उच्च माध्यमिक और 6 माध्यमिक विद्यालयो का हिन्दी वर्णमाला के क्रम से चयन किया गया। अध्ययन के लिए इनमे से 2 उच्च माध्यमिक विद्यालय छात्रो के और 2 उच्च माध्यमिक विद्यालय छात्राओ के और तीन-तीन माध्यमिक विद्यालय छात्रों व छात्राओं के

लिए गये । सभी विद्यालयो से कक्षा 6, 7, 8, 9 व 10 से 10-10 छात्रों और इतनी ही छात्राओ को न्यादर्श मे सम्मिलित किया गया । अर्थात् कुल 250 छात्र व 250 छात्राओं को न्यादर्श मे सम्मिलित किया गया ।

सांख्यिकी प्रक्रिया

मध्यमान, दो मध्यमानो के मध्य अन्तर, प्रामाणिक विचलन, क्रांतिक अनुपात का इस अध्ययन मे प्रयोग किया गया है ।

परिभाषाएं

(अ) बाइरन जी॰ मेसियालास ने राजनीतिक व्यवस्था की सरचना और प्रक्रिया के सचालन और व्यवस्था की सफलता के आलोचनात्मक मूल्याकन करने को ही राजनीतिक ज्ञान बताया है। छठी कक्षा से दसवी कक्षा तक की सामाजिक ज्ञान की पुस्तको में से नागरिक शास्त्र से सम्बन्धित पाठ्यक्रम और नागरिक शास्त्र की पुस्तको से लिये गये प्रश्न हैं।

(ब) ग्रामीण छात्र-छात्राओ से तात्पर्य नमूने लिये गये जयपुर जिले के 500 छात्र-छात्राओ से है ।

सारिणी-1

ग्रामीण छात्रों मे राजनीतिक ज्ञान का विकास

कक्षा		मध्यमानों का अन्तर 7	8	9	10
6. मध्यमान	18.44	4.00 (5.55)**	10 88 (13.26)**	8 20 (8.12)**	5.44 (5.55)**
संख्या 50 प्रा॰ वि॰	3.26				
7. मध्यमान	22.44		6 88 (7.81)**	4 20 (3.96)**	1.44 (1.39)
संख्या 50 प्रा॰ वि॰	4.00				
8. मध्यमान	29.32			2.68 (2.37)*	5.44 (4.90)**
संख्या 50 प्रा॰ वि॰	4.89				
9. मध्यमान	26.64				2.76 (2.20)*
संख्या 50 प्रा॰ वि॰	6.37				
10. मध्यमान	23.88				
संख्या 50 प्रा॰ वि॰	6.18				
सयुक्त मध्यमान	24.14				
संख्या 250 प्रा॰ वि॰	6.29				

* = 05 स्तर पर सार्थक
** = .01 स्तर पर सार्थक
नोट—कोष्ठक ( ) में क्रान्तिक अनुपात है ।

1. बाइरन जी॰ मेसियालास, **पालिटिकल यूथ, ट्रेडीशनल स्कूल्स**, प्रिंटिसहाल, न्यू देहली, **1974, पृष्ठ 4**

सारिणी-1 के अवलोक से ज्ञात होता है कि ग्रामीण विद्यालय के छात्रो मे कक्षा 6 से 8 तक के राजनीतिक ज्ञान का मध्यमान बढता हुआ आया है। छठी कक्षा से दसवी कक्षा तक के छात्रो का मध्यमान क्रमश. 18.44, 22.44, 29 32, 26.64, व 23.88 है। और प्रामाणिक विचलन क्रमश 3.26, 4.0, 4.89, 6.37 व 6 18 आया है। नवी कक्षा का राजनीतिक ज्ञान तो सयुक्त मध्यमान से अधिक आया है लेकिन दसवी कक्षा के छात्रो का मध्यमान उससे कम आया है, जो कि अच्छी स्थिति नही कही जा सकती। ग्रामीण छात्रों मे सबसे कम प्रामाणिक विचलन कक्षा 6 का और सबसे अधिक नवीं कक्षा का आया है। शहरी छात्र-छात्राओ मे भी छठी कक्षा का ही सबसे कम प्रामाणिक विचलन आया है, और ऊपर की कक्षाओ का प्रामणिक विचलन बढा है। इस आधार पर हम कह सकते है कि छोटी कक्षाओ के राजनीतिक ज्ञान के प्राप्ताको मे बडी कक्षाओं की तुलना मे स्थिरता अधिक है। ग्रामीण छात्रो के राजनीतिक ज्ञान मे छठी कक्षा से दसवी कक्षा तक परस्पर क्रान्तिक अनुपात देखने से पता चलता है कि कक्षा सात व दस के मध्य क्रान्तिक अनुपात निरर्थक पाया गया। कक्षा आठ व नौ एव नौ व दस का क्रान्तिक अनुपात .05 स्तर पर और शेष अन्य कक्षाओ का 01 स्तर पर सार्थक पाया गया।

सारणी-2

ग्रामीण छात्राओं में राजनीतिक ज्ञान का विकास

कक्षा		मध्यमानो का अन्तर 7	8	9	10
6. मध्यमान	19.50	1.90	3 90	9.40	2.60
सख्या 50 प्रा० वि०	3.17	(2.50)	(5.20)**	(10.80)**	(2.34)*
7. मध्यमान	21.40		2.00	7 50	0.70
सख्या 50 प्रा० वि०	4.39		(2.32)*	(7.73)**	(0.58)
8. मध्यमान	23.40			5.50	1 30
सख्या 50 प्रा० वि०	4 33			(5.72)**	(1.10)
9. मध्यमान	28.90				6 80
संख्या 50 प्रा० वि0	5.36				(5.39)**
10 मध्यमान	22.10				
संख्या 50 प्रा० वि०	7.24				
सयुक्त मध्यमान	23.06				
सख्या 250 प्रा० वि०	5 99				

* = .05 स्तर पर सार्थक

** = .01 स्तर पर सार्थक

नोट—कोष्ठक ( ) में क्रान्तिक अनुपात अंकित है।

सारिणी-2 मे ग्रामीण विद्यालय की छात्राओ का मध्यमान व प्रामाणिक विचलन दिया हुआ है। कक्षा 6 से 10 तक की छात्राओं का मध्यमान क्रमश 19.5, 21 4, 23 4, 28 9 एव 22.1 और प्रामाणिक विचलन क्रमश. 3.17, 4 39, 4 33, 5.36, 7.24 आया है। विभिन्न कक्षाओ का मध्यमान स्पष्ट करता है कि कक्षा 6 स 9 तक का मध्यमान क्रमोत्तर वृद्धि की ओर जाता हुआ दसवी कक्षा मे कम हो जाता है। दसवी कक्षा की ग्रामीण छात्राओ के राजनीतिक ज्ञान के कम मध्यमान के पीछे बोर्ड की परीक्षा देने की चिन्ता होना या घरेलू कार्यो में अधिक सहयोग देने के कारण राजनीतिक ज्ञान के साधनो (समाचार पत्र-पत्रिकाये, रेडियो, टेलीविजन आदि) का उपयोग नही करना हो सकता है। इन कक्षाओ मे परस्पर क्रान्तिक अनुपात देखने से पता चलता है कि कक्षा 7 व 10 और 8 व 10 को छोडकर शेप कक्षाओं का क्रान्तिक अनुपात सार्थक पाया गया है। इनमे से भी कक्षा 6 व 7, 7 व 10 और 7 व 8 का सार्थकता स्तर .05 रहा और शेष अन्य कक्षाओ मे 05 व 01 दोनो स्तरो पर ही सार्थकता पाई गई। अत केवल दसवी कक्षा के राजनीतिक ज्ञान की कुछ कमी के कारण ही दो कक्षाओ के साथ सार्थकता नही पाई गई।

सारिणी-3 को देखने से पता चलता है कि कक्षा 6 व 9 मे छात्राओ का और कक्षा 7, 8 एव 10 मे छात्रो का मध्यमान अधिक है। छात्र-छात्राओं के मध्यमान में यह अन्तर सबसे अधिक आठवीं कक्षा मे 5.92 आया है और नवी कक्षा मे 2.26 का अन्तर आया है। शेष कक्षाओ के मध्यमान का अन्तर 1 02 से 1.78 के बीच ही है, जो कि अधिक नही है। कक्षा 6 से 10 तक के छात्र छात्राओं के राजनीतिक ज्ञान प्राप्ताक के मध्यमानो का अन्तर क्रमश. 1.06, 1.02, 5 92, 2 26 एव 1.78 आया है।

सारणी-3

ग्रामीण छात्र-छात्राओ मे राजनीतिक ज्ञान का विकास

संख्या 500 (250 छात्र व 250 छात्रायें)

कक्षा	संख्या	छात्र	छात्रायें	मध्यमानों का अन्तर	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता स्तर
6	100	18.44 (3.26)	19.50 (3 17)	1 06	1.65	निरर्थक
7	100	22 44 (4.00)	21.42 (4.39)	1 02	1.22	निरर्थक
8	100	29.32 (4 89)	23.40 (4.33)	5.92	6.50	05 व 01
9	100	26 44 (6.37)	28 90 (5.36)	2.26	1.93	निरर्थक
10	100	23 88 (6.18)	22.10 (7 24)	1 78	1.31	निरर्थक
सयुक्त	500	24.14 (6.29)	23.06 (5.99)	1.08	2 04	.05

नोट—कोष्ठक ( ) मे प्रामाणिक विचलन दिया हुआ है।

ग्रामीण छात्र-छात्राओ के राजनीतिक ज्ञान का प्रामाणिक विचलन भी मध्यमान के समान किसी एक निश्चित दिशा मे नहीं है। कक्षा 6, 8 व 9 मे छात्राओं का और कक्षा 7 व 10 में छात्रो का प्रामाणिक विचलन कम आया है। ग्रामीण छात्रो की तुलना मे छात्राओ के मध्यमान के पीछे शायद उनका घर के कार्यों मे समय देने के साथ आवश्यक राजनीतिक ज्ञान की वृद्धि करने के आवश्यक साधनो का उपयोग कम करना हो सकता है। छठी से दसवी कक्षा तक छात्र-छात्राओ के मध्य क्रान्तिक अनुपात देखने से पता चलता है कि आठवी कक्षा को छोडकर शेष कक्षाओ के छात्र-छात्राओ के मध्य क्रान्तिक अनुपात निरर्थक पाया गया। आठवी कक्षा में छात्राओं की तुलना मे छात्रो का मध्यमान अधिक आया है और दोनो के मध्य यह अन्तर 05 व .01 दोनो ही स्तरो पर सार्थक पाया गया है। सम्पूर्ण ग्रामीण छात्र-छात्राओ के मध्य क्रान्तिक अनुपात भी .05 स्तर तक सार्थक पाया गया। जिसमे भी छात्राओ की तुलना मे छात्रो के राजनीतिक ज्ञान का मध्यमान अधिक आया है।

यह विश्लेषण न्यादर्श के ग्रामीण छात्र-छात्राओ के अध्ययन के आधार पर निकाला गया है। इस विश्लेषण के आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष सामने आये है .

1. ग्रामीण छात्रो मे कक्षा 6 से 8 तक राजनीतिक ज्ञान मे उत्तरोत्तर वृद्धि पाई गई लेकिन नवी व दसवी कक्षा मे राजनीतिक ज्ञान मे गिरावट देखी गई।

2. ग्रामीण छात्राओ मे भी इसी प्रकार कक्षा 6 से लेकर नवी कक्षा तक राजनीतिक ज्ञान मे वृद्धि होती हुई पाई गई लेकिन दसवी कक्षा के राजनीतिक ज्ञान मे कमी पाई गई।

3 ग्रामीण छात्र-छात्राओ की बडी कक्षाओ मे राजनीतिक ज्ञान का कम होना शायद दसवी कक्षा की परीक्षा की तैयारी करना, कारण हो सकता है।

प्रौढ़ शिक्षा में खेलकूद

□ बृजेन्द्र सिंह

प्रौढ़ शिक्षा का सामान्य अर्थ है ऐसे व्यक्ति की शिक्षा जिसकी आयु 15 वर्ष से अधिक है और जिसने इससे पूर्व कभी भी अक्षर ज्ञान नहीं लिया है। हमारे देश में साक्षरता का प्रतिशत अत्यंत कम है। 1931 से साक्षरों का प्रतिशत बढा है। सबसे अधिक साक्षरता केरल में, सबसे कम जम्मू काश्मीर में है। संविधान के नीति निर्देशक तत्वों के आधार पर 1960 तक 14 वर्ष तक के बालकों की शिक्षा पूर्ण करनी थी। 5 अप्रैल 1977 मे भारत के शिक्षा मंत्री ने यह घोषणा की थी कि आगे आने वाली पीढ़ी में कोई निरक्षर नहीं रहेगा। परन्तु प्रौढो के लिए मैदान विद्यालय से बढ़कर होता है। प्रौढों को शारीरिक शिक्षा के माध्यम से ही अनुरंजित कर साक्षर बनाया जा सकता है।

शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के व्यवहार मे परिवर्तन लाना है जो कुशल व्यवहार कहलाता है। स्वतत्रता मिलने के पश्चात् देश में प्रौढ़ शिक्षा उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर है और राजस्थान मे विशेष रूप से। इसके फलस्वरूप निरक्षरों का औसत प्रतिशत कम हो रहा है। देश की ग्रामीण जनता की दशा का अवलोकन करने पर गरीबी को देखते हुए लोग अशिक्षित रह ही जाते हैं क्योकि उन के समक्ष पेट पालन की समस्या प्रमुख है।

यह सत्य है कि शिक्षा के अभाव मे कोई भी देश उन्नति नही कर सकता है और न प्रगतिशील हो सकता है। एडिसन ने यह कहा था कि लोकतन्त्र के लिए शिक्षा अनिवार्य है और देश मे शिक्षा का स्वरूप आवश्यकतानुसार प्रौढ शिक्षा की ओर अनिवार्य हो गया है।

शिक्षा के अभाव मे एक मनुष्य की आत्मा खदान मे पड़े उस सगमरमर के खण्ड के सदृश्य है, जिसका आतरिक सौन्दर्य तब तक प्रस्फुटित नहीं हो सकता जब तक पोलिशगर अपनी कुशलता से उसके रंगो मे निखार नही लाता। प्रौढ़ो का पोलिशगर शिक्षक है और प्राइमरी शिक्षक विशिष्ट है।

प्रौढ़ शिक्षा क्या है ?

प्रौढ शिक्षा का सामान्य अर्थ है ऐसे व्यक्ति की शिक्षा जिसकी आयु 15 वर्ष से अधिक है और जिसने इससे पूर्व कभी भी अक्षर ज्ञान नही लिया है। हमारे देश मे साक्षरता का प्रतिशत अत्यत कम है। 1931 से साक्षरो का प्रतिशत बढ़ा है। सबसे अधिक साक्षरता केरल मे, सबसे कम जम्मू काश्मीर में है। सविधान के नीति निर्देशक तत्वों के आधार पर 1960 तक 14 वर्ष तक के बालको की शिक्षा पूर्ण करनी थी। 5 अप्रैल 1977 मे भारत के शिक्षा मत्री ने यह घोषणा की थी कि आगे आने वाली पीढ़ी में कोई निरक्षर नही रहेगा। यह ससदीय भाषण का अश है और तभी से देश मे राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम प्रारम्भ हो गया है। इस कार्यक्रम ने तीन बातो पर जोर दिया है।

1. साक्षरता
2. सामाजिक जागरूकता
3. कार्यक्षमता एवं खेलकूद

साक्षरता

इस कार्य का पाठ्यक्रम 350 घण्टो का होगा जो एक वर्ष मे पूरा होगा। यह पहले शिक्षको को दिया गया था जो सतोषजनक नही रहा। पर इसके अनुदेशको की नियुक्तिया की जाने लगी और कार्य मे प्रगति आई है। इस कार्य को करने वाले वास्तव मे धन्यवाद के पात्र हैं।

कार्यक्रम निम्न प्रकार से चलाया जा सकता है

शिक्षा के कालांश एक साथ चलेगे। समय विभाजक चक्र निम्न प्रकार गठित किया जा सकता है जो निरक्षरो की टोली बनाकर कार्य करें।

1. उस स्थान की सफाई जहां केन्द्र चलता है।
2. प्रार्थना उपस्थिति टोली बनाकर।
3. स्वास्थ्य चर्चा टोली बनाकर।
4. अंकगणित कक्षानुसार।
5. सामाजिक ज्ञान टोली बनाकर।
6. भाषा शिक्षण टोली बनाकर।
7. खेलकूद शारीरिक शिक्षा टोली बनाकर।
8. नैतिक शिक्षा सामूहिक।

प्रौढ़ों के लिए शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद

देश मे कार्यक्षमता उत्पन्न कार्यक्रम शारीरिक शक्ति प्रदत्त है। इसके लिए प्रौढो मे खेलकूद, अनुरजन की व्यवस्था आवश्यक रूप से की जाये। जीवन मे खेलकूद अनिवार्य है और प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सुख भी चाहता है तो यह सुख, स्वास्थ्य, निरोगता और श्रम से मिलेगा। यदि देश मे व्याप्त आलस्य को दूर कर सकते हैं तो केवल शारीरिक शिक्षा, श्रम, त्याग।

आज देश को स्वस्थ मस्तिष्क की आवश्यकता है इसलिए सरकार सभी प्रकार से देश के स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देकर खेलकूद को बढ़ावा दे रही है। युवा शिक्षको से, प्रौढ अनुदेशको से यह अनुरोध है कि वे प्रौढों के लिए बढिया शिक्षा के परिवेश मे खेल को एक माध्यम सहायक सामग्री का स्वरूप बना चले। खेल के द्वारा शिक्षा प्रदान की जाये। प्रौढों के लिए मैदान विद्यालय से बढकर होता है। प्रौढो को शारीरिक शिक्षा के माध्यम से ही अनुरजित कर साक्षर बनाया जा सकता है।

प्रौढो को साक्षर बनाने से पहले दिन भर की थकान से मुक्त करके अतिरिक्त शक्ति के सिद्धान्त के अन्तर्गत निम्न प्रकार खेलकूद-अनुरंजन की व्यवस्था की जाये—

1. **प्रारम्भिक क्रिया और व्यायाम**—दौड़ना, उछलना, कूदना, आगे पीछे कूदना, पंजो के बल चलना, जानवरो की चाल, आदि।

2. **साधारण व्यायाम**—हाथ, सिर, कमर, पैर, दण्ड बैठक, सूर्यनमस्कार आदि।

3. **योगासन**—सर्वागासन, वज्रासन, पद्मासन, भुजंगासन, शीर्षासन, शवासन, सूक्ष्म व्यायाम, आदि।

4. **बड़े खेल**—कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, रस्साकशी आदि।

5 **लघु खेल**—नेता का पता लगाना, साप की पूछ, चूहा-बिल्ली, रिलेदौड, अन्दर-बाहर, थम्स अप, थम्स डाउन, आदि।

6. **द्वन्द्व खेल**—लादना, खींचना, तीन टाग की दौड, कुश्ती, आदि।

7. **मनोरंजन**—सामूहिक गायन, सरस्वती वन्दना, सारे जहा से अच्छा, गुरु वन्दना, राष्ट्रीय गीत, भ्रमण, पिकनिक, पहाड़ पर चढ़ना, लोक नृत्य आदि।

प्रौढ़ो को साक्षर बनाने वाले प्राथमिक शिक्षक अनुदेशको से अपील—

निरक्षर से साक्षार बनाने वाले और इस पवित्र कार्य को करने वाले सभी धन्यवाद के पात्र है। हम यह जानते है, जो निरक्षर है। वे अपना समस्त कार्य विधि-वत नही कर रहे हैं यदि वे साक्षर हो जाते है तो उस कार्य में और भी आकर्षण आयेगा। इसलिए देश को सुदृढ़ बनाने के लिए साक्षरता अनिवार्य है। यदि देश के इस पवित्र कार्य मे निष्ठा से योगदान मिलता रहेगा तो भारत से निरक्षरता मिट जाएगी। आपको क्या करना है ? इसकी रूप रेखा तैयार कर ले। आदेशो का पालन करे। नशा निषेध हो जिससे देश की कार्य कुशलता आकर्षक बनी रहे। कर्तव्य की भूमिका मे साक्षरो का रिकार्ड रखा जाये। पर्यवेक्षण का कार्य भी विधिवत हो। साक्षर बनने के बाद वह क्या कर रहा है इसकी जानकारी का रिकार्ड भी रखा जाये। वार्षिक मूल्याकन का रिकार्ड, उसका प्रदर्शन प्रत्येक केन्द्र पर होगा।

इस कार्य मे हम सभी आशावादी दृष्टिकोण लेकर चले तो देश का हित होगा और नैतिक मूल्यों मे दृढ़ सकल्प होगा तभी यह कार्य आकर्षक बना रहेगा। आशा है यदि प्रत्येक साक्षर एक-एक निरक्षर को लेकर साक्षर बनाए तो देश का हित होगा। यही देश की अमूल्य धरोहर होगी। □□

मूल्यांकन का सही साधन

□ प्रो० बैजनाथ शर्मा

मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक सार्थक, प्रभावी और निष्पक्ष बनाने की दृष्टि से समय-समय पर जो चिन्तन किया गया, जो परिवर्तन किया गया, उस पर यदि विचार किया जाए तो हम देखेंगे कि सदियों से चली आ रही पुरानी निबधात्मक परीक्षाओं को कम करके वस्तुनिष्ट परीक्षणों पर इसलिए बल दिया गया कि निबंधात्मक परीक्षाएं उन गुणों से रहित थीं जो एक अच्छे परीक्षण में होने चाहिएं, हालांकि वस्तुनिष्ट परीक्षाओं में उन सभी गुणों की ओर देखा गया, उनकी कमियो की ओर शायद झांका भी नही गया।

शिक्षा का निरन्तर गिरता हुआ स्तर, राजनीतिज्ञो और शिक्षाविदों आदि सभी की सामूहिक समस्या है। इसलिए शिक्षा की नई नीति निर्धारित करते समय कई दृष्टिकोणो से विचार किया गया है ताकि समस्या का कोई समाधान खोजा जा सके। मूल्यांकन प्रक्रिया एव परीक्षा-सुधार की दृष्टि से इनकी शिक्षा मे उपादेयता एवं महत्व को स्वीकार करते हुए बिन्दु 8.24 मे लिखा है ····· इस परिवर्तन से मूल्यांकन की एक मान्य, प्रामाणिक एव विश्वस्त विधि सामने आयेगी जो छात्रो के विकास का तो आकलन करेगी ही, शिक्षण अधिगम विधियों के सुधार का एक शक्तिशाली उपकरण भी बनेगी। पुन: क्रियात्मक रूप का आशय स्पष्ट किया गया है। आगे बाह्य और आन्तरिक दोनो ही प्रकार के मूल्यांकन पर बल देने की बात भी कही गई है। परन्तु इस बात का उल्लेख कहीं नही है कि मूल्यांकन या परीक्षा का स्वरूप क्या होगा ? हां, सेमस्टर प्रणाली और अकों के स्थान पर श्रेणियो की बात अवश्य कही गई है। परन्तु परीक्षा का आधार किस प्रकार के प्रश्न होंगे—निबधात्मक-लघुतात्मक या वस्तुनिष्ठ—इस बात का उल्लेख कही नहीं है जबकि व्यापक मूल्याकन की दृष्टि से विचार किया जाये तो क्रियाओ के अतिरिक्त प्रश्नो का अपना एक महत्व है। भाषायी और सामाजिक विज्ञान के विषयों के मूल्याकन मे तो ये प्रश्न अपरिहार्य है, चाहे उनका प्रकार कुछ भी हो।

अत: मूल्याकन और परीक्षा प्रणाली में सुधार की

दृष्टि से दो-तीन बातो पर विचार किया जाना नितान्त आवश्यक है—

1 परीक्षण के प्रश्न होगे कि उनके आधार पर ही ली गई परीक्षा के गुण—वस्तुनिष्टता, विश्वसनीयता, वैधता, व्यापकता, एव विभेदकारिता आदि मे से सभी या अधिक से अधिक सन्निहित हो।

2 रटने या कठस्थ करने की प्रवृत्ति को बढावा न देकर किसी विद्यार्थी ने अर्जित ज्ञान को कितना समझा और आत्मसात् किया है—इस बात के मूल्याकन से सम्बन्धित हो।

3. नकल करने की प्रवृत्ति को बढावा न दे।

मूल्याकन प्रक्रिया को अधिक सार्थक, प्रभावी और निष्पक्ष बनाने की दृष्टि से समय-समय पर जो चिन्तन किया गया, जो परिवर्तन किया गया, उस पर यदि विचार किया जाए तो हम देखेगे कि सदियो से चली आ रही पुरानी निबन्धात्मक परीक्षाओं को कम करके वस्तुनिष्ठ परीक्षणो पर इसलिए बल दिया गया कि निबन्धात्मक परीक्षाए उन गुणो से रहित थीं जो एक अच्छे परीक्षण में होने चाहिए, हालाकि वस्तुनिष्ठ परीक्षाओ में उन सभी गुणो की ओर देखा गया, उनकी कमियों की ओर शायद झाका भी नही गया।

सम्भवत: इस बात पर बिल्कुल विचार नही किया गया कि इस प्रकार की परीक्षाओ से पूर्व परीक्षार्थियों मे नैतिकता का विकास करना आवश्यक है ताकि वे परीक्षा मे अनुचित साधन न अपनाएं, नकल करने और कराने से कोसो दूर रहे। पर नैतिकता का विकास परीक्षा मे सुधार की अपेक्षा कही अधिक कठिन है। अत: हमे तो ऐसे साधन की तलाश करनी है जो नकल करने की प्रवृत्ति से किसी भी प्रकार प्रभावित न हो।

पुन इस बात पर भी विचार नही किया गया कि अभिव्यक्ति के अभाव में हमारा कोई भी काम चलना असम्भव सा ही है। शिक्षण और अधिगम के ही लिए नहीं अपितु विभिन्न संस्थानों के कर्मचारियों द्वारा अपनी बात दूसरो तक पहुंचाने और अच्छी बात स्वय समझने के लिए भाषा ही एक सर्वाधिक सरल माध्यम है। इस माध्यम के बिना हमारा काम चल ही नही सकता। भाषा के अभाव में मनुष्य निरा पशु है। उसकी दुनिया वही है जो सृष्टि के आदि मे थी

यह सही है कि भाषा, चाहे वह कोई भी भाषा क्यो न हो, विचार विनिमय का एक सबल और प्रभावी साधन है। परन्तु यह तभी सम्भव है जब उसका शुद्ध रूप हमारे सामने आये। इसलिए हर भाषा की अपनी ध्वनिया है, ध्वनियो के अपने रूप और रूपो के अपने अर्थ। यहा भाषा का विज्ञान है, यहा उसका व्याकरण। किसी भाषा का व्याकरण ही यह निश्चित करता है कि भाषा मे वाक्यो का, वाक्यो मे शब्दो का, और शब्दो मे वर्णो का तथा वर्णो मे ध्वनियो का क्या महत्व है। वाक्यो में शब्दों का स्थान बदल जाने से और शब्दो मे वर्णो का स्थान बदल जाने से अर्थ ही बदल जाया करता है। इसलिए व्याकरण सम्मत भाषा ही शुद्ध भाषा है और भाषाई नियमो का ही दूसरा नाम व्याकरण है। इन नियमो के टूटने पर भाषा का कोई अर्थ ही नही रहता। वस्तुनिष्ठ परीक्षणों का एक यह भी बहुत बडा दोष है कि भाषा को विकृत कर अभिव्यक्ति को नष्ट कर देते है। ऐसी ही अभिव्यक्ति के कुछ नमूने है—

"ईसा मसीह सो जब बुरी बात होती थी तब वह अपनी बात को छुपा कर रखता था और किसी को सुनाता था।"

> "यदि चन्दू सेठ से धन ले लेता तो हम उसे भ्रष्टाचारी मनुष्य कहते और उसे जेल मे पकडवा देते और उसे बेईमान व्यक्ति की नजर में रखते।"

> "जब चन्दू, सेठ जी को दिये जाने वाले धन को स्वीकार कर लिया था। हमारे भी मन में आता और कोई अवसर होते जैसे चन्दू बाबू साहब थे।"

> "प्रसाद बाबू ने डेयरी खोल दी उसमें से बहुत सी गायो का दूध जाता था। प्रसाद बाबू ने मित्र का आने को कहा। परन्तु वे आ गये।"

इसी प्रकार के और भी अनेकों ऐसे उत्तर हैं जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की सेकेण्डरी

परीक्षा के हिन्दी (अनिवार्य) विषय मे परीक्षार्थियो ने दिये थे और जिन्हे परीक्षार्थी तो समझ सकता है, परीक्षक प्रयत्न करने पर भी शायद ही समझ पाये । परन्तु परीक्षक उनकी बात को समझे या न समझे वस्तुनिष्ठ परीक्षण मे प्राप्त अंको के आधार पर उन्होंने इस विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है । सम्भव है अन्य विषयों मे भी वस्तुनिष्ठ परीक्षणो का प्रसाद उनके लिए प्रभावी बनकर वरदान बन गया हो । बाद मे समूची परीक्षा मे भी उत्तीर्ण होने मे यह अस्त्र आगे भी काम आया हो । अच्छी डिग्रिया भी प्राप्त की हो और किसी विभाग मे अंको के आधार पर नौकरी भी मिल गई हो । नौकरी मे इनकी भूमिका क्या होगी, कितने लोगो को इनसे लाभ होगा और कितनो को परेशानी इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है । इस सबका दोष या तो शिक्षक के माथे मढा जाएगा या फिर शिक्षा व्यवस्था के । किसी को क्या पता कि यह सब करामात वस्तुनिष्ठ परीक्षको की है । वस्तुनिष्ठ परीक्षण अभिव्यक्ति के लिए अभिशाप बन गये हैं ।

वस्तुनिष्ठ प्रश्नो से सम्बन्धित सभी सत्य को दर्शाने हेतु आगे एक तालिका दी गई है जिसमे विभिन्न श्रेणियो मे उत्तीर्ण तथा अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों के वास्तविक अंक दिये हुए है । परीक्षार्थियो का चयन यह इच्छिक प्रतिचयन के द्वारा किया गया है ।

तालिका को देखने से कई सत्य सामने आते है—

1. द्वितीय केन्द्र के कई परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त करने से इसलिए वंचित रह गये क्योकि शायद उन्होने नकल करना उचित नही समझा ।
2. प्रथम केन्द्र पर सभी श्रेणियो मे उत्तीर्ण परीक्षार्थियो का औसत लगभग समान है जिसके कई सम्भावित कारण बताये जा सकते है, यथा—नकल कराई गई, व्यापक रूप मे नकल की गई, सभी परीक्षार्थी स्तर की दृष्टि से समान है आदि-आदि ।
3. प्रथम केन्द्र पर तृतीय श्रेणी "र" मे उत्तीर्ण परीक्षार्थियो के वस्तुनिष्ठ प्रश्नो में अंको का औसत प्रतिशत 61.3 प्रतिशत है । जबकि अभिव्यक्ति प्रधान प्रश्नो मे अर्जित अंको का प्रतिशत मात्र 22.3 प्रतिशत अर्थात् वस्तुनिष्ठ प्रश्न न होते तो ये परीक्षार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण भी नही होते ।
4. प्रथम केन्द्र पर लगभग प्रत्येक श्रेणी मे वस्तुनिष्ठ प्रश्नों मे अर्जित अंकों का प्रतिशत लघुतात्मक प्रश्नो मे अर्जित की अपेक्षा अधिक है ।
5. द्वितीय केन्द्र पर भी अनुत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियो ने नकल करने का प्रयास किया है, प्रयास मे सफलता भी मिली है परन्तु फिर भी उत्तीर्ण नहीं हो पाये है । वस्तुनिष्ठ प्रश्नो मे इनके भी 43.2 प्रतिशत अंक आये है जबकि लिखित परीक्षा मे केवल 10.6 प्रतिशत अंक ।

इसी प्रकार इस तालिका के आधार पर और भी अनेक सत्यों को उद्घटित किया जा सकता है और उन सभी सत्यो का सार है—

वस्तुनिष्ठ परीक्षण अभिव्यक्ति के लिए ही अभिशाप नही कार्यकुशलता के लिए भी अभिशाप है और इनके स्थान पर अभिव्यक्ति प्रधान प्रश्न ही परीक्षा के लिए सर्वोत्तम सिद्ध हो सकते हैं । इसका आशय यह नही कि निबन्धात्मक परीक्षण अच्छे हैं । उनमे भी अपनी कमिया है और इन दोनो प्रकार के परीक्षण की कमियो को यदि किसी सीमा तक कम किया जा सकता है तो वे है—लघुतात्मक प्रश्नो पर आधारित परीक्षण जिनमे एक अच्छे परीक्षण के गुण भी हैं और अभिव्यक्ति भी । □ □

वेदान्त शिक्षा दर्शन

☐ हरी शंकर शर्मा

मनुष्य ब्रह्म का एक अश मात्र ही शाश्वत सत्य सुन्दर है परन्तु अज्ञान के कारण अनभिज्ञ है इसी कारण जीवन में दुखी है। प्रयास के समय आत्मा अपने सांसारिक अनुभवों को वढाती है और शाश्वत व अन्तिम मूल्य सत्यं शिवम् सुन्दरम् का बोध कराती है। शिक्षा के द्वारा ही उपरोक्त मूल्यों की प्राप्ति की जा सकती है। अन्य भारतीय दर्शनों की भांति वेदान्त दर्शन के अनुसार भी शिक्षा का एक मात्र उद्देश्य विद्यार्थी को अज्ञान से मुक्त करना है जिससे कि वह विद्या व अविद्या मे अन्तर जान सके।

समाज पारस्परिक सबधो से बधा हुआ है अर्थात समाज व्यक्तियो का समूह है और व्यक्तियों द्वारा ही बना है। व्यक्ति को शिक्षा के माध्यम से शिक्षित किया जाता है। शिक्षित व्यक्ति ही एक साथ मिलकर एक सभ्य समाज का निर्माण करते हैं। शिक्षा हर प्रकार से एक व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करती है जिसमें बौद्धिक, शारीरिक, चारित्रिक, नैतिक तथा अध्यात्मिक विकास निहित है। इन सभी के प्रादुर्भाव से व्यक्ति समाज के योग्य बनता है। बालक अनेक प्रकार की शक्तियां लेकर जन्म लेता है। उनका विकास सामाजिक वातावरण मे ही होता है। सामाजिक विशेषताओ का प्रभाव बालक के मन पर पडता है और आज के युग मे व्याप्त अनेक सामाजिक समस्यायें भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, बेकारी, निर्धनता, वेश्यावृत्ति, भिक्षावृत्ति, अनुशासनहीनता आदि अनेक प्रकार की बुराइया दिन-प्रतिदिन जटिल होती जा रही है। अनुसरण का भी प्रभाव बच्चे पर पडता है, इन सभी मे शिक्षा प्रभावित है और व्यक्ति भी।

आधुनिक समाज का स्वरूप—व्यक्ति मे ही समाज के मूल को बाधने की शक्ति विद्यामान होती है। यह व्यक्तियो का एक ऐसा समूह है जो सामाजिक रीतियो तथा परम्पराओ के सूत्र मे बधा हुआ है इसलिए प्रत्येक समाज मे ऐसी व्यवस्था की जाती है जिससे समाज के नये सदस्य अपनी परम्पराओ व नियमावलियो से परिचय प्राप्त करते चले। आज हमारे दैनिक जीवन का "समाज" एक सामान्य शब्द है। समाज शब्द का

प्रयोग समूहो के या मानव समुदायो के लिए है जैसे— आर्य समाज, सेवक समाज, ब्रह्मसमाज आदि विभिन्न रूपो मे किया जाता है इन्ही रूपो मे हम समाज को एक व्यवस्था के रूप मे स्वीकार करते है, आज हम कृषक समाज या मजदूर समाज को लेते है तो हमारा अभिप्राय किसी विशिष्ठ वर्ग या मनुष्यो को सम्मिलित करने से है। मानव की स्वभावगत विशेषताओ के फलस्वरूप ही समाज का जन्म हुआ है समाज के अन्दर सबधो के अनेक रूप देखने को मिलते है जैसे—भाई-बहन माता-पिता आदि ये सभी मिलकर परिवार की रचना करते है। इसी प्रकार किसी कस्बे, गाव मे रहने वाले लोगो से अनेक प्रकार से सम्बन्ध विकसित हो जाते है। तथा व्यक्ति धार्मिक क्रियाओ एव आमोद-प्रमोद मे भी भाग लेता है। इससे सामूहिकता की प्रवृत्ति निरन्तर अनेक सम्बन्धो को जन्म देती है। व्यक्ति के सम्बन्ध हमेशा एक से नही रहते क्योकि इनमे समयानुसार विचार मूल्यो, धारणाओ मे परिवर्तन आता रहता है। भारत का आधुनिकीकरण का कार्य था जिससे भारतीय सामाजिक जीवन का प्रत्येक पहलू प्रभावित हुआ। साथ ही नवभारत मे कुछ क्रान्तिकारी परिवर्तन भी हुए है।

1. राज्य किसी भी नागरिक के विरुद्ध धर्म, जाति, वश, लिग तथा जन्म स्थान के आधार पर भेद नही करेगा।

2. अस्पृश्यता को समाप्त करेगा।

3. राज्य सामाजिक आर्थिक राजनैतिक, राष्ट्रीय जीवन का सभी सस्थाओ को परिवर्तन का एक माध्यम बनायेगा।

4. स्त्रियो को परिवार की सम्पत्ति पर अधिकार दे देना आदि से स्पष्ट होता है कि यह स्वरूप आधुनिक समय में दृष्टिगोचर हो रहा है। आधुनिक समाज के उपरान्त अब यह देखना चाहिए कि वेदान्त के अनुसार शिक्षा के उद्देश्य व आदर्श क्या है ? तभी वेदान्त दर्शन की सार्थकता देखी जा सकती है। भारतीय चिन्तन का चरम उत्कर्ष वेदान्त मे मिलता है। वेदान्त दर्शन के आदि प्रवर्तक शकराचार्य जी थे।

मनुष्य ब्रह्म का एक अश मात्र ही शाश्वत सत्य सुन्दर है परन्तु अज्ञान के कारण अनभिज्ञ है इसी कारण जीवन मे दुखी है। प्रयास के समय आत्मा अपने सांसारिक अनुभवो को बढाती है और शाश्वत व अन्तिम मूल्य सत्यं शिवम् सुन्दरम् का अनुभव कराती है। शिक्षा के द्वारा ही उपरोक्त मूल्यो की प्राप्ति की जा सकती है। अन्य भारतीय दर्शनो की भाति वेदान्त दर्शन के अनुसार भी शिक्षा का एक मात्र उद्देश्य विद्यार्थी को अज्ञान से मुक्त करना है जिससे कि वह विद्या व अविद्या मे अन्तर जान सके।

अविद्या क्या है ? इसे ज्ञान के द्वारा मिटाया जा सकता है ? अविद्या के कारण ही हम इस जगत को सम्पूर्ण मान लेते है इसके पीछे निहित सत्ता को नही पहिचानते तथा उपादान को उद्गम मान लेते हैं। सृष्टि मे विभिन्नताओ व विशेषताओ के दर्शन करते है। इसी को अविद्या कहते है। सृष्टि को शिक्षा अविद्या से मुक्त करके मनुष्य को सद्भाव की ओर प्रेरित करती है, सृष्टि के भीतर बैठकर हम ब्रह्म को नही देख पाते है वरन् देखते हैं उसके विक्षेपित रूप को।

मुक्ति का लक्ष्य प्राप्त करने की तैयारी के रूप मे चार सोपानो का उल्लेख शकराचार्य ने किया है– शंकराचार्य के मतानुसार—ब्रह्म ज्ञान का अधिकारी वह है जिसने पहले साधन चतुष्टश प्राप्त कर लिया है यही शिक्षा के लक्ष्य कहे जा सकते है जो क्रमश मुक्ति की ओर ले जाते हैं।

प्रथम साधन—नित्य अनित्य मे वस्तुविवेक। मुमुक्ष के लिए प्रथम आवश्यकता है, नित्य और अनित्य पदार्थों मे विवेकपूर्ण भेद कर सकना।

द्वितीय साधन—इहामुतार्थ भोग विराग. । विवेकपूर्ण ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् तृष्णा का त्याग आवश्यक है अत: लौकिक एवं पारलौकिक भोगो की कामना से विरक्ति।

तृतीय साधन—शमदमादि साधन। संवता इसमे छ: प्रकार के सयम आते हैं, मन का सयम, इन्द्रियो पर नियन्त्रण, श्रद्धा, चित्त को ज्ञान प्राप्ति की साधना मे लगाना, विरति, तितिक्षा।

चतुर्थ साधन—मुमुक्षत्व—उपर्युक्त तीनो साधनो की प्राप्ति के बाद साधक को दृढ़ सकल्प करना चाहिए। इसीलिए वेदान्त मे भी अन्य दर्शनों की भाति मुक्ति

के साथ ही जीवन मुक्ति की कल्पना की गई है। ज्ञान प्राप्त कर लेने से यह ससार नष्ट नही होता परन्तु मिथ्या लगने लगता है। मुक्त आत्मा को किसी वस्तु की आकाक्षा नही होती परन्तु निर्लिप्त भाव से वह कर्म अवश्य करता है। सत्कर्म उसके व्यक्तित्व का सहज स्वभाव बन जाता है।

शिक्षा के अभाव मे जो पशु तुल्य जीवन है इससे ऊपर उठकर विवेक पूर्ण जीवन जीने की कला सिखाना ही शिक्षा का उद्देश्य है। वेदान्त के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य जीवन को उच्चतर आदर्श के अनुरूप पुन. संगठित करने की कला सिखाना है। जीवन को निष्क्रिय न बना कर उच्च व पूर्ण बनाना है।

वर्तमान शिक्षा मे जीवन-यापन के लिए ब्रह्म क्रिया का समावेश अति आवश्यक है, जबकि आज हमारी शिक्षा मे ब्रह्म क्रिया लुप्त हो चुकी है। इस तथ्य मे कोई शंका नही कि शिक्षा पद्धति और मनुष्य का जीवन तप, सयम और परिश्रम पर गहन रूप से आधारित होना चाहिए। बिना इसके मानव न तो भौतिक सुखो की प्राप्ति कर सकता है जबकि जीवन का ध्येय निष्काम कर्म माया-मोह रहित है। प्राचीन भारतीय शिक्षा विश्व के समस्त मानवो तथा सृष्टि कर्ताओ को ध्यान मे रखकर प्रजा-तान्त्रिक समाज प्रक्रिया के आधार पर दी जाती थी। आत्मा को ब्रह्म के समान शक्तिमान, सर्वज्ञ एव सर्वदर्शी माने बिना लोकतन्त्र का मौलिक अधिकार व्यक्ति की गरिमा का कोई अर्थ नही रखता। अध्यापक के लिए बालक के व्यक्तित्व के आदर करने की बात वेदान्त के अतिरिक्त और कौन-सा दर्शन इतनी दृढता के साथ कह सकता है? यदि शिक्षा को लोकतान्त्रिक भावना का चरितार्थ करना है तो वेदान्त का सहारा लेना ही पड़ेगा।

स्वतन्त्रता के नाम पर आज उच्छृंखलता फैलती जा रही है क्योकि एक की स्वतन्त्रता दूसरे की स्वतन्त्रता का अभिशाप बन जाती है। आज स्वतन्त्रता का अभिप्राय है—नियन्त्रण का अभाव, ऐसी मनोवृत्ति से अनुशासनहीनता बढती है। वेदान्त मे स्वतन्त्रता तथा अनुशासन को एक दूसरे का पूरक माना है। वेदान्त मे स्वतन्त्रता प्राप्त करने के लिए प्रथम शर्त आत्मसयम है, वेदान्तिक स्वतन्त्रता हीन कोटि की ही नही वरन् मुक्ति का दूसरा रूप है जिसकी तरफ मनुष्य निरन्तर अग्रसर हो सकता है। आज विद्यालयो मे शिक्षा के समान अवसर सबको नही मिल पाते। आवश्यकता इस बात की है कि लोग दार्शनिक एव भावात्मक रूप ग्रहण करे। सभी मे एक ब्रह्म है अत: सभी बालक एक समान हैं जब तक यह विचार जीवन का एक अग नही बन जाता तब तक व्यवहार मे असमानता बनी रहेगी।

वेदान्त जीवन को श्रेष्ठकर बनाने के लिए व्यक्तित्व के रूपान्तरण पर बल देता है तथा पाशवीय वृत्तियो से मुक्त कर आदर्श मनुष्य बनाता है। सही अर्थों मे मानवो-चित गुणो से युक्त करना है तो वेदान्त का इस दृष्टि से अनुपम योगदान और क्या हो सकता है? □□

आपका व्यक्तित्व : विकास के सूत्र

□ लाला हरदयाल

बौद्धिक विकास की आवश्यकता

यह आपका कर्त्तव्य है, कि आप अपने मस्तिष्क को प्रशिक्षित करे, उसका विकास करें, ज्ञान का अधिक से अधिक संचय करे। ज्ञान एक गहरे कूप के समान है, जिसका स्रोत अजस्र है। आपका मस्तिष्क एक बाल्टी या गागर के समान है। जितना बडा आपका पात्र होगा, उतना ही जल आप कूप से खींच सकेंगे। मन का शारीरिक अंग मस्तिष्क है। अपने मूल रूप से विकसित होते-होते, मानव-रूप ग्रहण करने पर मानव ने जो दो विशिष्ट वस्तुए प्राप्त की है, मन उन्हीं मे से एक है, और दूसरी वस्तु है—सामाजिक भावना। यह विचित्रतापूर्ण मस्तिष्क, जिसकी प्रत्येक सलवट लाखो वर्षों के क्रमिक विकास की सूचक है, यह वस्तुत. आपको अन्य पशुओ से पृथक् करता है। बहुत-से पशुओ मे बहुत शक्तिशाली इन्द्रिया पाई जाती है, चील, चीटी और कुत्ते मे मनुष्य की अपेक्षा अधिक चेतना पाई जाती है। किन्तु किसी भी पशु का मानव से अधिक मस्तिष्क नही है और न ही उससे ऊंची बुद्धि किसी प्राणी के पास है। यदि आप अपने मस्तिष्क का प्रयोग उसकी अधिकतम सामर्थ्य के अनुसार नहीं करते, तो आप पशुओ के समान ही है।

ज्ञान तथा मानसिक आत्म-सस्कार से आप पर अवर्णनीय वरदानो की वर्षा होगी। इससे आप धर्म और राजनीति के बारे मे अधविश्वासो और रूढियो के दास नही रहेंगे। तब आप अपने कर्त्तव्य को पहचानेगे और उसे पूर्ण करेगे। तब आप धर्म तथा राजनीति के विषय में समझदार और स्वतन्त्र हो जाएंगे। तब आपको स्वार्थी पडे-पुजारी और पूजीवादी एव तथाकथित साम्यवादी, राजनीतिज्ञ, षड्यन्त्रकारी न तो धोखा दे सकेंगे और न ठग सकेंगे। क्या यह एक उद्दात उद्देश्य नही कि जिसके लिए प्रयत्न किया जाए ? आज अधिकाश मनुष्य न तो स्वतन्त्र है और न बुद्धिमान्। वे पतगो के समान हैं, जिनकी डोर या तो पडे-पुजारियो के या राजनीतिज्ञो के हाथो मे होती है। विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र तथा अन्य विषयो से अनभिज्ञ होने के कारण वे ठगे तथा मूर्ख बनाए जाते है। मानव जाति के कष्टो का आधा भाग अज्ञान के कारण ही है और इनका दूसरा आधा भाग अहकार के कारण है। ज्ञान पूरी तरह उतना ही महत्वपूर्ण है, जितनी कि नैतिकता यानी आचार-सबंधी विज्ञान। ये दोनो वस्तुत: अन्योन्याश्रित हैं। जैसा कि लेसिंग का कथन है, "ज्ञान का उद्देश्य

है सत्य, और सत्य आत्मा की आवश्यकता है।" फारसी के कवि सादी ने जोर देकर कहा है कि सभी को ज्ञान-प्राप्ति के लिए अथक प्रयत्न करना चाहिए—ज्ञान की साधना मे तू फौलाद की भाति पिघल जा, तभी तू उसके साचे मे ढल सकेगा। ज्ञान पाने के लिए चाहे तुझे सारे ससार मे भ्रमण करना पडे, तो भी तू मत घबरा। यह तेरा कर्त्तव्य है।

ज्ञान की प्राप्ति के लिए अपने अनन्त सघर्ष मे आपको अवश्यमेव नियमित रूप से तथा विधिपूर्वक प्रयत्न करना पडेगा। प्रतिदिन अपने समय का एक निश्चित भाग आपको अध्ययन अथवा परीक्षण-प्रयोग मे लगाना पड़ेगा। आप अपने शरीर को दिन मे कई बार खुराक देते है; किन्तु अपने मस्तिष्क को भूखा मत रखिए। अपने पास एक दैनन्दिनी रखिए, जिसमे आप नई पुस्तको के नाम अकित करते रहिए। पुस्तक-विक्रेताओ से नई-पुरानी पुस्तको के सूचीपत्र प्राप्त कीजिए। दूकानो पर सस्ती पुरानी पुस्तको के लिए चक्कर लगाइए। अपनी एक स्वतन्त्र लाइब्रेरी बनाइए, चाहे वह कितनी ही छोटी हो। उन पुस्तको पर गर्व कीजिए, जो आपके घर की शोभा बढ़ाती है। प्रत्येक पुस्तक को खरीदने के बाद, आप अपने मानसिक आकार मे एक मिलीमीटर की वृद्धि करते हैं। सार्वजनिक पुस्तकालयो से और अपने मित्रो से पुस्तके मागकर लाइए और पढिए और उन्हे समय पर लौटाना न भूलिए। जो भी पुस्तक आप पढ़े, उसका सार और सक्षेप अपनी सचिका पर लिखते जाइए, अन्यथा आपका अध्ययन उस वर्षा के समान व्यर्थ होगा, जो ढालू छत पर होती है। समय-समय पर अपने लिखे सार-सक्षेप का पुनरावलोकन करके उसे अपनी स्मृति मे नवीन बनाते रहिए। मेकाले के समान, अपने ज्ञान को 'तुरन्त उपस्थित' रखिए। आप जो कुछ जानते हैं, यथातथ्येन जानिए, जिस प्रकार आपको सही पता होता है कि आपके बैंक के खाते मे कितना रुपया जमा है, अथवा एक गृहिणी जानती है कि उसके भडार-घर मे क्या कुछ है। कुछ वर्ष पहले ही अपने अध्ययन की योजना बना लीजिए। अपनी आय का एक निश्चित भाग पुस्तकें तथा पत्रिकाए खरीदने के लिए अलग रखते जाइए, इसे आप 'पुस्तक निधि' कहिए, और इस पैसे को किसी भी अन्य खर्च के लिए मत निकलवाइए। इस प्रकार आपको पुस्तको पर व्यय करना आसान प्रतीत होगा। विज्ञान तथा साहित्य सबधी सस्थाओ के सदस्य बन जाइए, उनको थोडे-से चन्दे देने से मत घबराइए। एक छोटा-सा मण्डल बना लेना अच्छा है, जिसमे एक सदस्य नई पुस्तक को पढकर सुनाए और बाकी सब उसे सुनें, फिर वह उस पर एक निबन्ध लिखकर सुनाए, जिसमे उस पुस्तक के खूब उद्धरण दिए गए हो। इस प्रकार का सहकारी अध्ययन आपके लिए आवश्यक है; क्योकि अभाग्य से, आपके पास समय की बहुत कमी है। जीवन छोटा-सा है, ज्ञान पिपासु के लिए जीवन और भी छोटा है। यदि आपका जीवन अनन्त होता तो आप भले ही सौ वर्ष नक्षत्रविद्या के अध्ययन मे, सौ वर्ष जीव-विज्ञान मे, सौ वर्ष इतिहास के मे, और सौ-सौ वर्ष अन्यान्य विद्याओ के अध्ययन मे लगा देते और तब तक अध्ययन करते चले जाते, जब तक कि अपने को भलीभाति शिक्षित न मान लेते। किन्तु हमारा जीवन महीनो और वर्षो द्वारा मापा जाता है, शताब्दियों और सहस्राब्दियों से नही। बहुत कुछ ज्ञान प्राप्त करने से पूर्व ही हम वृद्ध हो जाते है। इसीलिए अध्ययन करने मे शीघ्रता कीजिए। प्रसिद्ध इतिहासकार जे० आर० ग्रीन ने लिखा है—"मै जानता हू लोग मेरे बारे मे क्या कहेंगे, वे कहेगे—'वह पढता-पढ़ता मर गया'।" लोग आपके लिए भी यही कहे, तो अच्छा है। संभव है, इस लघु जीवन से विदा होकर पुन: आपको जन्म मिले और पुन. आपको अध्ययन का अवसर मिले।

मानसिक आत्म-सस्कार के मार्ग मे दो विघ्न है—सबसे पहले आपको उनपर विजय प्राप्त करनी है—

बहुत-से स्त्री-पुरुष इतने धन-चिन्तक है कि वे कोई भी ऐसा कार्य गभीरता से हाथ में नही लेते, जिससे उन्हे धन का लाभ न हो। वे विश्वास रखते है—इस प्रकार का अध्ययन तथा मानसिक प्रयत्न मूर्खता है, जिसका परिणाम 'धन का लाभ' न हो। केवल धन के लाभ के लिए कठोर परिश्रम करो, उसके बाद खूब खेलो और आनन्द मनाओ। यह उन लोगो का जीवन-नियम होता है। वे बुद्धि का मूल्य यही मानते है कि वह भौतिक संपन्नता की कुजी हो। वे लोग व्यक्तिगत मानसिक विकास को मूर्खता-पूर्ण सनक मानते है। यह शोचनीय पदार्थवादी (Materialistic) मनोवृत्ति समाज के सभी वर्गों मे गहरी जड़

जमाए हुए है। धनी और निर्धन, सभी को यह रोग लगा हुआ है। एक वृद्धा जो स्वय उपार्जन के लिए काम करती थी, मुझसे अपने बेटे की शिकायत करते हुए कहने लगी, "वह अपना पैसा पुस्तको पर बर्बाद करता रहता है। भला, उनका उसे क्या लाभ है ? वह तो एक बढई है, कोई अध्यापक तो नही है।" ऐसे अगणित लोगो से मिलने का हमे मौका मिलता है, जिनका जीवन, उनके धंधे और मनोरजन की आखमिचौनी मे बीत जाता है। वे भले ही अपने व्यवसाय या धधे मे सफल हो—चाहे वह कानून हो या डाक्टरी, कला हो या कौशल—जब वे अपने रोजगार से फुर्सत पाते है तो वे केवल मनोरजन या खेल-तमाशे की ओर ही आकृष्ट होते है।

इस प्रकार के एकागी जीवन वाले को मेरा यह कहना है—ध्यान रखिए, कही आप छाया को पकडकर तत्त्व को न छोड दे। ज्ञान ही जीवन का सार-तत्त्व है। आप भले ही अपने मस्तिष्क को धन के साचे मे ढाल दे, किन्तु यह समझ लीजिए कि आप प्रकृति के इस वरदान का दुरुपयोग कर रहे है। बुद्धि का प्रयोग मुख्यतः जीवन के विकास और समाज की सेवा के लिए किया जाना चाहिए। इसका प्रयोग अपने सहनागरिको के शोषण के लिए एक अस्त्र के रूप मे नही किया जाना चाहिए। जो व्यक्ति अपने मस्तिष्क को एक धन कमाने की मशीन मानते है, उनमे और एक वेश्या मे अन्तर ही क्या है ? हमारे पूंजीवादी समाज मे इस प्रकार की वेश्यावृत्ति बहुत अधिक पाई जाती है, और दुख तो यह है कि इसे आप स्वाभाविक मानकर इसके आगे सिर झुका देते है। आप इस स्थिति के विरुद्ध न तो विद्रोह करते है और न इस पर आपको आश्चर्य ही होता है। प्रकृति ने आपको मस्तिष्क इसलिए दिया है कि आप जाने, सोचे, समझे, समझाये खोज करे अनुसधान करे, आविष्कार करे, और उस सघन आनन्द का अनुभव करे, जो उन व्यक्तियो को प्राप्त होता है, जो प्रकृति के महान नियम का पालन करते है। जिज्ञासुओ को ज्ञान की उपलब्धि से जो आनन्द प्राप्त होता है, उसे शब्दो द्वारा वर्णन करना असंभव है। यदि आप अपने मस्तिष्क के सर्वतोमुखी विकास करने से मुह मोड़ेगे, तो आप अपने को अनन्त आनन्द से वचित कर देगे। यह आनन्द उन सभी सुखो से श्रेष्ठ है, जिन्हे धन द्वारा खरीदा जा सके। इसलिए बुद्धि की दृष्टि से बौने रहकर जीने पर संतोष मत कीजिए। गधे की तरह भारवाही जीवन को धिक्कार है। अपने मस्तिष्क का अधिकतम विकास करके ही आप जीवन के श्रेष्ठतम आनन्द को प्राप्त कर सकते है।

ज्ञान की प्राप्ति मे दूसरा विघ्न है—अन्धविश्वास व रूढिवाद। इन्ही के कारण लाखो-करोडो लोग बौद्धिक सस्कृति से वचित रह जाते है। इन्ही के कारण लोग अपने अज्ञान और मूढता पर गर्व करते पाए जाते है। यह बात आपको विचित्र प्रतीत होगी, किन्तु है यह यथार्थ।

कुछ-एक धार्मिक उपदेष्टाओ का कथन है कि मनुष्य-जीवन शरीर तथा आत्मा से बना है। किन्तु वे उपदेष्टा बुद्धि के विषय मे मौन ही रहे। उनके अनुयायी ससार मे शरीर को पुष्ट करने का प्रयत्न करते है और आत्मा को 'मृत्यु के उपरान्त जीवन' के लिए सुरक्षित रखते है; किन्तु 'मन' की सर्वथा उपेक्षा कर देते हैं। इहलोक और परलोक मे मानव-कल्याण के हेतु—शरीर के लिए भोजन और आत्मा के लिए सद्गुण—ये अनिवार्यत. आवश्यक माने जाते है। किन्तु ज्ञान तथा शिक्षा के बारे में कुछ कहना अनावश्यक समझा जाता है। इसी तरह ईसामसीह ने भूखे को भोजन देने, रोगी की चिकित्सा करने, पापी को पुण्यात्मा बनाने का तो उपदेश दिया, किन्तु उन्होने कभी भी यह उपदेश न दिया कि अज्ञानी को ज्ञान प्रदान करो या वैज्ञानिक ज्ञान की वृद्धि करो। वे स्वय भी सुशिक्षित व्यक्ति नही थे और बुद्धि-सबधी प्रयत्न उनकी सीमा से बाहर थे। गौतम बुद्ध ने भी सदाचार पर बल दिया, ध्यान करने और भिक्षु बनने का उपदेश दिया, किन्तु उन्होने इतिहास, विज्ञान, कला तथा साहित्य के अध्ययन पर कभी जोर नही दिया। सन्त एब्रोस ने विज्ञान के अध्ययन की निन्दा की और लिखा, "प्रकृति और पृथ्वी की स्थिति आदि पर विचार, चर्चा या वाद-विवाद हमारे पारलौकिक जीवन मे कुछ भी सहायता प्रदान नही करता।" सन्त बासिल ने बहुत स्पष्ट रूप मे और मूर्खतापूर्वक कहा—"हमारे लिए यह पृथ्वी गोल है, लबी है या सपाट है।" कार्लायल ने भी ईसाई परम्परा का ही अनुसरण किया है, जबकि उसने कहा, "मै केवल दो मनुष्यों का सम्मान करता हू (तीसरे का नही), एक तो शारीरिक परिश्रम करने वाले का और दूसरे धार्मिक उपदेशक का।" कार्लायल ने वैज्ञानिको को, विद्वान को और कलाकार को सम्मान की सूची मे शामिल

करने से भुला दिया। यूनान के सनकी भी शिक्षा, बौद्धिक साधना की निंदा करते रहे है। उन्होने घोषणा की कि केवल सद्गुण (सदाचार) ही जीवन की श्रेष्ठता है। इस प्रकार के अपूर्ण आदर्श ने ही असख्य ईमानदार स्त्री-पुरुषो को बुद्धि की साधना से—ज्ञान के उपार्जन से वचित रखा है, क्योकि वे इन्हे अनावश्यक और व्यर्थ समझते रहे है। आप अपने मस्तिष्क को, जीवन के विषय मे इस प्रकार के अपूर्ण सूत्रो का दास मत बनने दीजिए। ये सिद्धान्त थोथे है—सारहीन है, इनसे सर्वोत्तम प्रकार के स्त्री-पुरुष भी 'सदाचारी और पवित्र पशु' बना दिए जाते हैं। अज्ञान जगलीपन है, वहशीपन है, मानव-जीवन की स्वाभाविक विशेषता 'ज्ञान' है।

अविवेक, कामुकता और अन्धविश्वास से छुटकारा पाकर आप अपने को परिश्रमपूर्वक और ईमानदारी से मानसिक आत्म-सस्कार मे—मस्तिष्क द्वारा ज्ञानार्जन मे लगाइए। इसका क्षेत्र बहुत विशाल और विस्तृत है। पहले-पहल आपकी दशा एक बालक के समान होगी, जो अकस्मात् अपने को उष्णकटिबन्ध के किसी महा-उद्यान मे पाता है, जहा अनेक प्रकार के सुस्वादु फलो को देखकर उसकी दृष्टि चकाचौध रह जाती है, उसके मुह मे उन फलों को देखकर पानी भर आता है—कही आम है, कही लीची, कही अमरूद है, कही पपीते, कही लुकाठ है, कही अगूर। ज्ञान के फल तो इनसे भी अधिक सरस और सुस्वादु हैं।

अब हमे उन विभिन्न विषयो पर विचार करना है, जो आपको अवश्य पढने चाहिए, जहा तक कि आपके साधन, आपकी सामर्थ्य और आपके अवसर आपको इजाजत दे। □□

नवाचार

शिक्षा प्रशासन का परिवर्तनशील सम्प्रत्यय

□ डा० जमनालाल बायती

शिक्षा प्रशासन के अर्थ को लेकर शिक्षाविदों मे मत विभिन्नता है, कोई भी दो शिक्षा शास्त्री समान राय नही रखते हैं। इस आलेख में शिक्षा प्रशासन के बदलते हुए सम्प्रत्यय पर विचार करने का विनम्र प्रयास किया गया है। यदि इस दिशा में निरन्तर प्रयत्न होते रहे, विचार मंथन के फलस्वरूप शिक्षा प्रशासन के अर्थ पर किसी प्रकार एक मत पर पहुचा जा सके, समन्वय हो सके तो प्रशासनिक संस्थितियों से जुड़े हुए विभिन्न घटको की सूची बनाना सम्भव हो सकता है।

यदि शिक्षा प्रत्येक कार्य नहीं कर सकती तो फिर शायद ही ऐसा कोई कार्य हो जो शिक्षा कर सके।

—जेम्स मिल

जेम्स मिल द्वारा प्रतिपादित शिक्षा के इस दूरगामी सत्य का महत्व पिछले कुछ ही वर्षों से अनुभव किया जा रहा है। इससे पूर्व तक शिक्षा प्रशासन को—जिस पर न केवल किसी राष्ट्र का कल्याण, प्रगति, विकास एव उन्नति निर्भर करती है बल्कि सम्पूर्ण विश्व की सुख-समृद्धि निर्भर करती है—केवल शाब्दिक महत्व ही दिया गया है।

शिक्षा प्रशासन का सम्प्रत्यय दिन प्रतिदिन तीव्र गति से बदल रहा है, वह दिन प्रतिदिन नया अर्थ ले रहा है। पिछले समय में, सामान्यतया एक अनुभवी अध्यापक किसी भी संस्था के शैक्षिक कार्यक्रमों का नियोजन करता था। उनका कार्य-व्यवहार, निर्णय प्रक्रिया, कार्य सम्पन्न करने की तकनीक आदि शिक्षा के किन्ही ठोस सिद्धान्तों या दार्शनिक आधारो पर आश्रित होने के बजाय उस

समय के प्रचलित रीति-रिवाजो तथा जन-विचारधाराओ से सचालित होते थे। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि उस समय का शिक्षा प्रशासन मात्र एक व्यक्ति की सर्वाधिक उच्च योग्यता के अनुसार नीतियो का निर्धारण तथा योजनाओ का क्रियान्वयन करना था।

कालान्तर मे समय बीतने के साथ-साथ इस सम्प्रत्यय की अनुपयुक्तता प्रकाश मे आई तथा प्रशासनिक अधिकारियो ने अनुभव की। किसी व्यक्ति के मन की चपलता या तरगो के अनुसार प्रशासन मे तानाशाही प्रवृत्ति की झलक मिलती है, इसलिए शिक्षा प्रशासन मे उसे कोई स्थान नहीं दिया जाना चाहिए। आगे चलकर यह अनुभव किया गया कि शिक्षा प्रशासन एक विशिष्ठ प्रकार की गतिविधि या सेवा या प्रक्रिया है तथा इसके सफल संचालन के लिए सुप्रशिक्षित सेवावर्गीय अधिकारियो की आवश्यकता होती है।

शिक्षा प्रशासन के अर्थ को लेकर शिक्षाविदो मे मत-विभिन्नता है, कोई भी दो शिक्षा शास्त्री समान राय नही रखते है। इस आलेख मे शिक्षा प्रशासन के बदलते हुए सम्प्रत्यय पर विचार करने का विनम्र प्रयास किया गया है। यदि इस दिशा में निरन्तर प्रयत्न होते रहे, विचार मंथन के फलस्वरूप शिक्षा प्रशासन के अर्थ पर किसी प्रकार एक मत पर पहुचा जा सके, समन्वय हो सके तो प्रशासनिक सस्थितियो से जुडे हुए विभिन्न घटको की सूची बनाना सम्भव हो सकता है। उस स्थिति मे शैक्षिक प्रशासनिक कार्यो का अधिक सुगमता से अनुमान लगाया जा सकता है। यहा यह बताना रूचिप्रद होगा कि वर्तमान शताब्दी से पूर्व तक शिक्षा प्रशासन को चरम सीमा का साधारण, सीधा, स्पष्ट एव सरल कार्य माना जाता था।

आर्ड वेटीड (1951) के अनुसार प्रशासन का अर्थ कार्यो की सम्पन्नता है। उनके द्वारा दी गई परिभाषा न केवल प्रशासन का अर्थ ही बताती है बल्कि वह अच्छे व बुरे प्रशासन के भेद को समझने के योग्य भी बनाती है। जब वे कहते हैं कि—"किन्ही परिभाषित उद्देश्यो के वैयक्तिक या सामूहिक रूप मे आदेश जारी करने, अग्रेसरण करने, सुविधाओ के जुटाने के सयुक्त प्रयासो के फलस्वरूप होने वाली अनिवार्य गतिविधियो तथा कार्यों के आयोजन को प्रशासन कहते हैं।"

ऊपर के विवेचन से स्पष्ट होता है कि अच्छे प्रशासन मे पूर्व परिभाषित उद्देश्यो की प्राप्ति के लिए सामूहिक या सयुक्त प्रयासों पर आग्रह रहता है। ग्रीफीथ की सम्मति के अनुसार—

(अ) प्रशासन व्यवहार की सामान्य प्रक्रिया है जो प्रायः सभी सगठनो मे पाई जाती है।

(आ) प्रशासन एक विधि के रूप मे सामाजिक सगठन में जीवन को नियन्त्रित तथा निदेशित करता है।

(इ) प्रशासन का केन्द्रीय उद्देश्य निर्णय प्रक्रिया को विकसित करना तथा ढग से सचालित करना है।

(ई) प्रशासन समूहो मे—वैयक्तिक रूप से नही—कार्यशील होता है।

शिक्षा प्रशासन का अर्थ बताते हुए पिटनगर लिखते है कि शिक्षा प्रशासन विद्यालय मे नियुक्त कर्मचारियो का चयन, नियुक्ति तथा कार्य निर्धारण है और विद्यालय से सम्बन्धित व्यक्तियो—कर्मचारी, अधिकारी, छात्र, छात्र ससद के सदस्य, समाज के सदस्य, अभिभावक—के बीच समन्वय तथा नेतृत्व करना है जिससे उचित तथा सक्षम शिक्षा की दिशा मे नीतियो का निर्माण, क्रियान्वयन तथा उन्नयन हो।

शिक्षा प्रशासन का ध्येय, सर ग्राह्म बालफोर के अनुसार, उपयुक्त विद्यार्थी को सही अध्यापक से राज्य के साधनो की सीमा मे, उसके लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थितियो मे कम से कम व्यय पर सही शिक्षा प्रदान करना है जिससे विद्यार्थी का अधिकाधिक अधिगम हो। शिक्षा प्रशासन को इससे भी और अधिक अच्छी तरह समझा जा सकता है, यदि शिक्षा प्रशासन के उद्देश्यो का विस्तृत विश्लेषण कर लिया जाए। बहुत ही सीधे शब्दो में बताया जा सकता है कि शिक्षा प्रशासन का अर्थ अधिगम एव अध्यापन की सुविधाए जुटाना है। शिक्षा प्रशासन का तात्पर्य, केम्पबेल, कोरावेली तथा रामसीयर के अनुसार—"अध्यापन एवं अधिगम से सबन्ध

बुनियादी उद्देश्यो तथा नीतियो के विकास को सहज ही सचालित करना हैं, अधिगम तथा अध्यापन के लिए उपयुक्त कार्यक्रमो के विकास को सम्वर्द्धित करना है एव अधिगम तथा अध्यापन के लिए भौतिक तथा मानवीय ससाधनो को प्राप्त करना तथा उनकी व्यवस्था करना है।" रसेल टी० ग्रेग (1960) शैक्षिक शोध के विश्लेपण में दिये गये अपने प्रशासन सम्बन्धी लेख मे इससे भी एक कदम आगे बढकर कहते हैं और सम्मति देते है कि शैक्षिक प्रशासन वयस्कों की बढवार (ग्रोथ) से भी सम्बन्ध रखता है। वे लिखते है कि शिक्षा प्रशासन साधन एव सामग्री को इस प्रकार से उपयोग करने की विधि है जो मानवीय गुणो के विकास को प्रभावी रूप से अग्रसर करे। इसका सम्बन्ध न केवल बालको एव युवाओ के विकास से है वरन् यह वयस्को और मुख्यत विद्यालयो के सेवावर्गीय कर्मचारियो एव अधिकारियों के विकास से भी सम्बन्ध रखता है।

फ्रेडरिक टेलर, हेनरी फायल, मेरी पार्कर फोलेट, एल्टन मेयो और चेस्टर बर्नार्ड ने प्रशासन को प्रबन्ध (मैनेजमेन्ट) से पृथक न करने पर विचार किया तथा इन्होंने प्रशासन को वैज्ञानिक प्रबन्ध के रूप मे लिया। वैज्ञानिक प्रशासन मे सगठन के ढाचे या आकार (स्ट्रक्चर) पर तथा सचालन मे दक्षता प्राप्ति के लिए सेवावर्गीय कर्मचारियो तथा अधिकारियो के औपचारिक सम्बन्धो पर आग्रह किया। केफनबर आगे जोडते हैं कि वैज्ञानिक प्रशासन तब तक आपत्तिजनक नही है जब तक प्रशासकीय समस्याओं पर अर्थपूर्ण तथा सही सूचनाये उपलब्ध करवाने का प्रयास न करे तथा सूचनाओ को बढा-चढा कर महत्व न दे तथा सूचनाओ से जुड़ी अल्प महत्वपूर्ण स्थितियों की उपेक्षा न करे।

आनन्द डब्ल्यू० पी० गुरूज (1971) की राय के अनुसार आधुनिक प्रबन्ध की तकनीक का शिक्षा प्रशासन मे उपयोग कठिनाइयों से मुक्त नहीं हैं। एक सबसे बड़ी कठिनाई तो यही है कि जन-प्रशासन के अंग के रूप मे केवल शिक्षा प्रशासन मे ही आधुनिक प्रबन्ध की तकनीक प्रयोग नही की जा सकती। वे आगे स्पष्ट करते है कि जहा तक शिक्षा प्रणाली के अन्तिम फलों (प्रोडक्ट्स) का प्रश्न है, शिक्षा प्रशासकों तथा व्यापार वाणिज्य व्यवसाय के प्रमुखो मे कोई सम्बन्ध नही है। लेकिन इसके दूसरी ओर, जे० एन० कपूर ने कार्यकारी शोध के आधार पर शिक्षा तथा उद्योग के क्षेत्र के महत्वपूर्ण अन्तर को स्पष्ट करते हुए बताया है कि नये सम्प्रत्ययो की रचना मे कार्यकारी शोध के निष्कर्षों के उपयोग पर आग्रह रहना चाहिए। सगठन प्रबन्धकीय तकनीक की अपेक्षा एक प्रक्रिया है, इसे शैक्षिक क्षेत्र मे व्यवहृत नही किया जा सकता।

ग्राइडर तथा रोशेन स्टेनगेल के अनुसार—"सार्वजनिक शाला प्रशासन जन प्रशासन के बृहद क्षेत्र का ही एक अंग है। फिर भी लोकतन्त्र मे सभी सार्वजनिक सेवाओ मे शिक्षा का महत्व तथा स्वरूप विशिष्ठ है। अत यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि आदर्श रूप मे स्वीकृत शाला प्रशासन के गुणात्मक लक्षण, सार्वजनिक शिक्षा के कार्य, प्रक्रियाओं तथा उद्देश्यो के समतुल्य हों।"

यहा यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि प्रबन्ध का कार्य नीति निर्धारण का नही बल्कि नीतियो के अनुसार क्रियान्वयन का है। यद्यपि वैज्ञानिक प्रबन्ध सदैव ही शिक्षा प्रशासन मे ठोस धरातल पर आधारित नही है फिर भी यह दर्शन या विचार धारा कुछ उद्देश्यो की सेवा करता है, मदद करता है। सीयर्स शिक्षा प्रशासन मे पाच मुख्य एव महत्वपूर्ण तत्वो को स्वीकार करते है। वे इस प्रकार बताये जाते है—

1. आयोजना,
2. सगठन,
3. निर्देशन,
4. समन्वय तथा
5. नियन्त्रण।

फ्रेडरिक टेलर की राय के अनुसार आयोजना तथा क्रियान्वयन को पृथक्-पृथक् रखा जाना चाहिए। वे आगे दृढ़ता से कहते हैं कि यदि दोनो को सम्मिलित किया गया तो गुणात्मकता की दृष्टि से निष्पादित कार्य निम्न-स्तर का होगा और न ही समय पर पूरा होगा। इस सम्बन्ध में वे स्पष्ट है तथा इस मत के पक्षधर हैं कि आयोजना समयबद्ध होनी चाहिए तथा उत्पाद या

निष्पादित किये जाने वाले कार्य से सम्बन्धित अन्य सूचनाओ का वैज्ञानिक रीति से निर्धारण हुआ हो तथा क्रमबद्ध या व्यवस्थित ढग से वर्गीकृत की गई हो। इन प्रस्तावित कार्यों मे प्रमापीकृत साधनो, उपकरणों तथा विधियो का भी प्रयोग किया जा सकता है एव इन सब का प्रमापीकरण भी किया जा सकता है। प्रबन्ध कामगरो या कर्मचारियो से ले लिया जाना चाहिए। वैज्ञानिक सोच-विचार से कार्य विधि की रचना निश्चित की जानी चाहिए तथा उसी के अनुसार कर्मचारियो को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इन सब कार्यों मे समन्वय पर अत्यधिक आग्रह रहना चाहिए। हेनरी फायल ने भी बराबर वैज्ञानिक प्रबन्ध पर जोर दिया है। पूर्व के चिन्तकों ने कर्मचारियो के साथ तथा बाद के चिन्तकों ने प्रबन्धको के साथ कार्य किया। पर यह सही है कि दोनो श्रेणी के चिन्तको ने व्यक्तियो पर ध्यान नही दिया जिनकी कार्य या सेवा के निष्पादन मे महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

मेरी पार्कर फोलेट ने प्रशासन के माध्यम से कल्याण-कारी समाज (हारमोनियस सोसायटी) के लिये प्रयत्न किया। वे इस बात की प्रबल समर्थक थी कि सामान्य उद्देश्यो की प्राप्ति के लिए प्रत्येक कर्मचारी को पूर्ण रूप से समझना अत्यन्त आवश्यक है। शिक्षा प्रशासन मे धन, भवन, क्रीडागन प्रयोगशालाये, पुस्तकालय तथा उपकरण आदि के प्रबन्ध पर ही विचार नही किया जाता है वरन् इसका क्षेत्र मूलत कल्याणकारी मानवीय सम्बन्धो का विकास है जो सूत्र तथा अभिकरण (लाइन एण्ड स्टाफ) के रूप मे छात्र-छात्र, छात्र-अध्यापक, अध्यापक-प्रधानाध्यापक, छात्र-प्रधानाध्यापक, छात्र-लिपिक, लिपिक-प्रधानाध्यापक, लिपिक-शिक्षक, प्रधानाध्यापक-उच्चाधिकारी, प्रधानाध्यापक-बोर्ड के अधिकारी, प्रधाना-ध्यापक-अभिभावक, अभिभावक-शिक्षक तथा इसी भाति स्थानीय, राज्य तथा राष्ट्र के शिक्षा से सबंधित विभिन्न अभिकरणो के बीच विकसित होते है।

अब तक हुआ यह है कि सभी शिक्षाविदो व शिक्षा-प्रशंसको ने मानवीय सम्ब्रन्धों को भुला दिया है, उन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। एल्टन मेयो यह दृढता से स्वीकार करते हैं कि उपयुक्त मानवीय सबध ही प्रशासन की आत्मा है, मूलाधार है।

चेस्टर बर्नार्ड ने प्रबन्धकीय समस्याओं एव अमूर्त सिद्धान्तो पर विचार किया, अध्ययन किया। समस्याओ का गहराई से अध्ययन करने के लिये भिन्न-भिन्न व्यवसायो से जुड़े व्यक्तियो से बहुत बडी संख्या मे परामर्श किया। उसने सात भाषण सहकार, कर्तव्य (करणीय), औपचारिक संगठन, समन्वित मानवीय प्रयत्नो के पेचीदा या उलझनपूर्ण तथा सामाजिक सम्बन्धो की व्याख्या के रूप मे प्रस्तुत किये। उन्होंने सुझाव दिया कि फल की प्रभावशीलता (इफेक्टिवनेस) विद्योन्मुखी (सिस्टम ऑरियन्टेड) पाई जाती है जबकि निपुणता (एफीसियन्सी) मानवोन्मुखी (परसन ऑरियन्टेड) होती है, जो कर्मचारी की कार्य मे सफलता की भावना से सम्बन्ध रखती है। यह सफलता की मात्रा वह अपने सगठन का सदस्य रहते हुए प्राप्त करता है। सगठन के किसी सदस्य के रूप मे एव वैयक्तिक रूप से सन्तुष्ट होने पर सगठन के सामान्य उद्देश्यो की प्राप्ति की आशा की जा सकती है।

के० पी० बसु के अनुसार प्राधिकारो के प्रत्यायोजन का अर्थ त्याग या कार्यो मे रुकावट नही है। साथ ही प्राधिकारो के प्रत्यायोजन का अर्थ उच्चाधिकारी के अधिकारों की कटौती कदापि नही है। प्राधिकारो का प्रत्यायोजन करने वाला अधिकारी प्रत्यायोजन करने के बाद भी कार्य के प्रति जवाबदेही के उत्तरदायित्व से मुक्त नहीं होता है। यद्यपि संगठन की बाह्य तथा आन्तरिक निरन्तरता या दृढता की मात्रा के मापन के विश्वसनीय तथा वस्तु-निष्ठ साधन या उपकरण उपलब्ध नही है, फिर भी इस सम्बन्ध मे, कुछ उदाहरणो मे, विभिन्न तथ्यो से निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं, प्राप्त किये जा सकते है।

क्या शिक्षा प्रशासन को पथ-प्रदर्शन का या नीति-निर्धारण का कार्य करना चाहिए? क्या शिक्षा प्रशासन को संगठन के उद्देश्यों या लक्ष्यों का निर्धारण करना चाहिए? या नही करना चाहिए? यदि ऐसा नहीं किया जाये तो क्या इसे दिये गये लक्ष्यो या उद्देश्यो की प्राप्ति के क्रियान्वयन हेतु निर्णय लेने चाहिए? यदि प्रशासन ही लक्ष्यो, उद्देश्यो या ध्येयो का निश्चय करता है तो क्या वे व्यवहार मे प्राप्त किये जा सकेगे या कार्यशील होंगे? क्या उन्हे सामान्यत' सभी व्यक्ति या कर्मचारी स्वीकार

कर लेगे ? वास्तविकता यह है कि इन प्रश्नो का उत्तर चारो ओर के सांस्कृतिक वातावरण पर निर्भर करेगा, निश्चित रूप से इन प्रश्नो का उत्तर शून्य मे नही दिया जा सकता। इन प्रश्नो के उत्तर राज्य के कर्तव्यो के दर्शन जो संबंधित राज्य मे समाज की अपेक्षाओ के अनुरूप निश्चित किये जायेंगे, पर बुनियादी रूप से निर्भर करेंगे।

प्रजातन्त्र मे उन सभी सगठनों के मोटे-मोटे उद्देश्य विधान सभाए निश्चित करती हैं जो सीधे राज्य के नियन्त्रण में है। तथा स्वयसेवी संगठनो के उद्देश्यो मे न्यूनातिन्यून हस्तक्षेप करती है। निष्कर्ष रूप मे कहा जा सकता है कि प्रजातान्त्रिक समाज मे चाहे सार्वजनिक या निजी क्षेत्र हो या मिश्रित क्षेत्र हो, शैक्षिक प्रशासन को प्रबन्ध का पर्याय तो किसी भी रूप मे नही कहा जा सकता। आर० सी० शर्मा (1968) बताते हैं कि इसका एक अपरिहार्य फल यह है कि कोई भी शैक्षिक प्रशासक बताये गये या बिना बताये गये शैक्षिक उद्देश्यो तथा नीतियो के सन्दर्भ मे ही, उनकी सीमाओ मे रहते हुए, कार्य करते है। इससे उसका कार्य बड़ा पेचीदा, उलझन-पूर्ण तथा कठिन हो जाता है। वास्तव मे, अपने सगठन के उद्देश्यो की प्राप्ति के लिए सहायता के प्रथम कदम के रूप में उनका सार्थकतापूर्ण विवेचन करना है, समझना है। तब प्रश्न उठता है कि क्या वह अपने विवेचन को अपने सहकर्मियो, अधीनस्थो व अन्य संबधितो को सम्प्रेषण की सुविधा की दृष्टि से लिपिबद्ध करता है? क्या वह इन सभी सबधितो से बिना परामर्श किये शून्य मे ऐसा कर सकता है ? क्या व्यवहार मे ऐसा करना शिक्षा निदेशक (या लोक शिक्षण निदेशक/डायरेक्टर ऑफ पब्लिक इन्स्ट्रक्शन) के लिए सम्भव है ? क्या यह सभव हो सकता है कि शैक्षिक उद्देश्यों तथा उनकी प्राथमिकताओ पर शिक्षा निदेशक तथा अभिभावक एकमत हों या सहमत हों ? अच्छे भविष्य की आशा वाला कोई भी प्रशासक इन सब मत विभिन्नताओं से दूर रहने का प्रयास करेगा या इनकी उलझन मे नही पड़ेगा या नही पड़ना चाहेगा—कुछ सीमा तक हम में से प्रत्येक इसी दृष्टिकोण से सोचता है। वे शैक्षिक उद्देश्यो तथा नीतियो का विवेचन करे, ऐसा नहीं होगा। वास्तव मे व्यवहार में यही सब कुछ हो रहा है कि शैक्षिक उद्देश्यों को बिना स्पष्ट किये यो ही बीच मे छोड दिया जाता है।

क्या विषय सामग्री का ज्ञान ही संगठन के प्रशासन की मूलभूत दुर्बोध एव कठिन समस्या है ? विषय सामग्री की गम्भीरता को यदि प्रशासन ठीक ढग से देखता है या वाछित महत्व देता है तो मूलभूत समस्या भी सुलझाई जा सकती है चूकि शिक्षा के एक विशिष्ठ सगठन मे समस्या का हल विषय का एक पारखी, शैक्षिक प्रशासक के रूप मे शिक्षाविद् ही खोज सकता है, अत निष्कर्षत. सगठन की कार्य क्षमता को हानि पहुचा कर प्रशासक को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित करने का खतरा नही उठाना चाहिए। एक विशिष्ट क्षेत्र के प्रशासक को, दूसरे शब्दो मे, तब तक अपनी पसद के अन्य क्षेत्र मे स्थानान्तरित नही किया जाना चाहिए जब तक उस सगठन की विषय सामग्री, उद्देश्य एव कार्य के बारे में विस्तृत एव गहन ज्ञान प्राप्त न कर ले।

सभवतया सगठन के प्रशासन का ज्ञान बिना व्याव-सायिक औपचारिक प्रशिक्षण के प्राप्त नहीं किया जा सकता, अत यह कहना युक्ति-सगत लगता है कि सगठन का व्यावसायिक तथा औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति ही अच्छा दक्ष एव कुशल प्रशासक बन सकता है। इस दृष्टि से भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य अधिकारी एक अच्छा योग्य एव समझदार शिक्षा निदेशक या लोक शिक्षण निदेशक नही बन सकता। चूकि भारतीय प्रशास-निक सेवा का अधिकारी प्रशासनिक विधि के क्षेत्र मे सुचारू रूप से पूरी तरह परिचित है, विशिष्ठता प्राप्त है, पर जब तक वह शैक्षिक कार्यों के सबध मे प्रशिक्षण प्राप्त न कर ले तो निश्चित रूप से अच्छा शैक्षिक प्रशासक नहीं बन सकता। इसी तरह यदि एक शैक्षिक कार्यों, शैक्षिक गतिविधियो का गहन ज्ञान या प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षाविद् प्रशासन की विधियो का सागोपाग ज्ञान प्राप्त कर ले वह उसके भी निश्चित रूप से अच्छे शैक्षिक प्रशासक बनने की संभावना उजागर होती है। वास्त-विकता यह है कि एक अच्छे शैक्षिक प्रशासक में मूलभूत शैक्षिक समस्याओं को समझने तथा हल करने की योग्यता होती है तथा साथ ही वह प्रशासनिक प्रक्रिया का निष्णात अधिकारी होता है।

इसके सिवाय विचारको का एक ऐसा दल फेयोल, सीयर्स आदि का है जो सभी सगठनो, उदाहरणार्थ—उद्योग, व्यवसाय, जन प्रशासन, कारखाना, शिक्षा, समाज कल्याण, पानी, बिजली आदि सभी के लिए समान प्रशासनिक विधि प्रक्रिया का समर्थक है। उनका ऐसा विश्वास है कि प्रशासनिक प्रक्रिया मे कुशलता प्राप्त व्यक्ति किसी भी सगठन का प्रशासन कर सकता है। पर आज इस विचारधारा को सम्मान की दृष्टि से नही देखा जाता। ऐसे व्यक्ति, जिन्हे मूल्यांकन की तकनीक का पूरा ज्ञान नही है, शिथिल टिप्पणिया देते देखे जाते है।

आज लूथर गुल्लिक द्वारा प्रतिपादित "पोस्डकर्व" का सिद्धान्त महत्वपूर्ण माना जाता है तथा सम्मान प्राप्त कर रहा है। "पोस्डकर्व" शब्द कुछ शब्दो के प्रथम अक्षरो के मिलने से बनता है, जैसे—

आ	(पी)	आयाजना	(प्लानिंग)
स	(ओ)	संगठन	(आग्रेनाइजेशन)
का	(एम)	कार्मिक व्यवस्था	(स्टाफिंग)
वि	(डी)	निदेशन	(डाइरेक्सन)
स	(सी)	समन्वय (या नियन्त्रण)	(कॉर्डिनेशन)
प्र	(आर)	प्रतिवेदन	(रिर्पोटिंग)
ब	(बी)	बजट तैयार करना	(बजटिंग)

उनके अनुसार प्रशासन के क्षेत्र मे आयोजना, संगठन बनाना, कार्मिक व्यवस्था, निदेशक, समन्वय (या नियन्त्रण), प्रतिवेदन तथा बजट आदि को समाविष्ट किया गया है। तनिक विचार कीजिए कि शिक्षा मे आयोजन की बहुत सारी विधिया तथा तकनीके कारखाना या उद्योग या पानी बिजली के आयोजन से सर्वथा भिन्न है। उदाहरण के लिये शैक्षिक नियोजन के क्षेत्र मे, किसी भी शिक्षण सस्थान मे निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करने के लिये प्रधानाचार्य को अपने साथी अध्यापको तथा छात्रो के सुझावों पर न केवल ध्यान देना है बल्कि उनका पालन भी करना है। क्योंकि इस कार्यक्रम के मुख्य उपभोक्ता तो विद्यार्थी ही है तथा अध्यापको को उनकी उच्चतम उपलब्धि के लिये उनका मार्ग-दर्शन करना है। विद्यालय प्रधान को आयोजना इस प्रकार करनी है कि सभी को सहभागित्व मिल सके, उनका सहयोग प्राप्त किया जा सके जबकि किसी भी उत्पादन सस्थान मे ऐसी व्यवस्था सभवतया नही की जा सकती। यहां साधनो के आवटन, विषय सामग्री के ज्ञान तथा उद्देश्यो के निर्धारण की आयोजना सम्बन्धी सर्वमान्य विधियों तथा तकनीको पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। इसी भाति एक सगठन मे कार्य को कार्यकारी इकाइयो मे बाटने सम्बन्धी विभागीय तकनीकों की अपेक्षा विषय सामग्री का ज्ञान निश्चित रूप से कम महत्वपूर्ण नही है। कार्य के वर्गीकरण का अर्थ शैक्षिक सेवाओं का सयोजन लिया जाना चाहिए जैसे कि शिक्षण, निर्देशन, स्वास्थ्य सेवाये, पुस्तकालय सेवाये, मार्ग-दर्शन, व्यावसायिक सूचना, खेलो की व्यवस्था आदि। जो भी हो, व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र मे इसे सही नही कहा जा सकता। इन बातो के सिवाय भी, आदेश की प्रकृति एव उद्‌गम, छात्र-शिक्षक, शिक्षक-लिपिक, छात्र-लिपिक, छात्र-प्रधानाध्यापक, प्रधानाध्यापक-अध्यापक, प्रधानाध्यापक-लिपिक सम्बन्ध आदि सूत्र एव अभिकरण (लाइन एण्ड स्टाफ) के सम्बन्धो, विद्यालय का दैनिक कार्य विभाजन, समय-विभाग चक्र तथा कक्षाध्यापन बिना अच्छी शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले आचार्य/प्रधान अध्यापक सहज रूप मे एव प्रभावी ढग से सम्पन्न नही कर सकता। ऐसा ही फल वहा भी प्राप्त किया जा सकता है जहा प्रशासक ख्याति प्राप्त शिक्षाविद् तो है पर शैक्षिक कार्यों के मूल्याकन, उनके नियन्त्रण, आयोजन, सगठन एवं निर्देशन की तकनीक मे अकुशल है। इस निष्कर्ष से इस बात को बल मिलता है कि शिक्षा प्रशासन एक विधि, प्रक्रिया एवं साधन है जो शिक्षा की मूलभूत समस्याओ को हल करने मे सहायक होता है।

एक विवादास्पद बिन्दु है—क्या प्रशासन विशुद्ध विज्ञान है या विशुद्ध कला या विज्ञान तथा कला दोनो, या बेहतर रूप मे कला तथा व्यावहारिक विज्ञान ? यह विवाद नया नही है। कला या विज्ञान किसी एक के पक्ष मे निश्चय के साथ कुछ भी कलाकार के लिये ज्ञात तथ्यों के आधार पर तथा सभी प्रशासकीय तथ्यों को पृथक करने हुए इस सम्बन्ध मे कुछ सीमा तक, कुछ निर्णय कला की

विधि द्वारा अन्तर्ज्ञान तथा आत्म-दर्शन के आधार पर ही लिये जायेगे। श्रीधर नाथ मुकर्जी की भी इस प्रकार की सम्मति है जब वे कहते है कि—ज्ञान की अन्य शाखाओं के समान ही, प्रशासन की यह नई शाखा विज्ञान की अपेक्षा कला के अधिक निकट है।" वे आगे कहते है कि वास्तव मे यह सही है कि शैक्षिक प्रशासक अपने कार्य-कलाप उन मौलिक सिद्धान्तो के आधार पर सम्पन्न करते है, जो वे सगठन में मानवीय अनुभवो को सकलन कर, उनका अध्ययन एव विश्लेषण कर—आगमन विधि द्वारा प्राप्त करते हैं। वैज्ञानिक भी इन्ही सिद्धान्तो पर कार्य करते है। जो भी हो, प्रयत्न यह किया जा रहा है कि प्रशासन को व्यावहारिक समाज विज्ञान के रूप मे विकसित किया जाये। ऐसा लगता है कि शिक्षा प्रशासन को अभियान्त्रिकी, तकनीकी या फार्मेसी के समान व्यावहारिक प्राकृतिक विज्ञान नही बनाया जा सकता।

इन दिनो शिक्षा प्रशासन का क्षेत्र विस्तृत बनता जा रहा है। अब तक इसे शिक्षा देने के एक अभिकरण के रूप मे माना जाता था। पर आज शिक्षा प्रशासन मे विद्यार्थी का चयन, उसका प्रवेश, विद्यालय की आय एव व्यय के साधन एव मदे, बजट तैयार करना, अध्यापको की हडताल, समय विभाग चक्र बनाना, पाठ्यक्रम का निर्धारण, पाठ्य-पुस्तको की प्राप्ति, सहगामी क्रियाये, मूल्याकन प्रक्रिया, अध्यापको के कार्य का परिवीक्षण, उनके लिये प्रत्यास्मरण पाठ्यक्रम, विशिष्ठ विषयो की शिक्षण व्यवस्था, छात्र कल्याणकारी सेवाये, बस सर्विस, केफेटेरिया, मार्ग-दर्शन, सहकारी भडार, स्वास्थ्य सेवाये, छात्रावास आदि सभी को समाविष्ट किया जाता है। शिक्षा प्रशासन के विद्यार्थी को इन सभी पहलुओं पर अध्ययन करना होता है। सभी शिक्षा अधिकारी कई विशिष्ठ विषयो के अध्यापन का परिवीक्षण करने के लिए सक्षम तथा उपयुक्त नही होते, उदाहरणार्थ—सगीत, कृषि, विज्ञान, गणित, चित्रकला आदि। फलत इन विषयाध्यापको को उपयुक्त मार्ग-दर्शन नहीं मिल पाता। इस दोष या कमी को दूर करने के लिये दलीय परिवीक्षण पर जोर दिया जा रहा है। इस दल मे वरिष्ठ एव ख्याति प्राप्त प्रधानाध्यापक एव लम्बी अवधि वाले अध्यापक सम्मिलित किये जाते है। जहा तक सम्भव होता है, शिक्षा अधिकारी इस दल के सयोजक होते हैं। दल में सम्मिलित विभिन्न सदस्य अपने-अपने विषय के क्षेत्र के निष्णात एवं विशिष्ठता प्राप्त शिक्षक होते हैं। इस सम्बन्ध मे माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952-53) की राय है कि स्वास्थ्य शिक्षा, गृह-विज्ञान, चित्रकला, सगीत आदि विशिष्ठ विषयों के परिवीक्षण का कार्य निदेशालय को अपने हाथ में ले लेना चाहिए। इन विषयो के निष्णात अध्यापक वे अपने स्तर पर ढूढ कर दल बना ले जो समय-समय पर भिन्न-भिन्न विद्यालयो का परिवीक्षण करे तथा अध्यापन मे स्तारोन्नयन का सूत्रपात हो। इनके सिवाय विद्यालयो मे समय-समय पर कई विशिष्ठ प्रकार के आयोजन होते रहते है, गतिविधिया चलती रहती हैं, उदाहरणार्थ आपातकाल के लिए प्रशिक्षण, नामांकन अभियान, वृक्षारोपण—ये तथा इसी प्रकार के अन्य कार्यक्रम भी शिक्षा प्रशासन के क्षेत्र मे सम्मिलित किये जाते है। शिक्षा प्रशासन को इन पर भी पूरा-पूरा ध्यान देना होता है।

शिक्षा प्रशासन के विषय क्षेत्र मे शिक्षा सम्बन्धी सभी तथ्य, योजनाये, नीतिया, कार्य-प्रणालियां, कर्मचारियो को दिये गये निर्देशन, निरीक्षण, पर्यवेक्षण तथा नियन्त्रण, विभिन्न प्रतिवेदन एव शिक्षा से सबधित बजट तैयार करना आदि बाते आती है। शिक्षा प्रशासन का सम्बन्ध यदि एक ओर मानवीय तत्वो, यथा शिक्षार्थी, शिक्षक, निरीक्षक, उच्चाधिकारी एव पालक आदि से है तो दूसरी ओर उसका सम्बन्ध भौतिक तत्वो से यथा विद्यालय भवन, वित्त, सामग्री, प्रयोगशाला एव खेल के उपकरण, फर्नीचर तथा अन्य साजसज्जा से भी है। शिक्षा की प्रक्रिया मे सम्बन्धित सभी बाते शिक्षा प्रशासन की सामग्री हैं। इस दृष्टि से शिक्षा प्रशासन के क्षेत्र मे निम्नलिखित तथ्य भी सम्मिलित है

(अ) शिक्षा के उद्देश्यो, आदर्शो, मूल्यो, सिद्धान्तो आदि को व्यक्ति तथा समाज के हित मे निर्धारित करना।

(आ) समानता और स्वतन्त्रता के सिद्धात के अनुसार सभी विद्यार्थियो के लिये शैक्षिक कार्यक्रमो की योजनाए बनाना और उनको क्रियान्वित करना।

(इ) शिक्षा संस्थानो में उपलब्ध भौतिक तथा

मानवीय साधनो मे समन्वय स्थापित करना,

(ई) सम्पूर्ण शिक्षा की प्रक्रिया की सफलता हेतु सजग प्रयास करना, तथा

(उ) समय-समय पर किये गये प्रयासो का मूल्याकन करना।

कोठारी शिक्षा आयोग (1964-66) ने इस बात पर बल दिया है कि "निरीक्षण तथा परिवीक्षण को भिन्न-भिन्न अर्थों मे लिया जाना चाहिए।.. जिला शिक्षा अधिकारी तथा उसके सहयोगियो को अपने सभी प्रयास उपयुक्त परिवीक्षण के लिए केन्द्रित करने चाहिए जिससे अध्यापन मे सुधार हो, शिक्षको को समय पर आवश्यकतानुसार मार्ग-दर्शन मिले, उनके लिए अन्त सेवा प्रशिक्षण के कार्यक्रमो का आयोजन हो तथा उन्हे विस्तार सेवा की सुविधाए उपलब्ध करवाई जाए।

क्या अनुदान के रूप मे आर्थिक सहायता का अर्थ प्रशासकीय नियत्रण है? क्या सरकार से शिक्षा सस्थान चलाने के लिए मात्र आर्थिक सहायता लेने से ही सस्था प्रधान तथा उसके साथियो को अपनी मौलिक स्वतन्त्रता से वचित कर देना उचित है? मुकर्जी के अनुसार—"प्रशासन का अर्थ प्रभुत्व नहीं है तथा न ऐसा होना ही चाहिए। इसका अर्थ मार्ग-दर्शन एव विचार-विमर्श करना कार्यक्रम एव गतिविधियो की सहायता के माध्यम से सहभागी बनाना ही है। दुर्भाग्य से भारत मे सहायता प्राप्त विद्यालय पूर्व के समान ही वार्षिक आवर्तक या अनावर्तक या दोनो ही अनुदान प्राप्त करने के कारण सरकार के स्थायी कृतज्ञ रहते है। शिक्षा सस्थाओ के सचालको की पहल को इस प्रकार इस सीमा तक मृत या निष्क्रिय कर दिया जाता है कि वे सदैव ही उच्चाधिकारियो के आदेशो की प्रतीक्षा करते रहे। स्वतन्त्रता प्रजातन्त्र की पूर्व आवश्यता है, मांग है तथा शैक्षिक क्षेत्र मे भी यह बात समान रूप से व्यवहृत है।" इस प्रकार किसी भी शिक्षा संस्थान का आतरिक प्रशासन, उसमे कार्यरत किसी उच्च अधिकारी के नियन्त्रण मे होना चाहिए। पाठ्यक्रम का निर्धारण, पाठ्य-पुस्तकों का चयन, मूल्यांकन विधियो आदि का निश्चय विद्यालय के दिन प्रतिदिन का कार्य देखने वाले प्रधानाध्यापक या प्रधानाचार्य का सीधा उत्तरदायित्व है। कुछ भी हो, शिक्षा प्रशासन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य शिक्षार्थी का समाज-सम्मत प्रकृति-दत्त सीमाओं तक बहुमुखी विकास करना है। दुर्भाग्य से आज शिक्षा प्रशासन शिक्षार्थी केन्द्रित होने के बजाय मात्र पजिका या पत्रावली केन्द्रित होता चला जा रहा है। इसी भाति के० जी० सैयदेन ने भी बड़े दर्द के साथ शिक्षा प्रशासन के उद्देश्यो की ओर सकेत करते हुए लिखा है—"शिक्षा प्रशासन को अब समझ लेना चाहिए कि उसका कार्य फाइलों का निष्पादन करने, शिक्षण विधियो का पालन करने तथा मानवीय सम्बन्धो को स्वस्थ बनाने तक ही सीमित नही है, उसको तो इनसे कही आगे बढ कर शैक्षिक विचारधाराओ को कार्य रूप मे परिणित करना है। उसका कार्य शैक्षिक क्रिया और शैक्षणिक सिद्धान्तों के बीच अटूट सबध नियोजन का है। स्पष्ट है कि शिक्षा प्रशासन का उद्देश्य सम्पूर्ण शिक्षा की प्रक्रिया मे गति लाना, समायोजन स्थापित करना तथा उसमे प्रगति लाना है।"

शिक्षा प्रशासन को बिना मानवीय विकास की परवाह किये नियमो को अत्यधिक महत्व नही देना चाहिए। इसे कार्यालयों की कार्यवाही मे उलझा न रहकर बालको के विकास का प्रयत्न करना चाहिए। इसका सम्बन्ध मानवीय विचारो, मानवीय भावनाओ, कोमल वृत्तियो तथा बालक के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना अधिक रहता है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से इसका सम्बन्ध विद्यार्थियो तथा शिक्षा प्रशासन से जुड़े कर्मचारियो तथा अधिकारियो की वैयक्तिक विभिन्नताओ, उनके लक्षणो, उनकी प्रतिभाओ, उनकी उपलब्धियो, तथा उनकी शैक्षिक समस्याओ से अधिक रहता है। शिक्षा प्रशासन द्वारा शैक्षणिक प्रक्रिया से जुडे व्यक्तियो के आपसी सम्बन्ध सुदृढ बनाने का प्रयास किया जाता है। यह शिक्षा दर्शन द्वारा निर्धारित आदर्श, मूल्यो एव उद्देश्यो को प्राप्त करने और शिक्षा मनोविज्ञान द्वारा बतलाए गए मानवीय व्यवहारो तथा साधनो को सचालित करने का एक साधन है। शिक्षा प्रशासन साधन मात्र है तथा साध्य तो है—शिक्षा के उद्देश्यो की प्राप्ति।

कोठारी आयोग (1964-66) के अनुसार—"शिक्षा प्रशासकों के व्यवहार मे परिवर्तन आना चाहिए, उन्हे

उदार होना चाहिए, उनमे नई बातो को सीखने की जिज्ञासा होनी चाहिए, उनका दृष्टिकोण रूढिवादी नही होना चाहिए क्योकि उसके कारण पुरानी और निरर्थक रूढियों से ही चिपके रहना पडता है।" शिक्षा प्रशासन के एक अध्येता को शिक्षा प्रशासन तथा शैक्षिक प्रबन्ध का अन्तर स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए। शिक्षा प्रशासन का गहरा एव विस्तृत क्षेत्र है तथा शैक्षिक प्रबन्ध को वह अपने में समेट लेता है। इस प्रकार शैक्षिक प्रबन्ध को सकुचित अर्थो में लिया जाना चाहिए—उसका क्षेत्र सीमित माना जाना चाहिए। इस प्रकार शिक्षा प्रशासन मे शैक्षिक प्रबन्ध भी सम्मिलित है, निर्दिष्ट या अनिर्दिष्ट शिक्षा के उद्देश्यो तथा नीतियो की व्याख्याओं का समावेश है। शिक्षा प्रशासन, सभवतया, शिक्षा की मौलिक समस्याओ के न केवल हल के लिए उत्तरदायी है वरन् शैक्षिक सगठन के उद्देश्यो, लक्ष्यो तथा ध्येयो के अर्थ लगाने तथा उनकी कारगर ढग से प्राप्ति की तकनीक है। इस प्रकार शिक्षा प्रशासन के मुख्य कार्य हैं . शिक्षा के ध्येयो, लक्ष्यो एव उद्देश्यों की व्याख्या करना, अर्थ लगाना, तथा विवेचन प्रस्तुत करना, इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सगठन की व्यवस्था, शैक्षिक कार्यक्रमो के निर्धारण तथा क्रियान्वयन के लिए निदेशन, उद्देश्यो की प्राप्ति के लिए आवश्यकतानुसार मानवीय तथा भौतिक ससाधनो की प्राप्ति को सपुष्ट करना, सेवीवर्गीय कार्मिको (शिक्षको, शिक्षा प्रशासको, गैर-अकादमिक कर्मचारियो, छात्र कल्याणकारी सेवाओ से जुड़े व्यक्तियो) के आप्रवेशन (रिक्रूटमेट) के लिए नीति निर्धारण करना तथा उसका क्रियान्वयन, कार्यक्रम के फलस्वरूप प्राप्त परिणामों का गुणात्मक स्थान निर्धारण करना, मोटे रूप मे विद्यालय तथा समाज के मधुर सम्बन्धो के विकास मे सहायता करना तथा उसके उद्देश्य एव लक्ष्यो का निर्धारण करना तथा इस क्षेत्र मे भावी सभावनाओ को ज्ञात कर, समग्र रूप मे, शैक्षिक सगठन की भूमिका का अनुमान लगाना, आदि-आदि। इससे स्पष्ट है कि आने वाले पेचीदा तथा उलझन पूर्ण जीवन मे शैक्षिक प्रशासन के क्षेत्र मे विकास की और भी सभावनाए निरन्तर बनी रहेगी।

सन्दर्भ

आर्डवेटीड. **दि आर्ट आफ एडमिनिस्ट्रेशन**, लन्दन . मेकग्रा हिल बुक कम्पनी, इनकारपोरेटेड, 1951 पृ 4

वही पृ० 20

वही पृ० 56

बेजामीन एफ. पिटनगर, **लोकल पब्लिक स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन**, न्यूयाक : मेकग्रा हिल बुक कम्पनी, इन, 1951 पृ० 96

रोनाल्ड एफ० केम्पबेल, जॉन ई० कोराबेली (जु) राम सीयर, **इन्ट्रोडक्सन टु एज्युकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन**, न्यूयार्क एलन एड बेकन इन 1958, पृ० 178

वही पृ० 192

रसेल टी. ग्रेग, एडमिनिस्ट्रेशन (**आर्टिकल इन इन्साक्लोपीडिया आफ एज्यूकेशनल रिसर्च**) एडिटेड बाइ चेस्टर डब्ल्यू. हेरिस. न्यूयार्क मेकमिलन 1960, पृ० 19.

वही पृ० 35

केफनवर एन० ग्रेसन, **रिऑरियन्टेशन आफ एज्यूकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन**, दि फोरटी-फीफथ इयरबुक आफ दि नेशनल सोसायटी फॉर दि स्टेडी ऑफ एज्यूकेशन (पार्ट II) **चेंजिग कन्सेप्ट आफ एज्यूकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन**, एडिटेड बाई नेशनल बी० हेनरी, शिकागो दि युनिवर्सिटी आफ शिकागो प्रेस. 1946 पृ० 176

एशियन इन्स्टीट्यूट आफ एज्यूकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, मॉडर्न मेनेजमेंट इन एज्यूकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन नई दिल्ली : ए. आई. ई. पी. ए 1971, पृ 21

वही पृ. 23

वही पृ. 25

वही पृ. 31

वही पृ. 73

ग्राइडर केल्विन, ए केस फॉर स्कूल बोर्ड एशोसियशन्स, दि नेशन्स स्कूल, 35 1 : 45-46 जनवरी 1945

एशियन इन्स्टीट्यूट ऑफ एज्यूकेशनल प्लानिंग एन्ड एडमिनिस्ट्रेशन (उपरोक्त) पृ. 85

आर. सी. शर्मा (डॉ) मीनिंग एण्ड सब्सटेन्स आफ एज्यूकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन, एज्यूकेशनल ट्रेण्ड्स (क्वार्टरली जर्नल) अजमेर : रिजनल कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, भाग दो सख्या 3-4, मार्च 1968, पृ. 17

वही पृ 19

एस एन. मुकर्जी (डॉ.), सेकेण्डरी स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन, बडौदा : आचार्य बुक डिपो, द्वितीय सस्करण, 1963, पृ 4

वही पृ. 25

रिपोर्ट आफ दि सेकेण्डरी एज्यूकेशन कमीशन (1952-53), शिक्षा मत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली . प्रबधक, प्रकाशन विभाग, छठा रिप्रिंट, जून 1965, पृ. 146

कोठारी शिक्षा आयोग का प्रतिवेदन (1964-66) शिक्षा मत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली . प्रबधक, प्रकाशन विभाग, हिन्दी सस्करण 1966, पृ 668

वही पृ 669-670

एस. एन मुकर्जी (डॉ.) (सम्पादक), एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ एज्यूकेशन इन इन्डिया, बड़ौदा : आचार्य बुक डिपो, प्रथम संस्करण, 1962 पृ. 227

वही पृ. 236

के. जी सैयदेन, ह्यूमेनिस्टिक रीडिग्ज इन इण्डियन एज्यूकेशन, नई दिल्ली . एशिया पब्लिशिग हाउस, 1958. पृ. 132

कोठारी शिक्षा आयोग का प्रतिवेदन (1964-66), पृ. 671

वही पृ. 675

पुस्तक-समीक्षा

पुस्तक का नाम : **सामाजिक संस्तरण**

लेखक का नाम . **सुरेश भटनागर**

प्रकाशक : संजीव प्रकाशन, लाल कुर्ती, मेरठ कैंट

पृष्ठ · 232

मूल्य : 24.80 रु०

समीक्षक . **डा० (श्रीमती) नीरजा शुक्ल**

प्रस्तुत पुस्तक **सामाजिक सस्तरण** समाजशास्त्र की आधारभूत सामाजिक समस्या का विशद, तार्किक तथा व्यावहारिक विश्लेषण है, शका समाधान अर्थात् प्रश्न तथा उत्तर शैली में लिखी यह पुस्तक समाजशास्त्रियो के उस वर्ग के लिए चिन्तन के नये आयाम तथा क्रियान्वयन के नये आयाम प्रदान करती है जिनकी सोच हिन्दी भाषा के माध्यम से आगे नही है।

सामाजिक संस्तरण की समस्या विश्वव्यापी है। प्रत्येक व्यक्ति अपने वर्तमान के प्रति असतुष्ट है। सामाजिक तनावो तथा संरचना मे होने वाले परिवर्तनो के कारण प्रत्येक व्यक्ति दूसरे के उस स्तर को प्राप्त करना चाहता है जिसके कारण दूसरे को पद, प्रतिष्ठा तथा सामाजिक लाभ की योग्यताएं प्राप्त हुई हैं। सामाजिक लाभ की योग्यताओं की प्राप्ति प्रगति है और इनके प्राप्त करने के सचेतन प्रयास सस्तरण प्रयत्नो के प्रमाण है।

प्रस्तुत पुस्तक पांच खडों मे विभक्त है। प्रथम खण्ड मे सामाजिक असमानता एवं सामाजिक सस्तरण, सिद्धान्त तथा अवधारणा, क्रियात्मक एव संघर्षात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। इस दृष्टिकोण को डेविस तथा मूर, टालकट पार्सन, मैक्स, वैबर, वार्नर, कार्ल मार्क्स तथा डोरेन आदि के विचारो के आधार पर प्रस्तुत किया गया है।

पुस्तक के दूसरे खण्ड मे सामाजिक सस्तरण के रूप में वर्ग तथा जाति की व्यवस्था की गई है। जाति—अभिप्राय, उद्भव तथा विकास, जाति व्यवस्था की उत्पत्ति के सिद्धान्त, वर्ग की अवधारणा तथा सामाजिक वर्गों का विश्लेषण करके सस्तरण के अनेक स्तरो पर चिन्तन प्रस्तुत किया गया है। के० एम० पाणिकर के इस कथन की पुष्टि इस खण्ड मे की गई—वर्ण वाद का भीषणतम अभिशाप यह है कि हिन्दू समुदाय अगणित जातियो में बट गया

और इसमें प्रत्येक जाति के अन्दर अनेक उप-जातिया बन गई जिनके कारण हिन्दू जाति छोटी-छोटी इकाईयो मे छिन्न भिन्न हो गई।

सामाजिक सस्तरण की चर्चा प्राचीनतम व्याख्याता कबीर ने इस प्रकार व्यक्त की है—

जस केलन के पात मे, पात-पात मे पात,
तस हिन्दुन की जात मे, जात-जात मे जात।

इस स्तरीय व्याख्या से समाज की सरचना और उसकी सरचना की अनेक परते अपने आप खुलती चली जाती हैं। हट्टन, कूले, मजमूदार, ब्लट आदि के विचारो के आधार पर जाति तथा वर्ग की विशेषताओ का वर्णन किया गया है।

पुस्तक के तीसरे खंड मे जाति व्यवस्था के सरचनात्मक तथा सास्कृतिक दृष्टिकोण, पवित्रता तथा प्रदूषण, शक्ति अधिकार मानदडो की विशद् व्याख्या की गई है। ड्यूमा, एम. एन. श्रीनिवास, मेकियम वेरनर तथा ए० आर० देसाई के विचारो के द्वारा सभी मानदडो की शल्य क्रिया सम्पन्न की गई है। जाति व्यवस्था मे पवित्रता-अपवित्रता की मूल भावना ही उसके सस्तरण-स्तरो का निर्माण करती है। सूतक-जातक जैसी अवधारणाये व्यक्ति तथा जीवन की अपवित्रता को व्यक्त करती है और इनका उपचार भी है परन्तु जातिगत अपवित्रता को दूर करने का एकमात्र उपाय है अच्छे कर्मो द्वारा अगले जन्म मे किसी उच्च जाति मे जन्म लेना। स्वाभाविक तथ्य है कि जिजीविषा की भूमिका से सत्कर्मों का आश्रय लेकर भी व्यक्तिगत सस्तरण मे परिवर्तन लाने का कोई उपाय आधुनिक समाजशास्त्रियों ने नही बताया है।

पुस्तक के चौथे खड में जाति व्यवस्था मे परिवर्तन की प्रक्रिया सस्कृतिकरण द्वारा स्थिति गतिशीलता, आर्थिक राजनैतिक कारक तथा जाति व्यवस्था, जातीय गतिशीलता के क्षैतिज तथा उध्वर्तिमक स्तरों पर गभीर चिंतन प्रस्तुत किया गया है। इस सदर्भ मे किग्सले डेविस का यह कथन उद्धरित कर सकते है: हम स्थायित्व एव सुरक्षा के लिए निरन्तर प्रयत्नशील हो सकते है। समाज के स्थायित्व का भ्रम चारो ओर फैलाया जा सकता है। निश्चयात्मकता के प्रति कल्पना निरतर बनी रह सकती है; और विश्व अनन्त है इस विषय में हमारा विश्वास दृढ हो सकता है लेकिन यह तथ्य विद्यमान रहने वाला है कि विश्व के अन्य तत्वो की तरह समाज अपरिहार्य रूप से बिना छूट के सदैव परिवर्तित होता रहता है।

सामाजिक सस्तरण की कालजयी प्रक्रिया मे अपने भीतर टूट फूट होती रहती है। परन्तु इसका ऊपरी आवरण पता नही किस धातु का बना है कि सस्तरणिक स्थितियो के मध्य व्यक्ति पेन्डूलम की भांति झूलता रहता है। वह स्थिर नही हो पाता। इस तथ्य पर पुस्तक के पाचवे खड मे प्रकाश डाला गया है।

सम्पूर्ण पुस्तक विश्व तथा भारत के वैचारिक संदर्भ मे नये ढग से सोचने को विवश करती है। पुस्तक सरल रोचक भाषा मे उन सभी समस्या बिन्दुओ पर प्रकाश डालती है, जिन्होंने सामाजिक सस्तरण की समस्या को उत्पन्न किया है।

जातियो में सस्तरणिक समस्या के हल करने के लिए जाति पचायतो का स्थान जाति समितियो ने ले लिया है और सुधारवादी कार्यक्रमो द्वारा ये समितिया अपने सदस्यो के सामाजिक आर्थिक तथा सास्कृतिक स्तर को ऊचा करने मे लगी हैं। सस्कृतिकरण तथा लोकिकरण के द्वारा व्यक्ति तथा समष्टि के सुधार के द्वारा जाति अपने सस्तरण मे परिवर्तन करने के प्रयास करती है।

पुस्तक का समग्र परायण करने पर यह तथ्य स्पष्ट होता है कि वर्ग परिवर्तन का आधार आर्थिक है और इसमे पद प्रतिष्ठा—तथा जीवन शैली के मानदड बदलते जाते हैं। जातिगत सस्तरण मे शूद्र सस्तरण मे कोई भी अपने को रखने के लिए मानसिक रूप से तैयार नही है। सामाजिक सस्तरण की शास्त्रीय व्याख्या भले ही पद, सोपान, समाज व्यवस्था, असमान पद वितरण, ऊच नीच, पवित्रता तथा अपवित्रता की धारणा पर आधारित रहा हो, इसने सामाजिक प्रतिष्ठा, पद, गुण तथा उपलब्धियो, सामाजिक कार्यों के लिए चिन्तन की धारा प्रस्तुत की है।

पुस्तक का यह पहला सस्करण है। छापे की त्रुटियों को छोडकर सामग्री की दृष्टि से यह पुस्तक पाठकों, समाजशास्त्र के विद्यार्थियों तथा सामान्य पाठको के लिए चिंतन के नये आयाम प्रस्तुत करती है। लेखक तथा प्रकाशक हिन्दी मे इस प्रकार की पहली पुस्तक के लेखन तथा प्रकाशन के लिए बधाई के पात्र है। □□

भारतीय आधुनिक शिक्षा
जनवरी 1988
अंक : तृतीय
वर्ष : पंचम
त्रैमासिक प्रकाशन

इस अंक के आकर्षण

पाठकों के पत्र

अगले अक से हम इस नये स्तंभ का आरंभ कर रहे है। पाठकों के पत्रो का स्वागत है। हम यथास्थान पाठकों के पत्रों को छापने का प्रयास करेंगे।

भारतीय आधुनिक शिक्षा

जनवरी 1988

पत्रिका मे छपे लेखो मे व्यक्त विचार लेखको के निजी विचार है। यह आवश्यक नहीं कि परिषद् की इन विचारों से सहमति हो।

मुखपृष्ठ सांतो दत्त

प्रधान संपादक
प्रो० राजेन्द्रपाल सिंह

अकादमिक संपादक
द्वारका नाथ खोसला

संपादक : गुरचरण लाल आनंद

सम्पादकीय सहायक : आभा दयाल

मुख्य उत्पादन अधिकारी : यू० प्रभाकर राव

उत्पादन अधिकारी : बी० साई प्रसाद

उत्पादन सहायक : प्रमोद रावत

सम्पादकीय

योग और शिक्षा

प्राचीन समय से चली आ रही भारतीय सस्कृति मनुष्य के आचरण से लेकर उसके जीवन के प्रमुख उद्देश्य की व्याख्या करती है। इस सस्कृति की मूल धारणा है कि मानव जाति पशुओ से अलग ही नही, उससे कही ऊपर है। इस जीवन का उद्देश्य परसेवा, धर्मरक्षा तथा कर्म करना है और अन्तिम उद्देश्य प्रज्ञाबान होना अथवा स्थितप्रज्ञ होना है। इसीलिए स्थितप्रज्ञ के विषय मे अर्जुन भगवान् श्रीकृष्ण से पूछते हैं :

स्थितप्रज्ञस्य का भाषा समाधिस्थस्य केशव।
स्थितधी. किं प्रभाषेत किमासीत व्रजेत किम्॥

—**श्रीमद्भगवद्गीता**
2.54

भगवान् कृष्ण इस प्रश्न का उत्तर बड़े ही स्पष्ट शब्दो में देते है

प्रजहाति यदा कामान् सर्वान् पार्थ मनोगतान्।
आत्मन्येवात्मना तुष्ट स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते॥

—**श्रीमद्भगवद्गीता**
2.55

अर्थात् मन की इच्छाओं को त्यागने वाला और इस प्रकार मन को वश मे करने वाला व्यक्ति ही स्थितप्रज्ञ हो सकता है।

कठोपनिषद् में योगी की व्याख्या की गई है :

ता योगमिति मन्यते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्।
अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ॥

अर्थात् इन्द्रिय, मन और बुद्धि की धारणा का ही नाम योग है—ऐसा योगी महानुभाव मानते है, क्योंकि उस समय

साधक विषय-दर्शन रूप सब प्रकार के प्रमाद से सर्वथा रहित हो जाता है। परन्तु यह योग उदय और अस्त होने वाला है अत परमात्मा को प्राप्त करने की इच्छा वाले साधक को निरंतर योगमुक्त रहने का दृढ़ अभ्यास करते रहना चाहिए।

योग द्वारा मन को वश मे करने की बात अथवा चित्तवृत्तिनिरोध प्राय. सभी जानते है। भारत मे योग की अपनी परम्परा है, योग इन्द्रियो, मन तथा समस्त वृत्तियो पर विजय दिलाने का एक साधन है। इसीलिए स्वयं भगवान कृष्ण योगी है, शकर योगी हैं। परन्तु आज जबकि योग का प्रचार-प्रसार विश्व भर मे हो रहा है, पर वह अपने दर्शन से हटकर केवल आसनो द्वारा निरोग रहने का साधन मात्र रह गया है; ऐसी दशा मे भारत सरकार का योग को ठीक रूप से समझने पढ़ने का अवसर दिलाना अपने में आदर्श बात है।

योग को कक्षा मे किस प्रकार लाया जाए, किस रूप में उसे समझाया जाए—क्या योग किसी धर्म-विशिष्ट से जुड़ा हुआ है ? आदि अनेक प्रश्न मन मे उठते हैं। योग दर्शन है अथवा आसन ? योग धर्म है अथवा क्रिया ? योग साधक के लिए है अथवा गृहस्थ व्यक्ति भी इसका लाभ उठा सकता है ? बालको को योग की शिक्षा देने से क्या लाभ होगा ? इन्हीं प्रश्नों ने हमें भी आदोलित किया है और यही कारण है कि इस पत्रिका के इस विशिष्ट अक से हम अपने तथा आपके कुछ प्रश्नो को हल करने का प्रयास कर रहे हैं।

राजेन्द्रपाल सिह

योग : दार्शनिक एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

डा० पीताम्बर झा

सहायक निदेशक
दार्शनिक साहित्यानुसंधान विभाग
कैवल्यधाम, लोनावला-410403 (पुणे)

भारतीय चिन्तन परम्परा मे नौ दर्शनो का समावेश है। इनमे से छ. वैदिक (आस्तिक) दर्शन हैं तथा तीन वैदिकेतर (नास्तिक) दर्शन है। वैदिक दर्शनो के तीन जोडे बने हुए है—न्यायवैशेषिक, पूर्व मीमासा—उत्तर मीमासा (वेदान्त) तथा साख्य-योग।

दर्शन शब्द मूलतः "दृश्=दर्शने" धातु से बना है, जिसका अर्थ है—अच्छी तरह देखना, सम्यक्दृष्टि या अत्यन्त एकाग्र अवस्था की स्थिति। अर्थात् किसी भी वस्तु को उसके सही परिप्रेक्ष्य मे देखने या समझने की दृष्टि दर्शनशास्त्र से बनती है। अधिक गहराई से चिन्तन करने पर दर्शन शब्द का अर्थ एकाग्रचित्त होकर आत्म-दर्शन या आत्मनिरीक्षण की योग्यता प्राप्त कर लेना है। निष्कर्ष यह कि जिस शास्त्र के अध्ययन-मनन एवं अभ्यास से व्यक्ति को अपना या अपने परिवेश का सही निरीक्षण या पहचान हो, फलत मन की सघन एकाग्रता व शान्ति की प्राप्ति हो, जीवन के मूल उद्देश्य का पता लगे, वही शास्त्र दर्शनशास्त्र कहा जाता है।

योग—दार्शनिक एवं शाब्दिक विवेचन

साख्य-सिद्धान्त के अनुसार, प्रकृति-पुरुष के सयोग का वियोग होना ही योग[1] है। इसी प्रकार गीता के अनुसार, मनुष्य के साथ जो दुख का सयोग बना रहता है, उसका वियोग होना योग[2] है। अत इस विशुद्ध दार्शनिक परिभाषा के अनुसार योग का अर्थ है वियोग या दो एकत्र वस्तुओ का अलग-अलग हो जाना।

इसके विपरीत धात्वर्थ एव व्युत्पत्तिमूलक सरचना के आधार पर योग शब्द का सुप्रचलित अर्थ है—सयोग। युज्-सयोगे, युज्-सयमने, युज्-समाधौ, एक ही युज् धातु के तीन अर्थ मिलते हैं और इसी युज् धातु से योग शब्द बना है। अत योग के भी क्रमश: निम्नलिखित तीन अर्थों मे प्रयोग होते हैं।

प्रथम : युज्=सयोगे से बने "योग" शब्द का अर्थ है—दो अलग-अलग वस्तुओ का मिलना, जुडना या सयोग होना। महर्षि वसिष्ठ एवं याज्ञवल्क्य आदि योगियो ने योग को इसी अर्थ मे परिभाषित किया है। तदनुसार जिस प्रक्रिया से आत्मा-परमात्मा का संयोग[3] हो, वह योग है।

द्वितीय : युज्=सयमने से बने "योग" शब्द का अर्थ है सयमन करना, नियन्त्रण करना, निरोध करना, आदि।

योग के घटक प्राण, प्राणायाम आदि की चर्चा तो वेदों में बहुधा की गई है। ऋग्वेद के दसवें मण्डल में एक स्थान पर कहा गया है कि "आदि पुरुष के प्राण से बायु प्रकट हुई"। इसी मण्डल में प्राण, अपान, समान, व्यान, उदान आदि का भी उल्लेख मिलता है। अथर्ववेद में भी प्राण एवं अपान की चर्चा की गई है। इस वेद में एक स्थान पर तो 'अष्टांगयोग' एवं 'षड्योग' शब्दों का भी उल्लेख मिलता है। इसके अतिरिक्त 'आठ चक्र', 'नौ द्वार' एवं 'ब्रह्मगुहा' आदि घटकों की चर्चा भी मिलती है। इसी प्रकार यजुर्वेद एवं सामवेद संहिता में भी 'प्राण' शब्द का प्रयोग प्रचुर मात्रा में हुआ है। इन सब तथ्यों से यह स्पष्ट प्रमाणित हो जाता है कि ईसा से अनेकों शताब्दियां पूर्व प्राणायाभ एवं योग के अन्य घटको का विकास हो चुका था।

---

1. पु-प्रकृत्योर्वियोगेऽपि योग इत्याभिधीयते—**सांख्य**
2. त विद्याद् दु:खसयोगवियोग योगसज्ञितम्— गीता 6 23
3. वसिष्ठ सहिता-4.59 एवं **याज्ञवल्क्य स्मृति**

महर्षि पतजलि ने इसी अर्थ में योग को परिभाषित किया है। तदनुसार जिस प्रक्रिया से चित्त की वृत्तियों का निरोध[4] हो, वह योग है।

तृतीय · युज्=समाधौ से बने योग शब्द का अर्थ है—समाधि की स्थिति मे पहुँचना, समत्व अवस्था को प्राप्त होना या अत्यन्त सघन एकाग्र अवस्था को प्राप्त होना। महर्षि व्यास ने व्यासभाष्य[5] एव गीता[6] मे इसी अर्थ मे योग को परिभाषित किया है। तदनुसार जिस प्रक्रिया से सम्पूर्ण एकाग्रता, समत्व अवस्था या समाधि अवस्था की प्राप्ति हो, वह योग है।

योग के उपर्युक्त विशुद्ध दार्शनिक या तीन प्रकार के धात्वर्थ वास्तव मे एक ही अर्थ को विस्तार देते हैं। वह यह कि जिस विधि से चित्त की नियन्त्रित अवस्था, अत्यन्त सघन एकाग्र अवस्था या समत्व (समाधि) प्राप्त होकर द्वन्द्व का भाव सर्वथा समाप्त हो जाए एव तत्प्रयुक्त, सभी प्रकार के दु:खो से सर्वथा निवृत्ति हो जाए, वह योग है। आज के युग एव परिवेश को ध्यान मे रखते हुए यदि विचार किया जाए, तो एक मात्र यह योगदर्शन ही सरल, सुस्पष्ट एव सैद्धान्तिक होने के साथ-साथ व्यावहारिक भी होने के कारण शिक्षा पद्धति मे सम्मिलित करने के योग्य है। वस्तुत. योगशास्त्र सिद्धान्त से अधिक व्यावहारिक अभ्यास पर बल देता है।[7] प्राय. इसी विशिष्टता के कारण इस योग विषय को प्राथमिक विद्यालयों से ही पाठ्यक्रम मे सम्मिलित करने का विचार किया गया है।

उपनिषदों में भी योग की चर्चा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। योगाभ्यास के लिए अनुकूल स्थान षडङ्गयोग की सूक्ष्म परिकल्पना एवं योगाभ्यास के परिणामो की बात श्वेताश्वतारोपनिषद् में अनेकों स्थान पर की गई है। इसी प्रकार कठ, केन, तैत्तिरीय, प्रश्न, छन्दोग्य, कौषीतकि आदि उपनिषदों एवं बीस योगोपनिषदों में योग का बाहुल्य है।

इस शुभ एव सुचिन्तित निर्णय से निश्चित रूप मे हमारी भावी पीढी भारतीय-दर्शनो के मुख्य उद्देश्य को प्राप्त कर भारतीय सस्कृति उस मनुकालीन स्वर्णयुग का पुनर्निर्माण करेगी, जहां मनु ने कहा था कि "इस देश मे जन्म लेने वाले बच्चे अपने-अपने चरित्र की शिक्षा सम्पूर्ण विश्व के मानवों को दें।[8]

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

भारतीय संस्कृति की यह एक विशेषता है कि यहाँ के प्रत्येक प्रतिष्ठित शास्त्र या दर्शन की उत्पत्ति वेद से मानी गयी है। इसी परम्परा में योगशास्त्र की उत्पत्ति भी हिरण्यगर्भ[9] या शिव[10] (आदिनाथ) से मानी गयी है। जो भी हो, किन्तु ऐतिहासिक अन्वेषणो एवं तत्प्रयुक्त प्राप्त तथ्यो से यह स्पष्ट हो गया है कि योग के प्रमुख अग आसन एवं विभिन्न यौगिक साधनाओ का उल्लेख तथा उनके भित्ति चित्र एवं पत्थर की मूर्तियां सिन्धुघाटी सभ्यता काल (ईस्वी पूर्व 3000 वर्ष) मे विद्यमान थीं। जिस मोहन जोदडो को अनुसन्धानकर्ताओं ने आर्यो के आगमन का भी पूर्ववर्ती बताया है, उसमे योग साधनारत योगियों की मूर्तियो का पाया जाना न केवल यह सूचित करता है कि उस समय में योग-परम्परा का विकास चरमोत्कर्ष पर था अपितु इससे यह भी सूचित होता है कि यह योग-परम्परा अति प्राचीन परम्परा है।[11]

योग के विभिन्न घटको की चर्चा वैदिक ऋचाओ[12] मे भी पर्याप्त मात्रा मे पाई जाती है, जिनमें ऋषियो ने यज्ञ बेला मे योग के आचार एव अभ्यास का निर्देश किया है। तथा इससे सासारिक एव पारलौकि सुख-शान्ति प्राप्त होने की बात की है। ऋक्संहिता मे तो यहा तक

4. योगसूत्र-1.2
5. व्यासभाष्य-1.1
6. गीता-2.48
7. हठप्रदीपिका-1.65
8. मनुस्मृति
9. महाभारत-12.349 65
10. हठप्रदीपिका-1.1
11. द कलचरल हैरीटेज ऑफ् इंडिया, VI 66-67
12. ऋग्वेद-1.5.2, सामवेद उ०-1.2.10.3, अथर्ववेद-20 69 11
    ऋग्वेद-1.30 7 यजुर्वेद-1.14, सामवेद उ० 1.2 11 1, पू०-2.2.7.9, अथर्ववेद-19.24.7 एव 20.26.1

कहा गया है कि जिसके ज्ञान एवं अभ्यास के बिना कुछ भी सिद्ध नहीं हो सकता, ऐसे योग को प्राप्त करो।[13]

योग के घटक प्राण, प्राणायाम आदि की चर्चा तो वेदों में बहुधा की गई है। ऋग्वेद के दसवें मण्डल मे एक स्थान पर कहा गया है कि "आदि पुरुष के प्राण से वायु प्रकट[14] हुई"। इसी मण्डल मे प्राण, अपान, समान, व्यान, उदान आदि का भी उल्लेख[15] मिलता है। अथर्ववेद मे भी प्राण एव अपान की चर्चा की गई है।[16] इस वेद में एक स्थान पर तो "अष्टागयोग" एवं "षड्योग" शब्दो का भी उल्लेख मिलता है।[17] इसके अतिरिक्त 'आठचक्र,' 'नौ द्वार', एवं 'ब्रह्मगुहा' आदि घटको की चर्चा भी मिलती है।[18] इसी प्रकार यजुर्वेद एवं सामवेदसंहिता मे भी 'प्राण' शब्द का प्रयोग प्रचुर मात्रा में हुआ है।[19] इन सब तथ्यो से स्पष्ट प्रमाणित हो जाता है कि ईसा से अनेको शताब्दिया पूर्व प्राणायाम एवं योग के अन्य घटको का विकास हो चुका था।[20]

उपनिषदो मे भी योग की चर्चा प्रचुर मात्रा मे उपलब्ध है। योगाभ्यास के लिए अनुकूल[21] स्थान, षडङ्गयोग की सूक्ष्म परिकल्पना[22] एव योगाभ्यास के परिणामो[23] की बात श्वेताश्वतरोपनिषद् मे अनेको स्थानो पर की गई है। इसी प्रकार कठ[24], केन[25], तैत्तिरीय[26], प्रश्न[27], छान्दोग्य[28], कौषीतकि[29] आदि उपनिषदो एव बीस योगोपनिषदो मे योग का बाहुल्य है।

सूत्रग्रन्थो मे महर्षि गौतम के धर्मसूत्र एव न्यायदर्शन, बोधायन के धर्मसूत्र, कणाद के वैशेषिकदर्शन, देवल के धर्मसूत्र तथा बादरायण के ब्रह्मसूत्र मे योग के महत्व को स्वीकारते हुए आसन-प्राणायाम-ध्यान आदि का विस्तृत उल्लेख मिलता है।

स्मृतिग्रन्थ मनुस्मृति मे योग के यम-नियमों के सेवन की अनिवार्यता[30] एवं याज्ञवल्क्यस्मृति मे योग के पद्मासन एव नाडियो की विस्तृत व्याख्या[31] उपलब्ध है।

विभिन्न तान्त्रिक ग्रन्थो मे भी यौगिक प्रक्रियाओं एव साधनाओ का विस्तार से वर्णन किया गया है, जिनमे महानिर्वाणतन्त्र, शारदातिलक आदि प्रमुख है।

बौद्ध-साहित्य मे भी यौगिक सिद्धान्तों का विस्तृत वर्णन मिलता है। डा० विनयतोष भट्टाचार्य के अनुसार[32] बौद्ध धर्म ने योग के सिद्धान्सों को अपना लिया था और वे लोग योग की साधना किया करते थे। बौद्धो ने अपनी सामूहिक साधनाओं को शास्त्र का रूप देकर एक ऐसी पद्धति का निर्माण किया जो पातजलयोग पद्धति से कुछ-कुछ मिलती है। योग की मूलभित्ति पर ही तन्त्रो का निर्माण हुआ और तन्त्रो की सहायता से बौद्ध साहित्य सर्वागपूर्ण बन गया। सेनार्ट एव पुसे नामक पाश्चात्य विद्वानो[33] ने तो योग को ही बौद्धमत का मूल कारण माना है।

इसी प्रकार जैन साहित्य मे भी योग के सिद्धान्तो का वर्णन प्रचुर मात्रा में मिलता है। जैनियो के सुप्रसिद्ध अहिंसादि पच महाव्रत वही है जो योग के है। स्वयं भगवान महावीर योग के ध्यानात्मक आसनो एव ध्यानाभ्यासों मे लीन रहा करते थे[34]। जैनियो के अनुसार योग का अर्थ ही है ध्यान। जैन ग्रन्थो मे पचागयोग[35] का वर्णन किया गया है।

---

13. ऋक्संहिता 1 1-7
14. ऋग्वेद-10-90.3
15. ऋग्वेद-10 189.2 एवं 1.6-3-3
16. अथर्ववेद-8.1.1
17. वही-6 9.1.1
18. वही-10.2.31
19. वैदिक कोश, प्र० भाग, पृ० 337-351
20. धर्मशास्त्र का इतिहास-पी० वी० काणे, भाग-5
21. श्वेता-2.10
22 वही 2.8.9
23. वही-2.12 13
24 कठो०-1.2.12, 2.2.3, 2.3.11, 2.6.11
25. केन-1 8
26. तैत्ति०-2.4, 3.1.9
27. प्रश्न-3 6-9
28 छान्दो०-7.6.1-2
29. योगो० अडयार-मद्रास
30. मनुस्मृति-2.204
31. याज्ञवल्क्यस्मृति-3.108, 167, 198
32. कल्याण-योगांक पृ० 281, सन्दर्भ-हठयोग एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, पृ० 23
33 संतकाव्य मे योग का स्वरूप, पृ०124
34. गुह्यसमाजतन्त्र-18.139-162
35. योगभेदद्वात्रिंशिका

पुराणकालीन युग मे भी योग का प्रभाव इतना व्यापक था कि प्रसिद्ध 18 पुराणो मे से अधिकांश मे इन योग-विधियो की चर्चा मिलती है। श्रीमद्भागवत मे जहा यम-नियमादि आठ अगों की चर्चा करते हुए प्राणायाम एव ध्यान का विस्तार से वर्णन किया गया है, वहां कुण्डलिनी शक्ति को जगाकर ब्रह्मरन्ध्र तक ले जाने का भी वर्णन मिलता है[36]। विष्णु पुराण मे आत्मदर्शन का कारण योग बताकर उसके आठ अगो का वर्णन, वायुपुराण, लिंगपुराण, कूर्म, नारद, गरूड, अग्नि, शिव, स्कन्द आदि पुराणों मे भी मुख्यतया अष्टागयोग का वर्णन तथा मार्कण्डेय, मत्स्य, ब्रह्म, एव वराह पुराणो मे योग के कुछ अगो के वर्णन है। ब्रह्माण्डपुराण के अनुसार हजारो ब्रह्मचारियो, हजारो गृहस्थो तथा सैकडो वानप्रस्थो से भी योगाभ्यासी का स्थान ऊचा है[37]।

श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार योगियो का स्थान तपस्वियो, ज्ञानियो एव पुरुपार्थियो से भी श्रेष्ठ है, अत' योगी ही बनना चहिए[38]। गीता ने विविध प्रकार से योग को परिभाषित किया है, जिनमे "समत्व योग उच्यते"[39] श्रेष्ठ परिभाषा मानी जा सकती है। इसी बात को "योग: कर्मसु कौशलम्"[40] इस परिभाषा के द्वारा दूसरे प्रकार से गीता कहती है, क्योकि कर्म मे कुशलता तभी होगी जब शरीर, मन और बुद्धि समत्व अवस्था मे हो।

ईस्वी पूर्व तृतीय शताब्दी मे भारतीय साहित्याकाश मे एक जाज्वल्यमान नक्षत्र, महर्षि पतंजलि, का उदय हुआ, जिसने सिन्धुघाटी सभ्यता से लेकर वेद, उपनिपद्, सूत्र, स्मृति, बौद्ध, जैन आदि ग्रन्थो मे विपुल मात्रा मे बिखरे पडे योग के तत्व-बीजों को समेटकर अपनी गहन चिन्तनधारा एव सुदृढ़ दार्शनिक-चिन्तन के आधार पर एक अनुपम ग्रन्थ "योगसूत्र" की रचना की। इस ग्रन्थ मे नीरक्षीरविवेकी महर्षि पतंजलि ने पूर्ववर्णित यौगिक-प्रक्रियाओ मे से उतने ही तत्व ग्रहण किये, जो उसके विशुद्ध दार्शनिक चिन्तन के अनुकूल पडते थे। इस प्रकार के एक नये अप्रतिम दार्शनिक योग-ग्रन्थ के निर्माण का प्रभाव यह हुआ कि "अष्टागयोग परम्परा" की स्थापना हुई और दार्शनिक साहित्य मे योग को एक विशिष्ट स्थान प्राप्त हुआ। पतजलि ने अपने योगदर्शन मे योग की प्राप्ति के लिये चित्तवृत्तिनिरोध प्रक्रिया, क्रियायोग, अष्टांगयोग, सयमयोग आदि विभिन्न योग-मार्गों का विवेचन किया है।

पातंजलयोग के सिद्धान्त

पातजलयोग पूर्णत: चित्तानुशासन पर बल देता है। यह दर्शन, विचार प्रधान दर्शन है। अत मन या चित्त को, प्रमुख आधार बनाकर उसकी शुद्धि एवं निरोध-प्रक्रिया के द्वारा अत्यन्त सघन एकाग्र अवस्था को प्राप्त कर आत्मनिरीक्षण या आत्मदर्शन[41] की योग्यता प्राप्त करना या अंतत समाधि अवस्था प्राप्त कर आत्मा-परमात्मा के भ्रामक भेद का अन्त हो जाना, इस योग का चरम लक्ष्य है। इसी उद्देश्य को ध्यान मे रखकर सम्पूर्ण योग दर्शन मे तत्सम्बन्धी दार्शनिक प्रक्रियाओं का विस्तार से वर्णन किया गया है।

हठयोग के सिद्धान्त

शरीर को प्रमुख आधार बनाकर प्रथम उसकी शुद्धि स्वास्थ्य आदि प्राप्त कर, सम्पूर्ण शरीर के आन्तरिक अवयवो-सरचनापद्धतियो व कार्यप्रणालियो से परिचित होकर, तब तत्सम्बन्धी विविध प्रकार के शारीरिक-प्राणिक-मानसिक-भावनिक व आध्यात्मिक अभ्यासों को अपनाकर अन्ततः विशुद्ध आन्तरिक सवेदनाओं को शक्ति (मूलाधार) स्थान से सुषुम्ना-मार्ग के द्वारा ऊपर की ओर प्रवाहित कराकर अत्युच्च शिव (सहस्रार) स्थान मे उस शक्ति को शिव से ही मिला देना हठयोग का चरम[42] लक्ष्य है। इसी उद्देश्य को ध्यान मे रखकर हठयोगियो ने हठयोग के विविध अगो एव उपागो का विस्तृत विवेचन किया है।

शास्त्रानुसार चित्त-नदी उभयतोवाहिनी है। वह ससार की तरफ प्रकट रूप से दोनो नासिकाओ द्वारा निरन्तर बहिर्मुख अथवा अधोमुख होकर बह रही है।

---

36. श्रीमद्भागवत-3.28, 1। 14-19
37. ब्रह्माण्ड पुराण
38. गीता-4.6
39. गीता-2.48
40. गीता-2.50
41 याज्ञवल्क्य-। 18
42. सिद्धसिद्धान्तसंग्रह-4 37-38, मनुस्मृति-6.65

वही चित्त-नदी कल्याण-मार्ग की ओर गुप्त रूप से अन्तर्मुख अथवा ऊर्ध्वमुख होकर बह रही है। यह जो ऊर्ध्वमुखी या अन्तर्मुखी धारा है, यह मानव-शरीर मे मेरूदण्ड के बीच मे स्थित सुषुम्ना नाडी का अवलम्बन कर प्रवाहित होती है। और बहिर्मुखी धारा इडा-पिंगला एव उनकी असंख्य शाखा-प्रशाखाओ का अवलम्बन कर प्रवाहित होती है।[43] जब "ह" और "ठ" (रवि-शशि, सूर्य-चन्द्र, दायां-बाया, पिंगला-इड़ा, प्राण-अपान, शक्ति-शिव, यमुना-गगा, रज-बिन्दु, पवन-मन, अध.-ऊर्ध्व) का सयोग[44] या मिलन हो जाता है अर्थात् व्यावहारिक रूप से जब प्राणायाम या पूर्ण कुम्भक की स्थिति अभ्यास के द्वारा साधक की हो जाती है, तब इस बहिर्मुखी या अधोमुखी चित्त का प्रवाह स्वत ही परिवर्तित होकर अन्तर्मुखी या ऊर्ध्वमुखी हो जाती है। यही हठयोग का अर्थ है।

उपर्युक्त दोनों (पातजल एव हठ) योग के सिद्धान्तो मे परस्पर विरोध नही हैं, अपितु प्रक्रियाभेद एव आधारगत भेद है। किन्तु अन्तिम लक्ष्य दोनो का एक ही है—समाधि। समाधि के लिये योग के क्षेत्र मे राजयोग शब्द का प्रयोग होता है। और हठयोग भी यह मानता है कि उसके अभ्यास अन्तत· राजयोग मे जाकर ही पर्यवसान होते है[45]।

हठयोग परम्परा

हठयाग के अधिकाश महत्वपूर्ण घटक, आसन-प्राणायाम-मुद्रा, आदि के चिह्न निर्विवाद रूप से सिन्धु-घाटी सभ्यता के अवशेषो मे उपलब्ध होते है और प्राय वही से वेदो, उपनिषदो, सूत्र-स्मृति ग्रन्थो आदि मे अवतरित होते हुए विभिन्न भारतीय साहित्यो मे पुष्पित-पल्लवित होते रहे है। किन्तु इन सिद्धान्तो को क्रमबद्ध रूप मे एकत्र निरूपित करने का सर्वप्रथम श्रेय दसवी शताब्दी मे उत्पन्न नाथ सम्प्रदाय के आचार्य श्री गोरखनाथ को जाता है। यद्यपि इनसे लगभग तेरह सौ वर्ष पूर्व ई० पू० तृतीय शताब्दी मे लिखित बौद्ध तान्त्रिक ग्रन्थ "**गुह्य-समाजतन्त्र**"[46] मे एक स्थान पर "हठयोग" शब्द का प्रयोग हुआ है और इस पुस्तक के अन्तिम पूरे अध्याय मे षडङ्गयोग का भी वर्णन मिलता है, फिर भी यह ग्रन्थ "सम्यक्सम्बोधिलाभ"[47] को उद्देश्य बनाकर बौद्ध-सिद्धान्तो की व्याख्या करता है, अत· इस ग्रन्थ को स्वतन्त्र रूप से हठयोग का ग्रन्थ नही माना जा सकता। अतएव गोरखनाथ को हठयोग को क्रमबद्ध रूप देने मे प्रथम आचार्य मानने मे कोई आपत्ति नही दिखाई देती। गोरखनाथ के द्वारा सस्कृत मे लिखित 28 हठयौगिक ग्रन्थों की चर्चा ऐतिहासिको द्वारा की गई है[48]। किन्तु उपलब्धता के आधार पर चार कृतिया निश्चित ही है। वे है **अमरौघशासन**, **गोरक्षपद्धति**, **गोरक्षशतक** तथा **सिद्धसिद्धान्तपद्धति**।

गोरखनाथ के पश्चात् चौदहवी शताब्दी मे एक और क्रान्तिदर्शी हठयोगी स्वात्माराम[49] का प्रादुर्भाव हुआ। इन्होने हठयोग को सर्वथा एक नयी दिशा देते हुए विशुद्ध वैज्ञानिक आधार प्रदान किया और अपनी प्रखर प्रतिभा का परिचय देते हुए हठयोग के मात्र चार अग निर्धारित किये। इस प्रकार स्वात्माराम ने चतुरगयोग[50] की एक नयी पद्धति का आविष्कार कर हठयोग को सर्वसामान्य-जनो के लिये सुलभ कराने मे अपना महान योगदान दिया।

हठयोग की एक और उपलब्ध पुस्तक है सत्रहवी शती में योगी घेरण्ड द्वारा लिखित **घेरण्डसंहिता**। इस ग्रन्थ में घेरण्ड ने हठयोग के सात अग माने है[51]। इस ग्रन्थ की विशेषता यह है कि इसमें हठयोग का प्रथम अंग ही षट्कर्म को माना गया है। उपर्युक्त छ: प्रमुख हठयौगिक ग्रन्थो के अतिरिक्त **हठरत्नावली**, **हठसंकेतचंद्रिका** प्रभृति कुछ और ग्रन्थ भी उपलब्ध है।

संस्कृत के अतिरिक्त हिन्दी भाषा मे भी गोरख ने

43. भारतीय संस्कृति और साधना-पृ० 225
44. योगशिखोपनिषद् 1.133
45. हठप्रदीपिका-2.76
46. उक्त पुस्तक की भूमिका
47. गु० स० त०-18.139-40, 163
48. नाथ-सम्प्रदाय, हजारी प्रसाद द्विवेदी, पृ० 99-100
49. हठप्र० की भूमिका, कैवल्यधाम प्रकाशन
50. हठ प्र० 1.56
51. घे० संहिता-1.10-11

"गोरखवाणी" प्रभृति दर्जनो ग्रन्थो का प्रणयन किया। इसी प्रकार गोरख के परवर्ती पन्द्रहवी शताब्दी के महात्मा कबीर ने भी हठयोग के विभिन्न गहनतम अभ्यासो की चर्चा अपनी पदावली मे की है[52]। एक और उत्कृष्ट योगी हो गये है, सत्रहवीं शताब्दी के स्वामी चरणदास। चरणदास ने **अष्टांगयोग** नाम से एक अद्भुत ग्रन्थ की रचना हिन्दी में कर आज के योग-छात्रो पर बड़ा ही उपकार किया है। यह पुस्तक भारत के विभिन्न योग सस्थानों के पाठ्यक्रम मे निर्धारित है।

वर्तमान शताब्दी के प्रारम्भ मे योगी रामकृष्ण परमहस का उदय भी योग के क्षेत्र मे एक महत्वपूर्ण घटना है। उन्होंने अपने जीवन मे सभी प्रकार की साधना पद्धतियो की सत्यता प्रयत्क्ष करके यह प्रमाणित कर दिया कि भारत की अध्यात्म साधना मे असीम शक्ति निहित है। परमहंस रामकृष्ण के प्रिय शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने अपनी अद्भुत योगमय अध्यात्मशक्ति एव योगाभ्यास के बल पर भारत मे एक नये योग-युग का सूत्रपात्र किया। इस प्रकार श्री रामकृष्ण एवं विवेकानन्द ने सभी साधनाओ का मूलगत ऐक्य दिखाकर जो 'सर्वयोगसमन्वय' सिद्धान्त किया, वह बाद मे योगीराज अरविन्द की योगसाधना मे पूर्णतः प्रस्फुटित हुआ। श्री अरविन्द ने कहा—"मनुष्य के अन्दर जो देवत्व निहित है, उसको देह, प्राण, मन मे पूर्ण विकसित कर मानव जीवन को दिव्यजीवन मे रूपान्तरित करना होगा। यही सभी साधनाओ का, विशेषकर योगसाधना का, वास्तविक लक्ष्य है।" इसके लिये श्री अरविन्द ने मनुष्य के अन्दर 'अतिमानस' (super mind) विज्ञान सत्ता का प्रादुर्भाव होना आवश्यक माना है। मन, बुद्धि की शक्ति से मनुष्य कितनी दूर तक ऊपर उठ सकता है, उसके उत्कृष्ट उदाहरण इस युग मे महात्मा गांधी भी है। वे अहिंसा, सत्य आदि योग के नैतिक आदर्शों को अपनाकर तदनुसार जीवन को गठित करने की साधना पर बल देते हैं।

उपसंहार

उपर्युक्त तथ्यो के परिप्रेक्ष्य मे योग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को मोटे तौर पर तीन भागो मे विश्लेषित किया जा सकता है।

प्रथम भाग—सिन्धुघाटी सभ्यता (ई० पूर्व० 3000 वर्ष) से ई० पूर्व तीसरी शताब्दी के पूर्वार्ध तक माना जा सकता है, जिसमे वेद, उपनिषद्, सूत्र, स्मृति, तन्त्र, बुद्ध, जैन आदि ग्रन्थो मे योग के विभिन्न तत्व विशेषतः प्राणायाम का विस्तृत वर्णन प्रचुर मात्रा मे उपलब्ध होते हुए भी इन सिद्धान्तो पर आधारित स्वतन्त्र रूप से योग का कोई ग्रन्थ नही था।

द्वितीय भाग—ई० पू० तीसरी शताब्दी के मध्य से ईसा की नवी शताब्दी तक का माना जा सकता है, जिसमे महर्षि पतजलि ने **योगसूत्र** नामक एक स्वतन्त्र एवं दार्शनिक ग्रन्थ का निर्माण कर योग की एक स्वतन्त्र शाखा का विस्तार किया, जिसके कारण योग का दर्शन के क्षेत्र मे प्रवेश हुआ और जो आज भी अपने उसी स्वरूप मे योग का शखनाद कर रहा है। इसके साथ ही इस काल मे योग का वह प्रथम भाग का स्वरूप भी अपना विस्तार पाता रहा, जिसमे पुराणदि ग्रन्थो में इसके तत्वो का वर्णन विपुल मात्रा मे होता रहा।

तृतीय भाग व अन्तिम भाग—दसवी शताब्दी से आज तक माना जा सकता है, जिसमे श्री गारखनाथ ने अनेको हठयौगिक ग्रन्थो की रचना कर एक स्वतन्त्र हठयोग सम्प्रदाय की स्थापना की। गोरखनाथ प्रवर्तित हठयोग की यह अक्षुण्ण धारा न केवल आज तक प्रवाहित हो रही है, अपितु चौदहवी शताब्दी मे श्री स्वात्माराम योगी ने **हठप्रदीपिका** नामक हठयोग ग्रन्थ की रचना कर इसको इतना सुदृढ आधार दे दिया कि आज के लिये हठप्रदीठिका के सिद्धान्त व व्यावहारिक अभ्यास ही सर्वथा उपयोगी प्रमाणित हो रहे है।

इस प्रकार सिन्धुघाटी सभ्यता एव ऋग्वेदकाल से अनुस्यूत हुई योग-गगा का अजस्र व अखण्ड प्रवाह सहिता-उपनिषद्-सूत्र-स्मृति-तन्त्र-बुद्ध-जैन-पुराण-नाथ आदि विभिन्न कालो एव सम्प्रदायों में अवतरित होता हुआ भारतीय सस्कृति के सभी वैदिक एव वैदिकेतर सम्प्रदायो मे कही छिटपुट व कही विपुल योग तत्वो को बिखेरता हुआ आज तक उसी रूप मे विद्यमान है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हमारी वर्तमान पीढी इस पावन-योग-प्रवाह से परिचित हो और इसमें स्नान कर (इन योग-अभ्यासो को अपनाकर) अपने सभी प्रकार के कल्मष को (शारीरिक-मानसिक-नैतिक-

52. पदावली-206-207

भावनिक-आध्यात्मिक-अस्वास्थ्य को) दूर कर एक विशिष्ट यौगिक-व्यक्तित्व का निर्माण करे। प्रसन्नता की बात है कि हमारी सरकार भी अब इस अनुपम योग-निधि की विधि से परिचित होने लगी है और विद्यालयों मे योग शिक्षा को बढावा देने का प्रयास कर रही है। अत. आशा करनी चाहिये कि इस योग शिक्षा से हमारी वर्तमान व भावी पीढ़ी मे एक नयी चेतना का विकास होगा। □□

आज ऐसे अनेक नवयुवक हैं जो बिना पतवार की नाव की तरह समाज में डगमगा रहे है। ऐसी बात नही कि समाज में कोई दोष है या वे अनुशासन-हीन है। वे पतवारविहीन हैं क्योकि उन्हे अपने अस्तित्व का आधार मालूम नही। अगर आप अपने बच्चों को उनके अस्तित्व का आधार बता सकते हैं तो आप उन्हे पूर्ण शिक्षित बनाने में सफल हो सकते है। बच्चों के शांतिपूर्ण विकास का मार्ग सिर्फ समाज में ही नही ढूढ़ना चाहिए। आहिस्ते-आहिस्ते हमे बच्चो को योगाभ्यास की ओर उन्मुख करना चाहिए, सिर्फ स्कूल या अन्य सस्थाओ मे ही नही, वरन् योग स्कूलों में भी उनके लिए अलग विभाग होना चाहिए।

बच्चों को योग क्यों सिखाएं ?

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती
बिहार योग विद्यालय
गंगा दर्शन, मुगेर (बिहार)

हम सब बच्चे है, बच्चो को हमने बनाया है और हम चाहते है कि हमारे बच्चे जीवन मे बहुत तरक्की करे। पहले लोग सोचते थे कि योग सिर्फ वयस्कों के लिए है। सदियो तक बच्चो का योग से कोई वास्ता नही था। लोग सोचते थे कि योग कोई जादूगरी है या किसी प्रकार की अदृश्य खोज है और इसीलिए बच्चो को योग से अलग रखा गया। मै करीब ग्यारह साल से कुछ वैज्ञानिक कारण ढूढ रहा हू ताकि बच्चो को योग से अवगत करा सकू। मैंने कई बच्चो पर प्रयोग किए है, यह देखने के लिए कि योगाभ्यास उनके शरीर, मस्तिष्क और व्यक्तित्व पर कैसा प्रभाव डालता है। मुझे पूर्ण विश्वास हो गया है कि बच्चो को योगासन सिखाना बहुत जरूरी है। योगाभ्यास उनके शारीरिक और मानसिक विकास में बहुत मुख्य भूमिका अदा करता है और इसीलिए बच्चो को योग की तरफ आकर्षित करना चाहिए।

सतुलन के लिए

मानव शरीर मे रीढ की हड्डी के ऊपर एक बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रथि है जिसे योग की भाषा मे "आज्ञाचक्र" कहते है। उम्र के साथ-साथ बाद मे वह ग्रथि नष्ट होने लगती है। ज्यो-ज्यो यह ग्रथि नष्ट होने लगती है त्यो-त्यों मुख्य ग्रन्थि विभिन्न प्रकार के हार्मोन्स पैदा करने लगती है जो मनुष्य के भावनात्मक एव बौद्धिक विकास के लिए सहायक होती है, साथ ही वह उसके सेक्स सम्बन्धी विकारो का ज्ञान और सभी अवयवो के काम के लिए भी उत्तरदायी होती है। इसी के साथ-साथ बच्चा सामाजिक जीवन के दायरे मे प्रवेश करता है।

इसके पहले तक बच्चो की चेतना का स्तर बहुत ऊचा होता है। आज्ञाचक्र ब्रह्म नेत्र है। यह बच्चों के ब्रह्म ज्ञान का प्रतीक है। आज्ञाचक्र के नष्ट होने के साथ बच्चे की पवित्रता एवं पर-ब्रह्म के साथ तालमेल की क्षमता खतम हो जाती है। बच्चो को सासारिक वातावरण, द्वन्द्व और नैतिक व्यक्तित्व की अनुभूति होने लगती है। कभी-कभी बच्चो के शारीरिक, मानसिक एव भावनात्मक विकास मे इतना फर्क हो जाता है कि वे उस कारण को दूर करने मे असमर्थ हो जाते हैं। योगाभ्यास के द्वारा आज्ञा ग्रथि को नष्ट होने से बचाया जा सकता है और इस तरह बच्चो मे मानसिक एव भावनात्मक सतुलन पैदा किया जा सकता है। यही मुख्य कारण है कि बच्चों के जीवन मे योग का कितना महत्व है और उनकी शिक्षण प्रणाली मे योग कितना सहायक हो सकता है।

एक और बात है, क्लासरूम में बच्चे प्राकृतिक रूप से शिक्षा ग्रहण नही करते है। प्रताडना और भय के मारे वे थोडा पढते है। उनका उद्देश्य होता है परीक्षा पास करना। योग प्रणाली मे बच्चो को सभाषण के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। मानसिक रूप से बच्चे बहुत ही सूक्ष्मदर्शी होते हैं और इसीलिए सचार के माध्यम से दिया गया ज्ञान वे जल्दी ग्रहण करते है। उनमे ग्रहण करने की विशाल क्षमता होती है। बच्चो को सभी बौद्धिक प्रक्रियाए समझाने की जरूरत नही है। प्रकृति ने उनमे जरूरत भर सूक्ष्म ज्ञान दिया है जिससे वे अच्छे और बुरे की

पहचान कर लेते है । लेकिन कुसयोग से वर्तमान शिक्षा प्रणाली बच्चों की इस प्रतिभा को धीरे-धीरे खतम कर रही है। अतएव बच्चो की शिक्षा के विषय मे हमे "ससार" का ध्यान हमेशा रखना है। अतएव योग के किन पहलुओ को बच्चो की शिक्षा मे मिलाया जाए इसका हमे शुरू से ध्यान रखना है तथा उसी के अनुसार योग शिक्षा प्रणाली को बच्चो के जीवन मे उतारना है।

जब बच्चा बडा होता है तो उसे विभिन्न प्रकार की व्यवस्था करनी होती है। उसके शरीर की शारीरिक क्रियाओ को बढाना पडता है तथा इसे सिम्पेथेटिक एवं पैरा-सिम्पेथेटिक प्रणाली के संतुलन मे लाना पडता है। साथ ही साथ जब उसका सेकेण्डरी सेक्स विकसित होता रहता है तो उसके शरीर मे प्रभावित हार्मोन्स का भी ठीक तरीके से प्रबन्ध करना होता है। अगर इन हार्मोन्स का ठीक तरह से उचित जगह पर प्रबन्ध नही किया जाए तो वह मनुष्य बहुत भयकर मानसिक तकलीफ मे पड़ जाता है। ये मानसिक समस्याए ही क्षुब्ध ऊर्जा की प्रतिक्रियाए है। जब भी मनोवैज्ञानिक कहते है कि मानसिक समस्याओ की जड बचपन होता है तो मैं उससे असहमत नही हू लेकिन दूसरे भी कारण हैं। कभी-कभी इस भौतिक शरीर मे ऊर्जा का आकार कुछ अनियमितता मे होता है जिसका कारण भौतिक है। उदाहरणार्थ यदि एक बच्चे मे सिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम ज्यादा प्रकट रूप मे है तो वह बहुत ही आक्रामक, भयकर और बेचैन रहता है क्योंकि वह असतुलित है। दूसरी तरफ अगर उसका पैरा-सिम्पेथेथिक नर्वस सिस्टम ज्यादा बलवान होता है तो वह भीरू, हीनता से ग्रस्त एवं आसानी से झुकने वाला होता है जो कि अनेक कारणो से पैदा होते है। कोई जरूरी नहीं कि ये माता-पिता या समाज के कारण है, ये पूर्णत: बायोलॉजिकल हो सकते है।

बच्चा मात्र हाड-मांस का पुतला नही है। वैज्ञानिक रूप से यह शरीर अनेक अणु-परमाणु, विद्युत धाराओ एव ऊर्जा के आकार से बना है। अत: इस शरीर की परिभाषा ही बदल जाती है। सही है कि शरीर मे हड्डी, मास, खून और श्लेष्मा है लेकिन वह इन्ही के सिद्धातो पर नहीं चलता है। मनुष्य इसीलिए जिन्दा नही है कि उसका कलेजा काम कर रहा है। यह सिर्फ इसलिए श्वास नहीं ले रहा है कि इसके फेफड़े काम कर रहे है। मनुष्य सिर्फ इसीलिए नही सोचता है कि उसे दिमाग है या इसीलिए नही बोल पाता कि उसे जीभ है। इन सभी चीजो को ऊर्जा सचालन के सदर्भ मे सोचना होगा। आपको समझना होगा कि आपका बच्चा एक गतिशील ऊर्जापुज है। इतना ही काफी नही है उसे खाना खिला दिया, उसके दिमाग मे किताबी ज्ञान भर दिया। खाना शरीर के लिए आवश्यक है। गणित एव थ्योरी का ज्ञान उसे देना जरूरी है। ताकि वह प्रोफेसर, अधिकारी, डॉक्टर या वकील बने। सब चीजें जरूरी हैं लेकिन साथ ही साथ आपको उन हजारो ऊर्जा शक्तियो का ध्यान रखना होगा जो उस बच्चे के शरीर मे बह रही है और जो वस्तुत: उसके अस्तित्व को कायम रख रही हैं।

अनुशासन

जब बच्चा बीसवें साल मे पहुचता है तो इन क्रियाओं को साफ करना पहला काम है। उसका शरीर मैल पैदा करने लगता है और अगर इस मैल को फेंका नहीं जाए तो वह उसके शरीर मे जीवाणुओं पर प्रतिक्रिया करता है एव उसके भौतिक और मानसिक ढाचे को भी प्रभावित करता है। अतएव बीस साल की उम्र से उसे अनुशासन एवं प्रणाली के अन्दर रखना है।

मै आत्म-अनुशासन के विषय मे बातचीत कर रहा हू न कि सामाजिक, धार्मिक या किसी संस्था सम्बन्धी अनुशासन की। मुझे मालूम है मुझे क्या करना है और क्या नही करना है। इस मौलिक शरीर मे सतुलन की एक प्रणाली है। अगर आपको शरीर के ऊर्जा आकार मे सतुलन पैदा करने का रहस्य मालूम है तो आप बच्चों में अपने आप अनुशासन पैदा कर सकते है। उदाहरणार्थ आपके पास एक मोटर कार है, इसके चक्के ढीले हो गए है और इसका स्टीयरिंग हमेशा दाहिने भागता है, जब भी आप कार चलाते है वह हमेशा दाहिने तरफ भागता है और इसीलिए आपको हमेशा स्टीयरिंग बाए तरफ मोडना पड़ता है। क्या मोटर कार को ठीक करने का यही तरीका है ? अच्छा होगा कि इसे आप मोटर मिस्त्री के पास भेज दे जो स्टीयरिंग को चेक करने के चक्के का ढीलापन दूर कर देगा।

अनुशासन शरीर और दिमाग के पूर्ण सतुलन की

अभिव्यक्ति है। बच्चो को उपदेश देना अनुशासन नहीं। आपको बच्चो को न तो कुछ कहना है और न ही उनके लिए कुछ करना है। मेरे ख्याल से सबसे पहले ऊपर से लादे गए अनुशासन और नैतिकता को भूलना होगा। बुजुर्ग लोग समझते है कि वे काफी बुद्धिमान है और बच्चो को अनुशासन सिखाना उनका कर्त्तव्य है। हो सकता है बच्चे सही हो और हम लोग गलत हो। हममे और उनमें अन्तर है। वे हमे नही समझ पाते और हम उन्हे नही समझ पाते है। मुझे मेरे से छोटी अवस्था वाले अनुयायियो के साथ यह समस्या हुई है। मैं अपने तरीके से सोचता हू और वे अपने तरीके से, लेकिन यह एक अन्तर है, मै समझता हू। इसीलिए बच्चो को अप्रत्यक्ष रूप से अनुशासित करना होगा और यह अनुशासन आसन एवं प्राणायाम के माध्यम से लाना होगा। मै बचपन से ही अनुशासन शब्द से क्षुब्ध रहा हूं। मैं अपने गुरुजी को कहा करता था मैं सेना मे सैनिक नही हूं आपको मुझे दाए-बाएं, पीछे घूम इत्यादि कहने की जरूरत नही है। अगर मै थका हू तो धीरे-धीरे चलूंगा। अगर मुझे कोई चीज पकड़नी है तो मैं दौड़ूंगा। मेरी समझ से मेधावी होना अनुशासन का परिणाम नहीं है। बहुत सारे मेधावी लोग बहुत ही अनुशासनहीन रहे है। लेकिन मेरा यह भी कहना नहीं है कि अनुशासनहीन मनुष्य ही मेधावी होते है।

मेधा का विकास

सबसे बड़ी समस्या बच्चो के साथ है कि वे हमेशा कोशिश करते हैं कि वे जो कुछ पढ़े याद हो जाए और हमेशा वर्ग मे अव्वल रहे लेकिन ऐसा नहीं हो पाता है। क्या कारण है ? वे कहते हैं कि ऐसा दिमाग की कमजोरी के कारण है, कमजोर याददाश्त के कारण है। इसका क्या मतलब है कि दिमाग के सब कलपुर्जे काम नही कर रहे हैं। अगर हम पूर्ण मस्तिष्क को दस भागो मे विभक्त कर दे तो एक साधारण दिमाग मे सिर्फ एक ही भाग काम करता है और जीवन के दैनिक कार्यक्रमो को चलाता है बाकी नौ भाग क्रियाहीन एव चुप हैं। कभी-कभी मस्तिष्क बिजली की एक चुम्बकीय लहर क्रियाहीन भाग से भी संचारित करता है। यह दिमागी लहर एक प्रकाश-पुज पैदा करती है और वह आदमी वैज्ञानिक हो जाता है तथा मस्तिष्क के किसी अन्य भाग से निकली लहर को कोई लिपिबद्ध कर लेता है और लेखक हो जाता है।

मेधा के विकास के लिए मस्तिष्क के इन क्रियाहीन भागों का विकास करना बहुत जरूरी है। बच्चों की सृजनात्मक शक्ति को, मेधा को प्रकट करना जरूरी है और इसीलिए हम लोग प्रयोग करते है। हर क्षेत्र मे मेधावी लोग हुए है, आज भी हैं, लेकिन हम लोगो ने उन्हे नही बनाया। वे प्रकृति के चमत्कार थे—एक घटना थे। किसी को मालूम नहीं कि किस प्रकार बच्चो मे मेधा शक्ति का विकास किया जाए। इसे करने के लिए हम लोगो को एक तरीका निकालना होगा, जिससे मस्तिष्क के सभी भागो को जागृत किया जा सके।

वृहत् दर्शन

मस्तिष्क के ये सुप्त क्षेत्र ऊर्जा के अज्ञात शक्ति केन्द्र है। उनके अन्दर ज्ञान, शिक्षा और आत्म-बोध है। मैं एक उदाहरण दूगा। आप कितनी ही बार अपने बाग मे गए होगे और कितनी ही बार संतरा और सेव को पेड़ो से गिरते देखा होगा। लेकिन क्या आपको पृथ्वी के गुरुत्वा-कर्षण का कभी बोध हुआ ? एक आदमी आइजेक न्यूटन को हुआ। वह एक मेधावी मनुष्य था, क्योकि उसने एक साधारण घटना को एक विलक्षण दृष्टि से देखा, जैसे कि कोई अनहोनी घटना हो रही हो। अगर यह टेपरिकार्डर ऊपर उठने लगे तो आप सब कोई देख लेंगे और अगर आप भावातीत ध्यान कर रहे हैं और अचानक आप ऊपर उठते हुए अनुभव करे तो आप सोचेगे कैसे हुआ ! लेकिन कुछ ऊपर से नीचे गिरता है तो आप उसे आम बात समझते है। आप मुश्किल से उसे गूढ रूप से देख पाते है। सूक्ष्म दृष्टि एक गुण है और इसे आपको बच्चो मे विकसित करना है।

इस ज्ञान को बच्चो मे विकसित करने के लिए बच्चों को ध्यान सिखाना जरूरी है। किन-किन तरहो के योगा-भ्यास उन्हे करना है, यह एक अलग ही विषय है। हर एक ज्ञान जो दिमाग मे घुमता है उसकी अलग बनावट है। हर एक आवाज का एक अलग प्रकार है जो उसका

सूक्ष्म आकार है। आप "आह" बोलते हैं लेकिन दिमाग के अन्दर यह बदल जाता है और 'आह' नही रहता। इसी प्रकार आप फोटो को देखे तो लगेगा कि मैं वही हू जो अभी हूं, लेकिन ज्ञान के प्रकार भिन्न है।

हम जानते हैं कि दिमाग का मूल रूप प्रतीकात्मक है। योग मे उन्हे यंत्र और मडल बोलते है। वे त्रिभुज, चतुर्भुज, छः भुज, गोल एव अनेक प्रकार के ज्यामितिक प्रतीक हैं। हर एक विचार, प्रभुता, शब्द एव अनुभूति के अपने-अपने यत्र है। इसका यह मतलब होता है कि दिमाग में एक खास भाषा का भी अस्तित्व है। जब तक भाषा नही हो कम्प्यूटर काम नहीं कर सकता। दिमाग मे चेतना के ढाचे में हजारो यत्र होते है। आप सूक्ष्म अभिव्यक्ति एवं आवृत्तियो द्वारा उन्हे विकसित कर सकते हैं। आप अपने को प्रशिक्षित कर सकते हैं ताकि इन चीजो को आवाज या किसी आतरिक दृष्टि से देख सके। अगर आप दिमाग मे विद्यमान चिह्न और भाषा को पहचानने मे अपने को ट्रेड कर पाए हैं तो आप इस मानसिक कम्प्यूटर को क्रियाशील कर सकते है, जो आपका दिमाग है। मस्तिष्क हजारो आतरिक शक्तियो व अनुभूतियो का संग्रहालय है। बच्चे में इन आंतरिक शक्तियो का विकास तभी हो सकता है जब वह अपनी सूक्ष्म शक्ति को विकसित करे और इस संग्रहालय को अपने नियन्त्रण मे कर लेवे।

अलौकिक स्मरण शक्ति

आज यह बहुत महत्वपूर्ण है कि बच्चो की महत्वाकाक्षा पूरी हो। वे क्लास में अच्छा करना चाहते है। वे चाहते हैं कि किताब देखे और उनमे लिखी पूरी बाते उन्हे याद हो जाए। वे रटना नहीं चाहते हैं और न तो पाठों को 5-10 या 20 बार दुहराना चाहते है। एक बार स्वामी विवेकानन्द किसी अमेरिकन यूनिवर्सिटी मे गए और उसमे से एक एनसाइक्लोपीडिया माग कर लाए। दूसरे ही दिन जब सुबह उन्होने इस किताब को लौटाया तो पुस्तकालयाध्यक्ष ने पूछा "आपने किताब से क्या किया"। स्वामी विवेकानन्द ने जवाब दिया—मैने उसे पढा। इस पर पुस्तकालयाध्यक्ष बोला कि असंभव! स्वामी विवेकानन्द बोले कि मुझसे पूछो किसी।पेज से। तब पुस्तकालयाध्यक्ष ने उनसे पूछा। इसके बाद पुस्तकालयाध्यक्ष ने पाया कि उसने ऐसा आदमी कभी नही देखा—वह तो एक पेज पर नजर डालता है और उसे पूरा याद कर लेता है। इसी को अलौकिक स्मरण शक्ति बोलते है न कि बौद्धिक स्मरण शक्ति, जिसमे आपको सोचना पडता है तब याद होता है। अलौकिक स्मरण शक्ति भी एक चीज है। मुझे भी यह शक्ति थी पर मैंने उसे 1946 मे खो दिया। मैंने एक बहुत ही दुखद भूल की, मैं लोगो और शोर से दूर हिमालय की एक चोटी पर गया। बहुत बर्फ थी वहा और बहुत ठंडक थी। वह चोटी 10500 फीट ऊचाई पर थी। आल्प्स पर्वत से तीन गुना ऊची। मै वहां एक विशेष तरीके के प्राणायाम का अभ्यास करता था तथा पूरे दिन गाजा पीता था, जिसने मेरी स्मरण-शक्ति को बिल्कुल नष्ट कर दिया।

वास्तव मे स्मरण शक्ति तो मुझमे अभी भी है पर मेधावियो के माफिक नही। 1946 तक कोई यदि एक घंटे तक बोलता था तो मै उसे सुनकर बही मे लिख लेता था और उसे टाइप राइटर पर शब्दश टाइप कर लेता था। अगर आप उसे मूल टेप रिकार्डर से मिलाते तो कोई गलती नही निकलती; यहा तक कि कॉमा और पूर्ण विराम की भी नहीं।

आपको जानकर आश्चर्य होगा मैने कैसे उस स्मरण शक्ति का विकास किया था। मै हिमालय की गोद मे पैदा हुआ। बचपन मे मेरी कल्पना शक्ति बहुत ही प्रखर थी। मै अपनी कल्पना मे बर्फ से ढके पहाड़ देखता था तथा पर्वत एव प्रकृति की बहुत सारी मनोरम छटाए देखा करता था। मै हमेशा सोचा करता था कि कैसे हिमालय की चोटियो पर चढें। अन्ततः मै हिमालय के शीर्ष पर पहुंच ही गया। मैं पहला आदमी था एवरेस्ट पर्वत पर कदम रखने वाला, न कि एडमड हिलेरी। हा, मै वहां अपनी कल्पना मे पहुच गया, अपने ध्यान के बल में पहुच गया। इस तरह मेरा मस्तिष्क एक नए दृष्टि के ढाचे मे ढल गया। बचपन मे मैंने सैकडो बार वह यात्रा, उसी पथ से होकर कई झरनो एव पर्वतो, तराइयो को पार करते हुए पूरी की होगी।

अगर आप सैकडो बार एक बिन्दु का ध्यान करे तो आप समझ सकते हैं कि आपके मस्तिष्क और दृष्टि का क्या होगा। मस्तिष्क को प्रशिक्षित करना महत्वपूर्ण काम है। ढाचे पर आधारित मस्तिष्क की ट्रेनिंग ही अनुशासन

है। अगर आप मस्तिष्क के ऊर्जा आकार को काबू नही कर सकते है तो दृष्टि की चेतना का विकास सभव नही है, चाहे आप कितने ही धार्मिक अनुशासन में रहे। धर्म कहता है—"आप पवित्र रहे और आप महान् हो जाएगे"। मै कहता हू यह सभव नही है। पवित्रता तो एक सामाजिक गुण है अगर सभी लोग पवित्र हो जाए तो समाज एक सुप्त समाज हो जाएगा। मैं पवित्रता के विरुद्ध नही हू, लेकिन सच पूछे तो मुझे इसमे विश्वास नही है।

आपको अपने बच्चो की चेतना तथा समझने की शक्ति को वैज्ञानिक तरीके से उभारना होगा। मस्तिष्क तथा शरीर में निर्देशक केन्द्र हैं जिन्हे आप आधुनिक मशीन से निर्देशित कर सकते है। बच्चो को इन बातो मे ट्रेन्ड करना सभव नही, लेकिन वयस्को को किया जा सकता है। आपको अपने बच्चो को योग की तरफ ढकेलना नही है। आपको उन्हे योग के विषय मे बताना है, बिना उन्हे यह अनुभव होने देते हुए कि योग के अभ्यास के लिए धार्मिक प्रकृति या पवित्रता की जरूरत है। योग में प्रवृत्त करने का एक ही उपाय है और वह है इनमे देखने एव समझने की क्षमता का विकास करना।

अगर मैं एक वयस्क को बोलू तो वह नही समझ पाएगा। परन्तु अगर बच्चे जानते हैं कि योगाभ्यास से उनकी देखने एव समझने की शक्ति बढेगी तो बच्चे सबसे पहले योगाभ्यास की ओर प्रवृत्त होगे।

महत्वपूर्ण प्रश्न

हर एक आदमी को मालूम होता है कि उसे क्या करना है। सभी बच्चो को एक ही प्रकार के रास्ते पर चलाया जाए तो यह गलत है। हर एक प्राणी विभिन्न क्षमताओ के साथ पैदा होता है। कुछ बुद्धिजीवी होने के लिए, कुछ स्वामी होने के लिए, तो कुछ राजनीतिक होने के लिए पैदा होते है। अनेक प्रकार की आतरिक शक्तिया हैं जो विकसित की जा सकती है। क्या माता-पिता को मालूम है कि उनके बच्चे मे कौन-सी क्षमता छिपी हुई है? उदाहरण के तौर पर अगर मैंने अपनी उम्र के बीसवे साल मे अपना यह रास्ता निश्चित नही किया होता तो मैं आज जीवन मे बहुत ही असफल रहता।

एक आदमी जो समर्थ है, जीवन के हर क्षेत्र में सफल नही हो पाता; बल्कि वह जिस क्षेत्र के लिए बनाया एव चुना गया है उसी मे सफल होता है। बच्चो की नियति का कौन फैसला करने वाला है, यह एक बडी पहेली है, एक बडा प्रश्न है। मैं यहां उसके व्यवसाय के विषय में बात नही कर रहा हू। डाक्टर या प्रोफेसर होना दूसरी बात है, जिसके लिए एक निश्चित तरह की शिक्षा दी जाती है। मै बात कर रहा हूं शिक्षा की उस बृहत् प्रणाली के विषय मे, जो हमे बताती है कि हमें क्या करना है, जो हमे दिखाती है कि हमारे अस्तित्व की क्या अभिव्यक्ति होने वाली है।

आज ऐसे अनेक नवयुवक है जो पतवार के बिना नाव की तरह समाज मे डगमगा रहे हैं। ऐसी बात नही है कि समाज मे कोई दोष है या वे अनुशासनहीन है। वे पतवार विहीन है क्योकि उन्हे अपने अस्तित्व का आधार मालूम नही है। अगर आप अपने बच्चो को उनके अस्तित्व का आधार बता सकते है तो आप उन्हे पूर्ण शिक्षित बनाने मे सफल हो सकते है। बच्चो के शातिपूर्ण विकास का मार्ग सिर्फ समाज मे ही नही ढूढ़ना चाहिए। आहिस्ते-आहिस्ते हमे बच्चो को योगाभ्यास की ओर उन्मुख करना चाहिए, सिर्फ स्कूल या अन्य सस्थाओ मे ही नहीं, वरन् योग स्कूलो में भी उनके लिए अलग विभाग होना चाहिए। मैं जानता हू कि बच्चो को योग शिक्षा देना बहुत ही सरल काम है। दरअसल बच्चे गुरु है और हम लोग शिष्य। कहा भी गया है "चाइल्ड इज द फादर ऑफ मैन"।

सम्पूर्ण विश्व मे लोगों के बच्चे है और वही भविष्य मे अच्छे या बुरे नागरिक होने वाले है। अगर उनके व्यक्तित्व को पूर्णतया संभाला नही गया तो समाज का आधार भी वैसा ही हो जाएगा। आज के बच्चे ही कल राजनीति, युद्ध एव समाज की अन्य घटनाओ का सचालन करेगे। अगर आप वैज्ञानिक और राजनीतिज्ञ पैदा करना चाहते हैं तो बच्चे आपके सामने हैं। इस तरह माता-पिता एक कारखाने के समान है और बच्चे उनमें से उत्पादित तैयार माल की तरह। यह अभिभावकों पर निर्भर करता है कि वे कैसा माल तैयार करते हैं। □

विद्यालय स्तर पर योग शिक्षा का स्वरूप कैसा हो ?

डा० जयदेव योगेन्द्र
योग इंस्टीच्यूट,
सांताक्रुज, बम्बई-400055

"शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है" यह बात नई शिक्षा नीति ने पहली बार स्वीकार की है, वर्षों पहले अन्तर्राष्ट्रीय स्तरो पर शिक्षा का उद्देश्य राष्ट्र के मान्य किये मूल्यांकनो को जीवन मे अपनाना था। हमे स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गाधी, रवीन्द्रनाथ ठाकुर और जाकिर हुसैन के आदर्शों को नही भूलना चाहिये, अपने भारतीय "ज्ञान" को आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलोजी के साथ मिलाना है।[1]

शिक्षा का इस अर्थ मे योग से गहरा सम्बन्ध है, योग तो जीवन जीने की कला है, जैसे Zen (झेन या ध्यान) ने जापान के जीवन पर एक गहरा असर डाला है, वैसे ही हमें योग के माध्यम से भारतीय जीवन पर असर डालना चाहिए।

योग विद्या वैसे तो कई व्यक्ति सीखते हैं, लेकिन कारण विभिन्न होते है, वेदान्त शास्त्रों मे आसन का महत्व ध्यान प्राप्ति के लिए है, राजयोग मे स्थिरसुखम की महत्ता बतायी गयी है, हठयोग मे आसन के द्वारा मनोकायिक समन्वय का लाभ दर्शाया गया है।

इसी ऊंचे आदर्श को ध्येय बनाकर योग इन्स्टीच्यूट सांताक्रुज ने ऐसी शिक्षा देने का प्रयास किया है[2] जिससे मनुष्य के व्यक्तित्व का सपूर्ण विकास हो और योगाभ्यास व्यक्ति की आत्मोन्नति का कारण बने, इसलिए योग इन्स्टीच्यूट मे सिर्फ आसन ही नहीं, व्यक्ति के आचार, विचार, आहार और व्यवहार की सुदृढता पर भी जोर दिया जाता है, जिससे व्यक्ति की अक्लिष्ट प्रवृत्तियों का विकास होता है, जो उसे घर ही नही समाज मे सुचारू रूप से कार्य करने मे सक्षम बनाती है।

पर बडे दुख की बात है कि आजकल लाग इस ऊंचे आदर्श को भूलकर कि योगाभ्यास का मूल उद्देश्य आत्मज्ञान है, इसका उपयोग स्वार्थ और नकारात्मक गतिविधियो के लिए कर रहे है, हर कोई इस कोशिश मे है कि किस तरह कठिन से कठिन पेचीदा आसन से शरीर को तोड़-मरोड़कर दूसरो को प्रभावित करे। प्राणायाम, जिसके द्वारा मानव अपने चित्त को वश मे कर अविद्या या अज्ञान के अधकार को दूर कर सकता है, उसी शक्ति का दुरुपयोग आज का योगी अपनी छाती पर स्टील रोलर चलवाकर वाह-वाही लूटने मे लगा है।

यह बात लगभग सभी लोग भूल चुके है कि योगाभ्यास व्यक्ति को अतर्मुखी, एकाग्रचित और सचेत बनाता है।

हाल ही मे इन्स्टीच्यूट ने स्कूल के विद्यार्थियो के लिए एक ऐसा पाठ्यक्रम बनाया था जिसके प्रयोग के बाद वैज्ञानिक ढग से जाच करने पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि सुनियोजित ढग से किया गया योगाभ्यास उन विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास ही नही, एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढाने मे भी सहायक सिद्ध हुआ है, और वे अपने आप को किसी भी वातावरण में सुचारू रूप से ढाल सकते है।[3]

शारीर रचना और शरीर शास्त्र के नियमो से आसन का शरीर या मानस पर क्या प्रभाव हो सकता है इसकी अधिक जानकारी हमे नहीं है, परंतु जो व्यक्ति योगाभ्यास सही ढग से करता है, उसके आचरण से, जीवन के बारे मे दृष्टिकोण से हम यह जान सकते है कि योगाभ्यास का क्या प्रभाव हुआ है, ऐसा देखा गया है कि अगर योग

1 "New Educational Policy and Continuing Education." *Maharashtra Education Journal*, Vol XXXV. No. 1 (1986) p. 12

2. President Zail Singh's address at the Yoga Institute, Santa Cruz, *Yoga and Total Health*, XXX. 11 April 87 p. 7.

3 Sushma Nagarkar, "Yoga, Intelligence and Personality Trait", *Yoga and Total Health*, Vol. XXXII. 5 p. 10

बड़े दुख की बात है कि आजकल लोग इस ऊंचे आदर्श को भूलकर कि योगाभ्यास का मूल उद्देश्य आत्मज्ञान है, इसका उपयोग स्वार्थ और नकारात्मक गतिविधियों के लिए कर रहे हैं। हर कोई इस कोशिश में है कि किस तरह कठिन से कठिन पेचीदा आसन से शरीर को तोड़-मरोड़कर दूसरो को प्रभावित करे। प्राणायाम, जिसके द्वारा मानव अपने चित्त को वश में कर अविद्या या अज्ञान के अंधकार को दूर कर सकता है, उसी शक्ति का दुरुपयोग आज का योगी अपनी छाती पर स्टील रोलर चलवाकर वाह-वाही लूटने मे लगा है।

प्राचीन गुरु-शिष्य परपरा और पद्धति से सीखा जाए तो उसका प्रभाव कही अधिक और दूरगामी होता है। कालिदास और पतंजलि ने भी अपने शास्त्रो मे इसी परम्परा पर जोर दिया है। महात्मा गाधी ने भी कहा है कि "शिक्षा का सही उद्देश्य ईश्वर की जानकारी प्राप्त करना है और इसके द्वारा आत्मज्ञान प्राप्त करके अन्ततः उसमे लीन होना ही है।"

जिस तरह बीज बोने के पहले किसान उसकी जमीन तैयार करता है उसमे से सारी गदगी दूर करता है ताकि अच्छी और स्वस्थ फसल उपजे और उसका लाभ सभी को मिल सके, उसी तरह योग भी सबसे पहले व्यक्ति के उन विकारों को दूर करता है जो उसकी उचित प्रगति मे बाधा बनते है[4]। प्रसिद्ध वैज्ञानिको और शिक्षाविदो का कहना है कि बच्चे के मस्तिष्क पर उसके आसपास के वातावरण का काफी प्रभाव पड़ता है और उसी के अनुसार वह अपने को ढालता है। हमारी यही कोशिश होनी चाहिए कि बच्चों को ऐसे वातावरण का अनुभव प्राप्त हो जो उनके व्यक्तित्व का उचित और सपूर्ण विकास कर सके, योग की सही शिक्षा ही उन्हे ऐसा अनुभव दे सकती है।

कक्षा पांचवी के बच्चो के लिए इसी आधार पर श्रीमती हसा जयदेव ने निम्नलिखित पाठ्यक्रम सुझाया है।

(अ) शिक्षा का आधार निम्नलिखित बातों पर हो। (Core Learning)[5]
- (1) आचरण के नियम (Behavioural code)
- (2) चारित्रिक विकास की कहानिया (Moral Stories)
- (3) परोपकारी व्यक्तित्व के विकास के लिए उचित उदाहरण (Narration of altruistic activities).

(ब) कौशल शिक्षा के लिए उनका यह कहना है कि·
- (1) मानसिक अवस्था को सुदृढ़ बनाने के अभ्यास (conditioning exercises)
- (2) मस्तिष्क और पेशियो के कार्य मे एकीकरण बढ़ाने वाले अभ्यास (Neuromuscular coordination exercises)।
- (3) आरोग्य या शरीर को स्वस्थ रखने के अभ्यास (Preventive hygiene exercises)
- (4) मानसिक रोगो को रोकने के अभ्यास (Psychosomatic exercises for cultivating a 'Let go' sensation)

(स) सहवर्ती धर्म (Concomitant) की शिक्षा मे उनका कहना है कि :
- (1) उनको ऐसे व्यक्तियों से मुलाकात करायी जाये या उन्हे ऐसे स्थान पर ले जाया जाये, जिनका प्रभाव उन्हे अतर्मुखी बना सके।
- (2) वे अपने अनुभव और कौशल को दूसरों के साथ आसानी से बाट सके।

4. Shri Yogendraji, *Yoga Asana Simplified* p. 102
5. "Teaching Yoga" Edited by Dr. S. P Duggal (appendix), Smt Hansa J. in *Yoga and Total Health*, Vol. XXX. 12 p. 6.

योग का अनुभवो के साथ गहरा सम्बन्ध है। योग की ऐसी प्रक्रियाए करायी जानी चाहिएं जिनसे विद्यार्थी को शांति, संतोष, आत्मनियन्त्रण, शिथिलीकरण वगैरा का अच्छा अनुभव हो। डाक्टर मरीज को शरीर शिथिल रखने को या मन को तनावरहित करने को बारबार कहता है, पर डाक्टर मरीज को किस तरह से यह अनुभव प्राप्त करना है, यह बता नही सकता। सच पूछिये तो खुद डाक्टर ही तनावपूर्ण अवस्था मे रहता है। उसी तरह से शिक्षक विद्यार्थी को पुस्तकों मे ध्यान लगाने का कहता है जरूर मगर शिक्षक यह नहीं जानता कि विद्यार्थी किस प्रकार खुद यह सीखे कि मन को एकाग्र स्थिति मे रख सके। यह योग का ही गौरव है कि सकारात्मक अनुभवो को बढाकर मन की स्थिति को योग्य दिशा मे ले जा सकता है। □

विद्यालयों में योग शिक्षा के मुख्य उद्देश्य

डा० मु० वि० भोले
सह सचालक (संशोधन)
कैवल्यधाम, लोनावला-410403

योग में शरीर, प्राण शक्ति और पुरुष की सकल्पना है। शरीर के माध्यम से प्राण शक्ति के द्वारा पुरुष तक पहुंचने का अभ्यास तथा प्रयास करना होता है। खेल-कूद में पुरुष तत्व से शुरू करके प्राण शक्ति द्वारा शरीर के माध्यम से शरीर के बाहरी विषय पर कार्य करना पड़ता है। यह परस्पर विरोधी अभ्यास तथा कार्यप्रणालियां है। अतः योग शिक्षक के लिए विशेष प्रकार के प्रशिक्षण की जरूरत है। अन्यथा योग का विषय व्यायाम के स्तर तक ही सीमित रह जाएगा। और जब भारत के बाहर के लोग असली योग जानने मे व्यस्त हो गए है, तब हम भारतीय शिक्षाचार्य अपनी नई पीढ़ी को केवल नकली योग देते रहेंगे। इसलिए योग शिक्षा के उद्देश्य ठीक ढंग से तथा सुचारू रूप से निश्चित करना जरूरी है।

प्रस्तावना

1 भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति मे योग शिक्षा का अतर्भाव किया है। केंद्रीय विद्यालयो मे प्रायोगिक स्तर पर योग शिक्षा का प्रारम्भ हुए कुछ पाच साल हो गए हैं। इनके प्रारम्भिक परिणाम केंद्रीय विद्यालय सगठन के महासचालक के दफ्तर मे उपलब्ध हो गये होंगे।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने बंगलोर मे दो बार योग शिक्षा के पाठ्यक्रम को निश्चित करने के हेतु संगोष्ठी तथा कार्यशाला का आयोजन किया था। उनकी रिपोर्ट भी आने वाली होगी।

"आधुनिक शिक्षा मे योग को किस प्रकार से सम्मिलित किया जाये" इस विषय पर आई० आई० टी०, कानपुर, ने सितम्बर 1981 मे एक अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन किया था।

2. वैसे देखा जाये तो 1924 से योग को विद्यालयीन शिक्षा पद्धति मे सम्मिलित करने के प्रयत्न जारी है। सन् 1927-28 मे उस वक्त की बम्बई सरकार की शारीरिक शिक्षा समिति ने "corrective and hygienic phyical training" के रूप मे योग के श्वसन और पेट से संबधित क्रियाओ का स्वीकार करने की सिफारिश की थी। (समिति की रिपोर्ट, 9 मार्च, 1929)।

सन् 1929 मे उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० सुजा ने भी करीब-करीब इसी प्रकार की रिपोर्ट पेश की थी और लडके-लडकियों के लिये आसनों का अभ्यास 9 साल से देने की स्वीकृति दी थी। (रिपोर्ट, 1 जून, 1929)।

इन प्रयत्नो के फलस्वरूप 1938 मे तैयार किए गए शारीरिक शिक्षा के अभ्यासक्रम मे कुछ आसनों का अंतर्भाव हुआ। आज भी शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रम मे आसन पढाये जाते हैं और एन० एल० सी० पी० ई० के विद्यार्थी एम० एड० के लिये योग पर काम करते हुए भी दिखाई देते हैं।

कैवल्यधाम-लोनावला, नागपुर, सागर, पंजाब, कर्नाटक और अमरावती विश्वविद्यालयो ने योग-शिक्षक तैयार करने हेतु डी० वाई० एड० कोर्स भी चलाए हैं। गत 5-6 साल मे विश्वायतन, योगाश्रम का इस क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

योगाभ्यास पाठ्यक्रम की सद्यस्थिति

योग का असली स्वरूप आध्यात्मिक है यह बात सभी समितियो की रिपोर्ट मे लिखी गई है। इसका महत्व भी दोहराया गया है। फिर भी योग शिक्षा के पाठ्यक्रम मे आसनो को ही अधिक महत्व दिया गया है। फलस्वरूप आज यह स्थिति है कि शिक्षक तथा विद्यार्थियो के मन मे आसन ही योग है ऐसी भावना पक्की होती हुई दिखाई देती है। फिर ये आसन भी व्यायाम के तरीके से किये जाते हैं, और अब तो आसनो की स्पर्धाएं भी रखी जाने लगी हैं। और कुछ राज्यों मे यह सब

शारीरिक शिक्षा विभाग से हो रहा है। "योगश्री", "योगमति", "योगकुमार", "योगकुमारी" यह पुरस्कार भी प्रदान किये जा रहे है।

इस पार्श्वभूमि मे विद्यालयो मे तथा अन्य शिक्षा संस्थाओ मे योग शिक्षा के उद्देश्य क्या होने चाहिए, यह प्रश्न पुनः पुनः विचारार्थ सामने आता है। केवल शारीरिक क्षमता और भावनात्मक सन्तुलन ही योग शिक्षा का लक्ष्य रखना उचित होगा क्या? शारीरिक शिक्षा का भी यही उद्देश्य है। फिर योग और शारीरिक शिक्षा मे मूलभूत या बुनियादी रूप का फर्क कहा है? और यदि कोई फर्क नही है, तो फिर योग-शिक्षा जैसे नये विषय का अंतर्भाव अपनी शिक्षा नीति मे क्यो करना चाहिए? इस पर कुछ विचार नीचे प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

योग का प्रतिपाद्य विषय

1. जैसे हरेक विषय में अपना-अपना स्वतत्र प्रतिपाद्य विषय होता है वैसे ही आत्म-दर्शन, आत्म-साक्षात्कार, चित्त का द्रष्टापन, समाधि अवस्था, इद्रियो का प्रत्याहार, मन की धारणा, प्राण का आयाम आदि योग के प्रतिपाद्य विषय हैं। शुरू मे ये सज्ञाए तो डराने वाली दिखाई देती है। अपनी सरकार की निधर्मी पद्धति मे कैसी बैठ पाएगी? विद्यार्थियों को कौन और कैसे यह पढ़ायेगा? यह और इसी प्रकार के प्रश्नोपप्रश्न उपस्थित किये जाते हैं। और अत मे हर बार योग (हठयोग) के कुछ आसन तथा श्वसन प्रकार शारीरिक शिक्षा के शिक्षको द्वारा पढाने का निर्णय लिया जाता है।

2. आज की स्थिति मे पुराने जमाने के व्हॉल्व रेडियो पढाने वाला प्रोफेसर जैसे आधुनिक ट्रांजिस्टर टेक्नालाजी ठीक ढग से नहीं पढा पायेगा, वैसे ही शारीरिक शिक्षा शिक्षक योगशिक्षा के मूलभूत तत्वो को ठीक प्रकार से जानकर अच्छी तरह से नही पढ़ा पायेगा। यह कटु सत्य एक न एक दिन समझने की आवश्यकता तीव्रता से प्रतीत हो रही है।

3. इतर विषयो के माफिक योग की अपनी परिभाषा, संकल्पनाए तथा मान्यताए हैं। वह शारीरिक शिक्षा की परिभाषा, संकल्पनाओ तथा मान्यताओ मे एकदम भिन्न है। खेलकूद मे कर्त्ता-भाव को बढाने पर जोर है। उससे "अहभाव" तथा "अहकार" बढता है। योग मे द्रष्ट भाव को बढ़ाने का अभ्यास बताया जाता है। खेल मे "मारूगा या मरूगा" इस भाव को लेकर व्यवहार और बर्ताव होता है तो योग मे "जियो और जीने दो" इस भाव को बढाने की दृष्टि से अभ्यास होता है।

4. आधुनिक वैद्यकशास्त्र तथा आयुर्वेद की शरीर शास्त्र तथा शरीर विज्ञान की अपनी-अपनी सकल्पनाए तथा मान्यताए है, वैसे ही योग की अपनी सकल्पनाएं है। उदाहरण के रूप मे कुण्डलिनी, चक्र, नाडी, तत्व, महाभूत, पचप्राण, शरीरशुद्धि, प्राणशुद्धि, मन.शुद्धि, चित्तशुद्धि, आत्मशुद्धि, ये योग से सबधित सकल्पनाए है इन सबको योग विषय की वर्णमाला (alphabet) कहना उचित होगा। इनको छोडकर योग विषय पढाने की चेष्टा करना याने वकीली भाषा मे वैद्यक या इजीनियरिंग पढ़ाने के बराबर होगा। आज कुछ मात्रा तक वैसा ही व्यवहार योग शिक्षा के सदर्भ में हो रहा है।

योग शिक्षा के उद्देश्य

1. "मै कौन हू?", "मैं कहा हू?", "मैं कैसा हू?" इन प्रश्नो के उत्तर मिले, यह योग शिक्षा का उद्देश्य होना सर्वाधिक स्वाभाविक है। यह लक्ष्य धीरे-धीरे हासिल करने की दृष्टि से योग के अभ्यास-क्रम की रचना होना आवश्यक है। इसके लिये कुछ प्रयत्न तथा सशोधन भी अवश्यमेव करना पड़ेगा।

दुनिया के सभी व्याकरणो तथा भाषाओ मे, सभी राजनैतिक विचार-प्रणालियो मे तथा सभी धर्म-पथों मे "मैं", "तू", "वह" "हम" इत्यादि शब्द प्रयोग किये जाते है। परन्तु केवल योगशास्त्र ने इन शब्द प्रयोगों को ललकारते हुए "मैं कौन हूं?, कहा हू? कैसा हू" आदि प्रश्न उपस्थित करके उनका शास्त्रोक्त, विधिवत् तथा क्रमश उत्तर खोजने का प्रयत्न किया है। इसीलिये योग का यह प्रतिपाद्य विषय भारत के "निधर्मी" राजकीय तथा धार्मिक नीति मे बाधा नही डालेगा, अपितु पूरे विश्व को इस शास्त्र के विधिवत् अभ्यासक्रम तथा पद्धति से फायदा ही होगा।

पाश्चात्य राष्ट्र ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त

करते रहते हैं, तो भी वहा योग के बारे मे उत्सुकता है। याने स्वर्ण पदक जीतने के लिये वे योग की तरफ नही आ रहे। इसके विपरीत भारत मे योग के द्वारा हमारे खिलाडी स्वर्ण पदक कैसे प्राप्त कर सकेंगे, यह प्रश्न योग मे कार्य करने वालो से पूछा जाता है तथा इस उद्देश्य को सामने रखकर योग शिक्षा के अभ्यास-क्रम तैयार करने के प्रयास किये जाते है। इस पर बुनियादी तौर पर विचार तथा कार्य होना अनिवार्य है।

2. आधुनिक विज्ञान, वैद्यक तथा इंजीनियरिंग शास्त्र मे व्याख्यान और प्रत्याक्षिको का विषय एक रहता है। उसके कारण व्याख्यान कक्ष मे व्याख्याता जो बताता है, उसी विषय को प्रयोगशाला में विद्यार्थी स्वयं जांच करके खुद के निरीक्षणों द्वारा उन्ही निष्कर्षों तक पहुंचते हैं, जो किताबो मे पाये जाते है।

योग को शास्त्र का विषय मान लिया, तो जो प्रतिपादन ग्रन्थों मे किया है और जिसको लेकर योग की तात्विक बैठक बनती है उसका अनुभव स्वय के योगाभ्यास के द्वारा आना चाहिए, यही शास्त्रोचित रहेगा। परन्तु आज योग के प्रात्याक्षिक वर्ग मे जो अभ्यास कराया जाता है और तात्विक भाग मे जिसकी चर्चा होती है उनमे परस्पर सबध दिखाई नहीं देता। बहुत बार इसके विपरीत अनुभव आते है।

इसका ख्याल मे रखते हुए तात्विक भाग से सबधित क्रियात्मक भाग और तात्विक भाग योग-शास्त्र से सबधित रहे, यह हमारी योग शिक्षा का एक उद्देश्य रहना चाहिए।

3. योग मे शरीर, प्राण शक्ति और पुरुष की सकल्पना है। शरीर के माध्यम से प्राण शक्ति के द्वारा पुरुष तक पहुचने का अभ्यास तथा प्रयास करना होता है। खेल-कूद मे पुरुष तत्व से शुरू करके प्राण शक्ति द्वारा शरीर के माध्यम से शरीर के बाहरी विषय पर कार्य करना पड़ता है। यह परस्पर विरोधी अभ्यास तथा कार्य-प्रणालिया है। अतः योग शिक्षक के लिये योग्य प्रकार के प्रशिक्षण की जरूरत है। अन्यथा योग का विषय व्यायाम के स्तर तक ही सीमित रह जायेगा। और जब भारत के बाहर के लोग असली योग जानने मे व्यस्त हो गये हैं, तब हम भारतीय शिक्षाचार्य अपनी नई पीढी को केवल नकली योग देते रहेंगे। इसलिये योग शिक्षा के उद्देश्य ठीक ढग से तथा सुचारू रूप से निश्चित करना जरूरी है।

हमारी योग शिक्षा का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य विद्यार्थी को प्राण शक्ति के सबध मे विचार करने के लिये प्रवृत्त करना होना चाहिए। हम आम तौर से पाचन शक्ति, ग्रहण शक्ति, स्मरण शक्ति, विचार शक्ति, कार्य शक्ति, से संबधित शब्द प्रयोग करते है। परन्तु पूरी शिक्षा प्रणाली में उस शक्ति का अनुभव कैसे प्राप्त किया जा सकता है, इसके बारे मे किसी अभ्यासक्रम का निर्माण आज तक नहीं हुआ। इस दृष्टि से प्रयत्न करना आवश्यक है।

4. योग शिक्षा से "योगी" का निर्माण होना चाहिए ऐसा कोई भी कह सकता है। लेखक की दृष्टि में योग शिक्षा से "आदमी" का निर्माण करने का उद्देश्य विद्यालयो मे योग शिक्षा द्वारा संभव होना चाहिए। फिर व्यक्तिगत अभ्यास से कोई "योगी" बनता हो तो कोई हर्ज नही। केवल आदमी बनाना यह हमारी योग शिक्षा का अत्यंत उपयोगी और महत्वपूर्ण उद्देश्य होना चाहिए। □

संदर्भ

स्वामी कुवलयानद, "ए कोर्स आफ योगिक फिजिकल कल्चर फार एवरेज मैन आफ हैल्थ", योग मीमांसा, I, पृ० 291, 1924

स्वामी कुवलयानद, "कम्पलीट कोर्स इन योगिक फिजिकल कल्चर", योग मीमांसा, II, 288, 1926.

बम्बई सरकार, शारीरिक शिक्षा समिति रिपोर्ट, 1 मार्च, 1929.

उत्तर प्रदेश सरकार, डा० ए० सुजा की रिपोर्ट, 1 जून, 1929.

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान और प्रशिक्षण परिषद्, **योगासनाज, ए टीचर्स गाइड**, अक्तूबर, 1983.

महाराष्ट्र राज्य, **योग समिति का अहवाल**, 1 दिसबर, 1971

स्वास्थ्य मत्रालय, विश्वायतन योगाश्रम, **योगाभ्यास पाठ्यक्रम.**

डा० एम० वी० भोले, **"योगा एंड इट्स इंटेग्रेशन इन माडर्न एजुकेशन"**, **योग मीमासा**, (xxiv), 4, पृ० 36-41 1986.

डा० एम० वी० भोले, **"इम्पार्टेंट फंडामेंटल्स फार योगा एजुकेशन"**, **योग मीमांसा**, (xxiv) 2, पृ० 1-10, 1985.

शिक्षा मतलब मुक्ति
योग मतलब नया जन्म

स्वामी मनुवर्यजी
योग साधना आश्रम
16, प्रीतम नगर, एलीसब्रिज,
अहमदाबाद-380006

योग माने नया जन्म ।

साधारण मन की मायायुक्त और मर्यादित दुनिया मे से उन्नत, विशाल, भव्य और दैवी चेतना मे प्रवेश ।

बाहर के भौतिक प्रलोभनों के जाल मे से, अहकार के कारागार से विशाल चेतना में अवगाहन ।

ऐसी भूमिका-जहा दैविक शक्ति, व्यक्ति के जीवन को आमूल परिवर्तित कर दे, और दैविक चेतना वहा काम करे ।

ऐसे आत्मप्रकाश को प्राप्त किए हुए पुरुष के कार्य को ही सच्चा कर्म कहा जाता है, क्योकि ऐसा कार्य नि.स्वार्थ कार्य होता है, विश्वहित के लिए होता है । जिस समाज मे ऐसे पुरुष होते हैं ऐसा समाज सुखी और समृद्ध रहता है ।

शिक्षा का अर्थ है मुक्ति ।

"सा विद्या या विमुक्तये" । यह मुक्ति अर्थात् आत्म-ज्ञान । मनुष्य परमात्म स्वरूप है । इस सत्य को जो समझ सकता है, उसका अन्य मानवो के साथ का व्यवहार निष्काम और सरल होता है। जो इस सत्य को ग्रहण नही कर सकता, उसका व्यवहार स्वार्थपरायण और अहकारी होता है। ऐसा मनुष्य मानव जाति का सच्चा कल्याण नही कर सकता ।

आज मनुष्यकुल छिन्न-भिन्न हो गया है। उसको जागृत करने के लिए भागीरथ प्रयत्न की आवश्यकता है, सच्ची शिक्षा की आज खास जरूरत है ।

विज्ञान में प्रगति करने वाली और दुनिया की अति समृद्ध और पढ़ी-लिखी प्रजा आज युद्ध या वैर की अग्नि-ज्वाला मे जलती हुई दीख पड़ती है ।

दो विश्व युद्ध हमने देखे। विनाश का इतिहास सुना। क्या ऐसे ही विश्व का इतिहास पुनरावृत्त होगा ? नही । बुद्धिशाली मनुष्य इसको स्वीकार नही कर सकेगा। इस संहार मे से मनुष्य जाति को क्या हम उबार सकेंगे ? इसके उपाय ?

मनुष्य मे मनुष्यता के मूल को बोना—शिक्षा, सच्ची शिक्षा, ही यह काम कर सकती है ।

भविष्य की पीढी के लिये हम कैसा विश्व छोड़ जायेंगे ? बहुत लंबे अरसे की योजना है यह। जिस आम को हम आज बोते हैं, कल ही उसका फल नही मिल सकता ।

धैर्य और पुरुषार्थ के दो चक्र पर समाज का जगन्नाथ रथ चलता है । आज मानव मूल्यो को फिर से प्रस्थापित करना होगा। इसके लिए शिक्षा मे क्राति आवश्यक है। नये दर्शन की जरूरत है ।

बालक के तन, मन और आत्मा को विकसित कर सके ऐसी शिक्षा की अत्यन्त आवश्यकता है । मनुष्य महान है, क्योंकि वह परमात्मा का अश है, इस सत्य की प्रतीति के लिये मनुष्य को सच्चा ज्ञान प्राप्त करने की आवश्यकता है।

योग यदि जीवन जीने की कला बन सके तो यह कार्य सरल हो जाए ।

दुनिया की संस्कृति पर दृष्टि डालते है, तो समझ मे आता है, हर एक सस्कृति का सच उसकी आध्यात्मिक दृष्टि मे रहा है न कि उसकी भौतिक समृद्धि मे ।

मुझे आशा है कि अदर-बाहर के कुरुक्षेत्र से आहत मनुष्य कुल अगले वर्षो में नवपल्लवित होगा। सामान्य जन के लिए यह पृथ्वी सुखचैन से रहने की जगह बनेगी, और राष्ट्रीय पूर्वाग्रह तथा जाति के भेद नष्ट हो जायेगे । सच्ची शिक्षा से यह ज्ञान सभावित होगा ।

वेद के ऋषिमुनियो को मनुष्य कुल का और उसकी एकता का गहरा अनुभव था । उनके ग्रंथो मे से यह सब समझ सके है । उनका चरम लक्ष्य था मनुष्य की मुक्ति । उन्होने मनुष्य जीवन के ध्येय को जीवन के मर्म को पाकर तय किया ।

जीवन की करुण वास्तविकता का, उसके मृगजाल का, नश्वर सुख दुख के दर्शन करके, उन्होंने अनुभव के निष्कर्ष के रूप मे इन सबमे अनुस्यूत और उससे परे रहने वाले सत्य का दर्शन किया ।

धैर्य और पुरुषार्थ के दो चक्र पर समाज का जगन्नाथ रथ चलता है। आज मानव मूल्यो को फिर से प्रस्थापित करना होगा। इसके लिए शिक्षा में क्राति आवश्यक है। नये दर्शन की जरूरत है। बालक के तन, मन और आत्मा को विकसित कर सके, ऐसी शिक्षा की अत्यंत आवश्यकता है। मनुष्य महान है, क्योंकि वह परमात्मा का अंश है, इस सत्य की प्रतीति के लिए मनुष्य को सच्चा ज्ञान प्राप्त करने की आवश्यकता है। योग यदि जीवन जीने की कला बन सके तो यह कार्य सरल हो जाए। दुनिया की संस्कृति पर दृष्टि डालते हैं, तो समझ मे आता है हरेक संस्कृति का सच उसकी आध्यात्मिक दृष्टि में रहा है न कि उसकी भौतिक समृद्धि में।

जीवन और उसकी मर्यादा को स्वीकार करके, उससे ऊपर उठने की चाबी पाकर उन्होने मनुष्य मात्र मे, और सकल ब्रह्माड मे परम तत्व के दर्शन किये। और उस अनुभव को पाने के लिए मनुष्य जाति को रास्ता दिखाया। उसमे से भगवान के साथ योग होने का मार्ग जन्मा।

जीवन-परमात्मा का एकत्व माने योग। और भिन्नत्व माने जगत। अष्टांग योग परमात्मा प्राप्ति की सीढी है, जिसके आठ सोपान है।

यह समस्त विश्व परमात्मा का आविष्कार है। इस दैवी सत्य के साथ एकत्व का अनुभव करके कार्य करने वाला ही सच्चा जीवन जीता है। बाकी लोग धौकनी की तरह जीते होगे।

अर्थ और काम जीवन का परम लक्ष्य नही हो सकते।

शिक्षक, विद्यार्थी के लिए सानुकूल वातावरण का सर्जन करके उसकी शक्तियो को यू ही विकसने देता है। कोमल विद्यार्थी मे अच्छे संस्कार का सिंचन हो, तभी उज्ज्वल भविष्य की आशा सभावित हो सकती है।

शिशुशाला से ही बालकों को सरल आसन की शिक्षा दी जाये तो एकाग्रता सिद्ध करने मे उपयोगी हो जाए। नन्हे बालकों की एकाग्रता बढ़ती है, और साथ-साथ स्मृति भी तेज बन सकती है। अभ्यास सरल हो जाता है। शरीर सुदृढ और चपल तथा मन बुद्धि निर्मल बन जाती है। लेकिन हमने तो ऐसी शिक्षा प्रणाली पाई है, जो शिशु अवस्था मे ही बालको को अहकारी बना दे, उसकी चेतना को बांधकर सीमित करदे। इस शिक्षा ने उसके विकास को कुचल दिया है, उसको मुक्ति का आनद नही लेने दिया।

बालक ज्यों-ज्यो बडा होता जाता है, उसका आतरिक विकास होना आवश्यक है। वह केवल शरीर नही है, न तो मन है, न बुद्धि। इन सबके ऊपर उठने वाली जो शक्ति है—वह है। परम सत्य का ही वह एक अश है, ऐसा उसको सच्चा मनुष्य बनाने के लिए अति आवश्यक है।

जिस शिक्षा की रचना मनुष्य-मनुष्य के भेद पर हुई हो, वह अपूर्ण ही रहेगी। आज की शिक्षा मे, विविध-विषयो की परवरिश हुई है। लेकिन शिक्षा लेने वाला विद्यार्थी उनके मूल के बारे मे प्राय. अनभिज्ञ होता है।

योग-मात्र का हेतु स्वरूप की प्राप्ति है। स्व-पहचान है।

उपनिषदकार कहते है—"जीवन एक यात्रा है"। यह यात्रा सुखद बनाने के लिए यात्री अपने बारे मे तथा आस-पास के जगत और जीव के बारे मे तथा आस-पास के जगत और जीवन के बारे मे जानकारी प्राप्त करे, ऐसा जरूरी है।

हम सब प्रभु की उस सत्ता से ही टिके है। ऐसा ज्ञान अति आवश्यक है। मनुष्य के मन मे, हृदय मे, शांति हो, तभी इस सत्य को हम समझ सकते है। इसके लिए चित्त का शात होना आवश्यक है। इसके लिए योगासन का व्यवस्थित अभ्यास तन, मन के आतरिक विकास के लिए आवश्यक है। माध्यमिक शालाओं मे योग के अभ्यास को (सिर्फ परीक्षा मे पास होने के एक विषय के रूप मे नही) स्थान दिया जाए, तो हमारी शिक्षा मे एक नया प्रस्थान हो सके, नवयुग का सर्जन सभावित हो।

समाज के स्वास्थ्य का आधार उसके व्यक्तियो पर है, और व्यक्तियो का स्वास्थ्य उनके शारीरिक, मानसिक, और बौद्धिक विकास पर निर्भर है। जिस समाज की नींव मे अच्छे सस्कार पड़े होगे, वह महान राष्ट्र मे परिवर्तित हो सकेगा।

अब हम आसन और प्राणायाम की बात करें— हठयोग

की क्रियाए आत्मोन्नति के लिए ही विकसित हुई है, क्योंकि हठयोग का ध्येय भी समाधि द्वारा आत्मदर्शन ही है।

शरीर को सुदृढ बनाकर, अदर से स्वच्छ और सुदर करके मन को अतर्मुख करके शाति के अनुभव और सुख के लिए ही आसन प्राणायाम की हठयोगियों ने रचना की है। लेकिन बाद मे मूल हेतु की विस्मृति या लोप होने के कारण हठयोग की क्रियाए सिर्फ शरीर उन्नति के लिए ही ग्रहण की जाने लगी और लोग भौतिक काम की ओर अधिक लालायित हुए, और मूल ध्येय-स्वरूप ज्ञान को बिसार दिया गया।

आध्यात्मिक हेतु भूलकर की हुई हठयोग की क्रियाये शरीर सौष्ठव अवश्य दे सकती है, यौवन को भी यथावत् रख सकती है। फिर भी ये क्रियाएं आत्माविहीन और निष्प्राण बन जाती है।

हम सब जानते हैं कि कई असाध्य रोग हठयोग की क्रियाएं नियमित रूप से करने से मिट सकते है। विविध आसन जठर, मगज, आतरस्राव, आंत, हृदय, फेफड़े, थाइराइड और पेराथाइराइड ग्रथि, पर अच्छा असर करते हैं, पीच्युटरी और पीनियल ग्रथियो का विकास करते हैं। और तन-मन और आत्मा की कई सूक्ष्म शक्तिओ का विकास करते हैं, जो मनुष्य के लिए अति उपकारक सिद्ध हाते हैं—उसके निजी जीवन मे, और सामाजिक जीवन दोनों में।

ध्यान धारणा के साथ हठयोग की क्रियाए चित्तशुद्धि के लिए काफी सहायक होती है।

ऐसे शुद्ध मनुष्य जिस समाज मे अधिक होगे उतना ही वह समाज तन, मन, और आत्मा से सब तरह से स्वस्थ हो सकता है और सच्चे अर्थों मे विकसित और समृद्ध कहा जा सकता है। आज के विज्ञान ने मनुष्य को भौतिक सुख का इन्द्र बना दिया है। अष्ट सिद्धि और नवनिधि के उपभोग की समृद्धि उसके पास खड़ी कर दी है। लेकिन आतरिक विकास के बिना भौतिक सुख पशुता की ओर ले जाता है। उसमे से ही, उस भौतिक सुख की लालसा मे से ही, परस्पर वैमनस्य, संघर्ष, कलह और युद्ध निष्पन्न होते हैं।

विज्ञान द्वारा अत्यन्त विकसित बनी हुई दुनिया की समृद्ध प्रजाओ ने युद्ध द्वारा मनुष्यकुल का सहार तीव्र बनाया है, और गतिपूर्ण भी।

विज्ञान की प्रगति ने मनुष्य को राक्षसी बल दिया है और बाहर से सस्कारी दिखने वाले और अदर असस्कृत मनुष्य ने नर-सहार ही किया है।

हमे सच्ची शिक्षा द्वारा मनुष्यो मे मनुष्यता के बीज बोने हैं। इसके लिए शैशव से ही अच्छे संस्कारो का सिंचन होना जरूरी है। जिस प्रजा के तन सुदृढ, मन बलवान और मजबूत आत्मविश्वास हो, उसी को सस्कार युक्त प्रजा कह सकते है।

विज्ञान के बल पर एटमबम बनाकर अन्य प्रजाओ का विनाश करे, उनके प्रदेश को जीतकर उन पर शासन करे, ऐसी प्रजा को संस्कारी प्रजा नही कह सकते। पृथ्वी के ऊपर स्वर्ग की रचना करके मनुष्यकुल सुख से रहे, परस्पर कलह न करे, तो जीवन यात्रा सफल हो सके। शिक्षा मात्र का हेतु समता, शाति और सुख है।

वनस्पति और प्राणीका (सिर्फ) बहिर्विकास होता है, जबकि मनुष्य का आतंरिक विकास। यही उसकी सस्कारिता है।

मनुष्य के हृदय की मरूभूमि मे मनुष्यता की धारा प्रकट हो वही (सच्ची) शिक्षा है।

आज हमे चारो ओर आवाज ही आवाज सुनाई देती है चित्त को अस्वस्थ बनाने वाली अर्थहीन प्रवृत्ति चारो ओर दिखती है, जबकि मनुष्य की प्रवृत्ति मात्र का केन्द्र सबका कल्याण और आत्मानद हैं। ऐसा बोध हो जाए, तो उसका नि.स्वार्थ कार्य परमात्मा मे से प्रेरणा की प्राप्ति कर सके। ऐसे मनुष्य ही सच्ची सेवा, लोक-कल्याण और मनुष्यता की सुगन्ध को फैला सकेगे।

सच्चा नि:स्वार्थ कार्य समाज के युग की माग है।

तो आओ

हम सब उस कार्य के लिए आसनस्थ बने और सब तरह के तन मन के रोग, मानसिक तनाव, सघर्ष, व्यग्रताए, और अशातियो को परम शाति द्वारा दूर करे। □

योग तथा शारीरिक शिक्षा

डॉ० म. ल. घरोटे
प्राचार्य
गो० से० योग तथा संस्कृत समन्वय महाविद्यालय
कैवल्यधाम, लोनावला-410403

प्रस्तावना

आज योग का शारीरिक शिक्षा के साथ सम्बन्ध जोडा जा रहा है। परन्तु यह विचार कोई नया नही है। शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र मे योग का प्रवेश प्राय साठ वर्ष पहले ही हो चुका है।

शारीरिक शिक्षा के अभ्यासक्रम मे कतिपय योगासनो का अतर्भाव सर्वप्रथम 1927 मे बम्बई शासन द्वारा श्री के. एम मुन्शी की अध्यक्षता में नियुक्त समिति ने किया था। उसके बाद 1937 मे बम्बई शासन द्वारा गठित कुवलयानन्द समिति द्वारा राज्य मे शारीरिक शिक्षा की जो योजना बनाई गई उस योजना के अन्तर्गत देशी व्यायामो पर बल देते हुए जो अभ्यासक्रम बनाया गया उसमे योगासनो को भी महत्व दिया गया। 1937 मे कांदिवली मे बम्बई शासन द्वारा जो शारीरिक शिक्षा सस्था की स्थापना हुई, उसके अभ्यासक्रम मे अन्य व्यायामो के साथ योगासन भी सिखाए जाते थे। परन्तु 1956 मे शारीरिक शिक्षा की जो राष्ट्रीय योजना बनाई गई, उसमे शारीरिक शिक्षा के अन्य अभ्यासक्रमो के साथ योग का भी एक अभ्यासक्रम स्वीकार किया गया। इस प्रकार योग-व्यायामो की शिक्षा शारीरिक शिक्षा का अग बन गई। इसे स्थायी रूप देने हेतु शारीरिक शिक्षको के लिए योग प्रशिक्षण का विचार सर्वप्रथम सन् 1959 मे केन्द्रीय शिक्षा विभाग ने किया। तदनुसार शारीरिक शिक्षको के लिए पहला योग प्रशिक्षण शिविर 1959 मे स्वामी कुवलयानन्द जी के निर्देशन में लोनावला मे सम्पन्न हुआ। तब से लगातार इन शिविरो का आयोजन शारीरिक शिक्षको के लिए लोनावला के कैवल्यधाम में आज तक किया जा रहा है।

वैचारिक पृष्ठभूमि

योग तथा शारीरिक शिक्षा मे ध्येय एव उद्देश्य की दृष्टि से बहुत समानता पाई जाती है।

"शारीरिक शिक्षा, शिक्षा की प्रक्रिया का अनिवार्य भाग है जिसका कार्य शारीरिक व्यायामो द्वारा शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तथा सामाजिक दृष्टि से स्वस्थ व्यक्तियो का निर्माण कर शिक्षा के उद्देश्यो की पूर्ति करना है।"

योग तथा शिक्षा का अन्तिम उद्देश्य एक ही है—व्यक्तित्व का सभी स्तरो पर अत्युच्च विकास। इस दृष्टि से योग का शिक्षा के साथ साम्य दिखाई देता है। योग का अर्थ एवं उद्देश्य व्यक्तित्व का आत्यन्तिक संतुलन प्राप्त कराना है।

शारीरिक शिक्षा शरीर से सम्बन्धित होने पर भी शिक्षा का अविभाज्य अंग है। योग मे भी शरीर द्वारा साध्य प्राप्त कराने वाला अग हठयोग कहलाता है। इस-लिए हठयोग तथा शारीरिक शिक्षा मे भी साम्य है। दोनों के विषय मे लोगो के मन मे कई प्रकार की गलत धारणाएं पाई जाती है। उन्हे दूर करने की बहुत आव-श्यकता है।

(हठ) योग तथा शारीरिक शिक्षा के समान उद्देश्य

(1) स्वास्थ्य एव शारीरिक क्षमता (Health and Physical Fitness)

(2) स्थिरता (Emotional Stability)

स्वास्थ्य की धारणा विशाल है जिसमे शारीरिक एव मानसिक पहलू सम्मिलित है। शारीरिक पहलुओ का विचार शारीरिक क्षमता तथा कौशल की दृष्टि से किया जा सकता है। शारीरिक क्षमता का अर्थ "विशिष्ट काल मे विशिष्ट शारीरिक कार्य करने की क्षमता" इस प्रकार होता है। शारीरिक क्षमता को तीन विभागो मे विभाजित किया जाता है। एक, शरीर-रचना, जो मासपेशियों, हड्डियो तथा चरबी के अनुपात पर निर्भर होती है। दो, विभिन्न इन्द्रियो की, विशेषकर, श्वसन तथा रक्ताभिसरण संबधी इन्द्रियो की कार्यक्षमता। तीन मासपेशियो की कार्यक्षमता जिसमे गति, ताकत, सहनशीलता, लचीलापन,

तौल आदि घटक सम्मिलित होते है तथा वे एक दूसरे से सम्बन्ध रखते है ।

कौशल का निम्नलिखित 6 प्रकार से वर्गीकरण किया जा सकता है :

(1) निजी, (2) तालबद्धता, (3) गुरुत्वाकर्षण से सम्बन्धित, (4) घर्षण से सबधित, (5) छोटी वस्तुओं से सबधित, (6) वजनदार वस्तुओ से संबधित ।

इस वर्गीकरण के अन्तर्गत निम्नलिखित आधारभूत क्रियाए सम्मिलित है जैसे—दौडना, कूदना, लुढ़कना, ऊपर चढना, तौल सभालना, लात मारना, घूमना, गोलाकार धकेलना, फेकना, पकडना, चलना, खीचना, ऊपर उठाना और ढोना, टकराना ।

मानसिक पहलू अधिकतर मन से तथा भावनाओ से सम्बन्धित होता है । मन· शांति मानसिक स्वास्थ्य का प्रमुख लक्षण है । भावनाओ के प्रक्षोभ से मन की अशांति बढती रहती है । इसलिए भावनाओ का नियत्रण मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यावश्यक है ।

भावना एक प्रकार की संवेदना है जिसकी प्रतिक्रिया मे मनोकायिक परिवर्तन होते है । भावना नियत्रण का अर्थ भावनाओं को प्रकट न करना ऐसा नहीं । इसका अर्थ है भावनाओं के प्रक्षोभ से अपनी विचार शक्ति को नष्ट न होने देना । भावना-नियत्रण को ही भावनात्मक परिपक्वता कहते है, जिसके निम्नलिखित लक्षण होते है ।

(1) नैराश्य झेलने की क्षमता मे वृद्धि ।

(2) भावनाप्रक्षोभ की तीव्रता तथा पुनरावृत्ति मे कमी ।

(3) आतरिक तथा बाह्य भावनात्मक प्रक्षोभ मे कमी ।

(4) आत्मभर्त्सना की अवस्था मे कमी ।

(5) भावनात्मक बाह्यदर्शी परिवर्तन के लक्षणो मे कमी ।

"जीवन की अप्रिय घटनाओ को, जिनका कारण कोई भी हो, वस्तुस्थिति मानकर उनका मुकाबला करना, न कि उनसे द्वेष करना, यह भावनात्मक परिपक्वता का लक्षण है ।" रेनि वुडवर्ड ।

योग तथा शारीरिक शिक्षा दोनो ही अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में विभिन्न साधनो का उपयोग करते हैं ।

योग तथा शारीरिक शिक्षा के साधन

शारीरिक शिक्षा के साधनो की नीव है विविध प्रकार की शारीरिक क्रियाए जिनका वर्गीकरण निम्न प्रकार से किया जा सकता है ।

शारीरिक क्रियाओं का वर्गीकरण

1. मूलवृत्तियों पर आधारित नैसर्गिक क्रिया
   - (क) अभिनय
   - (ख) लयबद्ध क्रियाएं
   - (ग) अथलेटिक क्रीडाए
   - (घ) व्यक्तिगत द्वन्द्व
   - (ङ) जल क्रीड़ा
   - (च) शीत कालीन क्रीडाएं
2. सबधित क्रिया, व्यवसाय अथवा आवश्यकता के अनुसार
3. सशोधित अथवा निर्मित क्रिया
   - (क) सचलन
   - (ख) कवायत
   - (ग) निर्मित खेल

योग तथा शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद मे जो आपसी सहयोग होना चाहिए वह आज दिखाई नही देता। सम्भवतः शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में योग के महत्वपूर्ण योगदान के विषय मे अब भी बहुत अज्ञान है। इसलिए शारीरिक शिक्षा के विकास में हम आज योग के योगदान का उचित लाभ नहीं उठा पा रहे है। उपर्युक्त विवेचन से यह ज्ञात होगा कि शारीरिक शिक्षा के साधनों की कुछ कमिया हैं जो योगाभ्यास के अन्तर्भाव से दूर की जा सकती हैं। योग तथा शारीरिक शिक्षा परस्पर पूरक है। इस नाते उनका आपसी सहयोग मानव के लिए अति उत्तम सिद्ध होगा।

उपर्युक्त विभिन्न बडी मांसपेशियो की क्रियाओ द्वारा शारीरिक क्षमता के विभिन्न घटको मे वृद्धि होती है तथा शारीरिक स्वास्थ्य संवर्धन होता है। खेलकूद आदि हलचलों से सचित भावनाओ का आविष्कार होता है जिससे भावनात्मक स्वास्थ्य प्राप्त करने मे मदद मिलती है।

योग के साधनो का वर्गीकरण निम्न प्रकार से किया जा सकता है .

(1) आसन, (2) प्राणायाम, (3) बन्ध-मुद्रा, (4) शुद्धिक्रिया, (5) ध्यान, (6) व्यवहार नियंत्रण के अभ्यास।

आसन

शारीरिक तथा मानसिक स्थिरता प्राप्त करने हेतु की गई शरीर की सुखद एवं विशेष रचना आसन कहलाती है। उसका उद्देश्य मांसपेशियो की तानस्थिति (Muscle Tone) में सुधार लाकर चेतनिक सवेदनाओ मे संतुलन निर्माण करना है। आसन केवल शारीरिक व्यायाम नही है। वह एक मनोकायिक प्रक्रिया है।

शरीर की स्थिर एव आराम से बैठने की अवस्था ध्यानोपयोगी आसन कहलाती है। हाथ पैरों की विभिन्न रचना के आधार पर बहुत से ध्यानोपयोगी आसन बन जाते हैं।

शरीर की विभिन्न मासपेशियो मे उचित तानस्थिति लाने के लिए एक स्थिरताप्रधान तानन प्रक्रिया (Static Stretching Procedure) व्यायामात्मक आसन कहलाती है। उनका उद्देश्य मेरुदण्ड को सुदृढ एवं लचीला बनाना है। इन आसनों के कई प्रकार हैं जो शरीर की विभिन्न अवस्थाओं मे किए जाते है।

शरीर को तथा मन को विश्राम देने वाले आसन विश्रामदायक कहलाते है।

आसन अन्य योगाभ्यास के आधारभूत होते है।

प्राणायाम

यह श्वमन सवेदनाओ पर नियंत्रण लाने वाली प्रक्रिया है। प्रारम्भ मे श्वास एवं प्रश्वास पर नियत्रण लाकर बाद मे श्वासावरोध किया जाता है। प्राणायाम के अभ्यास द्वारा अनिच्छावर्ति चेतन संस्थान पर नियत्रण लाकर मनोव्यापार पर भी अच्छा प्रभाव डाला जाता है। योग परिभाषा मे नियत्रित श्वास को पूरक, नियंत्रित श्वासावरोध को कुम्भक और नियंत्रित प्रश्वास को रेचक कहते है। ध्यान जैसी यौगिक प्रक्रिया में प्राणायाम से बहुत मदद मिलती है।

बन्ध-मुद्रा

शरीर की विशिष्ट अर्ध-ऐच्छिक तथा अनैच्छिक मासपेशियो पर नियत्रण लाने वाली ये प्रक्रियाए है। इन मासपेशियो पर नियत्रण लाने से क्रमश अनिच्छावर्ति चेतन सस्थान (Autonomic Nervous System) पर नियत्रण आता है। इनके अभ्यास से आतरिक इन्द्रियो की तानस्थिति (Tone) उचित अवस्था मे आती है, उनमे सचित द्रव्यो को बाहर निकाला जाता है तथा उनकी कार्यक्षमता मे सुधार होता है।

प्राणायाम मे उपयोगी मुद्राओं को बन्ध कहा जाता है।

शुद्धिक्रिया

शरीर शुद्धि की प्रक्रियाए छ भागो मे विभाजित की गई है। उन्हे षट्क्रियाए भी कहते है। उनके नाम है— धौति, बस्ति, नेति, त्राटक, नौलि और कपालभाति।

स्वास्थ्य रक्षा मे शुद्धि क्रियाओं का बड़ा ही महत्व है। इनके अभ्यास से विभिन्न संस्थान तथा इन्द्रियो की सहनशीलता बढ़ती है। मनोकायिक संतुलन प्राप्त करने में शुद्धि क्रियाए बहुत मदद करती है।

ध्यान

किसी वस्तु, नाद, कल्पना या अनुभव विशेष पर मन एकाग्र करने की सर्वागीण तथा वैशिष्ट्यपूर्ण प्रक्रिया ध्यान कहलाती है। ध्यान के अभ्यास से मन शांत होता है।

व्यवहार नियंत्रण के अभ्यास

योग की परिभाषा मे इन्हे यम तथा नियम कहते है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह ये पाच यम तथा शौच, सतोष, तपस्, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान ये पाच नियम हैं। इनका व्यक्तिगत अभ्यास स्वेच्छा से नियत्रित व्यवहार के लिए किया जाता है।

योगसाधन तथा शारीरिक शिक्षा के साधनों की तुलना

योगसाधन	शारीरिक शिक्षा के साधन
(1) स्वरूप	
योग के साधन बहुरूपी होते है। प्रत्येक साधन की विशेषता होती है। आसन स्थिर प्रकार के व्यायाम हैं।	सभी साधन हलचलयुक्त तथा आवर्तनसहित व्यायाम के रूप मे होते है। सभी व्यायाम अस्थिर होते हैं।
(2) शक्तिव्यय	
कम ताकत खर्च होती है। इनसे थकान नही आती, बल्कि ताजगी आती है।	इन साधनो मे ताकत अधिक खर्च होती है। शीघ्र थकान आती है।
(3) शरीरसंवर्धन	
मासपेशियो के विकास की अपेक्षा इनका बल अतरेन्द्रियो की स्वास्थ्य रक्षा पर होता है।	इनसे मांसपेशियो का अधिकतर विकास होता है।
आसनो के द्वारा मेरूदण्ड का लचीलापन और स्वास्थ्य प्राप्त होता है।	इनमे मेरूदण्ड का लचीलापन प्राप्त करने पर इतना बल नहीं दिया जाता जितना कि मांसपेशियों के विकास पर दिया जाता है।
योगसाधनो द्वारा भी सामान्य मनुष्य की आवश्कतानुसार शारीरिक क्षमता के विभिन्न घटकों मे सुधार होता है।	शारीरिक क्षमता के विभिन्न घटक, जैसे गति, लचीलापन, ताकत, सहनशीलता, कौशल, तोल आदि मे सुधार लाया जाता है।
यह पाया गया है कि योगसाधन स्थिरस्वरूप होने के बावजूद रक्ताभिसरण की कार्यक्षमता बढाने मे सक्षम है। इनका अभ्यास अधिकतर व्यक्तिगत होता है।	रक्ताभिसरण की कार्यक्षमता बढ़ती है जो कि स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इनका अभ्यास सामूहिक होता है।

योगसाधन	शा. शि. साधन
इन में स्पर्धा की भावना नहीं होती ।	इनमे स्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया जाता है ।
(4) भावनात्मक प्रशिक्षण	
आसन प्राणायाम जैसे अभ्यासो द्वारा तनावों से मुक्ति होती है। अनिच्छावर्ति कार्यों के नियंत्रण द्वारा भावनात्मक प्रशिक्षण होता है । फलस्वरूप मन को शाति मिलती है।	बडी मासपेशियो की हलचलो द्वारा तनाव कम होता है तथा संचित भावनाओ का आविष्कार होकर भावनात्मक स्वास्थ्य-लाभ होता है । परन्तु इस उद्देश्य की ओर अधिक ध्यान देना आवश्यक है ।
(5) भावी उपयोगिता	
बड़ी उम्र मे जब कि अन्य शक्तिशाली व्यायाम नहीं कर सकते, तब योग के साधन अपनाए जा सकते हैं । पूरे जीवन में उपयोगी व्यापक तथा सीमारहित ये साधन है। इन साधनो से मनुष्य अन्तर्मुख बनता है ।	शारीरिक शिक्षा के साधन बडी उम्र मे बहुत काम नही आते । इन साधनो से मनुष्य बहिर्मुख बनता है तथा उसे अन्तर्मुख बनने का कोई अवसर प्राप्त नही होता जो कि जीवन का एक आवश्यक अग है ।

योग का शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद के प्रति योगदान

योग के साधनो का विनियोग हम शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद के प्रति अच्छी प्रकार से कर सकते हैं । यह निम्न प्रकार से सम्भव होता है ।

1. खेलकूद मे पहुचने वाली चोटों के प्रतिबध के लिए।
2. खेलकूद में पहुंचने वाली चोटो के उपचार के लिए।
3. खेलकूद के संवर्धन के लिए ।
4. खेलकूद मे आवश्यक शारीरिक क्षमता कायम रखने के लिए ।

1. चोटों का प्रतिबन्ध

हर खेलकूद मे जोरदार हलचले होती है । सभी जोरदार हलचलें मासपेशियों का सकोचन करती हैं तथा उनकी अत्यधिक खिचाव के प्रति सवेदनशीलता बढ़ती है। जितना ही खिलाड़ी तीव्र तथा जोरदार हलचलो से सबधित कार्य करता है, उतना ही उसके लिए मासपेशियो के खिचाव की अधिक आवश्यकता होगी । चोटो के प्रतिबध के लिए डा० हर्बर्ट डेव्रिस ने मासपेशियो के खिचाव का अभ्यास बहुत उपयोगी बताया है । जब कोई खिलाडी किसी जोरदार व्यायाम या खेल का तीव्रता से अभ्यास करता है तब उसकी मासपेशियो के ततुओं को चोट पहुंचती है । जब चोट मे सुधार होता है तब वह मासपेशियां छोटी तथा सख्त बनती है । ऐसी मासपेशियो को बार-बार चोट पहुंचने का भय होता है ।

2. चोटों का उपचार

मासपेशियो का वेदनाजनक संकोचन (Muscle spasm) दूर करने के लिए आसनो का उपयोग किया जा सकता है। मांसपेशियो का कड़ापन आसनो के खिचाव से दूर होता है । हर्बर्ट डेव्रिस ने इस प्रकार आसनों की उपयुक्तता बताई है ।

3. खेलकूद का सवर्धन

यह सवर्धन निम्नलिखित बातों पर निर्भर होता है ।

(अ) आधारभूत क्षमता के घटक
(ब) विशिष्ट खेलकूद के कौशल
(स) मानसिक घटक

विभिन्न योगाभ्यासों द्वारा विविध आधारभूत शारीरिक क्षमताओ के घटको मे वृद्धि होती है। यह अनुसधान से पाया गया है।

खेलकूद के कौशल मांसपेशियो तथा चेतनिक सस्थान के समन्वित कार्य पर निर्भर होते है। योगाभ्यास के माध्यम से इस मे सुधार होता है।

भावना का घटक किसी भी खेलकूद मे महत्वपूर्ण होता है। भावना पर योग्य नियत्रण खेलकूद का स्तर बढ़ाता है। योगाभ्यास के माध्यम से अनिच्छावर्ति चेतन सस्थान (Autonomic Nervous Sytem) के द्वारा भावनाओ पर यथोचित नियंत्रण लाया जा सकता है।

(4) शारीरिक क्षमता की रक्षा

प्रतियोगिताओ के समय ही केवल शारीरिक क्षमता आवश्यक नही होती, बल्कि अन्य समय मे भी वह आवश्यक है। सभी समय शारीरिक क्षमता को बनाए रखने मे योगाभ्यास महत्वपूर्ण योगदान करता है।

योग तथा शारीरिक शिक्षा में आपसी सहयोग

योग तथा शारीरिक शिक्षा एव खेलकूद मे जो आपसी सहयोग होना चाहिए वह आज दिखाई नही देता। सम्भवत: शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र मे योग के महत्वपूर्ण योगदान के विषय में अब भी बहुत अज्ञान है। इसलिए शारीरिक शिक्षा के विकास मे हम आज योग के योगदान का उचित लाभ नही उठा पा रहे हैं। उपर्युक्त विवेचन से यह ज्ञात होगा कि शारीरिक शिक्षा के साधनो की कुछ कमिया हैं जो योगाभ्यास के अन्तर्भाव से दूर की जा सकती हैं। योग तथा शारीरिक शिक्षा पूरक होने के नाते उनका आपसी सहयोग मानव के लिए अति उत्तम सिद्ध होगा। □

योग तथा नैतिक मूल्यों की शिक्षा

योगाचार्य भास्करानंद परमहंस
शंकराचार्य योगपीठ, सवाईमाधोपुर
(राजस्थान)

उपर्युक्त शीर्षक मे तीन शब्द हमारे सम्मुख आते है। सर्वप्रथम योग, द्वितीय नैतिक मूल्य, तृतीय शिक्षा । तीनों शब्द देखने मे पृथक-पृथक प्रतीत होते है किन्तु परस्पर एक दूसरे के पूरक है ।

योग युज् धातु से निष्पन्न शब्द है जिसका अभिप्राय मेल है। दो और दो चार होते हैं । योग के इस सामान्य अर्थ से भिन्न आत्मा परमात्मा के मेल को योग कहा जाता है ।

नैतिक मूल्य से तात्पर्य जीवन को उन्नत करने वाले तत्व यथा सत्य, अहिंसा, शौच, स्वाध्याय आदि गुणों का विकास करना है । शिक्षा इन गुणो का विकास करने का माध्यम है । अत' स्पष्ट है कि शिक्षा के माध्यम से योग द्वारा मानव मे नैतिक मूल्यों का विकास होता है ।

महर्षि याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—

अद्भिर्गात्राणि शुद्धयन्ति मन' सत्येन शुद्धयति ।
विद्या तपोभ्या भूतात्मा बुद्धिर्ज्ञानेन शुद्धयति ।।

अर्थात् शरीर शुद्धि तो जल से हो जाती है किन्तु मन की शुद्धि सत्य से और विद्या तथा तप से जीवात्मा की और ज्ञान से बुद्धि की शुद्धि होती है ।

आत्मा नदी सयम पुण्यतीर्था,
सत्योदका शीलतटा दयोर्भिः ।
तत्राभिषेक कुरू पाण्डुपुत्र !,
न वारिणा शुध्यति चान्तरात्मा ।।

पातन्जल योग दर्शन मे शौच[1] सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान को महत्वपूर्ण माना गया है ।

वास्तव मे आज इन सबकी आवश्यकता है । पवित्रता, तप, सन्तोष और स्वाध्याय यदि आज विद्यार्थी के जीवन मे उतार दिए गए, तो ये गुण उसके सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त हैं ।

नवीन शिक्षा नीति में योग के महत्व को सराहा गया है और उसे पाठ्यक्रम मे यथासम्भव स्थान देने का प्रयत्न भी किया जा रहा है। किन्तु इस शिक्षा नीति के कार्यरूप मे परिणत होने पर यह देखा जाएगा कि योग शिक्षा मे कितना स्थान प्राप्त कर सका है। यदि योग को समुचित स्थान मिल गया तो मै दावे के साथ कह सकता हूं कि बालकों मे नैतिक मूल्यों का निरंतर वर्धन होगा और बालक देश के भावी कर्णधार बनकर राष्ट्र की डगमगाती नौका को सम्भालेगे और उसे सही दिशा प्रदान करेंगे ।

इसके अतिरिक्त अहिंसा[2] जैसा गुण यदि व्यक्ति ने अपने जीवन मे उतार लिया तो समझो कायाकल्प ही हो गया । आज विद्यालयो मे अनुशासनहीनता जो सामान्य विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक व्याप्त हो रही है, उसे समाप्त करने के लिए न पुलिस की दण्ड व्यवस्था ही सक्षम है न शिक्षको द्वारा कठोर दण्ड व्यवस्था, अपितु नैतिक मूल्यो का वर्धन ही इसमे सफलता देगा । और यह कार्य योग द्वारा ही सम्भव है। योग व्यक्ति मे दृढता तो प्रदान करता ही है, साथ ही अहिंसा[3], सत्य, तप, ब्रह्मचर्य[4] आदि सद्गुणो का विकास कर व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारता है । ब्रह्मचर्य को पुष्ट करने मे योग आसनो[5] का सहयोग प्राप्त करता है । सिद्धासन, पद्मासन, भद्रासन, वीरासन, मयूरासन, भुजगासान आदि अनेक आसन है, जिनके माध्यम से व्यक्ति अपने को निरोग रख सकता

---

1. पा० यो० द०, सा० पा० 2 (32) शौचसन्तोषतप: स्वाध्यायेशवरप्रणिधानानि नियमा. ।
2. पा० यो० द०, सा० पा० 35 अहिंसाप्रतिष्ठाया तत्सन्निधौ वैरत्याग: ।
3. पा० यो० द०, सा० पा० 36 सत्यप्रतिष्ठाया क्रिया फलाश्रयत्वम् ।
4. पा० यो० द०, सा० पा० 38 ब्रह्मचर्यप्रतिष्ठायां वीर्यलाभ: ।
5. पा० यो० द०, सा० पा० 46 स्थिरसुखमासनम् ।

है। साथ ही ब्रह्मचर्य को पुष्ट कर व्यक्ति दीर्घ जीवन प्राप्त करता है।

यद्यपि इन आसनो की सख्या 84 लाख योनियों के तुल्य अनन्त है कुछ विद्वानो ने प्रमुख रूप से 84 आसनो को स्वीकार किया है किन्तु घेरण्डसहिताकार ने केवल 32 आसनो को ही प्रामुख्य प्रदान किया है। आसनो के अतिरिक्त प्राणायाम का भी योग क्षेत्र मे प्रशस्त एव महत्वपूर्ण स्थान है। इस प्रक्रिया के द्वारा हमारे ऋषि-महर्षि त्रिकालदर्शी होते थे तथा हजारो वर्षों की आयु प्राप्त करते थे। आज शिक्षा नैतिक मूल्यो के अभाव मे पतवार विहीन नौका की भाति इधर-उधर थपेडे खा रही है। नवीन शिक्षा नीति मे योग के महत्व को सराहा गया है और उसे पाठ्यक्रम मे यथासम्भव स्थान देने का प्रयत्न भी किया गया है। किन्तु इस शिक्षा नीति से कार्यरूप मे परिणति होने पर यह देखा जाएगा कि योग शिक्षा मे कितना स्थान प्राप्त कर सका है। यदि योग को समुचित स्थान मिल गया तो मै दावे के साथ कह सकता हू कि बालको मे नैतिक मूल्यो का निरन्तर वर्धन होगा और यही बालक देश के भावी कर्णधार बनकर राष्ट्र की डगमगाती नौका को सम्भालेगे और उसे सही दिशा प्रदान करेगे। क्या कारण था कि हमारा भारत आज से हजारो वर्ष पहले जगत गुरू कहलाता था? और विश्व के लोग जब संस्कृति से परिचित नही थे तब उसने उनको मानवता का पाठ पढाया। हमारे ऋषियो और महर्षियो के नैतिक मूल्यो का प्राबल्य ही इसमे एक मात्र कारण था। आज हम शिक्षा मे योग को स्थान देकर अपनी खोयी हुई शक्ति को पुन. प्राप्त कर सकते है। ईश वन्दना के साथ ही विद्यालयो मे योग के माध्यम से अहिंसा, तप, स्वाध्याय, सत्य आदि नैतिक गुणो पर बल दिया जाए, कथनी और करनी मे एकरूपता लाने के लिए सुदृढ़ चरित्रवान अध्यापको की नियुक्ति की जाए अथवा योग विशेषज्ञो की नियुक्ति की जाए जो खासतौर पर बालको के नैतिक मूल्यों को उभारे। रूसो के अनुसार 'प्रकृति की ओर वापिस लौटो' के सिद्धान्त के अनुसार मै यह कहूगा कि प्राचीन सभ्यता, सस्कृति और साहित्य की ओर वापिस लौटो। जब आप वैदिक सस्कृति का अनुशीलन करेंगे और स्मृति ग्रन्थ के वचनो का आदर करेगे तो निश्चय ही आप मे नैतिक गुणो का विकास होगा और समाज उन्नति की ओर अग्रसर होगा। मनुस्मृति मे भगवान मनु ने धर्म के 10 लक्षण प्रतिपादित करते हुए स्पष्ट कहा है—

> अहिंसा सत्यमस्तेय शौचमिन्द्रिय निग्रह
> धीर्विद्या सत्यमक्रोध: दशक धर्मलक्षणम्

अर्थात् मनु के अनुसार धर्म के दस तत्वो को फिर से पनपाने की आवश्यकता है। सभवत महर्षि पतंजलि ने सूत्र रूप मे इन्ही तत्वों को अपने साधन पाद मे दर्शाकर शरीर की स्वस्थता के साथ-साथ चरित्र पर विशेष बल दिया है। क्योकि दीर्घ जीवन के लिए स्वस्थ शरीर की आवश्यकता है। स्वस्थ शरीर के लिए ब्रह्मचर्य जैसे सुपुष्ट साधनो की और ब्रह्मचर्य की रक्षा के लिए आसन, प्राणायाम जैसे अन्य साधनो की नितान्त आवश्यकता है। आसन और प्राणायाम की सिद्धि के लिए योग की उपासना करना आवश्यक होगा। साराशत: योग के माध्यम से नैतिक शिक्षा को बढावा मिलेगा। योग आवश्यक रूप से नैतिक मूल्यो का विकास तो करता ही है, किन्तु गोरक्ष[1] पद्धति के अनुसार यह दीर्घ जीवन दाता भी है। मानव मात्र का लक्ष्य दीर्घ जीवन प्राप्ति भी है।

अत मे इन शब्दो के साथ कि योग को अधिक से अधिक बढ़ावा देकर सरकार द्वारा शिक्षा मे नैतिक मूल्यो का विकास किया जाना चाहिये। यह केवल राष्ट्र के लिए ही नही, अपितु विश्व के लिए भी एक लाभकारी योजना होगी क्योकि·

> सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे सन्तु निरामया:।
> सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दु खभागभवेत्।।

का भाव जो विश्व कल्याण प्रतिपादक है योग मे निहित है। अत: योग नैतिक मूल्यो के विकास के लिए स्वयं मे सिद्ध एक साधन है। □

---

1. **गोरक्ष पद्धति प्रथमशतक** . 1/14
निर्व्याधि: स मृणाल कोमल वपुर्योगी चिरजीवति।

मै यह अवश्य निवेदन करूंगा कि योग शिक्षा को शारीरिक शिक्षा या खेलकूद का अंग न समझा जाए। क्योंकि योग का वास्तविक ध्येय विद्यार्थी के सम्पूर्ण व्यक्तित्व अर्थात् शरीर, मन व आत्मा का विकास है। उसका केवल शारीरिक गठन या शारीरिक कसरतो से संबंधित उद्देश्य नहीं है। अत: यह बड़ी भूल होगी यदि योग प्रशिक्षण व उसके निर्देशन कार्य को शारीरिक व्यायाम व खेलकूद से संबंधित शिक्षा विभाग का अंग बनाया जाए। खेल-कूद व योग के शिक्षकगण भी पृथक ही होने चाहिएं। योग शिक्षा का निर्देशन व उसके परिणामों का सही मूल्याकन करने का कार्यभार केन्द्रीय व राजकीय शिक्षा मंत्रालय/विभाग में किसी ऐसे उच्च अधिकारी को सौपना सार्थक होगा जो स्वयं योग के सिद्धान्तो व लाभो से अच्छी तरह परिचित हो और जिसने उसे अपने दैनिक जीवन में भी थोडा बहुत अपनाया हो। तभी योग विद्या की शिक्षा सफल व राष्ट्रहित में होगी।

योग संबंधी पाठ्यक्रम के बनाने का कार्य केवल राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान और प्रशिक्षण परिषद् को जो सौपा गया है उसमे अनुभवी क्रियावान योगियों व विश्वविद्यालयों के योग प्रशिक्षकों को भी सम्मिलित किया जाना आवश्यक होगा। पाठ्यक्रम को सरल व क्रमिक बनाया जाए, ताकि सभी मानव मूल्यो एवं अन्तर्निहित सभी सूक्ष्म शक्तियो का समुचित विकास हो। हठयोग व राजयोग से संबधित लगभग सभी सैद्धान्तिक व व्यावहारिक पक्ष शामिल हो तथा एक उप-समिति का गठन हो जो माध्यमिक तथा उच्चतर शालाओं के विद्यार्थियों के लिए योग का प्रारंभिक तथा उच्चतर पाठ्यक्रम तैयार करे। उसमें योग चिकित्सा का भी समावेश हो।

योग तथा शिक्षा

योगाचार्य रामचन्द्र गुप्त
मानद निदेशक एवं अध्यक्ष, योग शिक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
शिमला-171005

प्राक्कथन

योग और शिक्षा दोनो का ही पारस्परिक एवं जीवन से गहरा सम्बन्ध है। अत. दोनो ही अत्यन्त महत्वपूर्ण तथा मनुष्य के सर्वांगीण व्यक्तित्व का निर्माण करने वाले प्रमुख साधन हैं। जीवन का विशिष्ट रूप से ऐसा निर्माण होना चाहिए जो दूसरों के लिये अच्छा उदाहरण बन सके तथा समाज व राष्ट्र को गौरव प्रदान कर सके। ऐसे जीवन निर्माण मे अनेक तत्वो का योग रहता है, जैसे पारिवारिक व सामाजिक वातावरण, पूर्व जन्म के संस्कार, वंशानुक्रम, माता-पिता का व्यक्तित्व, उचित शिक्षा-दीक्षा, खानपान, आचार-विचार, रहन-सहन इत्यादि। ये सभी युवावर्ग के जीवन पर प्रभाव डालते है। मनुष्य मात्र का दैनिक जीवन सघर्षमय, चिन्ता व तनावयुक्त विवेकहीन एव स्वार्थ-परायण बन चुका है। दूषित वातावरण का कुप्रभाव युवावर्ग एवं विद्यार्थियो

मे व्याप्त अनैतिकता, दुष्चरित्रता, विनाशकारी मनोवृत्ति, घेराव, हड़ताल, अनुशासनहीनता, माता-पिता व गुरुजनों के प्रति अनादर तथा उनकी आज्ञाओ की अवहेलना इत्यादि से पूर्णतः स्पष्ट है। ऐसी भयानक परिस्थितियों का निराकरण तथा राष्ट्रीय, सामाजिक एवं सम्पूर्ण विद्यार्थीगण का समुचित विकास वर्तमान शिक्षा प्रणाली द्वारा सम्भव नही, वरन योग-समन्वित शिक्षा द्वारा ही हो सकता है। वह भी तब जब उसका प्रशिक्षण निष्ठापूर्वक व वैज्ञानिक ढग से किया जाए।

वास्तव मे शिक्षा और जीवन का लक्ष्य विपरीत दिशा मे चलता आ रहा है अर्थात् शिक्षा का आधार भौतिकवादी व पुस्तकीय ज्ञान दिलाने वाला है। जीवन के मूल्यो का और आन्तरिक मानसिक, बौद्धिक व नैतिक शक्तियो का विकास लेशमात्र भी नही हो पाया है। इस कारण शिक्षार्थियों की विनाशकारी और अनैतिक प्रवृत्तियो को प्रोत्साहन मिला। बालकों का सही प्रबोधन शिक्षको द्वारा भी उचित मात्रा मे और विधिवत् नही हो पाया। राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति मे योग के विषय को स्कूल-स्तर तक समावेश करके और प्राचीन भारतीय सस्कृति पर आधारित विद्यार्थियो के जीवन मूल्यो को और राष्ट्र-भावना को विकसित करने की आवश्यकता पर शिक्षकों एव उनके अधिकारियो का ध्यान दिलाया गया है। इसके लिये सभी नई शिक्षा नीति के निर्माता व परामर्शदाता प्रशसा के पात्र है। उसे सफल व सार्थक बनाने के लिये इस लेख मे अपनी सीमित बुद्धि एव अनुभवो के आधार पर मै योग व शिक्षा सम्बन्धी कुछ विचार व क्रियात्मक सुझाव पाठक एव सम्बन्धित अधिकारीगण के समक्ष विचारार्थ रखना अपना परम सौभाग्य व कर्तव्य समझता हू।

योग का स्वरूप व उसका शैक्षणिक महत्व

योग प्राचीन भारतीय सस्कृति के प्रमुख छः दर्शनों मे से एक क्रियात्मक रूप से आत्मानुभव एव ईश्वर साक्षात्कार कराने वाला विज्ञान एव व्यावहारिक व स्वस्थ जीवनयापन की अनुपम कला तथा मनोविज्ञान है। विद्वानों व मनीषियो द्वारा "योग" शब्द की अपने-अपने अनुभवों व बुद्धि के अनुसार भिन्न-भिन्न व्याख्याएं की गई हैं। उसका साधारण अर्थ "युज" धातु पर आधारित होने के कारण "जोड़ना" है। योग के विधिवत् साधन से मनुष्य अपने असली स्वरूप को यानि आत्मा का, आत्मा व ब्रह्म के गुणो की समानता का तथा उन दोनों की एकता का स्वय अनुभव करता है। तदोपरान्त उनका विवेक पूर्णत' जागृत होने पर सभी क्लेशो, रोग व शोक तथा जन्म-मरण के दुखो से निवृत्ति एवं परमानन्द व परमानन्द-शान्ति की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त शरीर व मन तथा आत्मा का एक साथ समाकलन होकर व्यक्तित्व का पूर्ण विकास होता है। जो प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक ध्येय होना चाहिए। यही विद्या हमारे जीवन मे आन्तरिक व बाह्य सौन्दर्य व हर प्रकार की सामर्थ्य प्रदान करने मे सक्षम है। यही एक मात्र अज्ञान रूपी अन्धकार को दूर कर ज्ञानरूपी प्रकाश दे सकती है। वह मन की एकाग्रता प्रदान कर सभी समस्याओ का समाधान करने मे भी अत्यन्त सहायक है। इसी के द्वारा व्यक्ति स्वयं को समाज व राष्ट्र को सर्वांग रूप से सुन्दर, समुन्नत, सुखी व सम्पन्न बना सकता है।

